3 राजधानी
पूल काउंसिलिंग में 18305 अभ्यर्थियों को सीट एलॉट

6 अभिमत
कश्मीर में निरपराधों की हत्याएं

11 विदेश
नेपाल के प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफे से इंकार

12 विविध
चाय पेय पदार्थ मात्र ही नहीं

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 12
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



टी-20 रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसके
स्पोर्ट्स-10

# पेगासस मामले में जांच को सुप्रीम कोर्ट ने बनायी विशेषज्ञ समिति

- कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बच नहीं सकती सरकार
- जांच की निगरानी शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर वी रवींद्रन करेंगे

**भाषा**। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने इज़राइली स्पाईवेयर पेगासस के जरिए भारत में कुछ लोगों की कथित जासूसी के मामले की जांच के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की तीन सदस्ईय समिति का गठन किया और कहा कि सरकार हर बार राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बच नहीं सकती और इसे हौवा नहीं बनाया जा सकता जिसका जिक्र होने मात्र से न्यायालय खुद को मामले से दूर कर ले। नागरिकों के निजता के अधिकार के विषय पर पिछले कुछ सालों के एक महत्वपूर्ण फैसले में प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की तीन सदस्ईय पीठ ने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देने मात्र से न्यायालय मूक दर्शक बना नहीं रह सकता। पीठ ने केन्द्र का स्वंय विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि ऐसा करना पूर्वाग्रह के खिलाफ स्थापित न्यायिक सिद्धांत का उल्लंघन होगा। न्यायालय ने भारत में राजनीतिक नेताओं, अदालती कर्मियों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न लोगों की निगरानी के लिए इजराइली स्पाईवेयर पेगासस के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए बुधवार को साइबर विशेषज्ञ, डिजिटल फॉरेंसिक, नेटवर्क एवं हार्डवेयर के विशेषज्ञों की तीन सदस्ईय समिति नियुक्त की। जांच की निगरानी शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर वी रवींद्रन करेंगे। शीर्ष अदालत के आदेश में कहा गया, किसी सभ्य लोकतांत्रिक समाज के सदस्यों की निजता की तर्कसंगत अपेक्षा होती है। निजता पत्रकारों या सामाजिक कार्यकर्ताओं की इकलौती चिंता नहीं है। निजता के उल्लंघन के खिलाफ प्रत्एक भारतीय नागरिक को संरक्षण मिलना चाहिए। पीठ के लिए 46 पन्नों का आदेश लिखते हुए प्रधान न्यायाधीश ने राष्ट्रीय सुरक्षा, प्राधिकारों के अधिकार तथा ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा की सीमित गुंजाइश



के मुद्दों पर भी बात की और कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि हर बार सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बचने का मौका मिल जाए। पीठ ने इस मामले में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, जाने-माने पत्रकार एन राम और शशि कुमार सहित अन्य की याचिकाओं को आगे की सुनवाई के लिए आठ सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया है। पीठ ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देने की केन्द्र की पुरजोर दलीलों पर गौर किया और उन्हें यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया, ...इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार हर बार राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा देकर इसका लाभ पा सकती है। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा वह हौव्वा नहीं हो सकती जिसका जिक्र होने मात्र से न्यायालय खुद को मामले से दूर कर ले। हालांकि, इस न्यायालय को राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में हस्तक्षेप करते समय सतर्क रहना चाहिए, लेकिन न्यायिक समीक्षा के लिए इसे निषेध नहीं कहा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि केन्द्र को न्यायालय के समक्ष पेश अपने दृष्टिकोण को न्यायोचित ठहराना चाहिए। सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देने मात्र से न्यायालय मूक दर्शक बना नहीं रह सकता। साइबर सुरक्षा, डिजिटल फोरेंसिक, नेटवर्क और हार्डवेयर समिति के तीन सदस्य नवीन कुमार चौधरी, प्रभारन पी और अश्विन अनिल गुमस्ते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी आलोक जोशी और संदीप ओबेरॉय (अध्यक्ष, उप समिति (अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रो-तकनीकी आयोगासंयुक्त तकनीकी समिति) न्यायमूर्ति रवींद्रन समिति के कामकाज की निगरानी करने में मदद करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि टकरावों से भरी इस दुनिया में किसी भी सरकारी एजेंसी या किसी निजी संस्था पर भरोसा करने के बजाय, पूर्वाग्रहों से मुक्त, स्वतंत्र एवं सक्षम विशेषज्ञों को ढूंढना और उनका चयन करना एक अत्यंत कठिन (शेष पेज 9)

## फैसला केंद्र सरकार के हलफनामे के अनुरूप: भाजपा

**नई दिल्ली**। भाजपा ने बुधवार को कहा कि पेगासस जासूसी प्रकरण की जांच के लिए तीन सदस्ईय समिति बनाने का उच्चतम न्यायालय का फैसला केंद्र सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दिए गए हलफनामे के अनुरूप है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पेगासस के जरिए भारतीय लोकतंत्र को कुचलने और देश की राजनीति एवं संस्थाओं को नियंत्रण में लेने का प्रयास के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि झूठ बोलना और भ्रम फैलाना उनकी आदत रही है। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत ने इस प्रकरण में विपक्ष के रुख का समर्थन किया है तथा संसद के आगामी सत्र में इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पेगासस के जरिए भारतीय लोकतंत्र को कुचलने और देश की राजनीति एवं संस्थाओं को नियंत्रण में लेने का प्रयास किया गया।

# आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वाली सरकार दलितों को फंसाती थी झूठे केस में: योगी

- मुख्यमंत्री ने भाजपा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन में परोक्ष रूप से सपा पर बोला हमला
- कहा, विपरीत परिस्थितियों में भी बाबा साहब ने लड़ी दबे कुचलों की लड़ाई



लखनऊ में भाजपा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने परोक्ष रूप से प्रदेश की पिछली सपा सरकार पर एक बार फिर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हमला करने वाले आतंकवादियों और दंगाइयों के ऊपर से मुकदमा वापस लेने वाली सरकार दलितों पर झूठे केस दर्ज कर फंसाती थी, ऐसे लोग दलित समाज के कभी हितैषी नहीं हो सकते हैं। वहीं भाजपा सरकार में आज दलित समाज का कोई बालबांका भी नहीं कर सकता।

सरकार बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं से समाज के हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली ला रही है। कोरोना कालखंड में हर व्यक्ति का जीवन बचाने का एक माडल खड़ा किया गया। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को पंचायत सभागार में भाजपा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दलित संत बाबा दुर्लभ दास को स्मरण कर श्रद्धांजलि देते हुए सीएम योगी ने कहा कि आजादी के समय दो लोग थे जो दलित समाज की आवाज बने थे। इनमें एक भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और दूसरे आजादी के कालखंड में बंगाल में पैदा हुए योगेन्द्र नाथ मंडल थे।

विद्वता और सामाजिक आंदोलन में दोनों आगे बढ़ रहे थे। बाबा साहब सदैव देश की एकता, सुरक्षा और अखंडता के पक्षधर थे। उन्होंने कभी पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। उनका मानना था कि देश में रहते हुए समाज के दबे कुचलों और वंचितों की लड़ाई लड़ी जा सकती है। उनका हित सुरक्षित रखा जा सकता है। आजाद भारत के वह पहले कानून मंत्री बने। समाज में फैली सामाजिक बुराइयों की विपरीत परिस्थितियों में दलितों और वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी। संविधान निर्माण में उनकी अग्रणी भूमिका थी। आज देश उन्हें आदर और सम्मान के साथ याद करता है। वहीं योगेन्द्रनाथ मंडल पाकिस्तान के हिमायती थे।

आजादी के बाद पाकिस्तान चले गये और वहाँ के पहले कानून मंत्री बने लेकिन उनके सामने ही पाकिस्तान में जब हिन्दुओं और दलितों के कत्लेआम होने लगे तो भागकर हिन्दुस्तान चले आये। भारत में 1950 से लेकर 1965 तक गुमनामी में निर्वासित जीवन बिताना पड़ा आज उनका कोई नाम तक नहीं लेता है। मुख्यमंत्री योगी ने दलित समाज का आह्वान किया कि घर-घर जाकर लोगों को शासन की योजनाओं और नीतियों से अवगत कराएं कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के दलितों, वंचितों का विकास करती है। उन्होंने कहाकि भाजपा में दलित समाज का कोई उत्पीड़न नहीं कर सकता है।

# आठवले ने राहुल गांधी को दी दलित लड़की से शादी करने की सलाह

- कहा, इससे उनका दिमाग स्थिर हो जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दलित लड़की से शादी करने की सलाह दे डाली। उन्होंने कहा कांग्रेस यदि सचमुच धर्मनिरपेक्ष है और जाति व्यवस्था खत्म करना चाहती है तो राहुल को दलित लड़की से शादी करनी चाहिए। शादी करने से उनका दिमाग भी स्थिर हो जाएगा।

इसके बाद वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ज्यादा हमलावर नहीं होंगे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के दलित मतदाताओं को उनकी पार्टी से आस है। ब्राह्मण समाज को भी जोड़ने की उनकी पार्टी प्रयास कर रही है। इसी के तहत आरपीआइ ब्राह्मण सम्मेलन भी कर



रही है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने एक बार फिर समीर वानखेड़े का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया।

दलित समाज के सक्रिय अधिकारी वानखेड़े का समर्थन करने के बजाय महराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक उन्हें इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि उनके दामाद के खिलाफ भी ड्रग के केस में कार्रवाई हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि आर्यन खान गलत पकड़े गए होते तो न्यायालय से अब तक जमानत मिल जाती। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि नशा करने वालों को जेल नहीं बल्कि नशा (शेष पेज 9)

## लापरवाही के आरोप में 114 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**फतेहपुर (भाषा)**। फतेहपुर जिले में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में 114 पुलिसकर्मियों को बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गत 25 अक्टूबर को जिले से वीवीआईपी ड्यूटी में वाराणसी के लिए 17 उपनिरीक्षक, 23 हेड कांस्टेबल व 74 कांस्टेबल सहित कुल 114 पुलिसकर्मियों को भेजा गया था। उन्होंने कहा कि मंगलवार को कई थानों के औचक निरीक्षण में ये पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिले। उन्होंने बताया कि जानकारी की गई तो पता चला कि 31 घंटे बीत जाने के बाद भी इन पुलिसकर्मियों ने वापस आकर थानों में आमद दर्ज नहीं कराई जिन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। सिंह ने बताया कि इन सभी पुलिसकर्मियों को संबंधित थाना प्रभारियों ने भी समय से वापस न आने पर इनकी गैर हाजिरी दर्ज नहीं की। उन्होंने बताया कि इन सभी पुलिसकर्मियों की जांच जिले के संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों को सौंपते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है और जांच के दौरान दोषी पाए जाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा व कानपुर रेंज के आईजी हटाए गए

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

- एक दर्जन आईपीएस के तबादले

**राज्य** सरकार ने एक दर्जन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इस फेरबदल में आगरा और कानपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी) को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर नए अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है। आगरा रेंज के आईजी नवीन अरोड़ा को यहां से हटाकर आईजी बजट उत्तर प्रदेश के पद की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर प्रतीक्षारत चल रहे नचिकेता झा को आगरा रेंज का नया आईजी बनाया गया है। कानपुर रेंज के आईजी मोहित अग्रवाल भी हटा दिए गए हैं। उन्हें आईजी तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश के पद पर भेजा गया है। प्रतिक्षारत चल रहे प्रशांत कुमार को कानपुर रेंज की कमान सौंपी गई है। जिन अन्य आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं उनमें योगेश सिंह को सेनानायक 47 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से सेनानायक 25 वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, डॉ. अरविंद भूषण पांडे को सेनानायक 25 वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली से एसपी तकनीकी सेवाएं लखनऊ, संजय सिंह को सेनानायक 45 वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ से सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर, कल्पना सक्सेना को सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर से सेनानायक 47 वीं वाहिनी पीएससी गाजियाबाद, राहुल यादुवेंदु को सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएससी सीतापुर से पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, लखनऊ, राजेश कुमार सक्सेना को सेनानायक 37 वीं वाहिनी पीएसी कानपुर से सेनानायक 8वीं वाहिनी पीएससी बरेली, भारती सिंह को सेनानायक 41 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर और विकास कुमार वैद्य को सेनानायक 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली से सेनानायक 37 वीं वाहिनी पीएसी कानपुर नगर के पद पर भेजा गया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में छह हजार करोड़ के घोटाले में छह लोग गिरफ्तार

**भाषा**। नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा में 6,000 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा प्रेषण (रेमिटेंस) घोटाले के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया। इस घोटाले का पता 2015 में चला था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने मामले के सिलसिले में 14 स्थानों पर छापे भी मारे। सीबीआई प्रवक्ता आरसी जोशी ने बताया कि एजेंसी ने बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्कालीन एजीएम और बैंक के तत्कालीन विदेशी मुद्रा अधिकारी के खिलाफ 12 दिसंबर, 2015 को विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मामले में चल रही जांच के सिलसिले में बुधवार को छह लोगों- तनुज गुलाटी, ईश भूटानी, उज्ज्वल सूरी, हनी गोयल, साहिल वाधवा और राकेश कुमार (शेष पेज 9)

# आर्यन खान को नहीं मिल सकी जमानत, आज भी होगी सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा**। मुंबई

**बंबई** उच्च न्यायालय में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई जारी रहेगी और एनसीबी अपनी दलीलें पेश करेगी। आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आर्यन खान की जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति एन डब्ल्यू साम्बरे ने मंगलवार को सुनवाई शुरू की थी।

बुधवार को आर्यन खान के वकील मुकुल रोहतगी, मामले में सह आरोपी अरबाज मर्चेंट के वकील अमित देसाई और मुनमुन धमेचा की ओर से पेश अधिवक्ता अली कासिफ खान देशमुख ने अपनी दलीलें पूरी की। मामले पर करीब दो घंटे हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति साम्बरे ने कहा कि वह अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल अनिल सिंह की दलीलें बृहस्पतिवार को सुनेंगे। सिंह स्वापक



नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) का पक्ष रख रहे हैं। न्यायमूर्ति ने कहा, कल हम इसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि मुंबई तट के नजदीक क्रूज जहाज पर एनसीबी की छापेमारी के दौरान मादक पदार्थ मिलने के मामले में तीन अक्टूबर को आर्यन खान (23), मर्चेंट और धमेचा को अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत द्वारा जमानत अर्जी खारिज किए जाने के बाद पिछले सप्ताह उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,143 | ↓ | 206 | |
| निफ्टी | 18,210 | ↓ | 57 | |
| सोना | 46,747 | ↓ | 244 | /10g |
| चांदी | 63,489 | ↓ | 654 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पटना गांधी मैदान विस्फोट मामले में नौ दोषी करार

**पटना**। पटना के गांधी मैदान में वर्ष 2013 में हुए बम धमाकों के मामले में एनआईए की विशेष अदालत ने नौ अभियुक्तों को दोषी करार दिया जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव में बरी घोषित किया। विशेष लोक अभियोजक ललन प्रसाद सिंह ने बताया कि एनआईए अदालत के विशेष न्यायधीश गुरविंदर मल्होत्रा ने 2013 को पटना के गांधी मैदान में सिलसिलेवार ढंग से हुए बम धमाकों मामले में इम्तेयाज अंसारी, मुजीबुल्लाह, हैदर अली, फिरोज असलम, नोमान अंसारी, इफ्तिखार, अहमद हुसैन, उमेर सिद्दिकी एवं अजहरुद्दीन दोषी करार दिया जबकि साक्ष्य के अभाव में फखरुद्दीन को बरी घोषित किया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एनआईए ने 11 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

# अमरिंदर ने बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का किया समर्थन

- आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री

**भाषा**। चंडीगढ़

**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने के भाजपा नीत केन्द्र सरकार के फैसले का जोरदार समर्थन करते हुए बुधवार को कहा कि यह सही कदम है और बीएसएफ पंजाब या उसके प्रशासन को अपने कब्जे में नहीं लेने जा रहा है।

सिंह ने इसका विरोध करने और किसी भी गंभीर सुरक्षा चिंताओं से इनकार करने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार की आलोचना भी की। दरअसल, केन्द्र सरकार ने हाल ही में



सीमा सुरक्षा बल को पंजाब, पश्चिम बंगाल और असम में अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी का अधिकार देने के लिए बीएसएफ अधिनियम में संशोधन किया था।

इससे पहले बीएसएफ के पास यह अधिकार सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में था। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाले नशीले पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी के अलावा भारतीय सीमा में उन्नत तकनीक से लैस ड्रोन के प्रवेश करने के मामलों में (शेष पेज 9)

# मुख्तार गिरोह के दो अपराधियों को एसटीएफ ने किया ढेर

**पायनियर समाचार सेवा**। लखनऊ

- झारखंड में वरिष्ठ भाजपा नेता जीतराम मुंडा की हत्या में शामिल थे

**माफिया** सरगना व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी गिरोह के शार्प शूटर और एक लाख रुपए के इनामी अपराधी अली शेर उर्फ डॉक्टर और उसके साथी को एसटीएफ ने लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में बुधवार की रात हुई मुठभेड़ के दौरान मार गिराया। एसटीएफ के अनुसार बीते सितंबर माह में इन दोनों बदमाशों ने झारखंड के रांची जिले में वरिष्ठ भाजपा नेता जीतराम मुंडा की सनसनीखेज ढंग से हत्या की घटना को अंजाम दिया था।

बदमाशों के पास से एक कारबाइन, दो पिस्टल, एक देसी तमंचा, एक बाइक और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। मुख्तार अंसारी गैंग का शार्प शूटर कुख्यात व पेशेवर हत्यारा अली शेर उर्फ डॉक्टर पिछले विगत कई वर्षों से पूर्वांचल में अपराध का पर्याय बना हुआ था। जो देश के विभिन्न राज्यो में घूम-घूम कर हत्या करता था। अलीशेर के साथ उसका साथी कामरान उर्फ बन्नू जो हमेशा इसके साथ में घटना करता है व रेकी करता था। वह आजमगढ़ के थाना क्षेत्र गंभीरपुर का रहने वाला है। आज पुराने लखनऊ में किसी बड़े व्यापारी नेता की सनसनीखेज हत्या करने के इरादे से आया था। इसकी जानकारी होने के बाद एसटीएफ की टीम ने सटीक सूचना के आधार पर बदमाशों की घेराबंदी की। मड़ियांव थाना क्षेत्र के घैला चौकी से फैजुल्लागंज रोड पर एसटीएफ और बदमाशों के बीच कई राउंड गोलियां चलीं, जिसमें दोनों बदमाश घायल हो गए। जिन्हें तत्काल भाऊराव देवरस चिकित्सालय इलाज हेतु भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अलीशेर और कामरान दोनों पहले मुख्तार अंसारी के शूटर थे।

अब कुख्यात अपराधी अमन के साथ जुड़ गए थे। अमन इन दिनों रांची जेल में बंद है। दोनों अमन गैंग के शार्प शूटर हैं। अमन जेल से ही अपना नेटवर्क चला रहा है। अमन के इशारे पर यह फिरौती, अपहरण की घटनाएं करने के साथ ही भाड़े पर हत्याएं करने लगे। कामरान आजमगढ़ का रहने वाला था। अलीशेर के विरुद्ध लगभग (शेष पेज 9)

# अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का भारत ने किया सफल परीक्षण

- 5,000 किलोमीटर दूरी तक के लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारत** ने अपनी सैन्य शक्ति में इजाफा करते हुए बुधवार को सतह से सतह पर प्रहार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण-प्रक्षेपण किया जो अत्यंत सटीकता के साथ 5,000 किलोमीटर तक के लक्ष्य पर निशाना साध सकती है। अधिकारियों ने बताया कि ओडिशा में एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से देर शाम करीब 7:50 बजे परीक्षण किया गया।

रक्षा मंत्रालय ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, अग्नि-5 का सफल परीक्षण भारत की उस प्रामाणिक



न्यूनतम प्रतिरोध वाली नीति के अनुरूप है जो पहले उपयोग नहीं की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। अग्नि-5 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परियोजना पर काम एक दशक से अधिक समय पहले शुरू हुआ था। परियोजना की जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि यह मिसाइल का पहला यूजर ट्रायल है जिसकी जद में चीन का सुदूर उत्तरी हिस्सा आ सकता है।

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा निर्मित मिसाइल का सफल परीक्षण ऐसे समय में (शेष पेज 9)

# 2022 में यूपी में फिर बनेगी बीजेपी की सरकार: आठवले

● केंद्र सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिये लागू की है लोक कल्याणकारी योजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सरकार सभी जाति व धर्म के लोगों की मदद करती है। मुद्रा योजना से गरीबों को बहुत लाभ हुआ है। देश के 31 करोड़ 47 लाख लोगों को इसका फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि दो करोड़ से ज्यादा लोगों को उत्तर प्रदेश में लोन मिला है। उत्तर प्रदेश में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को गैस कनेक्शन मिले हैं। उत्तर प्रदेश में 2700000 लोगों को आवास मिला है। कृषि कानून के विरोध पर अठावले ने कहा कि जिन किसानों ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है वह भला उनके खिलाफ कानून क्यों बनाएंगे। तीनों कानून किसानों के हित में हैं। कानून से पीछे नहीं हटा जा सकता इसमें बदलाव किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक कृषि कानून वापस लिया गया तो हर कानून को वापस लेने की मांग होने लगेगी। 2022 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और मोदी के सहयोग से दोबारा भाजपा की सरकार आएगी। इस बार भी 300 के पार सीटें आएंगी। रामदास अठावले ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लोक कल्याण के लिये विविध योजनायें चलायी हैं जिनका लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2014 से अब तक 43 करोड़ 50 लाख 25 हजार खाते खोले गये हैं। उत्तर प्रदेश में इस दौरान सात करोड़ 24 लाख से अधिक खाते खोले गये। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 2015 से अब तक 31 करोड़ 47 लाख 6 हजार लोगों को लोन वितरित किये गये और उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 71 लाख से अधिक लोगों को इसका लाभ मिला है।

# मंत्री जितिन प्रसाद समेत चार एमएलसी ने ली शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट** मंत्री जितिन प्रसाद समेत उत्तर प्रदेश विधान परिषद के चार नये सदस्यों को बुधवार को शपथ दिलायी गयी। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने विधान भवन के टंडन हॉल में प्रसाद के साथ निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद, चौधरी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर तथा गोपाल भुर्जी को शपथ दिलायी। इन चारों को पिछले महीने विधान परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया था। शपथ ग्रहण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा भी मौजूद थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद हाल में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। पिछले माहीने भाजपा संगठन और सरकार ने चार ऐसे कार्यकर्ताओं के नाम विधान परिषद सदस्य के लिए चुने, जिनके सहारे विधानसभा चुनाव की रणनीति को चौतरफा साधने में मदद मिले। अलग-अलग समीकरणों में फिट बैठ रहे चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर, गोपाल अंजाद भुर्जी, जितिन प्रसाद और संजय निषाद को एमएलसी मनोनीत किया है।

# अवैध पटाखों को लेकर डीजीपी ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रोशनी** व खुशियों के त्यौहार दीपावली के दौरान अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनके परिवहन के दौरान होने वाली घटनाओं के प्रति आगाह करते हुए डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने और कड़ी निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में डीजीपी ने सभी जोन के एडीजी, रेंज के आईजी, डीआईजी, चारों पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नरों और सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया है। जारी निर्देशों में डीजीपी की ओर से कहा गया है कि आगामी त्यौहारों के अवसर पर कोविड 19 के दृष्टिगत भारत सरकार व उप्र शासन द्वारा जारी एसओपी-गाइड लाइन तथा मुख्यालय स्तर से समय समय पर निर्गत निर्देशों का अनुपालन कराने एवं गाइड लाइन के अनुरूप त्यौहारों को मनाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जाए। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि पटाखा विक्रेता के लाइसेंस धारकों की थानावार सूची को अद्यावधिक कराते हुए जिलाधिकारी कार्यालय से सत्यापित करा लिया जाए । पूर्व में विस्फोटक पदार्थ व पटाखों का अवैध प्रयोग करने वाले प्रकाश में आए व्यक्तियों की सूची अद्यावधिक कर उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। आतिशबाजी व विस्फोटक पदार्थ के निर्माण स्थलों की नियमानुसार आकस्मिक एवं प्रभावशाली चेकिंग करा ली जाए। आतिशबाजी के निर्माण एवं संग्रहण के सम्बन्ध में अनुज्ञापी आतिशबाजी निर्माता के भण्डारग्रहों की चेकिंग उपजिलाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी आदि के साथ सुनिश्चित की जाए। लाइसेन्स की शर्तो का उल्लंघन करने अथवा अवैध संग्रहण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित कर पटाखों व विस्फोटक सामग्री के परिवहन सम्बन्धी प्रणाली की समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि इनका परिवहन निहित मापदण्ड के अनुसार किया जा रहा है। आतिशबाजी के विक्रय सम्बन्धी लाइसेन्स में वर्णित शर्तो व उपबन्धों का सम्यक अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाए तथा लाइसेन्स की शर्तों का उलंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार जिला प्रशासन से समनवय स्थापित कर विधिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें ।

## यूरिया संकट पर मायावती ने कसा सरकार पर तंज



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश में यूरिया खाद संकट पर सरकार पर तंज कसा है। बुधवार को उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को समय से खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इस कारण लाइन में लगे कई किसानों की मृत्यु हो गई। बसपा सुप्रीमो ने ट्वीट कर कहा कि पूरे यूपी में व खासकर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सरकार किसानों को समय से खाद्य उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जिससे पूरे दिनभर लाईन में लगे कई किसानों की मृत्यु हो गई तथा काफी बीमार भी हो गये। इस अति दु:खद व चिन्तनीय गम्भीर समस्या का सरकार तुरन्त समाधान करे। बीएसपी की यह मांग।

# जब कानून का राज होता है तो गरीबों का सम्मान होता है: स्वतंत्र देव

● राजभर के सपा में शामिल होने पर भी राजभर समाज का वोट सपा को नहीं मिलेगा: बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सपा ने कभी राजभर समाज का हित नहीं किया। सपा ने एक भी टिकट राजभर समाज के व्यक्ति को नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर के सपा में जाने पर भी सपा को राजभर समाज का वोट नहीं मिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उहोंने कहा कि भाजपा को समर्थन करने वाले दलों को सीट बंटवारे का निर्णय संसदीय बोर्ड करेगा। हालांकि इन दलों ने हमसे अभी सीट नहीं मांगी है। बीजेपी में हिस्सेदारी मोर्चा के सात घटक दलों ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपना सहयोग व समर्थन देने की घोषणा की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में हिस्सेदारी मोर्चा के घटक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने मोदी-योगी के काम-काज और योजनाओं की सराहना की। साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों एवं नीतियों से प्रभावित होकर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन का निर्णय लिया। हिस्सेदारी मोर्चे के घटक दलों भारतीय मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केवट रामधनी बिन्द, मुसहर आन्दोलन मंच गरीब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रमा वनवासी, शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल राजभर, मानवहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह कश्यप, भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम राजभर, पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान व भारतीय समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र प्रजापति ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सहयोग व समर्थन देने का पत्र प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को सौंपा।

# सभी डिस्कामों के एमडी उपकेंद्रों का करें औचक निरीक्षण

● ऊर्जा मंत्री ने की एकमुश्त समाधान योजना की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपभोक्ता हित में एकमुश्त समाधान योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि योजना के सभी पात्र लाभार्थी उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी हो जाये। विभागीय अधिकारी डोर नॉक करके यह जानकारी अवश्य उन्हें दे दें। एक भी लाभार्थी इस जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने योजना की जमीनी जानकारी के लिए किए गए पूर्व के औचक निरीक्षणों का जिक्र करते हुए कमियों पर अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जाहिर की। कहा कि योजना शुरू हुए एक सप्ताह हो चुके हैं लेकिन अभी तक सभी उपभोक्ताओं को विभागीय कार्मिकों द्वारा इसकी जानकारी व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जा सकी है यह किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। उन्होंने यूपीपीसीएल के अध्यक्ष को निर्देशित किया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं के दरवाजे तक विभागीय अधिकारी जरूर पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी डिस्कॉम के एमडी व डायरेक्टर उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण करें। योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी करें।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई–निविदा संख्या–68–82–ई0टी0सी0(प्र0) ए0/2021–2022 प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/निर्माताओं से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर स्वीकार की जायेंगी। **(1) अतिअल्पकालिक ई–निविदा सं0–68–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– मेसर्स आर0आई0एन0एल, गाजियाबाद में स्थित स्टोर से 132 के0वी0 उपकेन्द्र खागा तक एम0एस0 राउन्ड बार की ढुलाई के कार्य हेतु, **(2) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–69–ई0टी0सी0प्र0ए0/ 2021–2022** :– विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में वाह्य एजेन्सी के माध्यम से सबस्टेशन स्ट्रक्चर्स पार्टस (एम0एस0 एंगिल) के फैब्रीकेशन के कार्य हेतु, **(3) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–70–ई0टी0 सी0प्र0ए0/ 2021–2022** :– विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में वाह्य एजेन्सी के माध्यम से सबस्टेशन स्ट्रक्चर्स पार्टस (एम0एस0 चैनल) के – फैब्रीकेशन के कार्य हेतु, **(4) अल्पकालिक ई–निविदा संख्या–71–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– 220 के०वी0 उपकेन्द्र झूँसी में स्थापित 220/132 के0वी0 200 एम0वी0ए0 परिवर्तक के 05 के0एल0 सी0टी0आर0 टैंक के स्थापित करने के कार्य हेतु, **(5) ई–निविदा संख्या–72–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र सोरांव, प्रयागराज पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, **(6) ई–निविदा संख्या–73–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021–2022** :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र सैदाबाद, प्रयागराज पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, **(7) ई–निविदा संख्या–74–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– 220 के0वी0 उपकेन्द्र मालवां, फतेहपुर पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, **(8) ई–निविदा संख्या–75–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021–2022** :– 220 के0वी0 उपकेन्द्र झूँसी, प्रयागगाज पर 02 अदद ए0सी0 क्यूबीकल बाक्स स्थापित करने के कार्य हेतु, **(9) ई–निविदा संख्या–76–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021–2022** :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र ज्ञानपुर पम्प कैनाल पर एयर रिजरवेटर टैंक पर वाल्व एवं कापर पाइप लगाने एवं आपूर्ति हेतु, **(10) ई–निविदा संख्या–77–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– 132 के0वी0 हण्डिया–झूँसी एवं हण्डिया–ज्ञानपुर लाइन के एंगिल टावर एवं नार्मल टावर के अर्थिंग के कार्य हेतु, **(11) ई–निविदा संख्या–78– ई0टी0सी0प्र0ए0/ 2021–2022** :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौडिहार, प्रयागराज पर एक वर्ष में तीन बार घास की कटाई एवं छोटे पेड़ों की जड़ से खुदाई (अपरूटिंग) के कार्य हेतु, **(12) ई–निविदा संख्या–79–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021–2022** :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र हण्डिया, प्रयागराज पर स्थापित 132 के0वी0 सी0जी0एल0 मेक ब्रेकर की रिपेरिंग एवं ओवरहाउलिंग के कार्य हेतु, **(13) ई–निविदा संख्या–80–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021–2022** :– 220 के0वी0 उपकेन्द्र फूलपुर प्रयागराज पर नवनिर्मित 33 के0वी0 थानापुर बे हेतु 100 वाट एल0ई0डी0 की आपूर्ति एवं लगाने के कार्य हेतु, **(14) ई–निविदा संख्या–81–ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021–2022** :– विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में 1 अद्द पुरानी बड़ी जिंक कैटल को हटाकर नई जिंक कैटल की स्थापना के कार्य हेतु, **(15) ई–निविदा संख्या–82–ई0टी0सी0प्र0ए0/2021–2022** :– 132 के0वी0 उपकेन्द्र सोरॉव पर स्थापित 08 चैनल सी0सी0टी0वी0 सर्विलांस सिस्टम की मरम्मत के कार्य हेतु, **ई–निविदा सं0 68 दिनांक 03–11–2021, ई–निविदा सं0 69 से 71 दिनांक 12–11–2021, ई–निविदा सं0 72 से 76 दिनांक 30–11–2021 एवं ई–निविदा सं0 77 से 82 दिनांक 03–12–2021 को 13.00 बजे खोली जायेगी** निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। **अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल–प्रथम, 57–जार्ज टाउन, प्रयागराज।** पत्रांक–3102 दिनांक :– 27.10.2021 ''राष्ट्र हित में बिजली बचायें''।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरा यू0पी0 बोर्ड हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1107642 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। अंकित जायसवाल पुत्र श्री केदारनाथ निवासी–ग्राम रानीफार्म, मजरा–पैतला थाना–हरगांव, तहसील–लहरपुर, जिला–सीतापुर।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी फर्म होमबिज सिक्योरिटी कन्सलटेन्ट्स के दो 'फार्म–38' संख्या–CC2637461 एवं CC2637462 वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। प्रो0 विमल सिंह मैसर्स होमविज सिक्योरिटी कन्सलटेन्ट्स C-27, सेक्टर–जी, अलीगंज, लखनऊ

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे भूमि की मूल रजिस्ट्री भूखण्ड संख्या–20 खसरा संख्या 504 स्थित गनेशपुर रहमानपुर शहर लखनऊ जो रजिस्ट्रार कार्यालय में दस्तावेज नं0 10256 पर पंजीकृत है कहीं खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध माना जाय। राजेन्द्र कुमार गुप्ता 286/42 निवाज खेड़ा ऐशबाग, लखनऊ

**REQUIRES**

Maharana Pratap College of Management & Commerce
(Affiliated to University of Lucknow)
Gaura, Mohanlalganj, Lucknow

REQUIRES

PRINCIPAL
Ph.D. in Management / Computer Application with 15 years of Experience.
Qualification - As per UGC Norms

ASSISTANT PROFESSORS
Business Administration, Computer Application
Master degree with minimum 55% marks & UGC NET Qualified
Qualification - As per UGC Norms

Interested candidates may send their resumes within 7 days to deanmits19@gmail.com
For more details call 8081876522

## भाजपा और उसके नेताओं को जनता ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया है: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि निर्लज्जता, कुशासन, जनकल्याण के मुद्दों को दरकिनार कर विभाजनकारी जहरीली राजनीति करने वालों को छोटा मुंह बड़ी बात नहीं करना चाहिए। भाजपा और उसकी सरकारों सहित उसके नेताओं व मंत्रियों को जनता ने गम्भीरता से लेना बंद कर दिया है। इसी बौखलाहट और गुस्से में वह जननेता के रूप में स्वीकार्य हमारी नेता प्रियंका गांधी पर अनर्गल बयानबाजी करने को विवश है। मंत्री खन्ना के बयान से स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा प्रियंका गांधी की चुनौती का सामना करने में अपने को असमर्थ समझ चुकी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी को बहुत गम्भीरता से ले रहा है, भाजपा नेताओं और मंत्रियों को अपनी फिक्र करने की सलाह दी है।

# प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं: सूर्य प्रताप शाही

● आगामी एक सप्ताह के अन्दर उर्वरक की कुल 19 रैक की आपूर्ति होगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि प्रदेश के सभी जनपदों में रासायनिक खाद यूरिया, डीएपी तथा एनपीके का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कहीं भी उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि उर्वरक निर्माता कम्पनियों से आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष उर्वरक की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करायें। प्रदेश के जिन जनपदों में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरकों की उपलब्धता कम हैए वहां प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी जनपद में उर्वरक की कमी के कारण किसानों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कृषि मंत्री बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के सम्बन्ध में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसीके दृष्टिगत किसानों को उर्वरक की उपलब्धता भी सुनिश्चित करा रही है। बैठक में कृषि मंत्री को अवगत कराया गया कि आगामी एक सप्ताह के अन्दर उर्वरक की कुल 19 रैक, आरसीएफ द्वारा 8 रैक, आईपीएल द्वारा 5 रैक, कृभको द्वारा 1 रैक तथा इफको द्वारा 5 रैक जनपदों में आपूर्ति की जायेगी।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि आज तक की स्थिति के अनुसार प्रदेश में रबी सीजन 2021 हेतु 3.36 लाख मी. टन डीएपी, 1.91 लाख मी. टन एनपीके कुल 5.27 लाख मी. टन फास्फेटिक खाद की उपलब्धता है। प्रदेश में कहीं भी उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

# महिला व बाल अपराधों के आरोपियों को सजा दिलाने के प्रयासों में और तेजी लाएं: अवनीश

● अपर मुख्य सचिव गृह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की जिलेवार की जा रही कार्रवाई की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन** शक्ति अभियान के तीसरे चरण के तहत महिला एवं बाल अपराधों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में और तेजी लाने के शासन ने आदेश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा बुधवार को योजना भवन में वीडियों कान्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के अभियोजन कार्य में लगे अधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से जनपदवार की जा रही कार्रवाई की सघन समीक्षा की गयी। इस अवसर पर पुलिस आशुतोष पाण्डेय, सचिव, गृह बीडी पाल्सन, विशेष सचिव, अटल राय भी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव गृह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार के ई–प्रासीक्यूशन पोर्टल पर किए गए कार्यो की प्रगति सूचना नियमित रूप से अद्यतन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों में और अधिक तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला स्तर पर मानीटरिंग कमेटी की बैठक नियमित रूप से किए जाने तथा इन अपराधों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाने के प्रयासों मे और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अवस्थी ने यह भी कहा है कि अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला अथवा डीएनए रिपोर्ट सम्बन्धी मामलों की सूचना शासन को तत्काल प्रेषित करें ताकि उस पर विशेष प्रयास कर शीघ्र कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए अन्य जनपदों को भी विशेष प्रयास कर बेहतर परिणाम दिखाने के निर्देश दिए हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर सोल राईट वाणिज्यिक विज्ञापन (होर्डिंग, ग्लोसाइन, पैनल, हैंगिंग बोर्ड/बोर्ड) हेतु लखनऊ मण्डल के स्टेशनों के लिये विज्ञप्ति सूचना वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु ठेका प्रदान करने के लिए आमंत्रित की जा रही है। जिसके बंद होने की तिथि 26.11.2021 को समय 14.00 बजे है जो उसी दिन 15.00 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेण्डर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेण्डरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान वह केवल through online payment mode जोकि www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। **निविदा सूचना संख्या, स्टेशनों की सूची एवं उपलब्ध स्थान का विवरण निम्नवत है-**

| निविदा सूचना सं. | स्टेशन | कार्य का विवरण | एक वर्ष हेतु कुल इस्टीमेटेड मूल्य (लाइसेंस फीस रुपये में) +GST As Applicable | जमानत राशि (रुपये में) through online payment |
|---|---|---|---|---|
| 1. 24-2021-ASH-SOLE RIGHT | ऐशबाग | ऐशबाग स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 6,19,582/-+ GST As Applicable | रु.37,200/- |
| 2. 25-2021-KLD-SOLE RIGHT | खलीलाबाद | खलीलाबाद स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 2,53,791/-+ GST As Applicable | रु.15,300/- |
| 3. 26-2021-GD-SOLE RIGHT | गोण्डा | गोण्डा स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 17,37,182/-+ GST As Applicable | रु.1,04,300/- |
| 4. 27-2021-DAL-SOLE RIGHT | डालीगंज | डालीगंज स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 4,48,160/-+ GST As Applicable | रु.26,900/- |
| 5. 28-2021-LC-SOLE RIGHT | लखनऊ सिटी | लखनऊ सिटी स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 4,83,414/-+ GST As Applicable | रु.29,100/- |
| 6. 29-2021-JKNI-SOLE RIGHT | झारखण्डी | झारखण्डी स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन 03 वर्ष हेतु। | रु. 1,81,637/-+ GST As Applicable | रु.11,000/- |
| 7. 30-2021-GKP-SOLE RIGHT | गोरखपुर | गोरखपुर स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन 03 वर्ष हेतु। | रु. 45,17,783/-+ GST As Applicable | रु.2,72,000/- |
| 8. 31-2021-MBP-SOLE RIGHT | मोहिबुल्लापुर | मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन 03 वर्ष हेतु | रु. 3,19,318/-+ GST As Applicable | रु.20,000/- |

• क्र.सं. 1, 2, 4, 5, 6 एवं 8 हेतु निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में) through online payment : रु. 2,000/-, • क्र.सं. 3 एवं 7 हेतु निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में) through online payment : रु. 5,000/-, • निविदा बन्द होने की तिथि व समय : दिनांक 26.11.2021 समय 14.00 बजे • निविदा खोलने की तिथि व समय : दिनांक 26.11.2021 समय 15.00 बजे, • निविदा की वैधता : 45 दिन, • ठेके की अवधि : 03 वर्ष, • वेबसाइट : www.ireps.gov.in.

मुजाधि/वाणिज्य-71 मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

# प्रदेश में आज अपराध, अराजकता, गुंडागर्दी की कोई जगह नहीं

● सपा, बसपा, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल वंशवादी पार्टी बनकर रह गए: स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने लखनऊ में पंचायत भवन व विश्वेश्वरैया प्रेक्षागृह में आयोजित सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलनो को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भाजपा सरकार पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को प्रदेश के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जहां एक तरफ सपा, बसपा, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल वंशवादी पार्टी बनकर रह गयी है। वहीं भाजपा गरीबों, शोषितों, वंचितों के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वे समाज के हर तबके तक पहुंचकर पार्टी व सरकार की योजनाओं को ले जाये और सरकारी योजनाओं की सही-सही जानकारी पहुंचाये। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार के आने से पहले प्रदेश में भय का माहौल था, प्रदेश में महिलाएं सुरक्षित नही थी, लोग अंधेरा होते ही घर का दरवाजा बंद कर लेते थे, महिलाएं बाहर निकलने से पहले प्रदेश की अराजकता के चलते निकलने से डरती थीं। वहीं आज भाजपा सरकार के शासन में किसी गुंडे, अराजक तत्वों की हिम्मत नही की कोई किसी महिला को छेड़ सके या दुर्व्यवहार कर सके। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि आज प्रदेश विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है जहां अपराध, अराजकता, गुंडागर्दी की कोई जगह नही है। उन्होंने कहा कि आज समाज का हर एक वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों व योजनाओ से लाभान्वित हो रहा है।

# भाजपा के रहते नहीं चलेगी विपक्ष की दुकानदारी : केशव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्वैश्वरैया** प्रेक्षागृह लखनऊ में भाजपा द्वारा आयोजित सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चरणों में शीश झुकाते हुए कहा कि लोकमाता ने अपने समय में तमाम मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। पाल समाज ने अपनी राजनीतिक चैतन्यता का परिचय देते हुए बीजेपी का पूरा सहयोग दिया है और इतना सहयोग दिया कि पिछले चुनाव में विपक्षियों का सूपड़ा साफहो गया । उन्होंने कहा कि बीजेपी ने अपने कार्यकाल में इतने काम किए हैं कि सपा-बसपा के 15 साल और कांग्रेस के 60 सालों से 10 गुना ज्यादा काम किया है। उप्र में परिवर्तन का वातावरण है। 2017 में विपक्ष की जो ताकत थी वह भी नहीं बचेगी। भाजपा के रहते विपक्ष की दुकानदारी नहीं चलेगी। उन्होंने सम्मेलन में जनमानस को सचेत करते हुए कहा कि वोटकटवा दलों के झांसे में ना आएं। विरोधी प्रायोजित प्रत्याशी लाएं तो भी अपने लोगों को हकीकत जरूर बताना है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# दृढ़ संकल्प से कठिन कार्य भी संभव: योगी

## ● मुख्यमंत्री ने 76 नवसृजित नगर पंचायतों के कार्यालय भवनों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के त्वरित नगरीकरण ने राज्य को तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित किया है। प्रदेश में विगत 02 वर्षों में 83 नगर पंचायतों का गठन हुआ है। साथ ही, नगर निकायों का सीमा विस्तार भी किया गया है। यह तेजी से बदल रहे उत्तर प्रदेश नये भारत के नये उत्तर प्रदेश की तस्वीर प्रस्तुत करता है। प्रदेश सरकार ने नगरीय निकायों के सुव्यवस्थित विकास तथा इनमें ईज़ ऑफ लिविंग का स्तर बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के साथ ही केन्द्र के सहयोग तथा अपने संसाधनों से धनराशि भी उपलब्ध करायी है।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित एक कार्यक्रम में 76 नवसृजित नगर पंचायतों के कार्यालय भवनों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगरीय निकायों के गठन और विस्तार की मांग काफी पहले से हो रही है। वर्तमान राज्य सरकार ने इस कार्य को प्राथमिकता पर आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दृढ़ संकल्प से कठिन कार्य भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हो सकते हैं। पहले नगरीय क्षेत्र की पहचान जर्जर तारों, गंदगी, दुर्व्यवस्था, जाम के रूप में होती थी। विगत साढ़े चार वर्षों में वर्तमान सरकार ने इस धारणा को बदला है।

मुख्यमंत्री नवसृजित 83 नगर पंचायतों के गठन के लिए उनके क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि इन जनप्रतिनिधिगण के परिश्रम और पुरुषार्थ से नगर निकायों में नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य आगे बढ़ रहा है। आज नवसृजित 83 नगर पंचायतों में से 76 नगर पंचायतों के कार्यालय भवन का शिलान्यास किया गया है। 7 नगर पंचायतों के कार्यालय भवन का शिलान्यास पूर्व में किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत साढ़े चार वर्षों में प्रदेश में नगरीय विकास के क्षेत्र में तेजी से सकारात्मक बदलाव हुआ है। राज्य में 17 नगर निगम हैं। प्रधानमंत्री की अनुकम्पा से प्रदेश के 10 नगर निगम स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित हुए। इन नगर निगमों का तीव्र व व्यवस्थित स्मार्ट नगर निकाय के रूप में विकास हो रहा है। प्रदेश सरकार शेष 7 नगर निगमों का भी अपने संसाधनों से स्मार्ट नगर निकाय के रूप में विकास करा रही है। प्रदेश सरकार अमृत योजना के माध्यम से केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य के 60 शहरों में नगरीय सुविधाओं का विकास करा रही है। पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के अंतर्गत भी नगर निकायों को बुनियादी जनसुविधाओं से जोड़ा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विगत चार वर्ष में नगरीय जन जीवन में व्यापक बदलाव के प्रयास किए हैं। स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किए जा रहे विभिन्न नगर निगमों में इण्टीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेण्ट सिस्टम कार्य कर रहा है। कोरोना कालखण्ड में इस व्यवस्था ने इण्टीग्रेटेड कोविड कण्ट्रोल सेण्टर के रूप में कार्य किया। प्रदेश में कानून व्यवस्था की बेहतर स्थिति में भी आईटीएमएस का महत्वपूर्ण योगदान होता है। केन्द्र सरकार द्वारा चयनित 10 स्मार्ट सिटी के अलावा राज्य सरकार के संसाधनों से स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किए जा रहे 7 नगर निगमों को भी आईटीएमएस से जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को स्मार्ट सिटी मिशन में कंवर्जेन्स के माध्यम से बेहतरीन प्रदर्शन के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अमृत योजना में भी अब जल जीवन मिशन को जोड़ते हुए हर घर नल की योजना साकार होने जा रही है। राज्य सरकार ने प्रत्येक उस परिवार को, जिसके पास अपना व्यक्तिगत शौचालय नहीं था, शौचालय उपलब्ध कराया। नगरीय निकायों ने ओडीएफ के लक्ष्य को पहले प्राप्त किया।

## राजधानी में डेंगू के 18 नए मरीज मिले

**लखनऊ।** राजधानी के इन्दिरानगर, अलीगंज, आलमबाग, टूडियागंज, सिल्वर जुबली आदि क्षेत्र में बुधवार को कुल 18 डेंगू धनात्मक रोगी पाये गये। वहीं आज कुल 3888 घरों तथा विभिन्न मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 27 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाये जाने पर नोटिस जारी किया गया। दूसरी ओर इटौंजा नगर पंचायत क्षेत्र में डायरिया के प्रकोप की खबर पाकर बुधवार को लखनऊ का स्वास्थ्य महकमें ने इलाके का निरीक्षण कर लोगों को दवाएं बांटी। डिप्टी सीएमओ डा केपी त्रिपाठी, जिला सर्विलान्स अधिकारी डा मिलिन्द वर्धन, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी योगेश चन्द्र रघुवंशी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अधीक्षक सामुदियाकि स्वास्थ्य केन्द्र इटौजा लखनऊ को क्षेत्र में लगातार निगरानी रखने तथा एएनएम एवं आशा के माध्यम से औषधियां, क्लोरीन की गोलियां, ओआरएस पैकेट वितरित करने के निर्देश दिए।

# डीएम ने परखीं विकास दीपोत्सव की तैयारियां

## ● मुख्यमंत्री आज करेंगे कार्यक्रम का उद्घाटन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोमती** तट पर विकास दीपोत्सव का जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विकास दीपोत्सव की तैयारियों काजायजा लिया है। 28 अक्टूबर से 4 नवंबर तक चलेगा, जिसमें देश के प्रसिद्ध गायक और कमेडियन शिरकत करेंगे। दीपोत्सव कार्यक्रम का उद्घाटन 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में शाम 5:30 बजे किया जाएगा।

बुधवार को नगर निगम के आयोजित विकास दीपोत्सव का निरीक्षण करने डीएम अभिषेक प्रकाश पहुंचे। गोमती किनारे आयोजित दीपोत्सव का जायजा लेने के बाद अधिकारियों से पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया। दीपोत्सव में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता ,प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के पंजीकरण के लिए हेल्पडेस्क,ओडीओपी के स्टाल, कोविड– टीकाकरण डेस्क, नियमित संस्कृति कार्यक्रम, फूड कोड, फन जोन एवं सेल्फी प्वाइंट, विद ग्रेट लीडर्स आकर्षण का केन्द्र होंगे। नगर निगम विभाग, जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित विकास दीपोत्सव 2021 कल 28 अक्टूबर से 4 नवंबर 2021 तक झूलेलाल वाटिका निकट हनुमान सेतु लखनऊ पर आयोजित की जा रही है। नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि इसमें पटरी रेवड़ी विक्रेताओं से सामग्री खरीद कर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाएगा। 28 अक्टूबर को गोमती आरती ,लेजर एवं फूलों की होली गीतांजलि शर्मा द्वारा की जाएगी।

## राजधानी में सात लाख लोगों ने अभी भी नहीं लगवाई वैक्सीन

**लखनऊ।** जागरूकता कार्यक्रम चलने के बावजूद लखनऊ जिले की सात लाख आबादी स्वास्थ्य विभाग के लिए सिरदर्द बन गए हैं। कोरोना के खिलाफ लड़ाई में चलाए जा रहे वैक्सीनेशन अभियान के बावजूद इन लोगों ने अभी तक वैक्सीन की डोज नही ली है। ऐसे स्वास्थ्य विभाग ने इन नागरिकों से वैक्सीनेशन कराने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक लखनऊ में अभी तक 44 लाख लोगों का टीकाकरण हो चुका है, मगर सात लाख लोग अभी भी इससे वंचित हैं। अधिकारियों का कहना है कि अगर इन छूटे हुए लोगों ने वैक्सीन नहीं ली तो वायरस को फिर से संक्रमण की नई चेन तैयार करने का मौका मिल सकता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एमके सिंह में बताया कि अब तक 30 लाख से अधिक लोग वैक्सीन की दोनों डोज ले चुके हैं। जबकि 14 लाख लोगों ने अभी पहली खुराक ही ली है। इनमें से काफी लोगों का समय दूसरी डोज लेने का हो चुका है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**लखनऊ।** कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी आलोक राय ने बताया कि मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार कार सवार ने बाइक सवार को थाना क्षेत्र स्थित पूरन नगर ढाल के पास टक्कर मार दी और कार सवार मौके पर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए थे। इलाज के दौरान युवक की लोकबंधु अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान विशाल कुमार बलेचा पुत्र स्व श्याम कुमार बलेचा निवासी न्यू सरदारी खेड़ा थाना कृष्णा नगर के रूप में हुई है। गाड़ी नम्बर के आधार पर गाड़ी मालिक का पता लगाया जा रहा है। मृतक के परिजनों के मुताबिक मृतक एक निजी प्लाई कम्पनी में सप्लाई का काम करता था मृतक विशाल के अलावा उसकी दो बहनें हैं और दोनों विवाहित हैं

## चोरी की बाइक के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** इंस्पेक्टर पीजीआई आनंद प्रकाश शुक्ल ने बताया कि मंगलवार शाम को उपनिरीक्षक रिकेश कुमार सिंह, उपनिरीक्षक इरशाद अहमद टीमके साथ गस्त पर थे कि तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक एक बाइक को बेचने की फिराक में तेलीबाग शमशान घाट के पास नहर किनारे ग्राहक का इंतजार कर रहे हैं, जानकारी मिलने पर संदिग्ध हालात में खड़े युवकों को पकड़ा गया, पूछताछ में उन्होंने अपना नाम राघवेन्द्र प्रताप पुत्र रामनरेश रावत निवासी खुजौली थाना मोहनलाल गंज जिला लखनऊ व करन राठौर पुत्र श्रीपाल राठौर उम्र 22 वर्ष निवासी गनेश नगर थाना कृष्णानगर लखनऊ व मूल पता मल्लावाँ हरदोई बताया। इनके पास से बाइक संख्या यूपी 32 एच एक्स 0667 बरामद हुई। इनके खिलाफ जीआरपी चारबाग में भी मुकदमे दर्ज हैं। इन्होंने बरामद बाइक को ट्रॉमा सेंटर वृंदावन योजना से चोरी करने की बात स्वीकार की है।

## केजीएमयू: आखिरी दिन चुने गए मिस्टर एंड मिस रैप्सोडी





**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के वार्षिक कल्चरल कार्यक्रम रैप्सोडी के आखिरी दिन बुधवार को जहां जार्जियन्स ने गीत संगीत पर जलवे बिखेरे वहीं स्टेज पर मेडिकोज भी जमकर थिरके। रैम्प पर कैटवॉक करते मेडिकोज के जलवों पर हाल का माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज गया। इसके साथ ही मिस्टर एंड मिसेज रैप्सोडी का भी इवेंट हुआ। जिसमें मिसेज रैप्सोडी सान्या दीक्षित एवं मिस्टर रैप्सोडी सिद्धार्थ अग्रवाल 2019 एमबीबीएस बैच व 2020 बैच की सिम्पल सिंह मिसेज़ रैप्सोडी व आर्यन अरोड़ा मिस्टर रैप्सोडी चुने गए। समारोह में केजीएमयू समेत अन्य मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने भी हिस्सा लिया और कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रमो के साथ साथ बीडीएस के छात्रों द्वारा स्किट व फैश प्रस्तुत किया गया।

## गोमती में महिला ने लगाई छलांग, मछुवारों ने बचाई जान

**लखनऊ ।** राजधानी के गोमतीनगर इलाके में स्तिथ रिवर फ्रंट से बुधवार दोपहर एक महिला ने गोमती नदी में छलांग लगा दी। मछुआरों ने सतर्कता दिखाते हुए महिला को नदी से बाहर निकाला। ऐशबाग की रहने वाली महिला के पति की करवा चौथ से चार दिन पहले मौत गई थी। पति की मौत के बाद से ही महिला अवसाद में चल रही थी। गौतमपल्ली इंस्पेक्टर ने बताया कि नदी में छलांग लगाने वाली महिला पूजा जायसवाल ऐशबाग की रहने वाली है। करवा चौथ से चार दिन पहले पति की मौत हो गई थी। तभी से पूजा अवसाद में चल रही थी। दोपहर करीब दो बजे रिवर फ्रंट से नदी में कूदकर जान देने का प्रयास किया।

## वर्चुअल आइसीयू से जुड़ेंगे सूबे के सभी मेडिकल कालेज

लखनऊ। जिलो में स्थापित मेडिकल कालेजों के आईसीयू में भर्ती मरीजों को विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध कराने को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग वर्चुअली तौर पर जोड़ने की तैयारी कर रहा है। जिससे समय पर विशेषज्ञों की सेवाएं लेकर मरीजों की जान बचाई जा सके। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार के अनुसार हब एंड स्पोक माडल के तहत अब सभी मेडिकल कालेज के आइसीयू एक दूसरे से वर्चुअल जोड़े जाएंगे। जिससे संजय गांधी पीजीआइ, केजीएमयू और डा राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान सहित अन्य विशिष्ट चिकित्सा संस्थानों के विशेषज्ञ डाक्टरों का लाभ सभी मेडिकल कालेजों को मिल सके। बता दे कि कोरोना संक्रमण अत्याधिक होने पर कोविड अस्पतालों के आइसीयू वर्चुअल जोड़े गए थे और सफलता पूर्वक इलाज किया गया था। अब इसका विस्तार किया जा रहा है।

## स्मारक घोटाला मामले में दाखिल आरोप पत्र पर लिया संज्ञान

**लखनऊ (विसं)।** एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने बसपा शासन के दौरान अरबों के स्मारक घोटाला मामले में 25 लोकसेवकों व 32 32 कर्न्सोटियम प्रमुख के के खिलाफदाखिल आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए अगली सुनवाई दो नवंबर को तय की है। वर्ष 2007-2011 के दौरान का यह मामला लखनऊ व नोएडा में स्मारकों एवं उद्यानों के निर्माण व इससे जुड़े अन्य कार्यो में प्रयोग किए जाने वाले सैंडस्टोन की खरीद फरोख्त में अरबों के घोटाले का है। एक जनवरी 2014 को इस मामले की एफआईआर उप्र सतर्कता अधिष्ठान के निरीक्षक राम नरेश सिंह राठौर ने थाना गोमतीनगर में दर्ज कराई थी।

## मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**लखनऊ (विसं)।** एसीजेएम भव्या तिवारी ने मकान दिलाने के एवज में ली गई रकम हड़पने के एक मामले में दाखिल अर्जी पर संज्ञान लेते हुए पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री नटवर गोयल व नयन गोयल समेत पांच विपक्षीगणों के खिलाफमुकदमा दर्ज करने का आदेश थानाध्यक्ष कैसरबाग को दिया है। उन्होंने यह आदेश रिजवान अहमद की ओर से दाखिल अर्जी पर दिया है। अर्जीकर्ता का आरोप है कि विपक्षीगणों ने मकान बनाकर देने के एवज में 53 लाख रुपए लिए। लेकिन न तो मकान मिला और न रकम वापस हुई।

# बसपा सांसद अतुल राय न्यायिक रिमांड के लिए नैनी जेल से 29 को तलब

## ● दुराचार का आरोप लगाने वाली युवती व उसके गवाह की मौत का मामला

**विधि सवांददाता।** लखनऊ

**सीजेएम** रवि कुमार गुप्ता ने दुराचार का आरोप लगाने वाली युवती व उसके गवाह की आत्मदाह से हुई मौत के मामले में न्यायिक रिमांड के लिए मुल्जिम अतुल राय को केंद्रीय कारागार नैनी से जरिए वीडियो कान्फ्रेंसिंग 29 अक्टूबर को तलब किया है। उन्होंने यह आदेश अतुल राय की ओर से दाखिल एक अर्जी पर दिया है। घोसी से बसपा सांसद अतुल राय एक दूसरे आपराधिक मामले में प्रयागराज की नैनी जेल में न्यायिक हिरासत में निरुद्ध हैं।

अदालत के समक्ष मुल्जिम की ओर से कहा गया कि वह घोसी से सांसद है। बीमार रहता है। उसकी विधायक मुख्तार अंसारी से पहले से रंजिश चली आ रही है। जिसकी जांच स्थानीय अभिसूचना इकाई प्रयागराज ने की थी। उसे भय है कि वह उसकी हत्या करा सकता है। लिहाजा बीमारी व सुरक्षा के मद्देनजर उसका न्यायिक रिमांड वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कराया जाए। इससे पहले इस मामले की विवेचक व एसीपी श्वेता श्रीवास्तव ने एक अर्जी दाखिल की थी। जिसमें मुल्जिम अतुल कुमार सिंह उर्फअतुल राय को इस मामले में न्यायिक रिमांड के लिए वारंट बी के माध्यम से तलब करने की मांग की गई थी। 27 अगस्त 2021 को इस मामले की नामजद एफआईआर वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने अतुल राय व अमिताभ ठाकुर के खिलाफ थाना हजरतगंज में दर्ज कराई थी। पूर्व सीनियर आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर को इस मामले में उसी रोज गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

## 21 किलो चरस के साथ पकड़े गए मुल्जिम की जमानत अर्जी हाईकोर्ट से मंजूर

**लखनऊ( विसं )।** 21 किलो चरस के साथ पकड़े गए एक मुल्जिम की जमानत अर्जी हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने मंजूर कर ली है। जस्टिस सिद्वार्थ की एकल पीठ ने यह आदेश मुल्जिम बाबूलाल की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने अपने आदेश में कहा है कि इस मामले की प्रकृतिए आरोप की गंभीरता, मुल्जिम का चाल चलन तथा सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसलों, संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्ति को प्रदत्त अधिकार व अन्य बिन्दूओं पर गौर करने के बाद जमानत देने का मामला बनता है। 23 फरवरी 2021 को बहराइच के थाना दरगाह शरीफ में इस मामले की एफआईआर दर्ज हुई थी। मुल्जिम को 21 किलो 300 ग्राम चरस के साथ पकड़ा गया था। यह चरस 42 पैकेट में थी।

## महिला मित्र व उसके परिवारवालों के खिलाफ मुकदमे की अर्जी

**लखनऊ( विसं )।** सीजेएम रवि कुमार गुप्ता ने धोखाधड़ी के एक कथित मामले में दाखिल अर्जी पर थाना गोमतीनगर से रिपोर्ट तलब करने का आदेश दिया है। यह अर्जी सफी अली ने दाखिल की है। उसने अर्जी में अपनी कथित महिला मित्र व उसके परिवारवालों के साथ ही थाना गोमतीनगर के इंसपेक्टर को भी विपक्षी पक्षकार बनाया है। इन सभी विपक्षीगणों के खिलाफमुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी। सफी अली ने अर्जी में कहा है कि दिल्ली में नौकरी के दौरान विपक्षी महिला से दोस्ती हुई। वह दोनों एक ही कम्पनी में काम करते थे। इस दौरान उसका तबादला जयपुर हो गया। वह जब भी जयपुर जाताए मिलने के लिए दबाव बनाती। उसने अपने परिवार के तमाम खर्चों और बहन के निकाह के नाम पर उससे 10 लाख रुपए लिए। यह भी आरोप है कि उसने खुद के निकाह के लिए भी उससे जेवर की खरीदारी कराई। उसके लिए एक जमीन भी खरीदी। लेकिन बाद में जब उसने व उसकी मां ने पैसों की मांग की तो उसने व उसके परिवालों ने गालियां दी। साथ ही झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी।

## हत्या के मुकदमे में केस डायरी उपलब्ध कराने का आदेश

**लखनऊ ( विसं )।** एमपी–एमएलए कोर्ट के विशेष जज पवन कुमार राय ने 24 साल पुराने हत्या के एक आपराधिक मामले में केस डायरी उपलब्ध नहीं कराने पर गहरी नाराजगी जताते हुए सख्त टिप्पणी की है। कहा है कि ऐसा लगता है कि अभियोजन पक्ष मुल्जिम को लाभ पहुंचाने की नियत से जानबुझकर केस डायरी उपलब्ध नहीं करा रहा है। उन्होंने पुन: अभियोजन को पुन: आदेश दिया है कि वो अगली तारीख पर केस डायरी उपलब्ध कराए। उन्होंने अपने आदेश की प्रति महानिदेशक अभियोजनए उप्रए डीएमए पुलिस कमिश्नर व फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता को भी भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। थाना कैसरबाग से संबधित हत्या के इस मामले में पूर्व विधायक राजन तिवारी अभियुक्त है। लेकिन सीडी के अभाव में इस मामले की सुनवाई लंबित है।

# पति को चाय में जहर देकर मारने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

## ● परिजनो की सूझबूझ से सही समय पर अस्पताल ले जाने से बची जान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भट्टी बरकतनगर गांव में बीते मगंलवार की दोपहर एक कलयुगी पत्नी ने पति को चाय में जहरीला पदार्थ देने के साथ ही सिर पर भारी वस्तु से वार कर जान से मारने का प्रयास किया। उल्टियां होने के साथ ही हालत बिगड़ने पर परिजन युवक को इलाज के लिये तुरंत मोहनलालगंज के एक निजी अस्पताल लेकर गये, जहां इलाज के बाद युवक ने होश में आने पर कलयुगी पत्नी के करतूत की दास्तां परिवार को सुनायी। जिसके बाद पीड़ित पिता ने बहू पर बेटे की जान लेने के प्रयास का आरोप लगाते हुये पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। गोसाईगंज के भट्टी बरकतनगर गांव निवासी दया शंकर बाजपेयी ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया उन्होंने अपने बेटे हरि कृष्ण उर्फ हरिओम का विवाह 14 मई 2021 को शुभांगी शुक्ला पुत्री चन्द्र दत्त शुक्ला निवासी कटरा बक्कास थाना सुशान्त गोल्फसिटी से किया था। शादी के दस पन्द्रह दिन तो सब ठीक ठाक रहा लेकिन उसके बाद बहू का चाल चलन ठीक ना होने पर बेटे ने विरोध करना शुरू किया तो वो लड़ाई झगड़े पर उतारू हो गई ओर 26 अगस्त को अपने मायके चली गयी ओर आने को राजी नही हुयी जिसके बाद जेल चौकी पर 25 सितम्बर को पंचायत के बाद अलग नया मकान बनाकर रहने पर आने को राजी हुयी, जिसके बाद उन्होने गांव में नया मकान बनवाया। जिसके गृहप्रवेश के लिये बेटा हरिकृष्ण बहू शुभांगी को उसके मायके से 25 अक्टूबर को नये घर लेकर आया और गृह प्रवेश किया। पिता का आरोप है कि बेटे हरि कृष्ण को उल्टियां होने के साथ हालत बिगड़ने पर बेहोश होने पर परिजनो संग मोहनलालगंज के एक निजी हास्पिटल लाकर भर्ती कराया जहां होश आने पर बेटे ने बहू शुभांगी की करतूत बतायी।

## पूल काउंसिलिंग में 18305 अभ्यर्थियों को सीट एलॉट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पहले** चरण के बाद रिक्त सीटों को भरने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफ से सम्पन्न कराई गई पूल काउंसलिंग का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। इस चरण में 23161 अभ्यर्थियों ने काउन्सिलिंग में पंजीकरण कराया था। जबकि 22993 अभ्यर्थियों ने अपने महाविद्यालय के विकल्प लॉक किये। 168 ऐसे अभ्यर्थी हैं जिन्होंने केवल पंजीकरण किया किन्तु कोई भी विकल्प लॉक नहीं किये। पूल काउन्सिलिंग में कुल 18305 अभ्यर्थियों को उनके द्वारा विकल्पित बीएड महाविद्यालयों में सीट आवंटित हुई।

जिन अभ्यर्थियों को सीट आवंटित हुई है उन्हें 30 अक्टूबर तक लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन कर सीट आवंटन सह पुष्टिपत्र डाउनलोड कर अपने आवंटन पत्र तथा मूल प्रमाण पत्रों के साथ आवंटित महाविद्यालय में तत्काल संपर्क कर रिपोर्टिंग किया जाना होगा। पूल काउंसलिंग के उपरान्त 8 नवम्बर से सीधी काउंसलिंग की प्रक्रिया आरम्भ होगी।

# शहर के 110 पार्कों के विकास के लिए जल्द ही टेण्डर निकालेगा एलडीए

## ● प्राधिकरण योजनाओं व नजूल के पार्कों की उपाध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में एलडीए के पार्क जल्द ही नये कलेवर में नजर आयेंगे। इसके लिए प्राधिकरण आर्किटेक्ट व विशेषज्ञों से पार्कों का रख रखाव करने वाले अपने कर्मचारियों का प्रशिक्षण करवाएगा। साथ ही शहर के 110 पार्कों के विकास के लिए प्राधिकरण जल्द ही निविदाएं निकालेगा। बुधवार को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने को प्राधिकरण योजनाओं एवं नजूल के पार्कों की समीक्षा बैठक में पार्क के रख रखाव क निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि प्राधिकरण के पार्कों में लगे कर्मचारियों को चण्डीगढ़ व बंगलुरु जैसे देश के बड़े शहरों के पार्कों का भ्रमण कराया जाए। जिससे कि ये कर्मचारी वहां की अथॉरिटी से बात करके यह देखे कि उनके द्वारा पार्कों का मेन्टेनेन्स कैसे किया जा रहा है और क्या तकनीकी इस्तेमाल की जा रही है। इसके अलावा विशेषज्ञ आर्किटेक्टों को बुला कर एक सेमिनार आयोजित किया जाएए जिसमें देश विदेश में अत्याधुनिक तरीके से किए जा रहे औद्यानिक व लैण्ड स्केपिंग के पार्कों का प्रजेन्टेशन कराया जाए। ताकि पार्कों में तैनात अभियन्ता व कर्मचारी सेमिनार में प्रतिभाग करके नई तकनीकी सीख सके।

उपाध्यक्ष ने कहा कि प्राधिकरण की जो योजनाएं नगर निगम को हस्तांतरित की जा चुकी हैं। उनमें स्थित बड़े पार्क भी नगर निगम को हस्तांतरित करने की कार्यवाही की जाए। इसी के साथ ही प्राधिकरण की योजनाओं एवं नजूल के 110 पार्कों के विकास के लिए एक सप्ताह में निविदाएं निकाली जाए। उन्होंने पार्कों में होने वाली आय व व्यय का ब्यौरा भी अभियन्ताओं से तलब किया।

## मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**पॉक्सो** के विशेष जज महेश चन्द्र वर्मा ने एक दांडिक अपील दाखिल करने वाले मुल्जिम काला सरधना के खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट का तामीला नहीं कराने पर कड़ा रवैया अपनाया है। उन्होंने इस संदर्भ में मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। पूछा है कि क्यों न उनके खिलाफविधि अनुसार कार्यवाही की जाएए स्पष्ट करें। साथ ही मुल्जिम को गिरफ्तार कर अदालत में उसकी उपस्थिति भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने इस आदेश की एक प्रति पुलिस महानिदेशक को भी भेजने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 26 नवंबर को होगी। 27 अप्रैल 2017 को सीबीआई–प्रदूषण की विशेष अदालत ने मुल्जिम काला सरधना को गैरकानूनी तरीके से जानवरो की हड्डियां उबालकर वसा निकालने के मामले में दो साल की सजा सुनाई थी। इस पर 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका था। लेकिन कानूनी प्रावधानों के मुताबिक इसे जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

# 100 वर्ष के सफर को यादगार बनाने की एलयू में तैयारी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपनी** स्थापना के 100 वर्ष के पूरे होने पर हैप्पी एंडिंग को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। इसके लिए विवि के कुलपति प्रो आलोक राय ने एक कमेटी का गठन कर दिया है। कमेटी यह तय करेगी कि कौन कौन से कार्यक्रम कराये जाएं जिससे शहरवासियों के साथ ही पूरे प्रदेश का ध्यान विवि की तरफआकृष्ट किया जा सके।

विवि का स्थापना प्रतिवर्ष 25 नवम्बर को मनाया जाता है। विवि के 100 वर्ष पूरे होने पर पिछले साल में कोरोनकाल होने के बावजूद विवि की तरफ से कई कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। जिसमें वर्चुअल तौर पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सहभागिता की थी। पीएम के अलावा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई विभूतियों ने शिरकत कर शताब्दी वर्ष को यादगार बनाने में मदद की थी। वैसे तो विवि की तरफसे शताब्दी वर्ष के लिए साल भर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए खाका तैयार किया गया था मगर कोरोना की सेकेंड वेव के चलते सभी प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित कर दिए गए। इधर कोरोना की सेकेंड वेव के समाप्त होने के बाद और अगले माह स्थापना दिवस को देखते हुए विवि की तरफसे तैयारियां शुरू की जा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल की तर्ज पर इस बार भी स्थापना दिवस के आस पास दीक्षांत समारोह मनाया जाएगा। जिससे दोनों कार्यक्रम एक साथ सम्पन्न किये जा सकें।

स्थापना दिवस को लेकर कमेटी गठित कर दी गई है। कमेटी की रिपोर्ट आ जाय, उसके बाद सभी चीजें मीडिया के साथ शेयर की जाएंगी।

**प्रो. आलोक राय, कुलपति लविवि**

# सज गईं फड़, शगुन के नाम पर होने लगा लाखों का वारा–न्यारा

**नवनीत तिवारी।** मोहनलालगंज

**करवा**–चौथ के साथ ही जुए के गैरकानूनी कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। दीपावली नजदीक होने से शगुन की आड़ में हो रहे हजारों और लाखों के वारे–न्यारे की राह में कोरोना काल की आर्थिक मंदी भी आड़े नहीं आ रही है। पिछले एक दशक में यह गैरकानूनी खेल तमाम खुशहाल गृहस्थियां तबाह कर कई जिन्दगियों की बलि ले चुका है। निगोहां पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी जहां हड़कंप मचा हुआ है। वहीं कमिश्नरेट की साउथ जोन पुलिस को जुआरी तलाशे नहीं मिल रहे हैं।

मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के कुढ़ा, गौरा, सिसेण्डी, अतरौली ,खुझौली, दहियर, मऊ, देवती ,निगोहां, परेहटा, मोहिद्दीनपुर ,कनकहा, मोहनलालगंज कस्बा ,पुरसेनी, मस्तीपुर, भीलमपुर ,रायभानखेड़ा, हुलासखेड़ा, नगराम ,गोशाईगंज, मोहारी, करोरा ,समेसी ,जैतीखेड़ा, बिन्दौवा, दीवानगंज ,धरमावत खेड़ा, उदवतखेड़ा ,दाउदनगर, गढ़ी में हदौली समेत अधिकतर गांव में जुएं का गैरकानूनी खेल शगुन की आंड़ में धड़ल्ले से बेरोंकटोक चल रहा है। वैसे तो इस काले कारोबार के दीवाने पूरे साल जुएं की फड़ पर अपनी किस्मत आजमाते रहते हैं। लेकिन खासतौर पर दीपावली के मौके पर शगुन के बहाने इस खेल की दीवानगी पूरे शबाब पर रहती है। पेशेवर खिलाड़ियों के साथ ही नौसिखिए जुएं की फड़ पर गाढ़ी कमाई लुटाने में पीछे नहीं रहते हैं। जुआरियों में इस गैरकानूनी खेल को लेकर इस कदर नशा रहता है कि घर गृहस्थी के सामान और जेवर तक गिरवी रखकर अपना शौक पूरा करते हैं।

**रुपये लगाने वालों की भी फौज:** जुए के गैरकानूनी खेल के जरिए जुआरियों को रुपये देकर हजारों और लाखों कमाने वालों की भी गांवों में फौज तैयार है। यह लोग सीधे तौर पर जुएं की फड़ पर तो नहीं शामिल होते लेकिन जुआरियों को रुपये देकर मुनाफा कमाने के लिए दिन रात जुटे रहते हैं। वहीं जुआरियों और उन्हें रुपये देने वाले लोगों का नेटवर्क पुलिस से भी ज्यादा मजबूत बताया जाता है। सूत्रों की मानें तो पुलिस के मूवमेण्ट से पहले ही उन्हें इसकी भनक लग जाती है। लिहाजा गांवों में पुलिस के पहुंचने से पहले ही जुआरी फड़ खाली करके नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। यही वजह है कि दीपावली के मौके पर अधिकतर छापेमारी में पुलिस की कार्रवाई कुछ छुटभैया जुआरियों तक ही सीमित रह जाती है।

**जुए को लेकर हुई वारदातें**

2020 में जुए को लेकर हुलासखेड़ा में दो पक्ष में खूनी संघर्ष।

2012 में गढ़ी मवैया में जमघट के दिन जुए को लेकर विवाद में बुजुर्ग की पीटकर हत्या।

2009 में जुए के विवाद में बदनखेड़ा में दो युवकों की हत्या।

2003 में जुए को लेकर हुए विवाद के बाद युवक की हत्या कर शव बोरे में भरकर मऊ के तालाब में फेंका।

2000 में जुए को लेकर हुए विवाद में धनतेरस के दिन मऊ में युवक की बम मारकर हत्या।

**क्या कहते हैं एसीपी**

एसीपी दिलीप कुमार सिंह ने बताया दीपावली पर जुए और अवैध शराब के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाने के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। नगराम में कार्रवाई भी हुई है। सभी थानों को प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा दें विविः राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के समक्ष बुधवार को राजभवन में बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा ने अपनी नैक स्वमूल्यांकन रिपोर्ट प्रस्तुत की। राज्यपाल ने प्रस्तुतीकरण के दौरान मूल्यांकन हेतु निर्धारित मापदंडों के ऐसे छोटे छोटे बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित कराया, जहां विश्वविद्यालय अपने प्रयासों से स्तर में सुधार लाकर मूल्यांकन में वृद्धि कर सकते हैं।

राज्यपाल ने कहा कि नैक के समक्ष डेटा प्रस्तुतीकरण तथा उसकी टीम के भ्रमण से पूर्व विश्वविद्यालय में सभी आवश्यक परिवर्तन कर लिये जाएं। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय अपने कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से अनुसंधान कार्यों को बढ़ावा दें तथा इस कार्य में किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करें। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे अनुसंधान कार्यों तथा तैयार किये गये ब्रीडर सीड के माध्यम से किसानों के खेतों में प्रदर्शन करायें ऐसा करने से अधिक से अधिक किसान लाभान्वित होंगे तथा विश्वविद्यालय से भी जुड़ेंगे। विश्वविद्यालय की एक अन्य समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने निर्देश दिया कि रिक्त पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि भर्ती विज्ञापनों में स्पष्ट रूप से विज्ञापन में नियुक्ति प्रक्रिया की शर्तों का उल्लेख किया जाय। बैलेंस सीट एवं कैश बुक भी नियमित रूप से तैयार की जाय। इसके साथ ही विश्वविद्यालय समस्त डिग्रियों को डिजिटल लॉकर में शीघ्र अति शीघ्र अपलोड करायें। राजभवन उत्तर प्रदेश द्वारा परिकल्पित विश्वविद्यालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर पर विश्वविद्यालय अपनी सूचनाएं अपडेट करें। विश्वविद्यालय मेंटोर मेंटी के माध्यम से छात्र छात्रों की समस्याओं को दूर करें।

## केंद्रीय सचिव ने जताई प्रदेश के गांवों को ओडीएफ प्लस घोषित किये जाने की आवश्यकता

**लखनऊ।** पेयजल एवं स्वच्छता विभागए जलशक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अपर सचिव अरुण बरोका ने सूबे के के गांवों को ओडीएफप्लस घोषित किये जाने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा कि ग्रामों को ओडीएफप्लस तीन कैटेगरी एस्पायरिंग, राइजिंग एवं मॉडल में घोषित करते हुए भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड किया जाना है, जिसको ध्यान में रखते हुए इसके अन्तर्गत की जाने वाली कार्यवाही समयानुसार करायी जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये। बुधवार को पंचायतीराज निदेशालय में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की प्रगति की समीक्षा कर रहे बरोका ने कहा कि जनपदों में यदि शौचालय निर्माण में गैप है तो छूटे और बढ़े हुए परिवारों में शौचालय निर्माण शीघ्र करा लिया जाए। अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह ने कहा कि व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय निर्माण के साथ साथ सामुदायिक सोख्ता गड्ढा एवं समुदाय कंपोस्ट खाद गड्ढों का निर्माण कराया जाना अत्यंत आवश्यक है।

# बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने विधान सभा स्पीकर से की मुलाकात



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**छत्तीसगढ़** के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा डॉ. रमन सिंह ने बुधवार को उप्र विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित से 5 माल एवेन्यू स्थित शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही शाल एवं विधान सभा का एक मोमेन्टो भी भेंट किया। श्री दीक्षित ने उन्हें स्वरचित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय द्रष्टा, दृष्टि और दर्शन, अथर्ववेद का मधु, हिन्द स्वराज्य का पुनर्पाठ एवं अन्य पुस्तकें भी भेंट की। रमन सिंह ने अध्यक्ष द्वारा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पर लिखी गयी पुस्तक की लेखन शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन के विभिन्न पहलुओं एवं भारतीय संस्कृति व आर्थिक दर्शन का जिस तरह विश्लेषण किया गया है वह जन-जन के लिए बहुत ही उपयोगी है।

## पावर ग्रिड उत्तरी क्षेत्र-3 में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

**लखनऊ।** सीवीसी के निर्देशानुसार दिनांक 26 अक्टूबर से एक नवंबर तक पावर ग्रिड उत्तरी क्षेत्र-3 के मुख्यालय लखनऊ समेत समस्त उपकेन्द्रों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। आज क्षेत्रीय मुख्यालय मे सप्ताह का शुभारंभ रविन्द्र नागपाल कार्यपालक निदेशक उत्तरी क्षेत्र 3 ने दीप प्रज्वलन करते हुए उपस्थित कार्मिको को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया। केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र भारत 75ः सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता की थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनायाजा रहा है। इस सतर्कतासप्ताह के अंतर्गतआज वाकथन रैली का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ रविन्द्र नागपाल कार्यपालक निर्देशकने हरी झंडी दिखा कर किया। यह रैली क्षेत्रीय मुख्यालय से प्रारम्भ हो कर डालीबाग होते हुये पुनः क्षेत्रीय मुख्यालय पर आ कर समाप्त हुई जिसमे सभी अधिकारियों एवं कार्मिकों ने भाग लिया। इस सप्ताह के अंतर्गत कार्मिको एवं उनके परिवारजनों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं, पेंटिंग, निबंध एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। आज हुई वाकथन रैली मे पावरग्रिड के राजीव मोहन सीजीएम परियोजना, महेश तिवारी सीजीएम एएम, जी एस आर राव वरिष्ठ महाप्रबंधक सतर्कता सहित विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया वाकाथन का आयोजन



**लखनऊ।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए अंचल कार्यालय बैंक ऑफ बड़ौदा लखनऊ अंचल में 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत बड़ौदा हाउस विभूति खंड के परिसर से शुरू होकर एक वाकाथन का आयोजन किया गया जिसकी अगुआई गिरीश कुमार सहायक महा प्रबन्धक मानव संसाधन प्रबंधन विभाग लखनऊ अंचल द्वारा की गई। वाकाथन का उद्देश्य लोगों मे सतर्कता की भावना एवं कानून के प्रति विश्वास को बढ़ाना था। इस अवसर पर गिरीश कुमार ने अपने उद्बोधन मे कहा कि १एक जिम्मेदार सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक होने के नाते ये हमारी प्रमुख ज़िम्मेदारी है कि हम अपने विभाग के समस्त कार्य कलापों मे पारदर्शिता व भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था का पालन करें१। इस अवसर पर अंचल सतर्कता अधिकारी संदीप कुमार शुक्ल तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारी संख्या मे प्रतिभागिता की।

## पीएनबी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर दिलाई शपथ

**लखनऊ।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर पंजाब नेशनल बैंक के अंचल कार्यालय लखनऊ में स्टाफसदस्यों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली गई। इसके पश्चात अंचल प्रबंधक संजय गुप्ता द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल तथा लाला लाजपत राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर अंचल प्रबन्धक संजय गुप्ता ने उपस्थित स्टाफसदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे देश की आर्थिक राजनीतिक तथा सामाजिक प्रगति में भ्रष्टाचार एक बड़ी बाधा है हम सभी को मिलकर भ्रष्टाचार उन्मूलन मे एक साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

## कांग्रेसी नेता ने थामा रालोद का दामन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय पर बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद की अध्यक्षता तथा राष्ट्रीय सचिव अनिल दुबे की उपस्थिति एवं रालोद के वरिष्ठ नेता आरिफ महमूद के अथक प्रयासों से प्रदेश कॉग्रेस के वरिष्ठ नेता अरशद आलम के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ जयंत सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये रालोद का दामन थामा। इस अवसर पर युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक सिंह चौहान, रालोद नेता बीएल प्रेमी, अश्वनी प्रताप सिंह, अमन पाण्डेय, शफीक सिद्दीकी भी उपस्थित रहे।

## सीएमएस के अन्तर्राष्ट्रीय कामर्स व इकोनॉमिक्स सम्मेलन का उद्घाटन आज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय युवा कामर्स एवं इकोनॉमिक्स सम्मेलन (आईवाईसीसीई-2021) का शुभारम्भ कल 28 अक्टूबर, वृहस्पतिवार को प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा द्वारा ऑनलाइन किया जायेगा। इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में श्रीलंका, नेपाल, आस्ट्रेलिया, मॉरीशस, बांग्लादेश एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों, उनके शिक्षकों व गणमान्य वक्ताओं के सम्मान में रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण किया जायेगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन छात्रों में नेतृत्व एवं प्रबन्धन की क्षमता विकसित करने का एक प्रयास है जिसके माध्यम से देश-विदेश के छात्रों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपना कौशल दिखाने का भरपूर अवसर प्राप्त होगा।

## वंचित बालिकाओं की ओर से तैयार दीयों व कैंडिल की लगी प्रदर्शनी

**लखनऊ।** चैतन्य कौशल विकास केंद्र की वंचित बालिकाओं द्वारा तैयार किये गए रंगबिरंगी दीयाए कैंडिलए बेबी डॉल व लिफ़ाफ़े की प्रदर्शनी बुधवार को अलीगंज सेक्टर जे में लगाई गई। चैतन्य वेलफेयर फ़ाउंडेशन द्वारा संचालित कौशल विकास केन्द्र की बालिकाओं के टैलेंट को देखकर सभी ने उनकी जमकर प्रशंसा की। साथ ही उनके द्वारा तैयार किये गए उत्पादों की खरीददारी भी की। प्रदर्शनी का उद्घाटन पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने किया। उन्होंने वंचित बालिकाओं को हुनरमंद बनाने के साथ ही उन्हें मंच प्रदान करने के लिए फ़ाउंडेशन की संस्थापक ओमसिंह का हौसला बढ़ाया। कौशल विकास केंद्र में प्रशिक्षण ले रही प्रीति कुमारी, आंचल, एकता, प्रियांशी, दिव्यांशी व सोनाली आदि भी प्रदर्शनी में आये अतिथियों द्वारा खुद के द्वारा तैयार वस्तुओं की प्रशंसा सुनकर काफी खुश नजर आए। सभी ने बताया कि कई दिनों की मेहनत के बाद यह वस्तुएं तैयार हुई है।

## एसएमयू में छात्रों ने किया प्रदर्शन



**लखनऊ।** डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में बुधवार को समाजवादी छात्रसभा के साथ मिलकर छात्र छात्राओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दिव्यांग छात्र छात्राओं ने आरोप लगाया कि प्रशासन लगातार पैसा वसूलने के चक्कर में उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है। एक ही विषय में लगातार दो या तीन बार बैक आ जा रही है और आंतरिक मूल्यांकन में भी मनमानी व भेदभाव हो रहा है। प्रशासन के इस रवैये से छात्र छात्राओं का आर्थिक व मानसिक शोषण हो रहा है। काफी देर तक चले इस प्रदर्शन के बाद परीक्षा नियंत्रक ने छात्र छात्राओं से बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि 30 अक्टूबर तक उनकी सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इसके बाद प्रदर्शन समाप्त हो गया।

# विभाग में संचालित योजनाओं का क्रियांवयन सही ढंग से होः डा. द्विवेदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. सतीश चन्द्र द्विवेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग में संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन सही ढंग से किया जाये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। डॉ द्विवेदी बुधवार को बापू भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। डा द्विवेदी ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क वितरित की जाने वाली यूनीफार्म, जूता-मोजा, स्वेटर एवं स्कूल बैग के सापेक्ष धनराशि डीबीटी के माध्यम से छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावक के खाते में अन्तरित के संबंध में कहा कि यह उच्च प्राथमिकता का कार्य है। जिसको ध्यान में रखते हुए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये, जिससे अभिभावकों के बैंक खातों में ससमय धनराशि भेजी जा सके। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के उच्चीकरण के संबंध में उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्य में तेजी लायी जाये तथा इसका सघन अनुश्रवण किया जाये। आगामी आयोजित होने वाली टीईटी परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण करायी जायें, इसका विशेष ध्यान रखा जाये। साथ ही यह भी ध्यान रखा जाये कि परीक्षा के दौरान टीईटी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर बैठने आदि की कोई असुविधा नहीं होने पाये। डा द्विवेदी ने समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति, छात्रों के पठन पाठन, विद्यालयों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, विद्यालयों की साफ-सफाई तथा छात्रों को बेहतर ढंग से शिक्षा प्रदान की जाये।

## महिला की चेन लूटने वाले बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** जानकीपुरम इलाके में दुकान में बैठी महिला की चेन लूटकर भागने वाले दोनों लुटेरों को जानकीपुरम पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से नकदी भी बरामद की है। इंस्पेक्टर जानकीपुरम कुलदीप सिंह गौर ने बताया की जानकीपुरम के सेक्टर तीन में 24 अक्टूबर की दोपहर करीब दो बजे अनीता केसरवानी नाम की महिला से बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर चेन लूट ली थी और भाग निकले थे। पड़ताल में जुटी पुलिस को घटनास्थल से सीसीटीवी फुटेज मिल गई थी। जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। बुधवार को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान जानकीपुरम विस्तार निवासी अश्वनी कुमार सिंह और आयुष कुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के पास से 4600 रुपये की नगदी व घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक बरामद की है।

# खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने यूपी माटीकला बोर्ड की वेबसाइट का किया लोकार्पण

## मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार के 5 लाभार्थियों को ऋण प्रमाण पत्र वितरित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**खादी** एवं ग्रामोद्योग मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने बुधवार को उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा यहां गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में 25 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक आयोजित दस दिवसीय माटीकला मेला एवं तीन दिवसीय तकनीकी सेमिनार का उद्घाटन किया। इस अवसर उन्होंने यूपी माटीकला बोर्ड की नवीन वेबसाइट का लोकार्पण भी किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा माटीकला बोर्ड के माध्यम से कुम्हारी कला से जुड़े व्यक्तियों को मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराते हुए इकाइयाँ स्थापित करायी जा रही है एवं योजनान्तर्गत शिल्पकारों एवं कारीगरों को व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। प्रदेश में माइक्रो माटीकला कॉमन फैसेलिटी सेन्टर योजनान्तर्गत माटीकला के छोटे छोटे सामूहिक केन्द्र स्थापित कराकर उन्हें सुविधा सम्पन्न कराये जाने की दिशा में सरकार निरन्तर प्रयासरत है।

इस अवसर पर उन्होंने राज्य स्तरीय माटी कला पुरस्कार के अन्तर्गत राजन प्रजापति गोरखपुर प्रथम पुरस्कार, सोहित कुमार प्रजापति निजामाबाद आजमगढ़ द्वितीय पुरस्कार एवं हरीराम, उज्जैनीकला गोण्डा को तृतीय पुरस्कार पाने पर सम्मानित भी किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार के 5 लाभार्थियों को ऋण प्रमाण पत्र वितरित किये एवं 100 लाभार्थियों को टूल किट्स भी प्रदान किये।

## महानिदेशक सुरक्षा रेलवे बोर्ड ने किया आरडीएसओ का दौरा

**लखनऊ।** महानिदेशक सुरक्षा रविंदर गुप्ता ने 26 अक्टूबर को आरडीएसओ का निरीक्षण किया। श्री संजीव भुटानी महानिदेशक आरडीएसओ ने श्री गुप्ता का स्वागत किया और हाल ही में आरडीएसओ की उपलब्धियों और वर्तमान में सुरक्षा से संबंधित चल रही परियोजनाओं को कवर करते हुए एक विस्तृत प्रस्तुति दीए जिसे प्रधान कार्यकारी निदेशक ध्कार्यकारी निदेशक द्वारा विस्तार से समझाया गया। अपने दौरे के दौरान श्री गुप्ता ने आरडीएसओ द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा परियोजनाओं की समीक्षा की और अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। अपने संबोधन में श्री गुप्ता ने एक टीम के रूप में आरडीएसओ की सराहना की और एक दूसरे की ताकत पर विश्वास करने पर जोर दिया।

# छात्रवृत्ति वितरण योजना में 800 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश के** समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने बताया कि छात्र द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने और आधार प्रमाणीकरण की अनिवार्य व्यवस्था लागू की गई है। शास्त्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2020-21 में इस योजना से कुल 362511 छात्र-छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अनुसूचित जाति के लिए 800 करोड़ रुपये बजट का प्रावधान किया गया है।

शास्त्री ने बताया कि इसमें राज्य का अंश 40 प्रतिशत निर्धारित है। भारत सरकार के नवीन नियमावली व निर्देशों के अनुसार 60 प्रतिशत केन्द्रांश की धनराशि भारत सरकार द्वारा सीधे छात्र छात्राओं के खाते में अंतरित की जाती है। बता दे कि समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति वितरण योजना के अंतर्गत पारदर्शिता एवं समयबद्धता लाने के लिए छात्रवृत्ति को पूर्णतया कम्प्यूटरीकृत किया गया है।

### मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में अब तक 4150 छात्र-छात्राएं लाभान्वित

प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सेवा, जेईई, नीट, एनडीए, सीडीएस इत्यादि के लिए प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को निःशुल्क साक्षात व ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान के उद्देश्य से मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना संचालित है।वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक 4150 छात्र छात्राओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

## मण्डी परिषद ने सस्ती दर पर बेचने के लिए खोले प्याज व टमाटर क्रय केंद्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि उत्पादन मण्डी परिषद के निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि प्रदेश की मण्डियों में प्याज एवं टमाटर की आवक एवं बिक्री की व्यवस्था बेहतर बनाते हुए मूल्य नियंत्रित करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्याज एवं टमाटर की समुचित मांग एवं आपूर्ति पर सतर्कता से निगरानी रखी जा रही है जिससे मुनाफाखोरी की संभावना न रहे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार आम जनता को सस्ते दर पर प्याज एवं टमाटर आदि की आपूर्ति कराने के लिए कटिबद्ध है। इसको दृष्टिगत रखते हुए उपभोक्ताओं को प्याज एवं टमाटर सस्ती दरों पर उपलब्ध कराने के लिए मंडी परिषदों के परिसर में विक्रय केन्द्र खोले गये हैं। मण्डी निदेशक ने बताया कि प्रदेश में प्याज की बिक्री हेतु खोले गये 141 क्रय केन्द्रों पर 13000 किग्रा से अधिक बिक्री हुई है। जिनका बिक्री मूल्य 24 रूपये से 34 रूपये प्रति किग्रा के मध्य रहा है। इसमें 3900 से अधिक उपभोक्ता लाभान्वित हुए हैं।

# नज़ूल भूमि के 150 वर्ष पुराने नक्शों का होगा डिज़िटाइज़ेशन

## एलडीए उपाध्यक्ष ने नज़ूल अनुभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एलडीए** पुराने अभिलेखों के नक्शे का डिजिटाइजेशन करेगा। नज़ूल अभिलेखों के वर्ष 1862 एवं वर्ष 1925 के नक्शों का डिजिटाइज़ेशन किया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष ने नजूल अनुभाग की बैठक में लाईटें लगाकर हाई रिजोल्यूशन कैमरे के माध्यम से इन नक्शों के डिजिटाइज़ेशन का कार्य कराने के दिशा निर्देश जारी किये।

बुधवार को एलडीए उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने बैठक में कहा कि ये नक्शे जिस स्थान पर रखे हैं, वहां पर्याप्त लाईटें लगाकर हाई रिजोल्यूशन कैमरे के माध्यम से इन नक्शों के डिजिटाइज़ेशन का कार्य कराया जाए। यह कार्य प्रभारी अधिकारी की मौजूदगी में कराया जाए। बैठक के दौरान नजूल अधिकारी आनन्द कुमार सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि अनुभाग में नजूल भूमि बंदोबस्त के लगभग 200 नक्शे एवं 50 रजिस्टर उपलब्ध हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने कहा कि रजिस्टर से प्रापर्टी की डिटेल देखकर नक्शे में नजूल भूमि की कलर मार्किंग करा ली जाएए जिससे कि नजूल भूमि के चिन्हीकरण में आसानी हो। इसके बाद जीआईएस एप्लीकेशन पर मास्टर प्लान व खसरा पर नजूल के नक्शों को सुपर इम्पोज़ करा लिया जाए। वहीं रजिस्टरों के डिजिटाइज़ेशन के सम्बन्ध में उपाध्यक्ष ने कहा कि अधिक मैन पॉवर लगाकर इन सारे रजिस्टरों की उसी फार्मेट पर आज की तारीख में नकल बनाई जाए। नकल तैयार होने पर इसे किसी जिम्मेदार प्रभारी अधिकारी से क्रास चेक करा लिया जाए।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चतरा-सोनभद्र**

पत्रांक :- 1260/अनु0मद/सामग्री-आपूर्ति/2021-22 दिनांक :- 26.10.2021

**अल्पकालिन निविदा सूचना/सामग्री आपूर्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत/खण्ड विकास अधिकारी चतरा के अन्तर्गत विकास खण्ड चत्तरा के अनुरक्षण मद से निम्नलिखित कार्य को पूर्ण कराने हेतु प्राक्कलन में वर्णित सामग्री की आपूर्ति चिन्हित कार्य स्थल पर कार्य हेतु सामग्री जैसे-बालू, सिमेन्ट, डाला गिट्टी, टाइल्स, वालपुट्टी, पेन्ट, मास्को जाली इत्यादि के निविदा दर आमंत्रित की जाती है जिसका निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक-28.10.2021 से 30.10.2021 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4.00 बजे तक विकास खण्ड के कैशियर से कार्यालय कार्य दिवस में निविदा मूल्य जमा कर प्राप्त किया जा सकता है निविदा दर के साथ धरोहर के रूप में सामग्री के लागत का 2.0 प्रतिशत धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी चतरा के नाम बन्धक या बैंक गारण्टी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्त की जानकारी कार्यालय में लेखाकार पटल से देखी व पढ़ी जा सकती है। निविदा दिनांक-03.11.2021 को सुबह 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा की जायेगी तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष दिनांक-03.11.2021 को 02:00 बजे अपरान्ह यथा स्थान खोली जायेगी। जिसमें निविदा दाता उपस्थित रह सकते हैं। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने एवं तिथि परिवर्तन का अधिकार अधोहस्तक्षरी में निहित होगा। अन्य नियम व शर्ते फार्म क्रय के समय लेखा पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | विकास खण्ड | जमानत की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | विकास खण्ड के सभागार कक्ष का मरम्मत व पेन्टिंग इत्यादि का कार्य | चतरा | 4.50 | 500 |
| 2 | प्रमुख कक्ष में टाइल्स, रंगाई-पुताई, पेन्टिंग व मरम्मत का कार्य | चतरा | 3.50 | 500 |
| 3 | खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का वृहद मरम्मत, रंगाई-पुताई, टाइल्स, वायरिंग इत्यादि का कार्य। | चतरा | 5.00 | 500 |

खण्ड विकास अधिकारी
चतरा-सोनभद्र।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसडीओ व जेई का होगा सम्मानः गंगवार

संवाददाता। लखनऊ



**एमडी** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एसपी गंगवार ने किया 33/11 विद्युत उपकेन्द्र विकास नगर एवं इन्जीनियरिंग कालेज उपकेन्द्र में लगे ओटीएस कैम्प का निरीक्षण किया। शिविर के निरीक्षण में श्री गंगवार ने अधिकारियों को एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के लक्ष्य को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। स्थानीय अधिशासी अभियन्ता, रहीम नगर, उपखण्ड अधिकारी, विकास नगर तथा उपखण्ड अधिकारी, इन्जीनियरिंग कालेज को एटीएण्ड सी लॉसेस को 15 प्रतिशत से कम करने के भी निर्देश दिये। 33/11 केवी विकास नगर उपकेन्द्र में 1905 विद्युत उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना से आच्छादित है। जिसमें 26 अक्टूबर तक 287 विद्युत उपभोक्ताओं ने कुल बकाया धनराशि 16,24,550.00 जमा किया इसी क्रम में 33/11 केवी इन्जीनियरिंग कालेज उपकेन्द्र में 1288 विद्युत उपभोक्ता एकमुश्त समाधान योजना से आच्छादित है। जिसमें 26 अक्टूबर तक 187 विद्युत उपभोक्ताओं ने कुल बकाया धनराशि 6,72,000.00 जमा किया। इस प्रकार विद्युत नगरीय वितरण खण्ड विकास नगर में लगाये गये शिविरों द्वारा अब तक कुल धनराशि 34,35,000.00 प्राप्त हुई। प्रबन्ध निदेशक द्वारा यह निर्देश भी दिये गये की 15 नवम्बर तक को क्षेत्र के कार्यों की समीक्षा की जायेगी तथा समीक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उपखण्ड अधिकारी एवं अवर अभियन्ता को विभाग द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा।

## ओटीएस योजना को प्रभावी बनाने पर दिया जोर

**निगोहां।** बुधवार को मध्यांचल विधुत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक सूर्यपाल सिंह गंगवार ने सेस खण्ड तृतीय के अंतर्गत निगोहां विधुत सबस्टेशन पर लगे ओटीएस शिविर में शिरकत की। सेस खण्ड तृतीय के अंतर्गत निगोहां विधुत सबस्टेशन पर सरचार्ज यानी कि ब्याज माफी की एकमुश्त समाधान योजना के प्रचार प्रसार हेतु शिविर आयोजित किया गया था जिसमें निगोहां पावरहाउस से जुड़े उपभोक्ताओं व 25 ग्रामसभाओं के ग्रामप्रधानों की उपस्थिति रही।

## पुलिस कर्मी बन कर टप्पेबाज बुजुर्ग की ज्वैलरी लेकर हुए फरार

**लखनऊ।** राजधानी के आशियाना थाना क्षेत्र स्थित एल्डिको प्रथम में बुधवार शाम बेखौफ टप्पेबाजों ने पुलिस कर्मी बन आए दिन लूट की घटनाओं का वास्ता देकर बुजुर्ग की ज्वैलरी उतरवा लिए और कागज की पुड़िया में कंकड़ थमा कर फरार हो गए। जानकारी होने पर पीड़ित ने स्थानीय आशियाना पुलिस से की लिखित शिकायतए की। पीड़ित की शिकायत पर स्थानीय पुलिस जांच में जुटी है। आशियाना थाना क्षेत्र के एल्डिको प्रथम में रहने वाले 70 वर्षीय बुजुर्ग जगदीश गुप्ता ने बताया कि वह जरूरी काम से बंगला बाजार गए हुए थे उस दौरान बंगला बाजार पुलिस चौकी के निकट सादी वर्दी में खड़े चार युवकों ने उन्हें रोक लिया और आएदिन लूट चोरी का वास्ता देकर उनसे गहने उतारकर एक कागज की पुड़िया में रखने को कहा और उनकी चार अंगूठी, एक सोने की चेन को कागज की पुड़िया में लपेटकर उन्हें थमाकर चले गए।

# हर विकास कार्य का दे सकती हूं हिसाबः स्मृति



संवाददाता। रायबरेली

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बुधवार को रायबरेली से कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि सोनिया के विपरीत वह अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में किए गए सभी विकास कार्यों का हिसाब दे सकती हैं। अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अमेठी में पड़ने वाले रायबरेली जिले के सलोन क्षेत्र स्थित ममुनी गांव में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा सांसद ने कहा, "जिले में दो सांसद हैं। आप गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी भाजपा सांसद हमारी दीदी आपके बीच आकर यहां किए गए सभी विकास कार्यों का हिसाब दे सकती हैं" स्मृति ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, "दूसरों से पूछिए कि क्या उनकी सांसद यह हिसाब दे सकती हैं कि कहां पर खड़ंजा बनाया गया और कहां नालियां साफ की गईं" केंद्रीय मंत्री ने कहा, "आपको हिसाब इसलिए दिया जा सकता है क्योंकि आपने एक ऐसी जनप्रतिनिधि को चुना है जो आपके बीच आकर विकास कार्यों का विवरण दे सकती है" कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी रायबरेली सीट से सांसद हैं। वहीं, स्मृति ईरानी ने पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट से सोनिया के पुत्र राहुल गांधी को पराजित किया था। स्मृति ने अपने इस दौरे के दौरान गांव में पंचायत भवन का भी उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पिछले दो वर्षों के दौरान इस गांव में 90 लाख रुपए की लागत से विकास कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास इनके वीडियो और तस्वीरें भी सबूत के तौर पर मौजूद हैं और वह केवल अधिकारियों द्वारा दिए गए कागजों पर ही भरोसा नहीं करतीं।


## ईरानी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई पूरी, तीन नवंबर को सुनाया जाएगा आदेश

**सुलतानपुर।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में केंद्रीय मंत्री एवं अमेठी से भाजपा सांसद स्मृति ईरानी को तलब करने संबंधी याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई है और प्रकरण में आगामी तीन नवंबर को आदेश सुनाया जाएगा। वर्तिका के अधिवक्ता रोहित त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि सांसद-विधायक अदालत में मंगलवार को मामले में स्मृति ईरानी को अदालत में तलब करने से संबंधित याचिका पर सुनवाई पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश पी.के. जयंत ने आदेश सुनाने की तिथि तीन नवंबर तय की है। अदालत यह फैसला सुनाएगी कि इस मामले में स्मृति ईरानी को तलब किया जाए या नहीं। त्रिपाठी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के खिलाफ अदालत में दाखिल किए गए इलेक्ट्रॉनिक व अन्य साक्ष्य मानहानि का मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त हैं और मामला प्रथम दृष्ट्या तलब किए जाने का है। उन्होंने कहा कि विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट सही तथ्य अदालत के सामने लाने में सहायक होगी। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज वर्तिका सिंह ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी तथा दो अन्य लोगों पर महिला आयोग का सदस्य बनाने के लिए धन ऐंठने का आरोप लगाते हुए अदालत में वाद दायर किया था। वर्तिका का आरोप है कि मंत्री के करीबी लोगों ने उन्हें महिला आयोग का सदस्य बनाए जाने संबंधी एक फर्जी पत्र जारी किया और शुरू में इसके लिए एक करोड़ रुपए की मांग की गई थी जिसे बाद में घटाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया। उनका कहना है कि इस मामले से उनकी बदनामी हुई, इसलिए उन्होंने मानहानि की याचिका दायर की है।

# गोंडा को मिला मेडिकल कालेज

- सीएम ने 282 करोड़ की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का किया शिलान्यास
- चीनी मिलें पेराई सत्र के पहले करें गन्ना किसानों का बकाया भुगतानः योगी

हेमन्त पाठक। गोंडा



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जिले के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज टामसन में जनपद की 1132.35 करोड़ रुपए के लागत की 144 परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रुपए 282 करोड़ की लागत से महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा देवी बख्श सिंह के नाम से बनने वाला राजकीय मेडिकल कॉलेज गोंडा का शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी गई।मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि गोंडा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनने वाले राजकीय मेडिकल कॉलेज से देवीपाटन मंडल के साथ ही पूर्वांचल के बच्चों को भी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेगी।ऐसे बच्चे जो मेडिकल की तैयारी करना चाहते हैं उनका भी भविष्य सवंरेगा और चिकित्सक बन पाएंगे। इस मेडिकल कॉलेज में आगामी वर्ष 2022-2023 से प्रवेश शुरू हो जायेंगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर क्षेत्र के लिए उपयोगी रोजगार परक योजनाएं व विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 के पहले जहां गरीबों को राशन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाती थी, उन्हें आज पूरी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। साढ़े चार वर्ष पहले जो योजनाएं बंदरबांट का शिकार हो जाती थी, आज उसका लाभ आम जनता को मिलने लगा है। आगे कहा कि प्रदेश में कोरोना महामारी आज लगभग नियंत्रण में है। जिससे आगामी दीपावली व अन्य त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनेगा। किसानों के गन्ना मूल्य के भुगतान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले साढे 4 वर्षों में गन्ना किसानों का 1लाख 45 हजार करोड़ रुपए का भुगतान कराया गया। इसके साथ ही चीनी मिलों के प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि इस बार वे पेराई सत्र के पहले किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रदेश में वर्तमान सरकार से पहले होने वाले दंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दंगा करने वाले को उसका दुष्परिणाम मालूम है, उनकी सात पीढ़ियां तक भरपाई नहीं कर पायेंगी। उन्होंने विभिन्न विकास परक उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वन टांगिया गांव के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है। समारोह में प्रदेश के मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा सुरेश खन्ना, मंत्री समाज कल्याण अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण रमापति शास्त्री, जनपद के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह व सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह ने संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विकास कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी एवं लाभार्थी परियोजनाओं के लाभों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप उर्फ बमबम, विधायक कटरा बावन सिंह, सदर प्रतीक भूषण सिंह, तरबगंज प्रेमनारायण पांडेय, मेहनौन विनय द्विवेदी, गौरा प्रभात वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, आयुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव, डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल, डीएम मार्कंडेय शाही, एसपी संतोष मिश्रा, सीडीओ आदि उपस्थित रहे।

# जब अपनी ही सरकार में धरने पर बैठे भाजपाई

**महाराजगंज** रायबरेली।। बदहाल इन्हौना मार्ग को लेकर चल रहे धरने में बीती 21 तारीख को देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र अमर्यादित व असंसदीय भाषाओं का प्रयोग करने वाले सपा नेता के खिलाफ बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी महाराजगंज कोतवाली के सामने धरने पर बैठ गए और सपा नेता की गिरफ्तारी की मांग करने लगे महाराजगंज कोतवाल के काफी मान मनौवल के बाद भी भाजपाइयों ने धरना प्रदर्शन स्थगित नहीं किया तो हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने 2 घंटे के अंदर ही सपा नेता को गिरफ्तार कर लिया बताते चलें कि महराजगंज इन्हौना मार्ग की बदहाली पर लगभग 1 हफ्ते से धरना प्रदर्शन चल रहा है, बिती 21 तारीख को शिवरतन गंज थाना क्षेत्र के रहने वाले सपा नेता महताब खान भी धरना स्थल पर पहुंचे थे और अपने संबोधन में देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति अमर्यादित असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया था जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसको लेकर भाजपाइयों में आक्रोश था और विगत 24 तारीख को क्षेत्र के ही अनुराग सिंह उर्फ सनी सिंह द्वारा कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था परंतु सपा नेता की गिरफ्तारी ना होने से भाजपाइयों में आक्रोश था और आज बुधवार के दिन भाजपा नेता संतोष पांडे पवन साहू भोलू सिंह पंकज सिंह राहुल वर्मा समेत दर्जनों भाजपाइयों ने थाने के बाहर धरने पर बैठ गए कोतवाल महराजगंज के द्वारा यह समझाते हुए कि जल्द से जल्द महताब खान की गिरफ्तारी कर ली जाएगी इसके बावजूद भाजपा नेता मानने को तैयार नहीं हुए तो हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने संबंधित सपा नेता महताब खान को 2 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया।

# मुख्तार की पत्नी का निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स कुर्क

**बाहुबली विधायक और उनसे संबंधित लोगों पर प्रशासन लगातार शिकंजा कस रहा है, अब तक उनकी, परिवार व उनसे संबंधित लोगों की कई संपत्तियां जब्त या कुर्क की जा चुकी हैं**

**गाजीपुर।** बसपा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी की पत्नी अ2398शां अंसारी का गाजीपुर नगर में अवैध रूप से बनाया जा रहा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स कुर्क कर लिया गया है। जिला प्रशासन के सूत्रों ने बुधवार को बताया कि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के आदेश से अधिकारियों ने संबंधित निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क कर लिया। भवन की कीमत करीब तीन करोड़ रुपए बताई जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्तार की पत्नी अ2398शां के अवैध शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का रकबा 1150 वर्ग मीटर बताया गया है। सूत्रों ने कहा कि जिलाधिकारी के आदेश पर उपजिलाधिकारी (सदर) अनिरुद्ध प्रताप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) ओजस्वी चावला और कोतवाल दीपेंद्र सिंह मंगलवार को मौके पर पहुंचे तथा निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को कुर्क कर लिया। गौरतलब है मऊ सीट से बसपा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी और उनसे संबंधित लोगों पर प्रशासन लगातार शिकंजा कस रहा है।

## आतंकी संगठनों से धन ले रहे राजभरः मंत्री

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के संसदीय कार्य राज्य मंत्री आनन्द स्वरूप शुक्ला ने बसपा के बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को समाजवादी पार्टी (सपा) और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के गठबंधन का सूत्रधार करार दिया और सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पर आतंकवादी संगठनों से धन हासिल करने का आरोप लगाया। शुक्ला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं से बातचीत में सपा और सुभासपा के गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी ही इन दोनों दलों के गठबंधन के सूत्रधार हैं। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी की सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलीभगत जाहिर हो चुकी है। शुक्ला ने सुभासपा के अध्यक्ष शुक्ला ने सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस्लामिक आतंकवादी संगठन और दुनिया के कई मुस्लिम देश हिंदुओं को बांटने के लिए राजभर को धन उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजभर इसी वित्तपोषण की बदौलत हिंदुओं को बांटने के लिए जाति की बात कर रहे हैं।

# प्रधान की 'पत्नी' के नाम आवास!

**बस्ती।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को जिम्मेदारों ने मजाक बना रखा है, जिसका मन चाहा उससे 20 से 30 हजार ले लिया और उसके नाम आवास आंवटित कर दिया, यह तक नहीं देखा कि जिसे आवास दे रहे हैं, वह पात्र है भी कि नही? जिम्मेदारों को तो 'लक्ष्मी' से मतलब रहता है। इससे अधिक मजाक इस योजना के साथ और हो ही नहीं सकता। 'लक्ष्मी' की चाह में यह भी नहीं देखा और न सोचा कि वह वर्तमान प्रधान की पत्नी को आवास दें रहें है, प्रधानजी सेक्रेटरी से भी अधिक चालाक निकले उन्होंने आवास का पूरा धन नींव की एक भी ईंट रखे पूरा का पूरा धन हड़प लिया, मनरेगा मजदूरी का भी लगभग दस हजार का भुगतान ले लिया, इतना सब कुछ हो गया, मगर न तो ब्लॉक और मुख्यालय ने इसकी खोजबीन की, खोजबीन 'पायनियर' की टीम ने किया, और जब इसकी जानकारी डीआरडीए के परियोजना निदेशक और योजना के संचालक कमलेश सोनी को बताया तो उन्होंने त्वरित इसके जांच के आदेश दिए, और खुद गांव में जाने की बात कही। यह सच सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत शिवपुर का है। यहां पर प्रधान के आलावा पांच और भी अपात्र हैं, जिन्होंने पूरा पेमेंट ले लिया मगर आवास नहीं बनाया।

सल्टौआ ब्लॉक को माडल बनाने का सपना देखने वालों का तब तक सपना सच नहीं होगा, जब तक योजनाओं में ईमानदारी नहीं दिखाएंगें। भले ही सपना देखने वाले चयनित ब्लॉक प्रमुख न हो मगर, उन्हें और भी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है, कि जब तक ब्लॉक से भ्रष्टाचार का खत्मा नहीं होगा, तब तक ब्लॉक माडल तो क्या अंडर फाइव में आना मुस्लिक होगा। वैसे भी इस गांव को वीआईपी गांव माना जा रहा है। अब जरा पहले नवर्निवाचित प्रधान कोदई का सच देख लीजिए। लगभग 20 दिन पहले इनके पत्नी पार्वती को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का पूरा पेमेंट यानि एक लाख 20 हजार हो गया, मनरेगा मजदूरी का भी भुगतान हो गया। अभिलेखों में आवास को पूर्ण होना दिखाया गया, जबकि एक ईंट भी नहीं रखी गई। यही हाल किसलावती पत्नी कमलेश, राजिबुंनिशा पत्नी रमजान अली, नीला सिंह पत्नी हरेंद्र सिंह, अनिता पत्नी गणेश और बिंदु पत्नी सत्येंद्र सिंह का भी रहा। इन कई अपात्र होने के बावजूद पूरा पैसा हजम कर लिया।

# पत्नी की हत्या कर खुद ही पुलिस को बुला लिया

अमेठी । अमेठी जिले के गौरीगंज क्षेत्र में बुधवार को आपसी विवाद में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गला काट कर हत्या कर दी और खुद ही पुलिस को भी बुलाया। गौरीगंज के पुलिस उपाधीक्षक गुरमीत सिंह ने बताया कि श्रीपुर गांव में अनंतराम ने अपराह्न करीब 12 बजे आपसी विवाद को लेकर दराती से अपनी पत्नी कमलेश (41) का गला काट दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वारदात को अंजाम देने के बाद अनंतराम ने खुद ही पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसने मौके पर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना के समय परिवार का कोई अन्य सदस्य घर पर मौजूद नहीं था। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अनंतराम दिल्ली में टेंपो चलाता है और वह करवा चौथ के मौके पर घर आया था।

## फेसबुक पर की गई टिप्पणी को लेकर दो पक्षों में झड़प, 11 लोग घायल

**बलिया।** जिले में बांसडीह रोड थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव में फेसबुक पर की गई एक टिप्पणी को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई जिसमें 11 लोग घायल हो गए। बांसडीह की पुलिस उपाधीक्षक प्रीति त्रिपाठी ने बुधवार को बताया कि नारायणपुर गांव में फेसबुक पर एक टिप्पणी को लेकर गत 26 अक्टूबर की शाम दो किशोरों के बीच मारपीट हो गई और इसके बाद दोनों किशोरों से संबंधित पक्षों में हिंसक झड़प हो गई जिसमें 11 लोग घायल हो गए। न्होंने बताया कि सभी जख्मी लोगों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनमें से तीन को गंभीर स्थिति के चलते जिला चिकित्सालय में रेफर किया गया है। त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में बुधवार को दोनों पक्षों की तरफ से 36 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया जिनमें से 11 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बांग्लादेश व म्यांमार से मानव तस्करी का खुलासा

**गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, अवैध रूप से मुस्लिम युवकों को भारत लाकर हिंदू नाम वाले फर्जी आधार कार्ड व पासपोर्ट के जरिए भेजते थे विदेश**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**कूटरचित** दस्तावेजों के आधार पर म्यांमार व बांग्लादेश के नागरिकों को अवैध रूप से भारत लाकर उनके आधार कार्ड व पासपोर्ट बनवा कर मानव तस्करी कर विदेश भेजने वाले गिरोह से संबंधित चार सदस्यों को मंगलवार रात यूपी एटीएस ने मुगलसराय रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। ये लोग मुस्लिम युवकों को हिंदू नाम वाले फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और पासपोर्ट उपलब्ध करवाकर विदेश भेजते थे। इसके बाद उनसे भारी रकम वसूलते थे।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि बीते कुछ समय से यह सूचना मिल रही थी कि एक एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह बांग्लादेश व म्यांमार के नागरिकों को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूट रचित प्रपत्र तैयार करवाकर उन्हें भारत के नागरिक के रूप में प्रतिरूपित कर उन्हें भारी मात्रा में धन के बदले विदेश भेजने का कार्य करते हैं । इस गिरोह के सदस्य इनके मुस्लिम नाम को हिन्दू नाम में परिवर्तित कर उनके कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जारी किये गए भारतीय पासपोर्ट के आधार पर विदेश भेजने का भी कार्य करते हैं । मानव तस्करी के इस कृत्य के बदले ये लोग उनसे अवैध धन भी वसूलते हैं।

इस सूचना को विकसित करने के क्रम में यह भी जानकारी हासिल हुई कि गिरोह का एक व्यक्ति 3 बांग्लादेशी नागरिकों के साथ राजधानी एक्सप्रेस 02314 से नई दिल्ली से आ रहा है । इस पर एटीएस की फील्ड यूनिट वाराणसी ने बीते मंगलवार की रात मुगलसराय के पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर इन चारों मिथुन मंडल निवासी सिहरेल बाघन पारा, कालना, बर्धमान पश्चिम बंगाल, शाओन अहमद उर्फ पिंटू दास निवासी ग्राम रोड जोनल पश्चिमी मारी जिला जमालपुर, बांग्लादेश, मोमिनुर इस्लाम उर्फ रोमी निवासी थाना मदार गंज जिला जमालपुर बांग्लादेश और मेहंदी हसन उर्फ बापी राय निवासी जोना पाछीमारी जिला जमालपुर बांग्लादेश को ट्रेन से उतार कर हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद संदिग्ध प्रतीत होने पर इन्हें एटीएस मुख्यालय लखनऊ लाया गया। जहां बाद में इन्हें नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से कूटरचित दस्तावेजों से बना भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड ,पैन कार्ड, कई एटीएम कार्ड व विभिन्न देशों की मुद्राएं बरामद हुई हैं। इस सम्बन्ध में एटीएस थाने पर पासपोर्ट अधिनियम 1967 व 14 विदेशी अधिनियम 1946 सहिम अन्य धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है ।

एडीजी ने बताया कि ये लोग बांग्लादेशी व रोहिंग्या लोगो को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूटरचित पहचान के दस्तावेज जैसे आधार कार्ड आदि तैयार करवाते थे। इनमें बांग्लादेशी व रोहिंग्या स्वेच्छा से सम्मिलित रहते थे। जिनका उद्देश्य इन कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर विदेश जाना होता है। कूटरचित दस्तावेजों यथा आधार कार्ड व वोटर कार्ड के आधार पर फर्जी पते पर पासपोर्ट तैयार करवाते थे। तैयार कराए गए पासपोर्ट में अपनी पहचान पूर्ण रूप से छिपाकर हिन्दू नामों का प्रयोग किया जाता था। एडीजी के मुताबिक इन पासपोर्ट में अंकित पतों का सम्बंधित राज्य के पुलिस अधिकारियों से सत्यापन कराया गया तो अंकित पते फर्जी निकले। भारतीय पहचान स्थापित कर अवैध रूप से विदेश भेजने के नाम पर इस गिरोह के सदस्य इन बांग्लादेशी व रोहिंग्या लोगो से धन भी वसूलते थे । अभियुक्त मिथुन की पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के कलना में अपर जपत काली ताला क्षेत्र में यूरोपियन टूर एंड ट्रेवेल के नाम से एक ट्रेवल एजेंसी भी है। अभियुक्त शाउन अहमद, मोमिनुर इस्लाम व मेंहदी हसन बांग्लादेश के मदारगंज में एक होटल में काम करते थे व ये लोग 16 अगस्त 2021 को अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर भारत में आए थे।

## 'दीपोत्सव' के नाम पर प्रधानों से मांगा जा रहा 50-50 हजार चंदा

**बस्ती।** एक दिन पहले दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर डीएम की ओर से बुलाई गई प्रेसवार्ता में जब पत्रकारों ने डीएम से पूछा था, कि क्या चंदा भी लिया जाएगा, इस पर डीएम ने स्पष्ट कहा था, कि किसी भी प्रकार का और किसी से कोई भी चंदा नहीं लिया जाएगा। मगर बुद्यवार को जो नजारा चंदा मागंने को लेकर विकास खंड विक्रमजोत में देखने को मिला, और जिसका वीडियो वायरल हुआ, उसने डीएम के दावे की पोल खोलकर रख दी। मामला उस समय गर्मा गया, जब सचिवों की ओर से प्रत्येक प्रधानों से चंदे के रुप में 50-50 हजार रुपये की मांग यह कहते हुए की गई, कि अगर चंदा नहीं दिया तो जांच हो जाएगी। इसके विरोध में ग्राम पंचायत पचवस के प्रधान शैलेद्रं सिंह विरोध प्रकट करने के लिए लगभग दो दर्जन समर्थकों के साथ ब्लॉक पहुंचे, उस समय ब्लॉक पर सभी 14 सचिव और कुछ प्रधान मौजूद रहे। विरोध जताते हुए प्रधानों ने कहा कि हर साल दीपोत्सव के नाम पर हजार-पांच सौ रुपया लिया जाता था, इस बार 50 हजार क्यों मांगा जा रहा है, वीडियो में कई सचिव अपनी नौकरी का हवाला देते हुए प्रधानों से 50-50 हजार देने की विनती कर रहे है।

# मऊ में एक मंच पर दिखाई दिए ओमप्रकाश व अखिलेश

- अखिलेश ने कहा-मंत्री के बेटे ने किसानों को टायरों के नीचे कुचला
- ओमप्रकाश बोले, सूबे में शिक्षा फ्री, पुरानी पेंशन होगी बहाल
- भाजपा ने छिना समाजवादी पेंशन, आये तो तीन गुना देंगे
- किसान, नौजवान और बेरोजगारों को आगे आने का किया आह्वान

संवाददाता। मऊ




**मऊ** जिले के हलधरपुर स्थित ढोलवन के मैदान में बुधवार को सुभासपा के 19वें स्थापना दिवस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर एक साथ एक मंच पर दिखाई दिए। मऊ जिले के हलधरपुर स्थित ढोलवन के मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि

लखीमपुर खिरी में केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री के बेटे ने किसानों को टायरों के नीचे कुचल दिया और मामले में अभी तक आरोपित होने के बाद भी केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने इस्तीफा तक नहीं दिया है। भाजपा की सरकारें पूरे देश में अपने को किसानों का हितैषी बता रही है। इसका असली चेहरा अब उजागर होगा। जनता इसका जवाब देने के लिए तैयार बैठी है। उन्होंने किसानए नौजवान और बेरोजगारों को इस लड़ाई को सफल बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि 22 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनते ही सूबे में स्नातक तक शिक्षा फ्री कर दी जायेगी और पुरानी पेंशन की बहाली भी होगी। सभी समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा। उन्होंने कई मुद्दों पर महापंचायत के सामने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का ध्यान आकर्षित किया। भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उनकी हिम्मत नहीं है कि वह सुभाजपा की सेना से टकराये। महापंचायत में ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि यदि घर में पांच लोग हैं तो राशन कार्ड में केवल दो लोगों का नाम ही है तो इसे कत्तई नहीं बर्दाश्त किया जायेगा। 2022 में सरकार बनते ही जातिवार जनगणना करवायेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को भी लागू कराने का काम करेंगे। उन्होंने मंच से यह भी कहा कि पुलिस के साथी 18 से 20 घंटे ड्यूटी करते हैंए जबकि उन्हें आठ घंटे का ही वेतन मिलता है। इसे रोकना है और सप्ताह में एक दिन की छुट्टी इनकी भी होगी। इसके साथ ही बार्डर सीमा पर तैनाती देने का काम होगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग अरसे से चली आ रही है। इसे भी बहाल कराने का काम करेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की प्रदेश में सरकार ने समाजवादी पेंशन को छिन लिया है। सरकार बनते ही अगर यह पेंशन तीन गुना देना पड़ा तो देंगे।

## असहिष्णुता

### फिल्मों में हस्तक्षेप

**राज्य** द्वारा कलाओं के क्षेत्र में हस्तक्षेप करना या ऐसा करने वाले अराजक तत्वों को संरक्षण देना उचित नहीं है। भारतीय सिनेमा उद्योग लगभग 200 बिलियन रुपये का उद्योग है और यह दुनिया में अधिकतम फिल्में तैयार करता है। हर साल 3.6 बिलियन से अधिक टिकट बिकते हैं जो देश की जनसंख्या का तीन गुना है। इसके बावजूद इस विशाल क्षेत्र को छोटे व हाशिए पर पड़े तत्वों द्वारा उनकी इच्छा होने पर बंधक बनाया जा सकता है। जनसंख्या के कुछ कट्टरपंथी व असहिष्णु तत्वों ने हमेशा भारतीय सिनेमा के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। पिछले वर्षों में उनमें से कुछ की गतिविधियां कानून, तर्क व सार्वजनिक सभ्यता के दायरे से बाहर रही हैं। अक्सर ये शारीरिक धमकी तथा हिंसा में बदल जाती हैं। इसे उस समय के सत्तारूढ़ वर्ग की विचारधारा से प्रोत्साहन मिल सकता है। इसे किसी भी चीज, यहां तक कि सरलतम सिनेमाई स्वतंत्रता से भड़कने का बहाना मिल जाता है। नवीनतम घटना में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भोपाल में फिल्म निर्देशक प्रकाश झा पर स्याही फेंकी तथा आगामी वेब सीरीज़-आश्रम 3 के फिल्म सेट पर तोड़फोड़ की। उनका कहना था कि सीरीज़ में अश्लील दृश्य हैं और उनसे हिंदू भावनायें आहत होती हैं। उन्होंने वाहनों को तोड़ा तथा कर्मचारियों की पिटाई की। उनके साथ तार्किकता, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतंत्र, सेक्युलर इरादों, आदि पर चर्चा का कोई सवाल नहीं था। ये चीजें उनकी समझ से बाहर हैं। उनकी प्रतिक्रिया का कारण राजनीतिक भावनायें हैं। भारत में ऐसे



विरोध सालों और यहां तक कि दशकों पहले से देखने में आए हैं।

वर्ष 2000 में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने दीपा मेहता के फिल्म सेट वाटर पर वाराणसी में हमला किया था क्योंकि यह उनकी समझ से 'हिंदू-विरोधी' था। दीपा ने भारत में फिल्म निर्माण बंद कर इसे श्रीलंका में पूरा किया। इसके पहले उनको अपनी फिल्म फायर के लिए भी शिवसेना का गुस्सा झेलना पड़ा था और स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने उनकी बहुत निन्दा की थी। राजपूत फैन क्लब द्वारा संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत का विरोध 2017 में हुआ था। उनका दावा बचकाना और स्वाभाविक रूप से असत्य था। अभी हाल में भाजपा व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने केरल में मलयालम फिल्म नीयम निधि की शूटिंग रद्द करने पर मजबूर किया था। उनको फिल्म में मंदिर से बाहर निकलती लड़की का दूसरे धर्म के लड़के के प्रति आकर्षित होना पसंद नहीं था। वैसे अपने आप ये तथाकथित विरोध कुछ समय में स्वाभाविक रूप से समाप्त हो जाते हैं, लेकिन उनको मीडिया प्रचार तथा सोशल मीडिया के कारण नया जीवन मिल जाता है। समस्या उस समय पैदा होती है जब राज्य भी इसमें अपनी भूमिका अदा करने लगता है। प्रकाश झा के मामले में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री ने आदेश किदया कि फिल्म निर्माताओं को स्थानीय प्रशासन को स्क्रिप्ट दिखा कर शूटिंग के लिए उसकी अनुमति लेनी होगी। इसका अर्थ है कि अब नौकरशाह यह तय करेंगे कि क्या आपत्तिजनक है या नहीं और फिल्म की शूटिंग उनके निर्णय पर निर्भर होगी। यदि फिल्मों पर शूटिंग के समय ही सेंसर लगाया जाता रहा तो सेंसर बोर्ड की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। सवाल उठता है कि कहीं राज्य भी तो विरोध करने वालों का साथ नहीं दे रहा है अथवा क्या वह अपने हस्तक्षेप से विरोध को बढ़ावा तो नहीं दे रहा है।

# कश्मीर में निरपराधों की हत्याएं

सरकार को उभरते मुद्दों का राजनीतिक समाधान खोजने के बजाय कट्टरवाद के उन्मूलन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।



**प्रदीप सक्सेना**
(लेखक एक पत्रकार, विश्लेषक एवं पूर्व शिक्षक हैं)




इस पतझड़ में कश्मीर घाटी में पतझड़ के पत्तों को गिराने वाले पर्णपाती पेड़ों का सुरम्य आकर्षण खून के धब्बों के साथ आ गया है। इस शरद ऋतु ने 1990 के दशक की दर्दनाक यादों को खोल दिया है जब लगातार लक्षित हत्याओं के बाद सैकड़ों कश्मीरी पंडितों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर किया गया था। इस महीने की शुरुआत के बाद से, आतंकवादी संगठनों ने पहले ही 11 नागरिकों और सेना के पांच जवानों को बेशर्मी से मार डाला है, जिस पर तालिबान द्वारा स्वर्ग-पृथ्वी के दरवाजे पर दस्तक देने की अचूक मुहर है। आखिरकार, इस ठंडे खून में वही खौफ फैलाने की क्षमता है जो तालिबान ने अपने दुश्मनों को गोली मारकर और उनके शरीरों को क्रेन से लटकाकर किया था।

नासमझ हत्या की शुरुआत एक प्रमुख कश्मीरी पंडित व्यापारी 68 वर्षीय माखन लाल बिंदू के साथ हुई। वह 1990 के दशक के नरसंहार में बच गया था, केवल इस बार एक प्रचंड आतंकवादी की गोली से। लेकिन खून-खराबा बंद नहीं हुआ।

उसी दिन आतंकियों ने लाल चौक पर वीरेंद्र पासवान, बांदीपोरा में टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद शफी लोन और स्कूल टीचर सुरेंद्र कौर और दीपक चंद को गोली मार दी थी. 16 अक्टूबर को श्रीनगर में शगीर अहमद और अरविंद कुमार शाह को गोली मार दी गई थी। बिहार के तीन मजदूरों को भी गोली मारी गई, जिनमें बाद में राजा ऋषि देव और जुगिंदर ऋषि देव की मौत हो गई। तालिबान शैली की इन हत्याओं ने देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद सरकार ने सभी गैर-कश्मीरियों को पुलिस या सेना के संरक्षण में लेने की एडवाइजरी जारी की।

लश्कर, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के विचार का विरोध करने वाले हिंदुओं और मुसलमानों को चुन-चुन कर मारकर एक ठंडा संदेश भेज रहे हैं। इस बार स्थिति 1990 के दशक की तुलना में कहीं अधिक खराब है क्योंकि अब बड़ा नापाक इरादा कश्मीर को एक इस्लामिक राज्य के रूप में देखना है, मुख्यत: अफगानिस्तान के तालिबान के अधिग्रहण की तर्ज पर। पहले से ही ऐसी अटकलें थीं कि पाकिस्तान तालिबान का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ करेगा। अपने हिस्से के लिए, पाकिस्तानी सेना ने तहरीक-ए-तालिबान से अलग हुए समूहों के साथ हाथ मिलाया है और उन्हें सेना के साथ जोड़ दिया है। इमरान खान कश्मीर की ओर उनका ध्यान हटाने की अपनी साजिश में काफी हद तक सफल रहे हैं।

अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से, शांति बहाल करने के लिए

> **अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है।**

सरकार के लंबे दावे धराशायी होते दिख रहे हैं और यह संदेह मजबूत होता जा रहा है कि तालिबान भारत के द्वार पर दस्तक दे रहा है, जैसा कि अल्पसंख्यकों के चुनिंदा लक्ष्यीकरण से पता चलता है। भारत के 70 साल के इतिहास में, सभी सरकारों ने राजनीतिक रूप से विवाद को हल करने की कोशिश की है- नेहरू ने सोचा था कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 होना चाहिए और मोदी को लगता है कि समाधान इसे दूर करने में है। हालांकि, समस्या का मूल स्रोत - धार्मिक कट्टरवाद और एक इस्लामिक स्टेट की उदात्त धारणाएं - सभी के ध्यान से बच गईं। नतीजा तहरीक-ए-इस्लाम द्वारा संचालित और लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों द्वारा वित्त पोषित मदरसों का है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इन मदरसों में आतंकवादियों की फौज पैदा होती है। इस बात का प्रमाण है कि मुठभेड़ों में मारे गए 99 प्रतिशत आतंकवादी कश्मीर के थे।

ये आतंकवादी अब अल्पसंख्यक हिंदुओं को कश्मीर से भागने के लिए मजबूर करने की योजना बना रहे हैं। 1990 में, उन्होंने कश्मीरी पंडितों को कश्मीर से भगा दिया लेकिन सरकार ने कुछ भी सार्थक नहीं किया। आज भी घाटी में कश्मीरी पंडितों की स्थिति उतनी ही दयनीय है जितनी पाकिस्तान, बांग्लादेश और इंडोनेशिया में अल्पसंख्यक हिंदुओं की है। आतंकवादियों की मंशा यह है कि अगर वे कश्मीर से हिंदुओं को पूरी तरह से खदेड़ने में सक्षम हैं, तो वे कश्मीर की शांति को भंग करने और तालिबान शासन को कश्मीर में लाने के अंतिम उद्देश्य से इस्लाम के नाम पर कश्मीरियों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। आतंकवादियों को यह भी उम्मीद है कि तालिबान पाकिस्तान और चीन की मदद से कश्मीर को भारत से अलग करने में मदद करेगा, जैसे उसने अमेरिका और पूर्व सोवियत संघ को अफगानिस्तान से भगा दिया। लेकिन उनका भ्रम उन्हें यह महसूस करने से रोकता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

हालांकि, अभी तक किसी भी सरकार ने कश्मीर में धार्मिक कट्टरता और उन्माद के तत्वों को मान्यता नहीं दी है और न ही इसके स्रोतों पर हमला किया है, दूसरी ओर, आतंकवादी खुलेआम लोगों से कह रहे हैं कि या तो कट्टरपंथी बन जाएं या कश्मीर छोड़ दें। ''यदि आप नहीं करते हैं, तो मारे गए नागरिकों के समान अंजाम झेलने के लिए तैयार हो जाओ'', उनका संदेश प्रतीत होता है। अगर सरकार वास्तव में पाकिस्तान से निकलने वाले तालिबानी आतंकवाद और जिहादी कट्टरवाद को कुचलना चाहती है, तो उसे कश्मीर में धार्मिक संतुलन बनाकर धार्मिक कट्टरवाद और उसके स्रोतों को खत्म करना होगा।

सरकार के लिए आतंकवादियों को कड़े शब्दों में यह बताना अनिवार्य हो गया है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और कश्मीर का प्रत्येक नागरिक भारतीय है। साथ ही, सरकार को गैर-मुसलमानों और कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाने और सभी कश्मीरी नागरिकों को धार्मिक उन्माद को कुचलने के लिए सुरक्षा की गारंटी देकर एक समग्र संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। यदि सरकार राजनीतिक, संवैधानिक और मानवाधिकारों के आधार पर समाधान खोजने की कोशिश करती है, तो घाटी जल्द ही तालिबान घाटी बन सकती है। सरकार को राजनीतिक और संवैधानिक एजेंडे से परे सोचने की जरूरत है।

# घुसपैठियों व शरणार्थियों में अंतर आवश्यक



**राजेंद्र प्रसाद गुप्ता**
(लेखक बिहार विधन परिषद के सदस्य हैं)

बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा भारत की एकता व अखंडता के लिए संवेदनशील बन गया है। 1971 से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये भारत में आ रहे हैं। इन घुसपैठियों के कारण पूर्वोत्तर भारत की जनसंख्या संरचना में चिन्ताजनक परिवर्तन हुआ है जिससे देश की सुरक्षा को दीर्घकालीन खतरा पैदा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से कांग्रेस सरकारों के पास घुसपैठ के मुद्दे पर कोई कार्ययोजना नहीं थी जिसके परिणामस्वरूप इस समस्या ने खतरनाक रूप धारण कर लिया है। पश्चिम बंगाल व खासकर असम में यह समस्या इतनी गंभीर है कि संसद को 1950 में इमीग्रेशन एक्सपल्शन फ्राम असम एक्ट के रूप में एक विधेयक पास करना पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ खास नहीं किया गया। हालांकि, बांग्लादेश की सीमा बिहार से नहीं लगती है, पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर आवागमन सहज होने के कारण घुसपैठिये बिहार में आ जाते हैं। वे पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, उत्तर दीनाजपुर व माल्दा से होकर किशनगंज, पुर्निया, अररिया व कटिहार में प्रवेश करते हैं। 1951-1961 में पुराने पुर्निया जिले की जनसंख्या लगभग 37 प्रतिशत बढ़ी जो बिहार की जनसंख्या वृद्धि की लगभग दूनी थी। 1971-1981 में यह वृद्धि 23.90 प्रतिशत दर्ज की गई।

पूर्व सीबीआई निदेशक जोगिंदर सिंह ने एक रिपोर्ट में कहा था कि देश में पांच करोड़ से अधिक बांग्लादेशियों ने घुसपैठ की है। इसे इस तथ्य से समर्थन मिलता है कि बांग्लादेश की 2001 की जनगणना में जनसंख्या एक करोड़ कम पाई गई। यदि हम भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश की प्रजनन दर पर गौर करें तो यह प्रवृत्ति और स्पष्ट हो जाती है। 1971 व 1981 में भारत की प्रजनन दर 5.5 व 4.7 प्रतिशत थी, जबकि पाकिस्तान में यह 6.6 व 6.5 प्रतिशत तथा बांग्लादेश में 6.9 व 6.2 प्रतिशत थी। 1991 में भारत व पाकिस्तान की प्रजनन दर 4.6 व 6 प्रतिशत थी, जबकि बांग्लादेश की प्रजनन दर 4.4 प्रतिशत थी। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि पहले की तुलना में बांग्लादेश के आंकड़ों में असामान्य कमी आई, जबकि भारत व पाकिस्तान के बीच समान अंतर बना हुआ था। इसके साथ ही 1971 के पहले तीनों देशों के आंकड़ों में यही अंतर दिखता है। यदि हम बांग्लादेश में जनसंख्या घनत्व पर गौर करें तो यह 1980, 1985 व 1990 में क्रमश: 611, 697 व 792 था। अब यदि दोनों में तुलना की जाए




तो स्पष्ट होगा कि यदि प्रजनन दर घटी तो इस कालखंड में जनसंख्या घनत्व इतना कैसे बढ़ गया? कुल मिला कर बांग्लादेश ने अपनी जनसंख्या नियंत्रण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई, हालांकि वह सभी प्रकार के संसाधनों के घोर संकट का सामना कर रहा था। वहां की सरकारों ने लगातार अपनी जनसंख्या छिपाई जिसका एकमात्र कारण भारत में अपने लोगों की घुसपैठ करवाना था।

1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आलोचना के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनको भारत में शरणार्थी के रूप में स्थान दिया। यहां तक कि बांग्लादेश के स्वतंत्र हो जाने के बावजूद इन लोगों ने भारत में बने रहने का लाभ उठाया, पर कांग्रेस सरकारों ने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, इंदिरा गांधी ने भारतीयों से राजस्व व डाक टिकटों द्वारा एकत्र धन पर 5 व 10 पैसा शरणार्थी टैक्स लगा दिया। संकुचित राजनीतिक हितों के कारण कांग्रेस, वामपंथी व वर्तमान समय में तृणमूल कांग्रेस एक ही रास्ते पर चले जिसके कारण पूर्वोत्तर भारत तथा पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई। अब मोदी सरकार इनके घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रहित में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी बनाने की बात कह रही है। लेकिन ये पार्टियां तथाकथित सेक्युलरवाद के नाम पर इन अवैध घुसपैठियों की मदद में आगे आ गई हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों ने न केवल आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों पर प्रभाव डाला है, बल्कि वे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। यही उनका मुख्य एजेंडा है।

ममता बनर्जी ने 4 अगस्त, 2005 को लोकसभा में कहा था कि बंगाल में घुसपैठ एक विभीषिका बन गई है। उन्होंने इस पर लोकसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव भी पेश किया था। उन्होंने इस मुद्दे पर इस्तीफा देने की धमकी तक दे डाली थी। लेकिन आज जब ममता बनर्जी बंगाल की सत्ता में हैं, वे राजनीतिक लाभ के लिए एनआरसी का विरोध कर रही हैं। जिस प्रकार 2019 के लोकसभा चुनाव में बांग्लादेशी अभिनेता फिरदौस अहमद को तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रचार करते देखा गया उससे ममता बनर्जी का इरादा साफ हो जाता है। आज भी विपक्षी पार्टियां अतीत का दृष्टिकोण दुहरा रही हैं। आज भी इन लोगों की हमदर्दी बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ है और वे जनता में उनको शरणार्थी बता कर भ्रम पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत के संदर्भ में घुसपैठियों व शरणार्थियों के बीच अंतर समझना और जानना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है।

2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनने तथा भाजपा को पूर्वोत्तर की सत्ता में आने का अवसर मिलने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले सात साल में व्यापक परिवर्तन आया है जिसका कारण केन्द्र सरकार द्वारा लिए क्रान्तिकारी फैसले हैं। अब यहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं तथा घुसपैठ रोकने के लिए अनेक तकनीकी व्यवस्थायें की गई हैं। हम सबको इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि भारत को विभाजित करने वाली शक्तियों को रोका जा सके। यह हम सबका नैतिक दायित्व है कि भारत की संस्कृति, सभ्यता और भाषा की रक्षा की जाए। मेरा विश्वास है कि हमरे लिए राष्ट्रीयता से अधिक महत्व किसी अन्य चीज का नहीं होना चाहिए। हमारे लिए देश की एकता और अखंडता का स्थान सर्वोच्च होना चाहिए। भारत में रहने का पहला और अंतिम अधिकार उसके नागरिकों का है। इसलिए हम सबकी साझा चिन्ता यही होनी चाहिए कि एक राष्ट्र के रूप में हम और ज्यादा मजबूत तथा समृद्ध बनें।

## आप की बात

### भारत की हार पर पटाखे

**हाल** ही में टी 20 क्रिकेट विश्वकप श्रृंखला में भारत पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले मे भारत को पराजय का सामना करना पड़ा। इस जीत का जश्न पुरे पाकिस्तान में मनाया गया। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ दूषित मानसिक प्रवृत्ति वाले लोगों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में भारत की हार पर पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया। इस कुकृत्य ने यह साबित कर दिया है कि हिंदुस्तान में पाक परस्त लोगों का अस्तित्व बिद्यमान है। जो संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता को उद्दंडता समझने की भूल कर रहे हैं। देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले ऐसे लोग खेल प्रेमी तो हो सकते हैं लेकिन एक भारतीय कतई नहीं हो सकते हैं। बात यहीं तक नहीं रुकी पाक की इस जीत पर भारत सहित पाकिस्तान में शर्मनाक बयानबाजी भी हुई। पाकिस्तान के मंत्री शेख रशीद ने इस जीत को एक धर्म विशेष की जीत बताया तो वही के एक क्रिकेट कमेंटेटर ने भारत की हार को कुफ्र की हार की संज्ञा दे दी। महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट करते हुए लिखा पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने के लिए कश्मीरियों पर इतना गुस्सा क्यों, तो वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सोशल मिडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने भी ट्वीट करते हुए भाजपा और उसके समर्थकों को निशाना बनाकर हलचल पैदा कर दी।

– **शिवेंद्र यादव**, कुशीनगर

### कमरतोड़ महंगाई

**पिछले** दो-तीन साल से महंगाई ने आम आदमी के खाने पीने का खाना खराब कर रखा है इस महंगाई से सर्वाधिक प्रभावित व्यक्ति अगर कोई है तो वह हर रोज कमाने वाला आम मध्यम वर्गीय आदमी है जिसे रोजाना मजदूरी करने पर ही पैसा मिल पाता है यानी सुबह से लेकर शाम तक काम के बाद जो रकम उसके हाथ में आती है वह उसकी रोज की कमाई होकर दाल रोटी का इंतजाम उसी पैसे से होता है अगर किसी दिन उसे काम ना मिले तो फिर उसे फाके की नौबत भी आ जाती है। दाल हो या चावल या फिर हो आटा सब के दाम आज आसमान से चढ़कर नीचे झांक रहे हैं और कह रहे हैं कि हम तुम्हारे बस में नहीं है। इनमें सब्जी का दाम अगर जोड़े तो उसका भी हाल बेहाल है इनसे आज हर रोज खाना कैसे बनता होगा यह पूछने की कोई जरूरत नहीं है आज दाल हो या सब्जी का बघार उसे लगाने वाला ही जानता है कि किस तरह से उसकी रसोई चल रही है। तेल हो या घी किसी का भी दाम उसके बस में नहीं है। हर तेल 150 रुपए से कम नहीं है अमीरों को इस महंगाई का कोई फर्क नहीं पड़ता है। मगर एक गरीब से पूछिए कि उसका क्या हाल है भाजपा सरकार का यह दूसरा कार्यकाल सीधे-सीधे पूंजी पतियों की मदद करता नजर आता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### देश के गद्दार

**देश** के गद्दार सिर्फ कश्मीर में नहीं, यूपी से लेकर राजस्थान तक फूटे पाकिस्तान की जीत पर पटाख। यह पटाखे पाकिस्तान की जीत पर नहीं वरन भारत की हार पर फूटे हैं। सरकार को ऐसे लोगों को चिन्हित करत करके इनकी गतिविधियों पर निरंतर गुप्त रूप से नजर रखना होगी! क्योंकि यह जयचंद ही वह लोग हैं जो भारत के खिलाफ आतंक फैलाने वाले को सहयोग और पनाह देते हैं! खाते हिंदुस्तान का हैं और बजाते पाकिस्तान का है! खुदा न खास्ता यदि भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो यह लोग देश के भीतर ही इन पटाखों की जगह बम फोड़ने में परहेज नहीं करेंगे! देश की सुरक्षा और अस्मिता के सामने तथाकथित सेक्युलरिज्म को भाड़ में झोंक कर विशुद्ध राष्ट्रीयता पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। बॉर्डर पर तो हम बहुत ही मजबूत हैं! मगर देश में छुपे हुए गद्दारों के कारण हम मात् खा रहे हैं इन्हें तथाकथित राजनीतिक दलों का भी पूरी तरह समर्थन व सहयोग प्राप्त है! अत: देश में ऐसी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून सख्ती से लागू किया जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा दुस्साहस ना करें।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**चुनावों** को ध्यान में रखते हुए, कृषि कानूनों को वापस लिया जा सकता है और बाद में एक नए रूप में लागू किया जा सकता है।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख



**ऑस्ट्रेलिया** के पास अब 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य है, और इसे प्राप्त करने के लिए हमारे पास एक स्पष्ट योजना है।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**पीएम** को चाहिए महामारी के दौरान भ्रष्टाचार में शामिल होने के लिए गोवा के मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रि परिषद को बर्खास्त करें।

– **सत्यपाल मलिक**
मेघालय के राज्यपाल

# जीवन की वास्तविकता है हिन्द प्रशांत: जयशंकर

**भाषा**। नई दिल्ली



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कहा कि जैसे-जैसे वैश्वीकरण का विस्तार होगा और यह अधिक विविधतापूर्ण होगा इससे एक-दूसरे पर निर्भरता और इससे जुड़े व्यापक प्रभाव को बढ़ावा मिलेगा जो कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र अभिव्यक्त करता है।

हिन्द प्रशांत क्षेत्रीय वार्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि ऐसे में हिन्द प्रशांत को नकारना वैश्वीकरण को नजरंदाज करने के समान है। विदेश मंत्री ने कहा कि हिन्द प्रशांत जीवन की वास्तविकता है और इसलिए एकरूपता का प्रश्न वास्तविकता से अधिक अनुभूति है। उन्होंने कहा कि यहां तक जिनकी जाहिर तौर पर आपत्तियां हैं, वे भी ऐसे व्यवहार एवं काम करते हैं जो हिन्द प्रशांत को सत्यापित करते हैं। और जैसा कि आप सभी जानते हैं कि यह सत्यापन इसकी निर्बाधता और अंतर प्रवेश से जुड़ा है। जयशंकर ने कहा कि सच्चाई यह है कि सभी अवगत हैं कि यह रंगशालाओं का सम्मिश्रण है जो पूर्व में अस्वभाविक तौर पर अलग था। उन्होंने कहा कि राजनीति ने कदाचित इसे स्वीकार करने में कुछ अनिच्छा की स्थिति पैदा की। उन्होंने हिन्द प्रशांत को लेकर अलग अलग विचारों का भी उल्लेख किया। विदेश मंत्री ने कहा, इसका जवाब शायद सोच में है और संभवत: उनकी असुरक्षा है। जयशंकर ने कहा कि अगर कोई शीत युद्ध के विचार में उतर कर देखे और उसका लाभ लें तब यह आसानी से स्वीकार नहीं किया जा सकता है कि दूसरे दुनिया को काफी अलग तरीके से देखेंगे। उन्होंने कहा कि खासतौर पर अगर उद्देश्य साझी अच्छाई को हासिल करने की व्यापक, अधिक सहयोगी तथा अधिक लोकतांत्रिक पहल का हो।

विदेश मंत्री ने समन्वित उत्पादन से दुनिया को खतरे से मुक्त करने और नाजुक आपूर्ति श्रृंखला के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि तब हिन्द प्रशांत से क्या उम्मीदें होंगी ?

## कोविड मानकों के अनुरूप व्यवहार पर अमल के लिए नोडल अधिकारी होंगे

**बेंगलुरु**। कर्नाटक में सार्वजनिक कार्यालयों में कोविड-19 मानकों के अनुरूप व्यवहार पर अमल सुनिश्चित कराने के लिए नोडल अधिकारी होंगे। राज्य सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि कोविड-19 के दैनिक मामलों में गिरावट का रुझान देखा गया है और इसे बनाए रखने की आवश्यकता है। आदेश में आगे कहा गया है कि सार्वजनिक कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों द्वारा कोविड की दृष्टि से उपयुक्त व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करना आवश्यक है। आदेश में कहा गया है कि यह निर्देश दिया जाता है कि प्रत्येक सार्वजनिक कार्यालय को अपने यहां एक नोडल अधिकारी को नामित करना होगा, जो कार्यालय के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और आगंतुकों द्वारा कोरोना के नजरिए से उपयुक्त व्यवहार का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।

# कांग्रेस शासनकाल में पूर्वोत्तर के साथ हुआ सौतेला व्यवहार: सोनोवाल

**भाषा**। तमुलपुरागोसाईगांव (असम)



**केंद्रीय** मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने बुधवार को कहा कि स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस के शासनकाल के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात वर्ष में वह कर दिखाया जो कांग्रेस 70 साल में नहीं कर पाई।

सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के प्रयासों के चलते असम और पूर्वोत्तर के क्षेत्र आज प्रगति के उस पथ पर अग्रसर हैं जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। असम में आगामी उपचुनाव से पहले आज तमुलपुर, गोसाईगांव और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्रों में सिलसिलेवार जनसभाओं को संबोधित करते हुए पोत परिवहन, पत्तन एवं जलमार्ग मंत्री ने कहा केंद्र और राज्य की भाजपा नीत सरकारों ने असम का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात वर्षों में वह कर दिखाया जो कांग्रेस 70 साल में नहीं कर पाई। कांग्रेस ने पूर्वोत्तर के साथ सौतेला व्यवहार किया और केवल संसाधनों को लूटने का काम किया। असम के पूर्व मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट देने का आग्रह किया ताकि राज्य और राष्ट्र का तेज गति से विकास हो सके।

भाजपा की ओर से भवानीपुर में फणीदार तालुकदार को उम्मीदवार बनाया गया है और उसकी सहयोगी पार्टी यूनाइटेड पीपुल्स पार्टी लिबरल (यूपीपीएल) ने जिरोन बासुमतारी को गोसाईगांव से और जोलेन दैमारी को तमुलपुर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है।

सोनोवाल ने कहा, सात साल में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विश्व के सबसे शक्तिशाली राष्ट्रों में से एक बना दिया है और प्रधानमंत्री को दुनिया में सबसे प्रभावशाली नेता बना दिया है। मंत्री ने कहा, भाजपा नीत असम सरकार ने बराक और ब्रह्मपुत्र घाटी में समान रूप से विकास किया है। बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) में सभी समुदायों के लिए शांति और सुरक्षा अब वास्तविकता है।

## अधिकरणों को उचित मुआवजा प्रदान करना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि अदालतों और अधिकरणों को किसी घायल व्यक्ति को उचित मुआवजा प्रदान कर उसके स्वाभिमान की रक्षा करने में मदद करने की वास्तविक कोशिश करनी चाहिए। न्यायालय ने 191 दिनों तक अस्पताल में भर्ती रहे व्यक्ति को मुआवजे की राशि बढ़ाते हुए यह कहा। उल्लेखनीय है कि 13 अप्रैल 2001 को मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को एक कार ने टक्कर मार दी थी जिसमें वह घायल हो गया था। वह स्थाई रूप से 69 प्रतिशत दिव्यांग हो गया।

न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति रिषीकेश रॉय की पीठ ने कहा कि मोटर वाहन अधिनियम सामाजिक कल्याण विधान प्रकृति की है और इसके प्रावधान यह स्पष्ट करते हैं कि मुआवजा उचित रूप से निर्धारित किया जाए।



श्रीनगर में 1947 में पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में निर्णायक भूमिका अदा करने वाले डकोटा लड़ाकू विमान के सामने खड़े होकर सेल्फी लेते एनसीसी कैडेट

# मप्र में 30 को होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार थमा

● भाजपा-कांग्रेस में मुख्य मुकाबला होने की उम्मीद

**भाषा**। भोपाल

**मध्य** प्रदेश में लोकसभा की एक एवं विधानसभा की तीन सीट पर 30 अक्टूबर को होने जा रहे उपचुनाव के लिए बुधवार शाम छह बजे चुनाव प्रचार थम गया। इन चारों सीटों पर कुल 55 प्रत्याशी मैदान में हैं और मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस के बीच है। इन चार सीटों में से खंडवा लोकसभा सीट सहित दो सीटों पर भाजपा का कब्जा था, जबकि बाकी दो सीट कांग्रेस के पास थीं।

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि खंडवा लोकसभा सीट और तीन विधानसभा सीट- अलीराजपुर जिले की जोबट (एसटी), सतना जिले की रैगांव (एससी) और निवाड़ी जिले की पृथ्वीपुर सीट के लिए 30 अक्टूबर को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। उन्होंने कहा कि इन चारों सीटों पर कुल 26,50,004 मतदाता हैं, जो 3,944 मतदान केन्द्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें से 865 मतदान केन्द्र संवेदनशील हैं।

अधिकारियों ने कहा कि 874 केन्द्रों पर वेबकॉस्टिंग और 361 मतदान केन्द्रों पर सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। उन्होंने कहा कि खंडवा और रैगांव में 15 से अधिक उम्मीदवार होने के कारण वहां पर प्रत्एक मतदान केन्द्र पर दो-दो बैलट यूनिट का उपयोग हो रहा है। दो नवंबर को मतों की गिनती होगी।

चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रदेश की सत्तारूढ़ भाजपा एवं मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के आला नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी के लिए वोट मांगने के लिए आज और अधिक तूफानी चुनाव प्रचार किया।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल एवं ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती एवं मध्य प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे।

## ऑकुजेन ने कोवैक्सीन के परीक्षण के लिए एफडीए में आवेदन दिया

**हैदराबाद**। कोविड-19 टीके कोवैक्सीन के लिए भारत बायोटेक के अमेरिकी साझेदार ऑकुजेन ने बुधवार को कहा कि उसने क्लिनिकल ट्रायल करने के लिए अमेरिका के फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) को इंवेस्टिगेशनल न्यू ड्रग एप्लीकेशन (आईएनडी) दिया है।

गौरतलब है कि यह बयान आने के एक दिन पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोवैक्सीन को कोविड-19 टीके की आपात उपयोग सूची में डालने के लिए भारत बायोटेक से और जानकारी मांगी है।

अमेरिकी फर्म द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, आईएनडी में प्रस्तावित तीसरे चरण का परीक्षण यह स्थापित करने के लिए है कि भारत में किए गए तीसरे चरण के परीक्षण के दौरान टीका लगवाने वालों में विकसित हुई रोग प्रतिरोधक क्षमता भौगोलिक स्थित बदलने पर (यानि अमेरिका के वयस्कों में) समान रहती है या नहीं। अमेरिका के औषधि नियामक ने जून में ऑकुजेन को सलाह दी थी कि वह आपात उपयोग मंजूरी का रास्ता अपनाने के स्थान पर अतिरिक्त आंकड़ोंजानकारी के साथ बायोलॉजिक्स लाइसेंस एप्लीकेशन (बीएलए) का रास्ता अपनाए।

## प. बंगाल में दो घंटे हरित पटाखे जलाने की अनुमति

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल में दिवाली और काली पूजा पर केवल हरित पटाखों की अनुमति होगी। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 26 अक्टूबर को जारी एक अधिसूचना में कहा कि दिवाली और काली पूजा की संध्या पर रात आठ बजे से 10 बजे तक हरित पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। अधिसूचना में कहा गया कि छठ पूजा पर शाम छह बजे से सुबह आठ बजे तक हरित पटाखे जलाने की अनुमति होगी। इसके अलावा क्रिसमस और नववर्ष की पूर्व संध्या पर 35 मिनट पटाखे जलाने की इजाजत दी जाएगी। अधिसूचना में कहा गया कि कोलकाता और आसपास के जिलों में अक्टूबर के तीसरे सप्ताह तक वायु गुणवत्ता मध्यमासंतोषजनक स्तर पर थी। बोर्ड के अध्यक्ष कल्याण रुद्र ने बुधवार को कहा, अधिकारियों को आदेश का पालन कराने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा गया है। हमारी टीमें पुलिस के सहयोग से स्थिति पर निगरानी रखेंगी।

## कर्नाटक में मंदिरों में गौ-पूजा करने का निर्देश

**बेंगलुरु**। कर्नाटक हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग ने अपने नियंत्रण वाले मंदिरों को दीपावली के अगले दिन 5 नवंबर को गौवर्धन पूजा पर गौ-पूजा करने का निर्देश दिया है। यह जानकारी एक मंत्री ने दी। कर्नाटक के बड़े एवं मध्यम उद्योग मंत्री मुरुगेश निरानी ने बुधवार को ट्वीट किया, मैं प्रदेश भाजपा सरकार के उस आदेश का तहे दिल से स्वागत करता हूं, जिसमें मुजराई विभाग को दीपावली समारोह के तहत बालीपद्यमी दिवस पर सभी मुजराई मंदिरों में गौ-पूजा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि गाय एक पवित्र पशु है और हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। दीपावली के अगले दिन देश के अधिकांश हिस्सों में गौवर्धन पूजा की जाती है जिसमें पशुओं को नहलाया जाता है, सजाया जाता है और गायों की पूजा की जाती है।

## रिश्वत के आरोपी पुलिसकर्मी की तैनाती पर उठे सवाल

**देहरादून**। रिश्वतखोरी के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तार किए गए उत्तराखंड पुलिस के एक उपनिरीक्षक को राज्य पुलिस द्वारा मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ में तैनाती दिए जाने पर सवाल उठ रहे हैं। सीबीआई द्वारा इस वर्ष मार्च में रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किए गए हेमंत खंडूरी को देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जन्मेजय खंडूरी ने मानव तस्करी रोधी प्रकोष्ठ में तैनात किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संबंधित पुलिसकर्मी का निलंबन उनके पूर्ववर्ती द्वारा निरस्त किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि उसे पहले ही बहाल किया जा चुका है और पूरा वेतन लेने के बावजूद वह खाली बैठा था। मैंने सोचा कि जब वह पूरा वेतन ले रहा है तो उससे काम क्यों न लिया जाए। रिश्वतखोरी के मामले में उपनिरीक्षक को जमानत मिल गई थी, लेकिन उसे निलंबित कर दिया गया था और पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हालांकि कहा कि उपनिरीक्षक के खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के लंबित मामले को देखते हुए उसे फील्ड डयूटी नहीं दी गई है।

## चार अतिरिक्त सत्र अदालतों के गठन को मंजूरी दी

**श्रीनगर**। जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश के चार जिलों में चार अतिरिक्त सत्र अदालतें बनाने को मंजूरी दे दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में यहां हुई प्रशासनिक परिषद (एसी) ने सांबा, बांदीपोरा, गांदरबल और पुंछ जिला मुख्यालयों में एक-एक अतिरिक्त जिला और सत्र अदालत के गठन को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि बैठक में उपराज्यपाल के सलाहकार फारूक खान और राजीव राय भटनागर, जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता और उपराज्यपाल के प्रधान सचिव नीतीश्वर कुमार ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक परिषद ने चार चयनित जिलों में नए अदालत परिसरों में विभिन्न श्रेणियों के 40 नए पदों के सृजन को भी मंजूरी दी, जिस पर प्रति वित्तीय वर्ष में 2.58 करोड़ रुपए (वेतन) और 21.657 लाख रुपए (एनपीएस) का खर्च आएगा। प्रवक्ता ने कहा कि जम्मू-कश्मीर की आबादी में क्रमिक वृद्धि से न्यायिक कार्य काफी हद तक बढ़ गया है, जिसके कारण नए अदालत परिसर खोलना आवश्यक हो गया है।

## बंगाल के सात संस्थानों को चुना गया

**कोलकाता**। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के सात उच्च शिक्षण संस्थानों को केंद्र के नॉलेज एक्सचेंज ऐंड रिसोर्स मोबिलाइजेशन प्रोग्राम -2021-22 के लिए बतौर परामर्शदाता संस्थान चुना है। केंद्र सरकार ने पूरे देश में मेंटर-मेंटी कार्यक्रम 2021-22 कार्यक्रम के तहत 50 इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) संस्थानों का चुनाव नवोन्मेष और उद्यमशीलता के लिए परामर्शदाता के तौर किया है। एक निजी संस्थान के अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बंगाल के जिन संस्थानों का चुनाव किया गया है उनमें इंजीनियरिंग और प्रबंधन विश्वविद्यालय, नेताजी सुभाष इंजीनियरिंग कॉलेज, गुरु नानक प्रौद्योगिकी संस्थान, नरुला प्रौद्योगिकी संस्थान, जेआईएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, टेक्नो इंडिया यूनिवर्सिटी और ब्रेनवेयर यूनिवर्सिटी शामिल है। शिक्षा मंत्रालय से आए पत्र का हवाला देते हुए अधिकारी ने बताया कि पूर्वी क्षेत्र के कुल 11 संस्थानों को यह दर्जा दिया गया है।

## केंद्रपाड़ा में पहली बार जंगली हाथी नजर आया

**केंद्रपाड़ा**। ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में बुधवार को पहली बार एक जंगली हाथी के आ जाने से लोग चकित होने के साथ ही रोमांचित भी थे। वन रेंज अधिकारी अभिराम जेना ने बताया कि डेराबीश प्रखंड के लक्ष्मीनारायणपुर गांव में बुधवार तड़के एक हथिनी भटककर आ गई। तटीय जिले में पर्णपाती या उष्णकटिबंधीय वन नहीं है। वहां विपुल मैंग्रोव या समुद्री वनस्पतियां हैं। जेना ने कहा कि हम जानवर को उसके मूल पर्यावास निकटवर्ती जाजपुर जिले के बैरी जंगल की ओर भगाने की कोशिश कर रहे हैं। हमने जाजपुर से हाथी के सेवादल के एक दस्ते को तैनात किया है ताकि जानवर जान-माल को नुकसान पहुंचाए बगैर लौट जाए। उन्होंने कहा कि हम परेशान हैं कि जिन खेतों के पास इस जानवर को देखा गया वे मानवबस्ती के पास हैं। हालांकि डेराबीश प्रखंड के चाता के निवासी श्याम सुंदर राउत ने कहा कि यहां के लोगों ने राज्य के अन्य हिस्सो में मानव एवं हाथी के बीच संघर्ष की कहानियां सुनी हैं।

# भारतीय सेना ने 75वां पैदल सेना दिवस मनाया

**भाषा**। नई दिल्ली/जम्मू

**भारतीय** सेना ने बुधवार को अपना 75वां पैदल सेना दिवस मनाया और इस मौके पर प्रमुख रक्षा अध्यक्ष बिपिन रावत, थल सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे और इन्फैंट्री रेजिमेंट ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण किया। रक्षा मंत्रालय ने अपने श्रद्धांजलि संदेश में कहा, इस दिन का राष्ट्र के लिए एक अनूठा महत्व है, क्योंकि 1947 में इसी दिन भारतीय सेना के पैदल सैनिक सिख रेजिमेंट की पहली बटालियन के नेतृत्व में, श्रीनगर हवाई क्षेत्र में उतरे और जम्मू-कश्मीर राज्य को एक क्रूर तथा विश्वासघाती पाकिस्तानी आक्रमण से बचाया। मंत्रालय ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से पैदल सेना ने दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया है। संदेश में कहा गया है कि 1971 के भारत-पाक युद्ध के पूर्व सैनिकों ने भी राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर माल्यार्पण किया। वहीं जम्मू संभाग में उधमपुर स्थित सेना की उत्तरी कमान के मुख्यालय समेत विभिन्न स्थानों पर बुधवार को पैदल सेना दिवस मनाया गया। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

सेना ने उधमपुर में ध्रुव युद्ध स्मारक पर एक पारंपरिक पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया, जिसमें सेना के कमांडर, उत्तरी कमान, लेफ्टिनेंट जनरल योगेश कुमार जोशी की ओर से चीफ ऑफ स्टाफ (मुख्यालय) उत्तरी कमान लेफ्टिनेंट जनरल एस हरिमोहन अय्यर ने भाग लिया।

लेफ्टिनेंट जनरल अय्यर ने कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हुए कर्तव्य के प्रति समर्पण और अदम्य भावना के लिए पैदल सेना के सभी अधिकारियों और जवानों की सराहना की।

## हत्या के मामले में अबू सलेम की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने प्रत्यर्पित कर लाए गए माफिया सरगना अबू सलेम को जमानत देने से इनकार कर दिया। उसने वर्ष 1995 में मुंबई के बिल्डर प्रदीप जैन की हत्या मामले में जमानत देने का अनुरोध किया था। इस मामले में टाडा अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि यह याचिका आवेदका अपीलकर्ता की ओर से दाखिल की गई है, जिसमें अपील लंबित होने के दौरान जमानत देने का अनुरोध किया गया है।

हालांकि अदालत ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर गौर करने के बाद राजिस्ट्री को निर्देश दिया कि 25 फरवरी 2015 के विशेष टाडा अदालत के फैसले के खिलाफ दाखिल अपील पर सुनवाई नवंबर 2021 के तीसरे हफ्ते में सूचीबद्ध करे।



बीकानेर में राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस की परीक्षा देने पहुंची एक अभ्यर्थी की कुर्ती को कैंची से काटकर हाफ आस्तीन करती एक महिला सुरक्षाकर्मी

# भारत ने चीन के नए भूमि सीमा कानून की आलोचना की

**भाषा**। नई दिल्ली

● यह कानून चिंता का विषय है क्योंकि इसका सीमा प्रबंधन पर वर्तमान द्विपक्षीय समझौतों तथा सीमा से जुड़े सम्पूर्ण प्रश्नों पर प्रभाव पड़ सकता है: अरिंदम बागची



**भारत** ने चीन पर एकतरफा ढंग से नया भूमि सीमा कानून लाने के लिए निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि वह उम्मीद करता है कि चीन कानून के परिप्रेक्ष में ऐसा कोई कदम उठाने से बचेगा जिससे भारत चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव आ सकता हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि चीन का कानून लाने का निर्णय चिंता का विषय है क्योंकि इस विधान का सीमा प्रबंधन पर वर्तमान द्विपक्षीय समझौतों तथा सीमा से जुड़े सम्पूर्ण प्रश्नों पर प्रभाव पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत उम्मीद करता है कि चीन कानून के परिप्रेक्ष में ऐसा कोई कदम उठाने से बचेगा जिससे भारत चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव आ सकता हो। बागची ने कहा, चीन का एकतरफा ढंग से कानून लाने के निर्णय का सीमा प्रबंधन पर हमारी वर्तमान द्विपक्षीय व्यवस्थाओं तथा सीमा से जुड़े सवालों पर प्रभाव पड़ेगा जो हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे एकतरफा कदम का दोनों पक्षों के बीच पूर्व में हुई व्यवस्थाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए चाहे सीमा का सवाल हो या वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अमन एवं शांति बनाए रखने का विषय हो। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह चीन की संसद ने सीमावर्ती इलाकों के संरक्षण और उपयोग संबंधी एक नए कानून को अंगीकार किया है जिसका असर भारत के साथ बीजिंग के सीमा विवाद पर पड़ सकता है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति के सदस्यों ने शनिवार को संसद की समापन बैठक के दौरान इस कानून को मंजूरी दी। इस बारे में मीडिया के सवालों पर बागची ने कहा, हमें यह जानकारी है कि चीन ने 23 अक्टूबर को नया भूमि सीमा कानून पारित किया है। इस कानून में अन्य बातों के अलावा यह कहा गया है कि भूमि सीमा मामलों पर चीन दूसरे देशों के साथ किए या संयुक्त रूप से स्वीकार किए समझौतों का पालन करेगा।

# फरार रहने के दौरान शिर्डी, मथुरा में भी छिपा था कांग्रेस विधायक का बेटा: पुलिस

**महिला नेता से दुष्कर्म**

**भाषा**। इंदौर

**पुलिस** ने कहा कि मध्य प्रदेश में एक महिला नेता से कथित दुष्कर्म के मामले में साढ़े छह महीने तक फरार रहने के दौरान उज्जैन जिले के कांग्रेस विधायक मुरली मोरवाल के बेटे करण मोरवाल ने शिर्डी और मथुरा सरीखे धार्मिक स्थानों को भी पुलिस से छिपने के लिए चुना था।

मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को कहा कि महिला नेता से दुष्कर्म के मामले की जांच और करण से पूछताछ के बाद पता चला है कि 30 वर्षीय आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बड़ौदा के साथ ही शिर्डी और मथुरा में भी छिपा था। अधिकारी ने बताया कि दुष्कर्म मामले में साढ़े छह महीने फरार रहने के बाद मंगलवार (26 अक्टूबर) को गिरफ्तार किए गए विधायक पुत्र के उस मोबाइल की तलाश की जा रही है जिससे उसने पीड़िता के साथ चैट की थी। उन्होंने कहा कि करण ने पहले दावा किया कि उसने यह मोबाइल तोड़कर फेंक दिया।

फिर उसने कहा कि उसने यह मोबाइल एक स्थान पर छिपा दिया था। लेकिन जब पुलिस दल इस स्थान पर पहुंचा, तो वहां यह मोबाइल नहीं मिला। जाहिर है कि वह पुलिस को बरगलाने की कोशिश कर रहा है।


इस बीच पुलिस हिरासत की एक दिन की अवधि खत्म होने पर करण को बुधवार को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

अदालत ने उसे आठ नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जेल ले जाने वाली गाड़ी में सवार होने से पहले, अदालत परिसर के बाहर पुलिसकर्मियों के साथ पैदल चलते करण ने मीडिया के कैमरों के सामने आरोप लगाया कि महिला नेता ने उसके खिलाफ दुष्कर्म की झूठी प्राथमिकी दर्ज कराई है और वह कुछ अन्य लोगों के खिलाफ भी ऐसे ही मामले दर्ज करा चुकी है। विधायक पुत्र ने यह आरोप भी लगाया कि इस महिला ने उससे तीन करोड़ रुपए की मांग की है।

करण के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराने वाली महिला नेता ने मंगलवार को मीडिया से कहा था, मैं चाहती हूं कि मामले की निष्पक्ष जांच हो क्योंकि कहा जा रहा है कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से खुद को पुलिस के हवाले किया है। अधिकारियों ने बताया कि करण को इंदौर से करीब 80 किलोमीटर दूर मक्सी के पास से मंगलवार को उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वह कार से कहीं जा रहा था।

# भारत अपने जल क्षेत्र के वैध अधिकारों की सुरक्षा को प्रतिबद्ध : राजनाथ सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, समुद्री डकैती और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर खतरों के बढ़ने के कारण ऐसे समय हिन्द प्रशांत क्षेत्र में नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं जब संसाधनों को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। हिन्द प्रशांत क्षेत्र पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों की प्रकृति के विभिन्न देशों पर व्यापक प्रभाव हैं जिसके लिए सहयोगात्मक प्रतिक्रिया की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत नियम आधारति नौवहन व्यवस्था को बनाए रखते हुए अपने जल क्षेत्र और विशिष्ठ आर्थिक क्षेत्र में वैध अधिकारों एवं हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, संसाधनों को लेकर प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। आतंकवाद, मादक पदार्थों की तस्करी, समुद्री डकैती और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर खतरों के बढ़ने के कारण ऐसे समय हिन्द प्रशांत क्षेत्र में नई चुनौतियां उत्पन्न हो गई हैं।

सिंह ने कहा कि ऐसे में नौवहन से जुड़े मुद्दों पर हितों को लेकर एकरूपता और उद्देश्यों की समानता तलाश करने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समृद्धि के स्थिर मार्ग को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि इस क्षेत्र की नौवहन क्षमता को प्रभावी, सहयोगी और सहकारी रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा, भारत सभी देशों के वैध अधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसका उल्लेख समुद्री कानून पर संयुक्त राष्ट्र संधि 1982 में किया गया है। राजनाथ सिंह की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब हिन्द प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते विस्तारवादी रूख को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ रही है और इसके कारण कई देशों को इन चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी रणनीति बनाने को मजबूर होना पड़ा है।

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में इस बात की भी चर्चा की किस प्रकार से समुद्र ने मानव इतिहास में उसकी उत्पत्ति से लेकर संस्कृति सहित विभिन्न आयामों को आकार प्रदान करने का काम किया। उन्होंने कहा कि भारत की दृष्टि से देखें तब पश्चिम में पुरातात्विक खोजों ने मेसोपोटामिया (आज का इराक), दिलमुन (आज का बहरीन), मगान (आज का ओमान) जैसी सम्यताओं का प्राचीन नौवहन सम्पर्क रहा। उन्होंने कहा कि नौवहन सम्पर्कों के तहत माल, संस्कृति और सौहार्द्र केआदान प्रदान से अतीत में साझी समृद्धि का आधार बना और यह आज तक बना हुआ है।

## टीकाकरण की कहानी के जुमला संस्करण से लोगों का जीवन नहीं बचेगा : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि कोविड-19 रोधी टीकाकरण की कहानी के जुमला संस्करण से लोगों की जिंदगी नहीं बचाई जा सकती। उन्होंने एक चार्ट साझा कर यह दावा भी किया कि भारत में ऐसे लोगों की संख्या दूसरे देशों के मुकाबले बहुत ज्यादा है जिन्हें अब तक टीके की एक भी खुराक नहीं मिली है। राहुल गांधी ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा एक अंग्रेजी दैनिक में लिखे गए लेख को भी ट्विटर पर साझा किया। इस लेख में सोनिया गांधी ने टीकों की 100 करोड़ से अधिक खुराक दिए जाने को लेकर वैज्ञानिकों और स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना की है। लेख में हालांकि उन्होंने यह उल्लेख भी किया है कि बड़ी संख्या में वयस्कों और बच्चों को अब तक टीका नहीं लग पाया है। राहुल गांधी ने कहा, टीकाकरण की कहानी के जुमला संस्करण से जिंदगियां नहीं बचाई जा सकतीं।



पटना में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सी.एम. तार किशोर छठ पर्व की तैयारी के लिए गंगा घाट पर तैयारियों का जायजा लेते हुए।

## पीएम नरेंद्र मोदी के केदारनाथ दौरे को लेकर तैयारियां तेज

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच नवंबर को प्रस्तावित केदारनाथ दौरे के मद्देनजर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। चारधाम देवस्थानम बोर्ड के मीडिया प्रभारी डा हरीश गौड़ ने बताया कि प्रधानमंत्री के केदारनाथ धाम के दर्शन और पूजा-अर्चना के कार्यक्रम के लिए बोर्ड भी अपने स्तर से तैयारियों में जुट गया है। केदारनाथ मुख्य मार्गों सहित हैलीपेड से बर्फ हटा दिया गया है जबकि मंदिर सौंदईकरण, साज सज्जा, दर्शन व्यवस्था आदि का कार्य हो रहा है।

गढवाल के आयुक्त और बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविनाथ रमन ने जिला प्रशासन एवं बोर्ड को समय रहते तैयारियां पूरी करने को कहा है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडी सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। उपजिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने बताया कि केदारनाथ में मोदी के कार्यक्रम को लेकर सरकारी तंत्र सक्रिय हो गया है और जिलाधिकारी मनुज गोयल सभी विभागों और सैक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ कई दौर की बैठकें कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री के दौरे से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी केदारनाथ में तैयारियों का जायजा लेने के लिए तीन नवंबर को वहां का दौरा कर सकते हैं। इस बीच, चुनाव से महज कुछ माह पहले हो रहे प्रधानमंत्री के केदारनाथ दौरे को लेकर प्रदेश भाजपा ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री के दौरे को भव्य बनाने के लिए पार्टी भी तैयारियां कर रही है। पार्टी कार्यकर्ता तीन नवंबर से केदारनाथ में पहुंचने शुरू हो जाएंगे। मोदी का यह दौरा शीतकाल के लिए मंदिर के कपाट बंद होने से एक दिन पहले हो रहा है। केदारनाथ के कपाट हर साल दीवाली के दो दिन बाद भैया दूज के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाते हैं जो अगले साल फिर अप्रैल-मई में खोले जाते हैं।

## चुनाव आचार संहिता का उल्लंघनः निर्वाचन आयोग ने सरमा को चेतावनी देकर किया माफ

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने 30 अक्टूबर को असम में होने वाले विस उपचुनाव की प्रचार मुहिम के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में राज्य के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के नेता हिमंत बिस्व सरमा को बुधवार को चेतावनी देकर माफ कर दिया। आयोग ने कहा कि सोच-विचारकर यह रुख अपनाया गया है कि भाजपा के स्टार प्रचारक सरमा ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में आयोग द्वारा जारी परामर्शानिर्देश की भावना का उल्लंघन कर कार्य किया। अब आयोग उन्हें चेतावनी जारी करता है और उन्हें भविष्य में और अधिक सावधान रहने, संयम बरतने और सार्वजनिक बयानबाजी करते समय आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का सख्ती से पालन करने के प्रति आगाह करता है। सड़क एवं अन्य विकास परियोजनाओं का वादा करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## राजस्थान पर्यटन की ब्राण्डिंग कर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जाए : गहलोत

● पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक

**भाषा।** जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य में कदम-कदम पर पर्यटन की संभावनाएं मौजूद हैं, ऐसे में प्रचार-प्रसार के आधुनिकतम माध्यमों से राज्य के पर्यटन की मजबूत ब्राण्डिंग कर यहां अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्राण्डिंग इस तरह हो कि पर्यटकों के मानस पटल पर राजस्थान की अमिट छवि अंकित हो जाए। गहलोत ने बुधवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि विश्व मानचित्र पर पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान का विशेष स्थान है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक ब्राण्डिंग एवं मार्केटिंग से यहां के पर्यटन को न केवल नई पहचान मिलेगी, बल्कि इससे जुड़े हुए उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रदेश के लाखों लोगों की आजीविका जुड़ी हुई है। ऐसे में पर्यटन गतिविधियों को व्यापक स्तर पर बढ़ाने से प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर उपलब्ध हो सकेंगे और राज्य की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की मंशा के साथ नई पर्यटन नीति-2020 जारी की है। साथ ही, 2021-22 के बजट में पर्यटन विकास कोष में 500 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। इसमें आधारभूत संरचना के विकास एवं पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए 300 करोड़ तथा टूरिस्ट डेस्टिनेशन ब्रांडिंग के लिए 200 करोड़ रूपए का बजट शामिल है। गहलोत ने कहा कि राजस्थान के पर्यटन को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाने के लिए प्रभावी मीडिया कैंपेन चलाने के साथ ही रोड शो, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ट्रैवल मार्ट, डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट, द ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाजार जैसी गतिविधियों का वृहद स्तर पर आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि डिजिटल एवं आउटडोर मीडिया, आकर्षक क्रिएटिव्स एवं लघु फिल्मों आदि के माध्यम से पर्यटन गतिविधियों को शो-केस किया जाए।

## क्विक न्यूज

### बीएसएफ अधिकार क्षेत्र के मुद्दे पर चर्चा के लिए 8 नवंबर को पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र

**लुधियाना।** पंजाब कैबिनेट ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का अधिकार क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे इलाकों में 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने की केंद्र की अधिसूचना का विरोध करने के लिए आठ नवंबर को राज्य विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दी। विशेष सत्र के दौरान केंद्र के तीन कृषि कानूनों को रद्द किए जाने की भी मांग की जाएगी। एक आधिकारिक बयान में यहां कहा गया है कि 25 अक्टूबर को चंडीगढ़ में हुई सर्वदलीय बैठक में इस मुद्दे पर बनी आम सहमति के बाद विधानसभा सत्र आहूत करने के संबंध में निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में शासन सुधार एवं लोक शिकायत विभाग द्वारा तैयार पंजाब एंटी रेड टेप रूल्स, 2021 को भी मंजूरी दी गई। यह कानून सभी विभागों और उनसे संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों पर लागू होगा जिसमें स्थानीय स्वशासन से जुड़ी इकाइयां, बोर्ड, निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, सोसाइटी, ट्रस्ट, आयोग या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित कानून के तहत स्थापित या गठित स्वायत्त निकाय शामिल हैं। आधिकारिक बयान में यह भी कहा गया है कि इस कानून के तहत उल्लंघन के दोषी अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक और वित्तीय दंड का भी प्रावधान होगा। कैबिनेट ने राज्य में कारोबार करने में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) को बढ़ावा देने के लिए पंजाब कारोबार का अधिकार कानून, 2020 में संशोधनों के प्रस्तावों को भी मंजूरी दी ताकि मौजूदा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के दायरे का विस्तार किया जा सके।

### आचार संहिता के उल्लंघन पर असम के मुख्यमंत्री पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए थीः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम में विधानसभा उप चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को निर्वाचन आयोग द्वारा चेतावनी दिए जाने के बाद बुधवार को कहा कि सरमा के खिलाफ और सख्त कार्वाई होनी चाहिए थी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, सरमा ने बिना शर्त माफी मांगी है और वह आचार संहिता के उल्लंघन के लिए अभ्यारोपित थे। मतदाताओं को प्रभावित करने के शर्मनाक एवं गैरकानूनी प्रयास बेनकाब हुए। उन्होंने कहा, निर्वाचन आयोग को उन्हें और सख्त सजा देनी चाहिए थी। भाजपा को असम के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने 30 अक्टूबर को असम में होने वाले विधानसभा उपचुनाव की प्रचार मुहिम के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सरमा को बुधवार को चेतावनी देकर माफ कर दिया। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि सोच-विचारकर यह रुख अपनाया गया है कि भाजपा के स्टार प्रचारक सरमा ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में आयोग द्वारा जारी परामर्शानिर्देश की भावना का उल्लंघन किया। आयोग ने सरमा को राज्य में विधानसभा उपचुनाव प्रचार के दौरान सड़क एवं अन्य विकास परियोजनाओं का वादा करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर सोमवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

### दुष्कर्म के 19 साल पुराने मामले के दो आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वर्ष 2002 से ही फरार चल रहे दुष्कर्म के दो आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने महोर तहसील के मियां खारियां से अब्दुल रशीद और मखना को गिरफ्तार किया। उन पर 19 साल पहले रियासी जिले में एक महिला से दुष्कर्म का आरोप है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी वर्ष 2002 से ही फरार चल रहे थे। वर्ष 2002 में उनके खिलाफ महिला का अपहरण कर उससे कई बार दुष्कर्म करने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने बताया कि गत छह महीने में कम से कम 100 फरार आरोपियों और दोषियों को गिरफ्तार किया गया है।

### हैदराबाद में महिला ने चार बच्चों को दिया जन्म

**हैदराबाद।** हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में 27 वर्षीय एक महिला ने चार बच्चों को जन्म दिया। महिला का ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों में एक ने बताया कि महिला ने अस्पताल में मंगलवार शाम ऑपरेशन (सी-सेक्शन) की मदद से एक लड़का और तीन लड़कियों को जन्म दिया। डॉक्टरों ने बताया कि मां और बच्चे स्वस्थ है तथा नवजात शिशुओं का वजन एक किलोग्राम से ज्यादा है।



काकराझर में असाम के मुख्यमंत्री और नीडा के संयोजक हिमंत बिसवा सरमा रैली के दौरान चुनाव प्रचार करते हुए।

## राजस्थान के राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जताई

**जयपुर।** राजस्थान के राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने मंत्री पद छोड़ने की इच्छा जताई है और इस बारे में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सहित पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है। पार्टी ने चौधरी को हाल में पंजाब का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है और चौधरी पंजाब में संगठन को अधिक समय देना चाहते हैं ताकि एक बार फिर वहां कांग्रेस की सरकार बने। चौधरी ने कहा कि वह एक व्यक्ति एक पद की विचारधारा में विश्वास रखते हैं और चाहते हैं कि पार्टी ने उन्हें जो नई जिम्मेदारी दी है उसे समर्पित भाव से निभा सकें। अपनी इस सोच से उन्होंने पार्टी आलाकमान को अवगत करा दिया है।

मैंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, हमारे प्रदेश प्रभारी व मुख्यमंत्री इससे अवगत करा दिया है। इसके साथ ही चौधरी ने कहा कि वह मंत्री पद से अपने इस्तीफे को लेकर किसी तरह के विवाद या अटकलबाजी को हवा नहीं देना चाहते। उन्होंने कहा कि, यह मेरी सोच है, जिससे मैंने पार्टी आलाकमान को अवगत कराया है। उल्लेखनीय है कि पार्टी आलाकमान ने हाल में चौधरी को पंजाब के लिए प्रदेश प्रभारी बनाया है।

चौधरी ने कहा कि वह अपनी नई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से निभाना चाहते हैं। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी की संभावनाओं के बारे में चौधरी ने कहा कि वह बीते कुछ महीने से पंजाब में पार्टी संगठन को देख-समझ रहे हैं और उनके हिसाब से चीजें अब भी पकड़ में हैं और पार्टी बहुमत से सरकार बनाएगी। दिल्ली में मौजूद चौधरी की बुधवार को पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात हुई और उन्होंने संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। हरीश चौधरी राज्य की बायतू सीट से विधायक हैं और अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली सरकार में राजस्व मंत्री हैं। उनकी गिनती राज्य के सबसे कद्दावर मंत्रियों में होती है। साथ ही उन्हें राहुल गांधी का भी करीबी माना जाता है।

## गढ़चिरौली में खनन पट्टा रद्द करने की मांग को लेकर आदिवासियों का धरना शुरू

**नागपुर।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तालुका में आदिवासियों ने लौह अयस्क खनन परियोजना को रद्द करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। स्थानीय आदिवासियों ने 25 अक्टूबर को सुरजागढ़ परम्परागत इलाका घोटुल समिति के तत्वावधान में सुरजागढ़ में लौह अयस्क खनन परियोजना को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था और एक निजी कंपनी को दिए गए पट्टे को रद्द करने की मांग की थी। शेतकरी कामगार पक्ष के स्थानीय नेता तथा राज्य समिति के सदस्य रामदास जराटे ने पीटीआई-भाषा से फोन पर कहा कि उन्होंने गढ़चिरौली में खनन गतिविधियों पर आपत्ति जताते हुए केंद्र और राज्य सरकार को कई बार पत्र लिखा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सुरजागढ़ खनन परियोजना को दिया गया पट्टा पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों में विस्तार) अधिनियम यानी पेसा अधिनियम, 1996 और वन अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है।

## ममता के गोवा दौरे से पहले उनकी तस्वीर वाले पोस्टर विकृत किए गए, तृणमूल ने की निंदा

**पणजी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गोवा दौरे से पहले इस तटीय राज्य में लगे उनकी तस्वीर वाले कई पोस्टरों को विकृत करने का मामला सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को इस घटना की निंदा की करते हुए दावा किया कि यह भाजपा की असहिष्णुता को प्रतिबिंबित करता है। अगले साल यहां होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बनर्जी शुक्रवार को गोवा के दौरे पर आने वाली हैं। उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पहले ही राज्य विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है।

भाजपा ने रविवार को दावा किया था कि तृणमूल कांग्रेस की गोवा इकाई ने सोशल मीडिया पर कार्टून पोस्ट किया है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत को ममता बनर्जी अपने पैरों तले कुचलने का प्रयास करती दिख रही हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सांवत के कार्यालय ने बयान में दावा किया कि बनर्जी की पार्टी द्वारा किए गए ट्वीट को तुरंत हटा दिया गया। मुख्यमंत्री कार्यालय ने हालांकि तृणमूल कांग्रेस के कथित ट्वीट के स्क्रीनशॉट को साझा किया।

इसके बाद तृणमूल कांग्रेस की ओर से राज्य में लगाए गए कई पोस्टर और होर्डिंग में तोड़-फोड़ की गई जिनमें ममता बनर्जी की तस्वीर थी। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य डेरेक ओ ब्रायन ने बुधवार को संवाददाताओं से बातचीत में कहा, (देश में इस समय)एकमात्र महिला मुख्यमंत्री का अपमान किया गया है। हम सभी जानते हैं कि यह गोवा की संस्कृति नहीं है। दावा किया कि भाजपा स्थानीय कारोबार को नुकसान पहुंचा रही है क्योंकि ठेकेदारों को इन तोड़फोड़ वाले पोस्टरों के लिए अपनी जेब से भुगतान करना होगा। ब्रायन ने कहा कि अगर भाजपा उनकी पार्टी के साथ लड़ना चाहती है तो उसे यह राजनीतिक रूप से करना चाहिए।

## धनशोधन मामले में महबूबा मुफ्ती की याचिका स्थानांतरित करने का शीर्ष अदालत से आग्रह

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को सूचित किया कि उसने उच्चतम न्यायालय से पीडीपी की नेता महबूबा मुफ्ती की उस याचिका को स्थानांतरित करने का आग्रह किया है जिसमें धनशोधन रोकथाम अधिनियम के एक प्रावधान को चुनौती दी गई है। केंद्र की ओर से पेश वकील ने मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ को बताया कि स्थानांतरण याचिका के शीर्ष अदालत के समक्ष एक सप्ताह के भीतर-29 अक्टूबर को सुनवाई के लिए आने की संभावना है। उच्च न्यायालय ने मामले में अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की निर्धारित कर दी।

केंद्र ने पहले अदालत को बताया था कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों और योजना से संबंधित कई याचिकाएं उच्चतम न्यायालय में लंबित हैं और मामला एक विशेष पीठ को सौंपा गया है तथा पक्षों ने कुछ प्रश्नों का आदान-प्रदान किया है, जिनमें से एक प्रश्न वह भी है जो इस याचिका में है। केंद्र ने कहा था कि वह एक स्थानांतरण याचिका दायर करना चाहता है ताकि इन मामलों को एक साथ सूचीबद्ध किया जा सके। इसने कहा था कि उच्चतम न्यायालय के समक्ष सवालों में धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जांच शुरू करने से संबंधित मुद्दे शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने मार्च में दायर अपनी याचिका में संबंधित कानून की धारा 50 को अमान्य और निष्क्रिय घोषित करने का आग्रह करते हुए कहा था कि यह अनुचित रूप से भेदभावपूर्ण, सुरक्षा उपायों से रहित है और संविधान के अनुच्छेद 20 (3) का उल्लंघन करती है। अधिनियम की धारा 50 प्राधिकार, यानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को सबूत देने या रिकॉर्ड पेश करने के लिए तलब करने का अधिकार देती है। तलब किए गए सभी व्यक्ति उनसे पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने और ईडी अधिकारियों के लिए जरूरी आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य हैं। ऐसा नहीं करने पर उन्हें अधिनियम के तहत दंडित किया जा सकता है।

महबूबा ने धनशोधन के एक मामले में ईडी द्वारा उन्हें समन जारी किए जाने को भी चुनौती दी है और इस पर रोक लगाने का आग्रह किया है जिसे पूर्व में अदालत ने खारिज कर दिया था। अनुच्छेद 370 की समाप्ति के साथ जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद एक साल से अधिक समय तक हिरासत में रहीं 61 वर्षीय महबूबा को राष्ट्रीय राजधानी में ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया था। शुरुआत में ईडी ने मुफ्ती को 15 मार्च को तलब किया था, लेकिन उस समय उसने उनके व्यक्तिगत तौर पर पेश होने पर जोर नहीं दिया था। इसके बाद उन्हें 22 मार्च को तलब किया गया था।




चेन्नई में फेडरेशन ऑफ इण्डिया के सदस्य नीट परीक्षा आयोजित करने के सम्बंध में विरोध प्रदर्शन करते हुए।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021



# शेयर बाजारों में दो दिन की तेजी थमी, सेंसेक्स 207 अंक टूटा

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक बाजारों** के कमजोर रुख के बीच शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी तेजी का सिलसिला बुधवार को थम गया। मासिक डेरिवेटिव्स अनुबंधों के निपटान की वजह से भी बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में गिरावट तथा कंपनियों के मिलेजुले तिमाही नतीजों से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 206.93 अंक या 0.34 प्रतिशत के नुकसान से 61,143.33 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 57.45 अंक या 0.31 टूटकर 18,210.95 अंक पर बंद हुआ।







सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक का शेयर सबसे अधिक 6.52 प्रतिशत टूटा। बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील और एनटीपीसी के शेयर भी नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर एशियन पेंट्स, सन फार्मा, इन्फोसिस, एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारती एयरटेल और एचसीएल टेक के शेयर 4.42 प्रतिशत तक के लाभ में रहे। मारुति सुजुकी का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 487 करोड़ रुपए रहा है। इसके बावजूद कंपनी का शेयर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक धारणा के अनुरूप घरेलू बाजार भी नकारात्मक दायरे में रहे। वित्तीय कंपनियों के शेयरों में गिरावट से बाजार नीचे आया। रेलिगेयर ब्रोकिंग के उपाध्यक्ष-शोध अजित मिश्रा ने कहा, मिलेजुले वैश्विक रुख के बीच बाजार में कारोबार सुस्त रहा। शुरुआत में एशियाई बाजारों के कमजोर रुख से धारणा प्रभावित हुई। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.30 प्रतिशत तक चढ़ गए। अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग के हैंगसेंग, जापान के निक्की तथा दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में नुकसान रहा। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजारों में गिरावट थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 1.09 प्रतिशत के नुकसान से 84.72 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सात पैसे के नुकसान से 75.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच, शेयर बाजारों के अस्थाई आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 2,368.66 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## मारुति का दूसरी तिमाही का शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत घटकर 487 करोड़ रुपए

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश की** सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को बताया कि 30 सितंबर, 2021 को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के दौरान उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 66 प्रतिशत घटकर 487 करोड़ रुपए रह गया। कंपनी ने बताया कि समीक्षाधीन अवधि में सेमीकंडक्टर की कमी से विनिर्माण प्रभावित हुआ। इसके अलावा जिंस लागत बढ़ने से भी मारुति का मुनाफा प्रभावित हुआ। इससे पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में कंपनी ने 1,420 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की परिचालन से एकीकृत आय 20,551 करोड़ रुपए रही, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 18,756 करोड़ रुपए थी।




दूसरी तिमाही में कंपनी की कुल वाहनों की बिक्री तीन प्रतिशत घटकर 3,79,541 इकाई रही, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,93,130 इकाई थी। समीक्षाधीन तिमाही में घरेलू बिक्री 3,20,133 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 3,70,619 इकाई थी। कंपनी ने हालांकि इस दौरान रिकॉर्ड 59,408 इकाइयों का निर्यात किया। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 22,511 इकाई था। मारुति ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जों की कमी के कारण लक्ष्य के अनुसार उत्पादन नहीं किया जा सका, जिससे ज्यादातर घरेलू मॉडल प्रभावित हुए। कंपनी ने बताया कि तिमाही के अंत में उसके पास दो लाख से अधिक लंबित ग्राहक ऑर्डर थे, और वह आपूर्ति में तेजी लाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। कंपनी ने कहा कि बीते दिनों इस्पात, एल्युमीनियम और अन्य धातुओं की कीमतों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जिससे उसका मुनाफा प्रभावित हुआ।

## क्विक न्यूज

### वाशिंगटन ने चीनी दूरसंचार कंपनी को अमेरिकी बाजार से निष्कासित किया

**बीजिंग।** चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच एक अमेरिकी नियामक ने राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे के मद्देनजर चाइना टेलीकॉम लिमिटेड की एक इकाई को अमेरिकी बाजार से निष्कासित कर दिया है। चाइना टेलीकॉम लिमिटेड, चीन में सार्वजनिक क्षेत्र की तीन सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनियों में एक है। संघीय संचार आयोग के मंगलवार के एक आदेश के तहत चाइना टेलीकॉम (अमेरिका) कॉरपोरेशन को 60 दिनों के भीतर अमेरिका में घरेलू अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सेवाओं को बंद करना होगा। आयोग ने कहा कि बीजिंग अमेरिकी संचार को छिपाने या बाधित करने के लिए इस कंपनी का इस्तेमाल कर सकता है। इसके अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ जासूसी और अन्य हानिकारक गतिविधियों में शामिल होने की आशंका भी जताई गई।

### आयकर विभाग ने अपने पोर्टल पर कर ऑडिट उपयोगिता फार्म को सक्षम किया

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने अपने पोर्टल पर वित्त वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए कर ऑडिट उपयोगिता फार्म को सक्षम किया है। यदि वित्त वर्ष 2020-21 (आकलन वर्ष 2021-22) में व्यापार की बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्तियां 10 करोड़ रुपए से अधिक है, तो आयकर कानून के तहत करदाताओं को अपने खातों का ऑडिट करवाना जरूरी है। पेशेवरों के मामले में यह सीमा 50 लाख रुपए है। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए यह सीमा क्रमशः पांच करोड़ रुपए और 50 लाख रुपए है। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल करने की अंतिम तारीख 15 जनवरी 2022 है। वित्त वर्ष 2019-20 के लिए इसे 15 जनवरी 2021 तक दाखिल करना था, हालांकि कंपनियां अभी भी संशोधित कर ऑडिट रिपोर्ट दाखिल कर सकती हैं।

### क्लाउड कारोबार में बढ़ोतरी से माइक्रोसॉफ्ट का मुनाफा 24 फीसदी बढ़ा

**रेडमंड (अमेरिका)।** क्लाउड कंप्यूटिंग कारोबार में बढ़ोतरी के चलते माइक्रोसॉफ्ट का मुनाफा जुलाई-सितंबर तिमाही में 24 फीसदी बढ़ गया। वाशिंगटन के रेडमंड में स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी ने मंगलवार को बताया कि उसका तिमाही मुनाफा 17.2 अरब अमेरिकी डॉलर या प्रति शेयर 2.27 अमेरिकी डॉलर रहा। इस तरह माइक्रोसॉफ्ट ने विश्लेषकों के अनुमान को पीछे छोड़ दिया, जो प्रति शेयर 2.08 अमेरिकी डॉलर के मुनाफे की उम्मीद जता रहे थे। कोरोना वायरस महामारी के दौरान घर से काम करने का चलन बढ़ा और इसके साथ ही माइक्रोसॉफ्ट के सॉफ्टवेयर और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाओं की मांग भी बढ़ी।

### गूगल विज्ञापनों की कमाई से मूल कंपनी अल्फाबेट का मुनाफा 68 प्रतिशत बढ़ा

**माउंटेन व्यू (अमेरिका)।** गूगल की डिजिटल विज्ञापनों से आमदनी में जोरदार बढ़ोतरी से मूल कंपनी अल्फाबेट का मुनाफा जुलाई-सितंबर 2021 तिमाही में 68 प्रतिशत बढ़ गया। कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में स्थित अल्फाबेट इंक ने मंगलवार को कहा कि उसने तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में 18.94 अरब अमेरिकी डॉलर या प्रति शेयर 27.99 अमेरिकी डॉलर की कमाई की। इस दौरान कंपनी की आय 41 फीसदी बढ़कर 65.12 अरब डॉलर हो गई। फैक्टसेट के एक सर्वेक्षण में विश्लेषकों ने 63.53 अरब अमेरिकी डॉलर की आय पर प्रति शेयर 23.73 अमेरिकी डॉलर के मुनाफे की उम्मीद जताई थी। ई-मार्केटर के अनुसार वैश्विक स्तर पर 455 अरब डॉलर के डिजिटल विज्ञापन बाजार में गूगल का 29 प्रतिशत हिस्सा है, जिसके बाद फेसबुक का स्थान है।

### भारत कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए 23 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेगा: बोफा सिक्योरिटीज

**मुंबई।** भारत कार्बन उत्सर्जन को घटाने के लिए वर्ष 2030 तक 316 अरब डॉलर (करीब 23 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करेगा। कुल निवेश रकम की ज्यादातर राशि नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर खर्च की जाएगी। ब्रोकरेज कंपनी बोफा सिक्योरिटीज ने बुधवार को यह बात कही। बोफा सिक्योरिटीज ने कहा कि यह निवेश पहले से अनुमानित छह लाख करोड़ रुपए के अतिरिक्त होगा, जिसे भारत 2015 में पेरिस जलवायु समझौते में शामिल होने के बाद से खर्च कर चुका है। जलवायु परिवर्तन पर ग्लासगो शिखर सम्मेलन से पहले संवाददाताओं से बात करते हुए कंपनी के अनुसंधान प्रमुख अमिश शाह ने कहा कि भारत कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए जमीनी स्तर पर काम करने वाले सबसे सक्रिय देशों में से एक रहा है। उन्होंने कहा कि कार्बन तटस्थता प्राप्त करने की समयसीमा की फिलहाल घोषणा न करके भारत ने सही किया है। दुनिया की अन्य सभी प्रमुख देशों ने भी यही किया है। एक अनुमान के अनुसार कार्बन उत्सर्जन घटाने के प्रयासों से भारत को वर्ष 2015 से 2030 के बीच 106,000 मेगावॉट से अधिक ऊर्जा बचाने में मदद मिलेगी और 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में 1.1 अरब टन की कटौती होगी।

### आरबीआई ने बलदेव प्रकाश को जम्मू-कश्मीर बैंक का एमडी, सीईओ नियुक्त किया

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बलदेव प्रकाश को जम्मू-कश्मीर बैंक का अगला प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। उनकी नियुक्ति अगले साल से प्रभावी होगी। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि आरबीआई ने 26 अक्टूबर, 2021 के पत्र के माध्यम से एमडी और सीईओ के पद पर प्रकाश की नियुक्ति को मंजूरी दी। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तारीख या 10 अप्रैल 2022, जो पहले हो, से तीन साल के लिए होगी। बैंक का निदेशक मंडल बलदेव प्रकाश की एमडी और सीईओ के रूप में नियुक्ति और उनके द्वारा कार्यभार संभालने की तारीख के बारे में अलग से जानकारी देगा। प्रकाश को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। वह 1991 में एक परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में एसबीआई में शामिल हुए थे और इस समय एसबीआई, मुंबई में मुख्य महाप्रबंधक है।

### इंडियन ओवरसीज बैंक का दूसरी तिमाही का मुनाफा बढ़कर 376 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 376 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 148 करोड़ रुपए था। समीक्षाधीन अवधि के दौरान बैंक आईओबी रिजर्व बैंक की त्वरित सुधारात्मक कार्वाई (पीसीए) से भी बाहर आया। बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में उसकी कुल आय 5,376 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,431 करोड़ रुपए थी। संपत्ति के मामले में बैंक ने शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां (एनपीए) को लेकर अच्छा प्रदर्शन किया। 30 सितंबर, 2021 तक कुल ऋण पर बैंक का शुद्ध एनपीए 2.77 प्रतिशत रहा, जो एक साल पहले 4.30 प्रतिशत था।

## विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों के निवेश मूल्य में पहली छमाही में 112 अरब डॉलर का उछाल: रिपोर्ट

**मुंबई।** बाजार में तेजी जारी रहने के साथ विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का घरेलू शेयरों में निवेश मूल्य एक अप्रैल से 30 सितंबर, 2021 के बीच 112 अरब डॉलर उछलकर 667 अरब डॉलर पहुंच गया। हालांकि, शेयरों का अधिक मूल्यांकन उनकी चिंता बढ़ा रहा है। ब्रोकरेज कंपनी बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह कहा। पिछले साल महामारी की शुरुआत के साथ मार्च, 2020 में बाजार 23 प्रतिशत नीचे आ गया था। लेकिन उसके बाद से सेंसेक्स में तेजी आई और तीन फरवरी को यह 50,000 अंक, 25 सितंबर को 60,000 अंक और 14 अक्टूबर को 61,000 के स्तर पर पहुंच गया। बीएसई सेंसेक्स 19 अक्टूबर को 62,000 के स्तर पर पहुंच गया जबकि मार्च, 2020 में यह 25,000 अंक के नीचे था। एफपीआई का निवेश मूल्य मार्च, 2021 को 555 अरब डॉलर था। यह सितंबर, 2020 से मार्च, 2021 के बीच की अवधि से 105 अरब डॉलर अधिक है।

इस साल जून में एफआईआई का निवेश मूल्य केवल 592 अरब डॉलर था। इसका मतलब है कि बाजार में तेजी के साथ उनका निवेश मूल्य 38 अरब डॉलर बढ़ा। जबकि शुद्ध रूप से बढ़ा हुआ निवेश इस दौरान लगभग शून्य था। एफपीआई ने अगस्त में फरवरी, 2020 के बाद से सबसे कम कम राशि का निवेश किया। उन्होंने केवल 28.1 करोड़ डॉलर लगाए। बैंक ऑफ अमेरिका सिक्योरिटीज इंडिया की बुधवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का निवेश मूल्य सितंबर के अंत में 667 अरब डॉलर रहा।



कोलकाता में दीपावली त्योहार पर घरों को सजाने के लिए बिजली की झालरों की खरीददारी करते लोग

## जीएसटी अधिकारियों ने 48 करोड़ रुपए की कर चोरी में तीन को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने फर्जी कंपनियों के जरिए 48 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी चोरी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) की गुरुग्राम क्षेत्रीय इकाई ने जाली दस्तावेजों के आधार पर कई फर्जी कंपनियां चलाने के आरोप में जीएसटी अधिनियम के प्रावधानों के तहत दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मंत्रालय के अनुसार आरोपियों ने 20 से अधिक फर्जी फर्मों के जरिए जाली बिल निकालकर 22 करोड़ रुपए से अधिक का इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) हासिल किया। इस मामले में 5 अक्टूबर और 9 अक्टूबर को दिल्ली से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## अगले सप्ताह बढ़ सकते हैं रसोई गैस सिलेंडर के दाम, पेट्रोल, डीजल और महंगा हुआ

**भाषा।** नई दिल्ली

**रसोई गैस** सिलेंडर (एलपीजी) के दाम अगले सप्ताह बढ़ सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस बीच, दो दिन के अंतराल के बाद बुधवार को वाहन ईंधन कीमतों में फिर बढ़ोतरी हुई। पेट्रोल और डीजल दोनों के दाम 35 पैसे प्रति लीटर और बढ़ गए हैं। सूत्रों ने बताया कि एलपीजी के मामले में लागत से कम मूल्य पर बिक्री से होने वाला नुकसान (अंडररिकवरी) 100 रुपए प्रति सिलेंडर पर पहुंच चुका है। इस वजह से इसकी कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।





सूत्रों ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर का दाम कितना बढ़ेगा, यह सरकार की अनुमति पर निर्भर करेगा। इससे पहले छह अक्टूबर को रसोई गैस सिलेंडर के दाम 15 रुपए बढ़ाए गए थे। जुलाई से 14.2 किलोग्राम के रसोई गैस सिलेंडर का दाम 90 रुपए बढ़ चुका है। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों को खुदरा दाम लागत के अनुरूप करने की अनुमति नहीं दी गई है। इसके अलावा इस अंतर को पाटने के लिए अभी तक सरकार की ओर से कोई सब्सिडी भी नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में बढ़ोतरी के बीच एलपीजी की बिक्री पर नुकसान 100 रुपए प्रति सिलेंडर पर पहुंच गया है। जहां सऊदी अरब में एलपीजी की दर इस महीने 60 प्रतिशत के उछाल के साथ 800 डॉलर प्रति टन हो गई है, वहीं अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 85.42 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच चुका है। एक अन्य सूत्र ने कहा, एलपीजी अभी नियंत्रित जिंस है। ऐसे में तकनीकी रूप से सरकार इसके खुदरा दाम का नियमन कर सकती है। लेकिन ऐसा करने पर सरकार को पेट्रोलियम कंपनियों को लागत से कम मूल्य पर बिक्री के नुकसान को पूरा करना होगा। इस समय दिल्ली और मुंबई में रसोई गैस सिलेंडर का दाम 899.50 रुपए है। वहीं कोलकाता में यह 926 रुपए है। देश में पात्र परिवारों को इन्हीं दरों पर सब्सिडी वाला रसोई गैस सिलेंडर मिलता है। एक साल में उन्हें 14.2 किलोग्राम के 12 सिलेंडर सब्सिडी वाली दरों पर मिलते हैं। इस बीच, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बुधवार को 35 पैसे प्रति लीटर की और वृद्धि हुई। इससे पहले दो दिन तक वाहन ईंधन के दाम नहीं बढ़ाए गए थे। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में अब पेट्रोल 107.94 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। वहीं मुंबई में यह 113.80 रुपए प्रति लीटर हो गया है। इसी तरह दिल्ली में डीजल 96.67 रुपए प्रति लीटर और मुंबई में 104.75 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। देश के सभी प्रमुख शहरों में पेट्रोल पहले ही शतक लगा चुका है। वहीं डेढ़ दर्जन से ज्यादा राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में डीजल 100 रुपए प्रति लीटर के पार निकल गया है। पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने 28 सितंबर से पेट्रोल कीमतों में बढ़ोतरी का सिलसिला फिर शुरू किया था।

## एमएफआई को परिसंपत्ति में भारी वृद्धि के लिए असावधान नहीं होना चाहिए: आरबीआई

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय रिजर्व** बैंक के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय बैंक माइक्रोफाइनेंस (एमएफआई) क्षेत्र को बढ़ावा देगा, लेकिन ऋणदाताओं को उच्च परिसंपत्ति वृद्धि और प्रतिफल पाने के लिए असावधान नहीं होना चाहिए। एमएफआई क्षेत्र के एक स्व-नियामक संगठन सा-धन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राव ने कहा कि माइक्रोफाइनेंस ऋणदाताओं को मुख्यधारा के वित्त की रणनीतियों की नकल नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उनकी सेवाओं में सामाजिक उद्देश्यों को जगह देने की अधिक जरूरत होती है।




राव ने कहा, उच्च परिसंपत्ति वृद्धि और प्रतिफल पाने के लिए (एमएफआई) ऋणदाताओं को असावधान नहीं होना चाहिए। एमएफआई की प्रतिकूल कार्वाई के जरिए कोई भी चूक दशकों में हासिल की गई जबरदस्त प्रगति को खत्म कर सकती है। उन्होंने कहा कि माइक्रोफाइनेंस की शुरुआत के उद्देश्यों को नहीं भूलना चाहिए। डिप्टी गवर्नर ने कहा कि एमएफआई को पहले ग्राहकों की जरूरतों को समझने पर ध्यान देना चाहिए और सही वित्तीय उत्पादों के जरिए उन्हें पर्याप्त सहायता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चूंकि एमएफआई ग्राहकों में वित्तीय जागरूकता का स्तर कम है और वे कहीं से भी कर्ज लेने के लिए बेताब हैं, इसलिए उन्हें देखभाल और सहानुभूति की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ऐसा सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि असल में होना चाहिए।

## पेज एक का शेष

### पेगासस मामले...

कार्य था। शीर्ष अदालत ने कहा कि कानून के शासन से शासित एक लोकतांत्रिक देश में, संविधान के तहत कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हुए पर्याप्त वैधानिक सुरक्षा उपायों के अलावा किसी भी तरह से मनमानी तरीके से लोगों की जासूसी की अनुमति नहीं है। पीठ ने 13 सितंबर को इस मामले में सुनवाई पूरी करते हुए कहा था कि वह सिर्फ यह जानना चाहती है कि क्या केन्द्र ने नागरिकों की कथित जासूसी के लिए अवैध तरीके से पेगासस सॉफ्टवेयर का उपयोग किया या नहीं? ए याचिकाएं इज़राइल की फर्म एनएसओ के स्पाइवेयर पेगासस का इस्तेमाल कर सरकारी संस्थानाओं द्वारा कथित तौर पर नागरिकों, राजनेताओं और पत्रकारों की जासूसी कराए जाने की रिपोर्ट की स्वतंत्र जांच के अनुरोध से जुड़ी हैं। पीठ ने कहा कि विशेषज्ञ समिति के पास जांच करने और पूछताछ कर यह पता लगाने की शक्ति होगी कि भारत के नागरिकों के फोन या अन्य उपकरणों में एकत्रित डेटा पाने, उनके अन्य लोगों के साथ हुए संवाद का पता लगाने, सूचना प्राप्त करने या ऐसे किसी स्पाईवएर हमले से प्रभावित व्यक्ति पीड़ित का विवरण किसी भी अन्य उद्देश्य से प्राप्त करने के लिए क्या पेगासस स्पाईवेयर का इस्तेमाल किया गया। तकनीकी समिति के पहले सदस्य नवीन कुमार चौधरी गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय में प्रोफेसर (साइबर सुरक्षा और डिजिटल फॉरेंसिक) एवं डीन हैं। तकनीकी समिति के दूसरे सदस्य प्रभारन पी केरल स्थित अमृता विश्व विद्यापीठम, अमृतापुरी में प्रोफेसर (स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग) हैं। तीसरे सदस्य अश्विन अनिल गुमस्ते हैं जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में एसोसिएट प्रोफेसर (कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग) हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह छह बाध्यकारी परिस्थितियों को देखते हुए समिति की नियुक्ति कर रही है। इसने कहा कि निजता का अधिकार और बोलने की स्वतंत्रता को प्रभावित करने का आरोप है, जिसकी जांच की जरूरत है। ऐसे में संभावित भयभीत करने वाले प्रभाव के कारण इस तरह के आरोपों से संपूर्ण नागरिक प्रभावित होते हैं, इसके द्वारा की गई कार्वाइयों के संबंध में भारत संघ ने कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है। इसने कहा कि इसके अलावा, संभावना है कि कुछ विदेशी प्राधिकरण, एजेंसी या निजी संस्था इस देश के नागरिकों की निगरानी करने में शामिल हैंअ आरोप है कि केंद्र या राज्य सरकारें नागरिकों को अधिकारों से वंचित करने में पक्ष रही हैं।

### आठवले ने...

मुक्ति केंद्र भेजा जाना चाहिए। उनके मंत्रालय ने एनडीपीएस अधिनियम की समीक्षा की है। जिस तरह शराब पीने वालों को जेल नहीं भेजा जाता, उसी तरह ड्रग्स का सेवन करने वालों को भी जेल न भेजने का प्रावधान होना चाहिए। मंत्रालय ड्रग्स कानून में बदलाव का समर्थन करता है।

### बैंक ऑफ...

को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने 2015 में बैंक ऑफ बड़ौदा की अशोक विहार शाखा से 59 चालू खाताधारकों द्वारा दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों को नॉन एग्जिस्टेंट आयात के लिए कथित भुगतान की आड़ में 6000 करोड़ रुपए से अधिक भेजने के लिए बैंक के कई अधिकारियों और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने पाया कि अशोक विहार शाखा अपेक्षाकृत नई शाखा थी और उसे 2013 में ही विदेशी मुद्रा का लेन-देन करने की अनुमति मिली थी। उन्होंने कहा कि जुलाई 2014 से जुलाई 2015 के बीच किए गए लगभग 8,000 लेन-देन के जरिए 6,000 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए। हर लेन-देन में भेजी गई राशि को एक लाख अमेरिकी डॉलर से कम रखा गया था। एक अधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज किए जाने के बाद बताया था, सभी राशि हांगकांग भेजी गई थी। राशि आयात के लिए अग्रिम के रूप में प्रेषित की गई थी और अधिकतर मामलों में लाभार्थी एक ही था।

### अमरिंदर ने...

लगातार हो रही वृद्धि की ओर इशारा करते हुए कहा कि सीमाओं पर बहुत कुछ गलत और खतरनाक हो रहा है, जिसे पंजाब अनदेखा नहीं कर सकता। सिंह ने कहा कि वह एक नई पार्टी बना रहे हैं और इसके नाम व चुनाव चिह्न को निर्वाचन आयोग की मंजूरी मिल जाने पर वह इसकी घोषणा करेंगे। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कई लोग उनसे संपर्क में हैं। अमरिंदर ने यह भी कहा कि किसान आंदोलन पर चर्चा करने के लिए बृहस्पतिवार को अमित शाह से मिलेंगे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बुधवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, बीएसएफ पंजाब या उसके प्रशासन को नहीं संभालेगा। यह पूरी तरह गलत धारणा है। वे हमारी पंजाब पुलिस की मदद के लिए आएंगे। बीएसएफ यहां राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने में मदद करने के लिए है क्योंकि हम एक सीमावर्ती राज्य हैं। सिंह ने उन धारणाओं को भी सिरे से खारिज कर दिया जिसमें यह कहा जा रहा है कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) राज्य का प्रशासन अपने हाथ में ले लेगा या स्वर्ण मंदिर में उसके जवानों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कुछ लोगों द्वारा अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए इस तरह की भ्रांतियां फैलाई जा रही हैं।


### मुख्तार गिरोह...

दो दर्जन से अधिक मुकदमे पंजीकृत हैं। एसटीएफ अन्य घटनाओं के बारे में जानकारी कर रही है।

### अग्नि-5...

किया गया है जब भारत की पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सीमा पर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। मिसाइल का पहला परीक्षण अप्रैल 2012 में किया गया था, वहीं पिछला परीक्षण करीब तीन साल पहले किया गया था। मंत्रालय ने कहा, मिसाइल, जिसमें तीन स्तरीय ठोस ईंधन वाले इंजन का इस्तेमाल किया जाता है, में 5,000 किलोमीटर तक के लक्ष्यों पर निशाना साधने की क्षमता है। उक्त लोगों ने कहा कि मिसाइल के सफल परीक्षण से स्ट्रेटेजिक फोर्स कमांड में इसके शामिल होने का रास्ता साफ हो गया है जो भारत की सामरिक परिसंपत्तियों की देखभाल करती है। अग्नि-1 से 4 मिसाइलों में 700 से लेकर 3,500 किलोमीटर तक प्रहार की क्षमता है और उन्हें पहले ही तैनात कर दिया गया है। अग्नि-5 परियोजना का उद्देश्य चीन के खिलाफ भारत की परमाणु प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है जिसके पास डोंगफेंग-41 जैसी मिसाइलें हैं जिनकी क्षमता 12,000 से 15,000 किलोमीटर तक प्रहार करने की है।

## पाकिस्तान को 4.2 अरब डॉलर की सहायता देगा सऊदी अरब, इमरान ने आभार जताया



**इस्लामाबाद।** सऊदी अरब नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सुरक्षित जमाओं के रूप में तीन अरब डॉलर और 1.2 अरब डॉलर मूल्य का तेल उधार देने पर सहमत हो गया है। इस तरह सऊदी अरब से पाकिस्तान को कुल 4.2 अरब डॉलर की सहायता मिलेगी। पाकिस्तान को यह मदद ऐसे वक्त में मिली है, जब उसकी अर्थव्यवस्था बेहद मुश्किल दौर से गुजर रही है। इस सप्ताह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की सऊदी अरब यात्रा के दौरान सऊदी युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ रियाद में बैठक हुई, उसके बाद यह घोषणा की गई। सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने सऊदी अरब सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता के बारे में ट्विटर पर बताया। उन्होंने ट्वीट किया, सऊदी अरब ने पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में जमा के रूप में तीन अरब अमेरिकी डॉलर देने पर सहमत होकर पाकिस्तान का समर्थन किया है, और साथ ही वह वर्ष के दौरान 1.2 अरब अमेरिकी डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद का खर्च भी उठाएगा। इमरान खान ने युवराज सलमान को इस मदद के लिए शुक्रिया कहा। उन्होंने ट्वीट किया, मैं मोहम्मद बिन सलमान को पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में जमा के रूप में तीन अरब डॉलर देने और 1.2 अरब डॉलर के पेट्रोलियम उत्पाद के वित्तपोषण के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। सऊदी अरब हमेशा कठिन समय में पाकिस्तान के साथ रहा है। इमरान खान के सलाहकार (वित्त) शौकत तारिन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 4.2 अरब अमेरिकी डॉलर का सऊदी वित्तीय सहायता पैकेज एक वर्ष का है और यह पाकिस्तानी रुपए पर दबाव खत्म करने के लिए उपयोगी साबित होगा।

# खेल रत्न के लिए नीरज, रवि और लवलीना सहित 11 खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश

**भाषा।** नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन की झलक बुधवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की सिफारिशों के दौरान दिखी जब खेल रत्न पुरस्कार के लिए ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित 11 खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की गई। चयन समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए भी 35 खिलाड़ियों को नामित किया।

व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय खिलाड़ी 23 साल के चोपड़ा के अलावा रजत पदक विजेता पहलवान








रवि दहिया और कांस्य पदक जीतने वाली महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के नाम की सिफारिश भी देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई। अनुभवी हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, महिला टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज के अलावा दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री को भी इस सम्मान के लिए चुना गया। छेत्री इस पुरस्कार के लिए चुने गए देश के पहले फुटबॉलर हैं।टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों, निशानेबाज अवनि लेखरा और मनीष नरवाल, भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और बैडमिंटन खिलाड़ियों प्रमोद भगत और कृष्णा नागर को भी उनके प्रदर्शन का इनाम मिला। इन सभी को खेल रत्न पुरस्कारों की सूची में जगह मिली है जिसे स्वीकृति के लिए खेल मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। भारत ने तोक्यो ओलंपिक के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा था। इन खेलों में भारत की ओर से 121 खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की थी और देश ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक सहित सात पदक जीते थे। इन ओलंपिक पदक विजेताओं में से तीन पहलवान बजरंग पूनिया, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और भारोत्तोलक मीराबाई चानू को पहले ही खेल रत्न मिल चुका है। पैरालंपिक में भारत ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक जीते थे। पिछले साल पांच खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया जबकि 2016 रियो खेलों के बाद चार खिलाड़ियों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया था लेकिन तोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के शानदार प्रदर्शन के बाद अभूतपूर्व संख्या में खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की गई। टोक्यो पैरालंपिक (24 अगस्त से पांच सितंबर) में हिस्सा लेने वाले पैरा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी विचार करने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा में विलंब किया गया। समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 35 खिलाड़ियों को चुना जो पिछले साल पुरस्कार के लिए चुने गए खिलाड़ियों की संख्या से आठ अधिक है।

# ट्रंपलमैन और फ्राइलिंक चमके, नामीबिया ने स्कॉटलैंड को चार विकेट से हराया



**भाषा।** अबुधाबी

**बाएं हाथ** के तेज गेंदबाजों रूबेन ट्रंपलमैन और जेन फ्राइलिंक की तूफानी गेंदबाजी से नामीबिया ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के ग्रुप दो मैच में बुधवार को यहां स्कॉटलैंड को चार विकेट से हरा दिया। पहले ओवर में तीन विकेट चटकाने वाले ट्रंपलमैन (17 रन पर तीन विकेट) और फ्राइलिंक (10 रन देकर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने स्कॉटलैंड की टीम आठ विकेट पर 109 रन ही बना सकी। छठा मैच खेल रहे ट्रंपलमैन के करियर का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

स्कॉटलैंड की ओर से माइकल लीस्क 44 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा क्रिस ग्रीव्स (25) और सलामी बल्लेबाज मैथ्यू क्रॉस (19) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। नामीबिया ने इसके जवाब में जेजे स्मिट (23 गेंद में नाबाद 32, दो छक्के और दो चौके) और सलामी बल्लेबाज क्रेग विलियम्स (23) की पारियों की बदौलत पांच गेंद शेष रहते छह विकेट पर 115 रन बनाकर जीत दर्ज की। नामीबिया को माइकल वान लिंगेन (18) और विलियम्स ने पहले विकेट के लिए 28 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। वान लिंगेन ने जोश डेवी पर लगातार दो चौके जड़े लेकिन साफयान शरीफ ने उन्हें रिची बेरिंगटन के हाथों कैच करा दिया। नामीबिया ने पावर प्ले में एक विकेट पर 29 रन बनाए। विलियम्स और जेम्स ग्रीन (09) ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। ग्रीन ने क्रिस ग्रीव्स पर चौका जड़ा जबकि विलियम्स ने मार्क वाट पर पारी का पहला छक्का मारकर नौवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। ग्रीव्स ने ग्रीन को मुन्से के हाथों कैच कराके नामीबिया को दूसरा झटका दिया। लीस्क (12 रन पर दो विकेट) ने इसके बाद कप्तान गेरहार्ड इरासमस (04) को बोल्ड किया जबकि वाट ने विलियम्स को स्टंप कराके नामीबिया का स्कोर चार विकेट पर 67 रन किया। स्मिट और डेविड वाइसी (16) ने इसके बाद मोर्चा संभाला। नामीबिया को अंतिम छह ओवर में जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी। स्मिट ने शरीफ पर चौका जड़ने के बाद ग्रीव्स की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। वाइसी ने भी लीस्ट पर छक्का जड़ा लेकिन इसी गेंदबाज का शिकार बन गए। नामीबिया को अंतिम दो ओवर में सात रन की दरकार थी। स्मिट ने ब्रेडली व्हील पर चौका और फिर एक रन के साथ स्कोर बराबर किया लेकिन अगली गेंद पर फ्राइलिंक (02) पवेलियन लौट गए। स्मिट ने अंतिम ओवर की पहली गेंद पर शरीफ पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। इससे पहले नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और प्लेयर आफ द मैच ट्रंपलमैन ने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाकर इस फैसला को सही साबित किया। जॉर्ज मुन्से (00) ट्रंपलमैन की मैच की पहली ही गेंद को विकेटों पर खेल गए जबकि तीसरी गेंद पर कैलम मैकलियोड (00) ने विकेटकीपर जेन ग्रीन के हाथों कैच थमाया। ट्रंपलमैन ने अगली गेंद पर बेहतरीन फॉर्म में चल रहे और कार्यवाहक कप्तान रिची बेरिंगटन (00) को पगबाधा करके स्कॉटलैंड का स्कोर तीन विकेट पर दो रन किया। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब किसी गेंदबाज ने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाए हैं। इससे पहले जून 2019 में श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था। क्रॉस ने पांचवें ओवर में ट्रंपलमैन पर पारी का पहला चौका जड़ा लेकिन अनुभवी डेविड वाइसी (22 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में क्रेग वालेस (04) को पगबाधा कर दिया।

# टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसके कोहली

**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली यहां चल रहे टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बावजूद बुधवार को जारी आईसीसी पुरूष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गए जबकि उनके साथी केएल राहुल को दो पायदान का नुकसान हुआ और वह आठवें नंबर पर लुढ़क गए हैं। भारत को हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को हुए सुपर 12 के मुकाबले में 10 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी थी लेकिन कोहली (725 रेटिंग अंक) ने इसमें 49 गेंद में 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी जबकि राहुल (684) ने तीन रन बनाए थे। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान तीन पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं।



# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

**भाषा।** अबुधाबी

**इंग्लैंड** ने शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय (61) के अर्द्धशतक से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप एक के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पिछले मैच में वेस्टइंडीज पर शानदार जीत दर्ज करने वाली इंग्लैंड की टीम ग्रुप एक तालिका में चार अंक लेकर पहले स्थान पर है। इंग्लैंड की गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी।

प्लेयर आफ द मैच जेसन रॉय और जोस बटलर ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। जेसन रॉय ने 38 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जड़ति अर्धशतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम ने हालांकि जोस बटलर (18) का विकेट पावरप्ले में 39 रन पर ही गंवा दिया था। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 50 रन था। लेकिन शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टीम की जीत सुनिश्चित की। जेसन रॉय और डेविड मलान के बीच दूसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 73 रन की साझेदारी बनी। यह भागीदारी 13वें ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने तोड़ी। डेविड मलान 25 गेंद में तीन चौके से 28 रन और जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश के लिए मुशफिकुर रहीम 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कप्तान महमूदुल्लाह ने 19 रन का योगदान दिया। अंत में नासुम अहमद ने नौ गेंद में दो छक्के और एक चौके से नाबाद 19 रन बनाकर बांग्लादेश को 124 रन तक पहुंचाने में मदद की। इंग्लैंड के लिए लिए फिर आल राउंडर मोईन अली ने पावरप्ले में दो विकेट झटके,



उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। टिमाल मिल्स ने अंतिम ओवर में दो खिलाड़ियों को आउट कर अपने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। लियाम लिविंगस्टोन ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट चटकाए जबकि क्रिस वोक्स ने चार ओवर में महज 12 रन दिए और एक विकेट भी झटका। वेस्टइंडीज को पिछले मैच में 55 रन पर समेटने वाली इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस मैच में भी वैसा ही प्रदर्शन जारी रखा। बांग्लादेश ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट तीसरे ओवर में गंवा दिए। लिटन दास (09) ने मोईन अली पर पहले ओवर में दो चौके लगाकर 10 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत कराई थी, पर वह इसी गेंदबाज के दूसरे ओवर में स्वीप करने के प्रयास में लिविंगस्टोन को आसान कैच देकर आउट हो गए। और अगली ही गेंद को उनके साथी मोहम्मद नईम (05) सही टाइमिंग नहीं कर सके और मिड आन पर आसान कैच देकर पवेलियन पहुंचे। बांग्लादेश ने 14 रन पर दो विकेट खो दिए।

छठे ओवर में आल राउंडर शाकिब अल हसन (04) क्रिस वोक्स की धीमी गेंद को फाइन लेग पर ऊंचा खेलने के प्रयास में गलती कर बैठे, पर आदिल राशिद ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। पावरप्ले में बांग्लादेश का स्कोर 27 रन पर तीन विकेट था। मुशिफकुर रहीम (30 गेंद में तीन चौके) और महमूदुल्लाह ने चौथे विकेट के लिए साझेदारी बनाने का प्रयास किया और 10 ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड ने अगले ओवर में क्रीज पर जमे हुए मुशिफकुर रहीम को आउट कर बांग्लादेश को चौथा झटका दिया जो लिविंगस्टोन की गेंद को रिवर्स स्विप करना चाह रहे थे। मैदानी अंपायर ने पगबाधा अपील ठुकरा दी जिसके बाद इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने रिव्यू लिया जिसमें रहीम को आउट करार दिया गया और 32 गेंद में 37 रन की चौथे विकेट की साझेदारी समाप्त हुई। अफीफ हुसैन छह गेंद ही खेल सके थे और एक रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए। महमूदुल्लाह (24 गेंद में एक चौका) लिविंगस्टोन की गेंद पर आसान कैच दे बैठे और 15 ओवर के बाद स्कोर छह विकेट पर 83 रन था। मेहदी हसन के रूप में बांग्लादेश ने सातवां विकेट 18वें ओवर में गंवाया। अगले ओवर में पुछल्ले बल्लेबाज नासुम अहमद ने आदिल राशिद पर दो छक्के और एक चौका लगाकर 17 रन जोड़कर बांग्लादेश को 120 रन के करीब पहुंचाया। अंतिम ओवर में मिल्स ने नुरूल हसन (16 रन) और मुस्तफिजुर रहमान को आउट किया।




## क्विक न्यूज

### हितों के टकराव से बचने के लिए एटीके मोहन बागान में पद छोड़ेंगे गांगुली

**कोलकाता।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली इंडियन सुपर लीग फ्रेंचाइजी एटीके मोहन बागान मे अपना पद छोड़ेंगे जिससे कि हितो मे टकराव की संभावना से बचा जा सके। गांगुली फुटबॉल क्लब एटीके मोहन बागान में निदेशक है। कोलकाता के दिग्गज औद्योगिक घराने आरपी संजीव गोयनका समूह के नई आईपीएल लखनऊ फ्रेंचाइजी रिकॉर्ड 7090 करोड़ रुपए में खरीदने के कुछ दिनों बाद गांगुली ऐसा कर सकते है। संजीव गोयनका ने सीएनबीसी-टीवी 18 से कहा, मुझे लगता है कि वह मोहन बागान में पूरी तरह से पद छोड़ देगा। मुझे लगता है कि आज। यह घोषणा सौरव को करनी है। मेरे कहने का मतलब है कि माफ कीजिए। मुझे लगता है कि मैने जल्दबाजी कर दी। पता चला है कि पूर्व भारतीय कप्तान ने एटीके मोहन बागान में अपनी भूमिका छोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस क्लब में गांगुली की हिस्सेदारी है और गोयनका भी इस क्लब के सह मालिक है।

### यूएस ओपन के बाद राडुकानू ने पहली जीत दर्ज की

**क्लज नापोका (रोमानिया)।** एम्मा राडुकानू ने ट्रांसिल्वेनिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर मे स्लोवेनिया की पोलोना हरकोग को 4-6, 7-5, 6-1 से हराया जो छह सप्ताह पहले यूएस ओपन का खिताब जीतने के बाद उनकी पहली जीत है। यही नही इस युवा खिलाड़ी की डब्ल्यूटीए टूर मे भी यह पहली जीत है। ग्रैडस्लैम टूर्नामेंट का संचालन डब्ल्यूटीए या एटीपी टूर नही करते है। वह ग्रैडस्लैम टूर्नामेंट जीतने वाली पहली क्वालीफायर थी और इसके दो सप्ताह बाद वह अपने कोच एंड्रयू रिचर्डसन से अलग हो गई थी। इसके बाद वह केवल इंडियन वेल्स मे खेली थी जहां उन्हे पहले दौर मे हार झेलनी पड़ी थी।पहले दौर के एक अन्य मैच मे रूस की वारवरा ग्रेचेवा ने जर्मनी की आंद्रिया पेटकोविच को 6-4, 2-6, 6-4 से पराजित किया।

### मुश्ताक अली ट्राफी के लिए टीम में शामिल मुंबई के चार खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव पाए गए

**मुंबई।** सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के लिए मुंबई की टीम मे शामिल चार खिलाड़ियो को कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया है और उनके स्थान पर नए खिलाड़ियो का चयन कर लिया है। विश्वसनीय सूत्रो ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, सीनियर टीम के चार खिलाड़ियो का परीक्षण पॉजिटिव आया है। ए खिलाड़ी शम्स मुलानी, साइराज पाटिल, प्रशांत सोलंकी और सरफराज खान है। यह भी पता चला है कि मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इन चारो के स्थान पर नए खिलाड़ियो का चयन कर लिया है जिनके नामो की घोषणा जल्द की जाएगी। सूत्रो ने कहा, हम (चारो नए खिलाड़ियो का) रैपिड आरटी-पीसीआर परीक्षण करवा रहे है तथा उनकी रिपोर्ट जल्द आ जाएगी जिसके बाद ही वे टीम से जुड़ेंगे।

## मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप

# निशांत देव दूसरे दौर में, गोविंद अंतिम 16 में

**भाषा।** बेलग्रेड

**निशांत** देव दूसरे दौर में, बेलग्रेड, 27 अक्टूबर (भाषा) पदार्पण कर रहे निशांत देव (71 किग्रा) बुधवार को यहां एआईबीए पुरूष विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गए जबकि गोविंद साहनी (48 किग्रा) ने शुरूआती मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज कर प्री क्वार्टर में प्रवेश किया जिससे भारतीय मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। देव ने हंगरी के लास्जलो कोजाक पर 5-0 से शानदार जीत दर्ज की जबकि साहनी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इक्वाडोर के बिली एरियास ओरिट्ज को 3-2 से हराया।

देव का सामना अब मौरिशस के मर्वेन क्लेयर से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली है। साहनी का सामना अब अंतिम 16 में जार्जिया के साखिल अलखवेरदोवी से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली है। साहनी को पहले दौर में सभी जजों से निराशा मिली थी। लेकिन उन्होंने अगले दो दौर में अपने




ताकतवर मुक्कों से पस्त कर जीत दर्ज की। देव ने भारत के लिए दिन की शानदार शुरूआत की। लेकिन पदार्पण कर रहे एक अन्य मुक्केबाज लक्ष्य चाहर (86 किग्रा) को कोरिया के किम हियोंगक्यू से हार का सामना करना पड़ा क्योंकि इस मुकाबले को दूसरे दौर में ही रोकना पड़ा। हेड बट (सिर से प्रहार) से भारतीय मुक्केबाज चाहर के माथे पर कट लग गया जिसके लिए चिकित्सीय मदद ली गई। पर इससे फिर खून निकलने लगा और मुकाबला रोक दिया गया। चाहर ने शुरूआती राउंड 4-। से जीत लिया था लेकिन जब मुकाबला रोका गया तो जजों ने इसे कोरियाई मुक्केबाज के पक्ष में कर दिया। भारतीय हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिख रहे थे जिससे चाहर भी हैरान थे। सुमित (75 किग्रा) और नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) ने बीती रात अपने वजन वर्गों में शानदार जीत से दूसरे दौर में प्रवेश किया था। सुमित ने जमैका के डेमन ओ नील को 5-0 से जबकि नरेंदर ने पोलैंड के ओस्कर साफरयान पर 4-। से जीत हासिल की। सुमित का सामना ताजिकिस्तान के अब्दुमलिक बोल्ताएव जबकि बेरवाल की भिड़ंत सिएरा लियोन के मोहम्मद केनदेह से होगी।

# पेनल्टी शूटआउट में जीता चेल्सी आर्सनल की आसान जीत

**एपी।** लंदन

**चेल्सी** ने सत्र में तीसरी बार पेनल्टी शूट आउट में जीत दर्ज करके लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट में आगे कदम बढ़ाए जबकि आर्सनल ने आसानी से क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

रीस जेम्स ने पेनल्टी पर गोल करके चेल्सी को साउथम्पटन पर 4-3 से जीत दिलाई। इससे पहले नियमित समय तक दोनों टीमें।-। से बराबरी पर थी। चेल्सी की तरफ से काइ हावर्ट्ज ने गोल किया जकि चे एडम्स ने दूसरे हाफ के शुरू में साउथम्पटन के लिए बराबरी का गोल दागा। चेल्सी ने इससे पहले एस्टन विला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर चौथे दौर में जगह बनाई थी। उसने यूएफा सुपर कप में भी विल्लारीयाल को पेनल्टी शूटआउट में हराया था। प्रीमियर लीग की टीमों के बीच एक अन्य मुकाबले में आर्सनल ने लीड्स को 2-0 से हराया। विजेता टीम की तरफ से कैलम चैम्बर्स और एटी केटियाह ने गोल किए। तीसरे डिवीजन की टीम सुंदरलैंड ने पेनल्टी शूटआउट में दूसरे डिवीजन की क्वीन्स पार्क रेंजर्स को 3-। से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। नियमित समय तक दोनों टीमें गोल करने में असफल रही थी।



# टोरिनो को हराकर मिलान तीन अंक की बढ़त से शीर्ष पर

**एपी।** मिलान

**एसी** मिलान को फिर से संघर्ष करना पड़ा लेकिन टोरिनो पर।-0 की जीत से वह इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में तीन अंक की स्पष्ट बढ़त के साथ शीर्ष पर काबिज हो गया। ओलिवियर गिरोड ने खेल के 14वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल किया लेकिन यह मिलान को तीन अंक दिलाने के लिए पर्याप्त था। मिलान के अब 10 मैचों में 28 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर की टीम नैपोली (नौ मैचों में 25 अंक) से आगे है। नैपोली गुरुवार को बोलोग्ना से भिड़ेगा।

एक अन्य मैच में सालेरनिटाना ने 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे वेनेजिया को 2-। से हराया जबकि स्पेजिया और जेनोआ का मैच।-। से ड्रा छूटा।

# सिंधू और लक्ष्य जीते, साइना मुकाबले के बीच से हटीं




**भाषा।** पेरिस

**दो बार** की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत बाहर हो गए जिससे भारत के लिए दिन मिश्रित सफलता वाला रहा। सिंधू ने डेनमार्क की जूली डेवाल जेकबसन को महिला एकल के पहले दौर के मुकाबले में 21-15 21-18 से शिकस्त दी जबकि लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना जापान की सयाका ताकाहाशी के खिलाफ 11-21 2-9 से पिछड़ने के बाद मुकाबले से हट गई। साइना को उबेर कप फाइनल के दौरान ग्रोइन में चोट लगी थी। तीसरी वरीय सिंधू अगले मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से भिड़ेंगी। लक्ष्य ने पुरुष एकल के आसान मुकाबले में आयरलैंड के एनहाट एनगुएन को 21-10 21-16 से हराया। वह अगले दौर में सिंगापुर के लोह कीन युव के खिलाफ खेलेंगे। सौरभ वर्मा ने भी सकारात्मक शुरुआत करते हुए ब्राजील के यगोर कोएल्हो को कड़े मुकाबले में 22-20 21-19 से शिकस्त दी। वह दूसरे दौर में जापान के केंता निशिमोतो से भिड़ेंगे। मंगलवार को पहले दौर का मुकाबला खेलने वाले सौरभ के छोटे भाई समीर की भिड़ंत इंडोनेशिया के शेसार हिरेन रूस्तावितो से होगी। श्रीकांत, पारुपल्ली कश्यप और एचएस प्रणय को हालांकि शिकस्त का सामना करना पड़ा। रियो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले श्रीकांत ने जापान के शीर्ष वरीय केंतो मोमोता को कड़ी दी लेकिन हार से बच नहीं पाए।

# ग्रामीण ओलंपिक 31 को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में 31 अक्टूबर को ग्राम भौंली नगर पंचायत बख्शी का तालाब में एक दिवसीय ग्रामीण ओलंपिक, परम्परागत एवं भूले बिसरे खेल करा रही है। इसके लिए भौंली गांव को एक खेल गांव के रूप में तैयार किया जा रहा है। यहां ग्रामीणों से लेकर महिलाओं, श्रमिकों, पल्लेदारों, बालिकाओं, बच्चों व बुजुर्गों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं होगी। एसोसिएशन के सचिव एके सक्सेना ने बताया कि यहां महिलाओं के लिए हैंडपंप से पानी भरना, भैंस दुहना, रस्साकसी तथा गुटट्क की स्पर्धाएं होंगी। इसके साथ बालिकाओं के लिए रस्सी कूद व गिप्पल होंगे तो पल्लेदारों के लिए तीन बच्चे लादकर 50 मीटर चलना तथा ट्राली में 50 किलो के बोरे लादना की स्पर्धा होगी। इसके साथ ग्रामीण श्रमिकों के लिए ईट फेंकना, ईंट सिर पर ढोना, तीन किमी की दूधिया साइकिल रेस होगी। इसके साथ बुजुर्गों च जन प्रतिनिधियों की 100 मीटर दौड़ व वॉक प्रतियोगिता तो बच्चों के लिए गुल्लीडंडाए पैर मुठठ्ी जम्पए एसएमएस प्रतियोगिता तथा साइकिल टायर चलाने की स्पर्धा होगी। एके सक्सेना ने बताया कि इन खेलों में लगभग 500 गामीण खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

# नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम (द्वितीय कैम्पस) के कक्षा-3 के प्रतिभाशाली छात्र अथर्व कुमार वर्मा ने ओपेन नेशनल चैम्पियनशिप-2021 के अन्तर्गत आयोजित ताईक्वान्डो प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। अथर्व ने यह गोल्ड मेडल अण्डर-10 कैटेगरी में जीता है। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स एण्ड एक्टिविटी डेवलपमेन्ट फाउण्डेशन के तत्वावधान में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में देश भर के



प्रतिभाशाली बाल खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# अमेरिका ने ब्रिटिश अदालत से असांजे के प्रत्यर्पण की अनुमति देने को कहा

एपी। लंदन

**अमेरिका** ने ब्रिटेन के हाई कोर्ट से बुधवार को आग्रह किया कि एक न्यायाधीश के इस फैसले को बदल देना चाहिए कि विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को जासूसी के आरोपों का सामना करने के लिए अमेरिका नहीं भेजा जाना चाहिए। अमेरिका ने वादा किया कि सजा सुनाए जाने की स्थिति में असांजे अपने मूल देश ऑस्ट्रेलिया में सजा काट सकेंगे। जनवरी में, एक निचली अदालत के न्यायाधीश ने एक दशक पहले गोपनीय सैन्य दस्तावेजों के विकीलीक्स द्वारा प्रकाशन को लेकर जासूसी के आरोपों पर असांजे को प्रत्यर्पित करने के अमेरिका के अनुरोध को खारिज कर दिया था।

डिस्ट्रिक्ट जज वानेसा बैरैट्सर ने स्वास्थ्य आधार पर प्रत्यर्पण से इनकार करते हुए कहा कि असांजे को अगर अमेरिका की जेल में कठिन हालात में रखा जाता है तो वह खुदकुशी कर सकते हैं। उन्होंने जनवरी में दिए गए अपने फैसले में बचाव पक्ष की इन दलीलों को खारिज कर दिया था कि असांजे राजनीतिक रूप से प्रेरित अमेरिकी अभियोजन का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी न्यायप्रणाली में उनके मामले में निष्पक्ष सुनवाई होगी। अमेरिकी सरकार के अटॉर्नी जेम्स लुईस ने बुधवार को दलील दी कि न्यायाधीश ने यह कहने में गलती की है कि असांजे की मानसिक सेहत इतनी कमजोर है कि वह अमेरिकी न्याय प्रणाली का सामना नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि असांजे का गंभीर और लंबे समय तक मानसिक बीमारी का कोई इतिहास नहीं रहा है और इतने अस्वस्थ नहीं हैं कि अमेरिका भेजे जाने पर उनके आत्महत्या करने का जोखिम है।

लुईस ने कहा कि अमेरिका के अधिकारियों ने वादा किया था कि असांजे पर किसी उच्चस्तरीय सुरक्षा वाली सुपरमैक्स कारावास में मुकदमा नहीं चलेगा या उन्हें अलग-थलग रखने वाली कठिन परिस्थितियों का सामना नहीं करना होगा और दोषी साबित होने पर वह ऑस्ट्रेलिया में कोई भी सजा काट सकेंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिका इन आश्वासनों के लिए प्रतिबद्ध है। असांजे के वकील एडवर्ड फित्जगेराल्ड ने लिखित दलील में कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने असांजे के दोषी साबित होने पर उन्हें लेने पर सहमति नहीं जताई है। उन्होंने कहा कि अगर ऑस्ट्रेलिया मान भी जाता है तो अमेरिकी कानूनी प्रक्रिया में एक दशक लग सकता है जिस दौरान असांजे अमेरिका की किसी जेल में अत्यंत अलग-थलग बंद रहेंगे। उन्होंने अमेरिकी वकीलों पर असांजे की मानसिक समस्या और आत्महत्या के जोखिम की गंभीरता को कमतर करने का आरोप लगाया।

लंदन की उच्च-सुरक्षा वाली बेलमार्श जेल में बंद असांजे वीडियो लिंक से दो दिन की सुनवाई में शामिल हो सकते हैं। फित्जगेराल्ड ने कहा कि असांजे को बहुत ज्यादा दवाइयां दी जा रहीं है और वह कार्यवाही में शामिल होने के लिहाज से सक्षम महसूस नहीं कर रहे।



लंदन में जूलियन असांजे की साथी स्टेला मॉरिस उच्च न्यायालय के बाहर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए

# रूसी उपकरणों के बगैर भारतीय सेना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती: सीआरएस रिपोर्ट

भाषा। वाशिंगटन

**रूसी** हथियारों और उपकरणों पर भारत की निर्भरता में उल्लेखनीय गिरावट आई है, लेकिन भारतीय सेना रूसी आपूर्ति वाले उपकरणों के बिना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती और निकट भविष्य में भारत की रूस की हथियार प्रणालियों पर निर्भरता बनी रहेगी। कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस (सीआरएस) की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह रिपोर्ट बाइडन प्रशासन के उस महत्वपूर्ण फैसले से पहले आई है जिसमें बाइडन प्रशासन को भारत की रूस से सैन्य हथियार की खरीद को सीमित करना होगा। स्वतंत्र निकाय सीआरएस ने अपनी रिपोर्ट रूसी हथियार बिक्री और रक्षा उद्योग में कहा है, भारत और उसके बाहर कई विश्लेषकों का निष्कर्ष है कि भारतीय सेना रूसी उपकरणों के बिना प्रभावी ढंग से काम नहीं कर सकती और निकट भविष्य में रूसी हथियार प्रणालियों पर उसकी निर्भरता जारी रहेगी। सीआरएस स्वतंत्र विषयों के विशेषज्ञों के जरिए विभिन्न मुद्दों पर समय-समय पर रिपोर्ट तैयार करता है। इसकी रिपोर्टें कांग्रेस की आधिकारिक रिपोर्ट नहीं हैं और सांसदों को निर्णय लेने में मदद करने के लिए तैयार की जाती है। रिपोर्ट में एक ग्राफिक के जरिए दिखाया गया है कि 2015 के बाद से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में रूस से उपकरणों के आयात में लगातार गिरावट आई है।अपनी रिपोर्ट में सीआरएस ने कहा कि 2016 से चल रही रूस निर्मित वायु रक्षा प्रणाली एस-400 को खरीदने की भारत की योजना पर अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) की धारा 231 के तहत अमेरिकी रोक लग सकती है। इस कानून के तहत अमेरिका अपने सभी सहयोगियों और साझेदारों से, रूस से किसी भी प्रकार के सैन्य लेन-देन को तत्काल रोकने का आग्रह करता है और ऐसा न होने पर इन देशों को अमेरिका द्वारा अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरोध हेतु बनाए गए दंडात्मक सीएएटीएसए का सामना करना पड़ सकता है। सीआरएस ने कहा कि हाल की मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि भारत एस-400 को शामिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है जिसकी पहली आपूर्ति 2021 में निर्धारित है और जिसे 2023 की शुरुआत तक पूरा किया जाएगा। इसने कहा कि अगस्त 2021 में रूसी अधिकारियों ने बताया कि एस-400 की आपूर्ति 2021 के अंत तक शुरू हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2010 के बाद से रूस सभी भारतीय हथियारों के लगभग दो-तिहाई (62 प्रतिशत) आयात का स्रोत रहा है और भारत सबसे बड़ा रूसी हथियार आयातक रहा है, जिसकी रूसी हथियार निर्यात लगभग एक-तिहाई (32 प्रतिशत) हिस्सेदारी है।

# बाइडन से भारत के खिलाफ पाबंदी नहीं लगाने की अपील

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के दो शक्तिशाली सीनेटरों ने राष्ट्रपति जो बाइडन से सतह से हवा में मार करने वाली रूसी एस-400 मिसाइल प्रणाली खरीदने के लिए भारत के खिलाफ काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शंस एक्ट (सीएएटीएसए) के प्रावधानों को लागू नहीं करने का आग्रह किया है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर मार्क वार्नर और रिपब्लिकन पार्टी के जॉन कॉर्निन ने मंगलवार को राष्ट्रपति बाइडन को लिखे एक पत्र में भारत को सीएएटीएसए के तहत राष्ट्रीय हित में छूट देने का आग्रह किया। सीनेटरों ने कहा कि यह अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हित में है।

सीनेटरों ने पत्र में लिखा, हम आपसे सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 ट्रूअिम्फ मिसाइल प्रणाली की योजनाबद्ध खरीद के मामले में भारत को सीएएटीएसए में छूट देने की अपील करते हैं। यह कानून राष्ट्रपति को ऐसे मामलों में प्रतिबंधों को लागू करने में अतिरिक्त विवेक का इस्तेमाल करने का अधिकार देता है, जिनमें छूट देने से अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को बढ़ावा मिलता हो। उन्होंने लिखा, हम रूसी उपकरणों की खरीद और रूस के साथ भारत के निरंतर सहयोग के बारे में आपकी चिंताओं को समझते हैं। हम चाहते हैं कि आपका प्रशासन इस चिंता से भारतीय अधिकारियों को अवगत कराता रहे।

भारत ने अक्टूबर 2018 में तत्कालीन ट्रंप प्रशासन की चेतावनी को दरकिनार कर रूस से वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली एस-400 की पांच यूनिट खरीदने के लिए पांच अरब डॉलर के करार पर हस्ताक्षर किए थे। ट्रंप प्रशासन ने भारत पर सीएएटीएसए के तहत पाबंदी लगाने की चेतावनी दी थी। सीएएटीएसए एक सख्त अमेरिकी कानून है जो प्रशासन को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अधिकृत करता है जो 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे और 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में कथित हस्तक्षेप के बाद भी रूस से प्रमुख रक्षा हार्डवेयर खरीदते हैं।

## भारत के साथ गठबंधन की अपील

**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत निकी हेली और सांसद माइक वाल्ट्ज ने भारत एवं अमेरिका के बीच गठबंधन का आह्वान करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों को क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख के बीच अपनी वैश्विक ताकत को बरकरार रखने और विस्तार देने में मदद मिलेगी। वाल्ट्ज प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति के सदस्य हैं और इंडिया कॉकस के रिपब्लिकन उपाध्यक्ष हैं। हेली और वाल्ट्स ने प्रतिष्ठित फोरेन पॉलिसी पत्रिका के ताजा संस्करण में लिखा, 10 लाख से अधिक सैन्यबलों वाली एक परमाणु शक्ति के रूप में, मजबूत होती नौसेना और एक शीर्ष स्तरीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के साथ और अमेरिका के एक पुराने आर्थिक एवं सैन्य सहयोगी के रूप में भारत एक मजबूत साझेदार बनेगा। उन्होंने कहा, भारत के साथ गठबंधन से दोनों देशों को अपनी वैश्विक ताकत को बरकरार रखने और विस्तार देने में मदद मिलेगी तथा अमेरिका जापान एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ मिलकर अफगानिस्तान में संभावित आतंकवादी खतरों और चीन के लिए एक वास्तविक अवरोधक बनेगा। हेली और वाल्ट्स ने लिखा कि अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की वापसी के बाद केवल भारत ही वहां प्रभावी ढंग से सतर्कता से नजर रख सकता है और केवल वही चीन की गतिविधियों पर नजर रख सकता है। दोनों रिपब्लिकन नेताओं ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच गठबंधन चीन को मध्य एवं दक्षिणी एशिया में और विस्तार देने से रोकेगा।



ग्लासगो में पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत विरोध प्रदर्शन का एक दृश्य

# साइबर हमले का उद्देश्य अव्यवस्था पैदा करना: ईरानी राष्ट्रपति

एपी। दुबई

**ईरान** के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने बुधवार को कहा कि देश भर में गैस स्टेशनों को बंद करने वाले साइबर हमले का उद्देश्य अव्यवस्था और व्यवधान पैदा करके लोगों को नाराज़ करना है, क्योंकि घटना के एक दिन बाद पंपों के बाहर लंबी कतारें लगी हैं। रईसी ने मंगलवार को हुए साइबर हमले के बाद पहली बार यह टिप्पणी की, लेकिन इस घटना के लिए उन्होंने किसी को विशेष रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया। साइबर हमले के कारण सरकार की ओर से जारी इलेक्ट्रोनिक कार्ड बेकार हो गए, जिसके माध्यम से अनेक ईरानी नागरिक पम्पों पर सब्सिडी वाले ईंधन खरीदते हैं।

हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि उनका और अन्य लोगों का मानना है कि साइबर हमले के पीछे ईरान-विरोधी ताकते हैं, जिन्होंने गैसोलीन की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के खिलाफ कार्वाई के दो साल पूरे होने के अवसर पर इस घटना को अंजाम दिया है ताकि नागरिकों को उद्वेलित किया जा सके। रईसी ने कहा, साइबर युद्ध के क्षेत्र में गंभीर तैयारी होनी चाहिए और संबंधित निकायों को दुश्मन को लोगों के जीवन में समस्या पैदा करने के अपने कुत्सित इरादों को अंजाम देने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। सरकारी टेलीविजन चैनल ने बाद में राष्ट्रपति के, मध्य तेहरान में एक गैस स्टेशन के दौरे का फुटेज दिखाया। किसी भी समूह या संगठन ने फिलहाल मंगलवार को शुरू हुए साइबर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, हालांकि ए हमले पिछले हमलों के समान हैं, जो ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को सीधे चुनौती देते हैं। गौरतलब है कि पूरे ईरान के ईंधन बिक्री केंद्र (पेट्रोल पंप) पर मंगलवार को उस समय काम ठप हो गया था, जब ईंधन सब्सिडी की प्रणाली को नियंत्रित करने वाले सॉफ्टवेयर में खराबी आ गई और बिक्री रोकनी पड़ी। इस बीच ईरान की सरकारी संवाद समिति इरना ने बुधवार सुबह एक अन्य अधिकारी के हवाले से खबर दी है कि ईरान के 80 फीसदी गैस स्टेशनों में फिर से ईंधन बिक्री शुरू हो गई है। इस घटना को साइबर हमले का नाम देने वाली अर्धसरकारी संवाद समिति इसना ने कहा कि जो लोग सरकार द्वारा जारी कार्ड से गैस खरीदने का प्रयास कर रहे थे, उनके पास साइबर हमला 64411 नामक संदेश आ रहा था। संवाद समिति ने बाद में यह रिपोर्ट हटा दी।

# विवादित बौद्ध भिक्षु के नेतृत्व में एक देश एक कानून के लिए कार्यबल गठित

## ● श्रीलंका के राष्ट्रपति ने गठित किया तेरह सदस्यों वाला कार्यबल

भाषा। कोलंबो

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने देश में एक देश, एक कानून की अवधारणा की स्थापना के लिए 13 सदस्यों का एक कार्यबल गठित किया है, जिसका नेतृत्व मुस्लिम विरोधी रुख के लिए मशहूर एक कट्टर बौद्ध भिक्षु कर रहे हैं।

एक देश एक कानून 2019 के चुनाव में राजपक्षे का नारा था और उन्हें इस चुनाव में देश की बहुसंख्यक आबादी बौद्ध की तरफ से भारी समर्थन मिला था। एक देश एक कानून अवधारणा की स्थापना के लिए एक विशेष राजपत्र के द्वारा राष्ट्रपति ने कार्य बल नियुक्त किया। इसका नेतृत्व गलागोदाथ ज्ञानसारा कर रहे हैं, जो एक कट्टर बौद्ध भिक्षु हैं और देश में मुस्लिम विरोधी भावना का प्रतीक बने हुए हैं। ज्ञानसारा के बोदु बाला सेना (बीबीएस) या बौद्ध शक्ति बल पर 2013 में मुस्लिम विरोधी दंगे में शामिल होने का आरोप लगा था। इस कार्य बल में चार मुस्लिम विद्वान सदस्य के तौर पर हैं लेकिन अल्पसंख्यक तमिलों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। कार्यबल इस संबंध में अंतिम रिपोर्ट 28 फरवरी, 2022 को जमा करेगा जबकि हर महीने वह कार्य प्रगति के बारे में राष्ट्रपति को जानकारी देगा। एक देश एक कानून अभियान ने 2019 में ईस्टर के मौके पर हुए आत्मघाती हमले के बाद जोर पकड़ लिया। इस हमले में 11 भारतीय लोगों समेत 270 लोगों की मौत हुई थी। हमले का आरोप चरमपंथी इस्लामी समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) पर लगा।

# भारतवंशी सांसदों, बाइडन प्रशासन के शीर्ष सदस्यों ने कांग्रेस में मनाई दिवाली

भाषा। वाशिंगटन

**भारतवंशी** अमेरिकी सांसदों की अगुवाई में राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के शीर्ष सदस्यों और देशभर के भारतवंशी समुदाय के सदस्यों के एक समूह लोकतंत्र के मंदिर अमेरिकी कांग्रेस में रोशनी का त्योहार दिवाली मनाने के लिए एकत्र हुआ।

अमेरिकी कांग्रेस में यह दृश्य अमेरिका के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में इस छोटे लेकिन प्रभावशाली समुदाय के उभार को दर्शाता है। सांसदों ने अमेरिका के विकास में भारतवंशी अमेरिकियों के योगदान की प्रशंसा की और कोविड-19 के बाद की दुनिया में दिवाली के महत्व पर प्रकाश डाला।

अमेरिका के सर्जन जनरल डॉ. विवेक मूर्ति ने कार्यक्रम में कहा, हम पिछले लगभग दो वर्षों से एक वैश्विक महामारी का सामना कर रहे हैं, जिसने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। मैंने और हम में से कई ने परिवार के सदस्यों और दोस्तों को खोया है। मुझे मालूम है कि आप में से कई लोगों ने भी यही दुख झेला है, चाहे वह यहां रहने वाले परिवार से जुड़ा हो, भारत में बसे आपके परिवार का, या प्रवासी या दुनियाभर में कहीं भी रहने वाले अपनों का.. हमने काफी कुछ सहन किया है।

उन्होंने कहा, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में जिन चीजों ने मुझे सबसे ज्यादा चिंतित किया है, वह ऐसी अदृश्य महामारी है जिसके बीच हम जी रहे हैं। यह ध्रुवीकरण की महामारी है, जहां यह महसूस होता है कि लोग एक-दूसरे के खिलाफ हो गए हैं, जहां वे एक-दूसरे को शत्रु समझते हैं, एक-दूसरे को बुरा कहते हैं और एक-दूसरे के साथ इसी तरह का व्यवहार करते हैं। यह एक अलग तरह का अंधकार है।

कैपिटल हिल दिवाली समारोह का आयोजन इंडियास्पोरा ने समुदाय के कई संगठनों के सहयोग से किया था। अपनी मां की शिक्षाओं को याद करते हुए, डॉ. मूर्ति ने कहा कि दिवाली को अंधकार पर प्रकाश के विजय का दिन माना जाता है। उन्होंने कहा, वह हमेशा कहती थीं कि विवेक, अमेरिका में आप जिन लोगों से मिलेंगे, वे अलग-अलग धर्मों और परंपराओं से होंगे, लेकिन याद रखें कि ईश्वर का प्रकाश हमेशा उन सभी के भीतर मौजूद है, चाहे वे कहीं से भी हों।

भारतीय अमेरिकी सांसद डॉ. एमी बेरा, राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना और प्रमिला जयपाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और इस अवसर पर समुदाय को बधाई दी।



रोम में पुलिस का गश्ती दल उस क्षेत्र में गश्त करता हुआ जहां आने वाले दिनों में एक बड़ा आयोजन होने वाला है

# बगदाद में आईएस का हमला, 11 की मौत

**बगदाद।** इस्लामिक स्टेट के कुछ बंदूकधारियों ने बगदाद के पूर्वोत्तर के एक गांव में मंगलवार को हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हुए हैं। इराक के सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हमला दियाला प्रांत के बाकूबा के पूर्वोत्तर में अल-रशद के शिया बहुल गांव में हुआ। हमला क्यों किया गया यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन दो अधिकारियों ने बताया कि इस्लामिक स्टेट के आतंकवादियों ने पहले दो ग्रामीणों का अपहरण किया था और जब उन्हें फिरौती के पैसे नहीं दिए गए तो उन्होंने गांव पर हमला कर दिया। नाम उजागर ना करने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि हमले में मशीन गन का इस्तेमाल किया गया। हमले का शिकार बने सभी लोग आम नागरिक थे। वर्ष 2017 में देश से इस्लामिक स्टेट को खदेड़ दिए जाने के बाद से इराक में आम नागरिकों को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमले बेहद कम हो गए हैं, हालांकि कई इलाकों में अब भी ऐसी घटनाएं देखी जा रही हैं।

# नेपाल के प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफे से इंकार

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश चोलेंद्र शमशेर राणा के पद से इस्तीफा देने से इनकार करने पर एक न्यायिक संकट पैदा हो गया है। दरअसल, उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने एक करीबी रिश्तेदार को शेर बहादुर देउबा नीत मंत्रिमंडल का सदस्य बनाने में मदद की। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के एक वर्ग ने प्रधान न्यायाधीश राणा के इस्तीफे की मांग की है, जबकि कुछ अधिवक्ताओं ने शीर्ष न्यायालय का बहिष्कार करने का फैसला किया है।

शीर्ष न्यायालय के 15 न्यायाधीशों के साथ एक बैठक के दौरान राणा ने कहा कि वह महज इसलिए इस्तीफा नहीं देंगे कि शीर्ष पद से उनके इस्तीफे के लिए सड़कों पर और मीडिया में आवाज उठ रही है। न्यायालय के प्रवक्ता बाबूराम दहल ने कहा, राणा ने न्यायाधीशों से कहा है कि वह इसके बजाय संवैधानिक कार्यवाही का सामना करेंगे लेकिन पद से इस्तीफा नहीं देंगे।

अधिवक्ताओं के एक वर्ग द्वारा शीर्ष न्यायालय का बहिष्कार करने का फैसला किए जाने और न्यायाधीशों के बैठकों में व्यस्त रहने के चलते अदालती कामकाज प्रभावित हुआ है, जबकि हजारों मामले लंबित हैं।

नेपाल बार एसोसिएशन ने राणा के स्वेच्छा से इस्तीफा नहीं देने पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। हालांकि, दहल ने कहा कि कुछ न्यायाधीशों ने बुधवार से अपने काम पर लौटना शुरू कर दिया है।

संवैधानिक प्रावधान के मुताबिक, प्रतिनिधि सभा के 25 प्रतिशत सांसद प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव ला सकते हैं और उन्हें पद से हटाने के लिए सांसदों के दो तिहाई वोट की जरूरत होगी।

# वियतनाम में स्कूल फिर से खोलने की तैयारी

**हनोई।** वियतनाम ने कोविड-19 महामारी की वजह से पिछले छह महीने से ज्यादा समय से बंद स्कूलों को फिर से खोलने के प्रयास के तहत बुधवार से बच्चों का टीकाकरण शुरू किया।स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में 16 से 17 साल के करीब l,500 किशोर-किशोरियों को नवंबर में राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान के शुरू होने से पहले टीके की खुराक दी गई। रपोर्ट में बताया गया कि पहले चरण में वियतनाम ने बच्चों के लिए सिर्फ फाइजर टीके को मंजूरी दी। माता-पिता या अभिभावकों को अपने बच्चों के टीकाकरण के लिए सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। स्वास्थ्य मंत्री ग्युएन तान्ह लोंग ने अभियान शुरू होने से पहले मंगलवार को एक बैठक के दौरान कहा, बच्चों की, टीकाकरण के जरिए सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। पछले सप्ताह मंत्रालय ने 12 से 17 साल के बच्चों के लिए टीकाकरण को मंजूरी दी दी थी।

एक वार्तालाप स्टार्टर से अधिक, चाय ताज़गी का एक स्रोत है, आतिथ्य का एक अंदाज़ और कई लोगों के लिए आय का एक साधन है। यह कहना है विशाल परिक का। साथ ही वे चाय के इतिहास और लाभों को साझा कर रहे हैं :

# चाय

## पेय पदार्थ मात्र ही नहीं



कुछ लोगों के लिए चाय के बिना सुबह की शुरुआत करना मुश्किल होता है। दूसरों के लिए, किसी भी कठिन कार्य के लिए पहले एक अच्छी चाय की आवश्यकता होती है और कुछ के लिए, यह एक बेहोश दैनिक आराम का पेय है। चाय दुनिया भर में सबसे अधिक खपत होने वाले पेय पदार्थों में से एक है। हालाँकि, भारत में, यह एक पेय से एक भावना बन गया है। हर घर में, गली की दुकान, स्टॉल, कैफे में, अपने दैनिक आराम के प्याले में लिप्त लोगों का न मिलना मुश्किल है।

भारतीयों का चाय से गहरा लगाव और जुड़ाव है। सिर्फ बातचीत शुरू करने वाला ही नहीं, चाय में रोज़मर्रा के सांसारिक मामलों पर एक चर्चा पैदा करने की शक्ति होती है, जिसका हर कोई स्वेच्छा से हिस्सा बन जाता है। यह लोगों के करीब आने और उन्हें समझने का एक तरीका है। और सिर्फ सांसारिक ही नहीं, चाय टपरी गर्म राजनीतिक बहस के लिए भी प्रसिद्ध हैं। चाय ताज़गी का एक स्रोत है, मेहमानों के लिए एक इशारा है और कई लोगों के लिए आय का एक तरीका है। इस दैनिक अमृत के लिए भारतीयों का बहुत कुछ ऋणी है। कोई आसानी से कह सकता है कि यह पेय के रूप में साधारण खपत से परे है। यह बल्कि एक अनुष्ठान या आदत है और निस्संदेह एक उत्सव है - हर दिन का उत्सव।

भारत में, यह ज्ञात है कि चाय का उपयोग मुख्य रूप से 500 ईसा पूर्व में औषधीय प्रयोजनों के लिए किया जाता था। लेकिन 1826 में अंग्रेजों द्वारा पेश किए जाने के बाद ही इसे व्यापक रूप से जाना जाने लगा। प्रारंभ में, ब्रिटेन ने भारत में चीनी चाय की झाड़ियों की खेती करने का प्रयास किया, जो जलवायु में अंतर (हिमालय में दार्जिलिंग के क्षेत्र को छोड़कर) के कारण काफी हद तक असफल साबित हुआ। जल्द ही यह पता चला कि भारत के पास पहले से ही अपनी स्वदेशी चाय की झाड़ी थी जो उत्तर-पूर्वी भारत में असम घाटी में उगती थी।

चाय उत्पादन पर चीन के एकाधिकार को तोड़ने के प्रयास के रूप में जो शुरू हुआ, उसने भारत को एक ऐसा उपहार दिया, जिसे उसके नागरिक नहीं जानते थे कि उन्हें प्यार हो जाएगा। अंग्रेजों ने भारत में चाय को अन्य स्थानों पर निर्यात करने के लिए उगाना शुरू किया। 1837 में, ऊपरी असम के चबुआ में पहला अंग्रेजी चाय बागान स्थापित किया गया था। 1840 में, असम टी कंपनी ने इस क्षेत्र में चाय का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया। इससे चाय पीने की ब्रिटिश संस्कृति का विस्तार हुआ। दूध और चीनी के साथ काली चाय और चाय भारत के लोगों के लिए पेश की गई थी और इससे पहले कि लोग समझ पाते, इसका भारतीय संस्करण - मसाला चाय, काली चाय में दूध, चीनी और मसाले जैसे इलायची, सौंफ और लौंग मिलाकर बनाई गई, दैनिक बन गई। कई के लिए ईंधन। और आज भारत दुनिया में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

हालांकि गर्म पेय बनाने के लिए चाय की पत्तियों को बनाने की मुख्य तकनीक पहले की तरह ही रहती है, भारत के विभिन्न क्षेत्रों ने चाय का अपना संस्करण बनाने के लिए विभिन्न शैलियों और स्वादों को अपनाया। कश्मीरी कहवा चाय से लेकर कश्मीर की घाटियों से लेकर मुंबई की गलियों में चाय तक, चाय हर कुछ किलोमीटर पर स्वाद, सामग्री और चिपचिपाहट बदलती है। नीलगिरि पहाड़ियों के नीले पहाड़ों में जो चाय पी जाती है, वह कोलकाता की खास जायफल चाय से बहुत अलग है। जहां गुजरात में ठेलों की देसी चाय की सुगंध आपको चाय के लिए तरस सकती है, वहीं असम के घरेलू बगीचों की मसाला श्रृंखला आपके स्वाद को एक अनूठा स्वाद प्रदान करती है। भारतीयों के लिए, जिनकी चाय अपने समाज और संस्कृति के एक अविभाज्य हिस्से के रूप में गहराई से निहित है, उनके लिए चुनने के लिए चाय की अंतहीन किस्में हैं।

यह जानना दिलचस्प है कि भले ही अंग्रेजों ने चाय की शुरुआत की, लेकिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हमें मिलने वाली चाय की विभिन्न शैलियाँ दुनिया के विभिन्न हिस्सों से प्रभावित हुईं। इसका एक अच्छा उदाहरण कश्मीरी चाय है जिसे कहवा के नाम से जाना जाता है। कहवा स्वाद अरबी प्रभाव के लिए जाना जाता है। यह हरी चाय कश्मीर की घाटियों से निकलती है और इलायची की फली, दालचीनी की छाल और के सर की खुशबू से प्रभावित होती है, जिसे बाद में कुचले हुए बादाम के साथ ताज पहनाया जाता है।

> भारत में लगभग 64 प्रतिशत घरों में और उसमें रहने वाले 96 प्रतिशत परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है।





कहा जाता है कि कहवा के पत्ते मसाले के रास्ते से आए थे। वे क्रॉस-सांस्कृतिक महत्व रखते हैं क्योंकि 'कहवा' नाम अरबी मूल का है। परंपरागत रूप से, यह तांबे की के तली में तैयार किया जाता है, जिसे समोवर के रूप में जाना जाता है, जो तुर्की, अरबी और रूसी लोगों की तरह है।

इतिहास बताता है कि भारत में प्रत्येक क्षेत्र में चाय बनाने की शैली स्थानीय जड़ी-बूटियों और मसालों की उपलब्धता पर निर्भर करती है जो इस क्षेत्र में उगती हैं। एक अन्य कारक जिसने चाय को प्रभावित किया, वह था क्षेत्र के शासक और व्यापारी और उसके कारण आने वाली और बाहर जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और मसाले।

वैदिक काल में भी ऐसा ही था। जैसे ही भारत ने विभिन्न नई जड़ी-बूटियों और मसालों का आगमन देखा, आयुर्वेद फलने-फूलने लगा। शाब्दिक अर्थ है 'जीवन का विज्ञान', प्राचीन भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों, मसालों और फूलों का उपयोग किया जाता है जो स्वास्थ्य लाभ से भरे होते हैं और बीमारियों को ठीक करने के लिए चाय के लाभों के साथ संयुक्त होते हैं। चाय के विभिन्न औषधीय लाभ हैं और यह पारंपरिक तरीकों से रोगों को ठीक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आज भी जैसे-जैसे लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते जा रहे हैं, चाय कई लोगों की पसंदीदा पसंद बनती जा रही है। भारत में, चाय एक आदत है और इसका सेवन दिन में लगभग 3-4 बार किया जाता है। सबसे अधिक ज्ञात बेड टी है जो अधिकांश भारतीयों के लिए दिन की शुरुआत करती है। एक और शाम की चाय है जिसमें नाश्ते के साथ सेवन किया जाता है, जिसका मतलब थका देने वाले दिन के बाद आपको रिचार्ज करना है। टी बोर्ड ऑफ इंडिया के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में लगभग 64% घरों में और उसमें रहने वाले 96% परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है। चूंकि चाय की खपत को छोड़ना एक चुनौतीपूर्ण आदत है, इसलिए अधिकांश लोग चाय के साथ दूध और चीनी की बढ़ती खपत के साथ अपने चाय के सेवन के बारे में अधिक चिंतित हो रहे हैं। हालांकि, खपत में कमी के बजाय, खपत पैटर्न में बदलाव बढ़ रहा है। अधिक से अधिक लोग अब शराब की चाय, काली चाय, हरी चाय, कैमोमाइल चाय, चमेली की चाय आदि जैसे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को अपना रहे हैं।

जहां पहले चाय को ताज़गी के स्रोत के रूप में देखा जाता था, वहीं अब इसे स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा, वजन घटाने और जलयोजन के साधन के रूप में देखा जा रहा है। प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और मसालों से बनी चाय जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण होते हैं, अब पसंद की जा रही हैं। ऐसी चाय जिनमें डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं और जो आपकी नसों को शांत करती हैं और आपको अच्छी रात की नींद देती हैं, आजकल लोगों के लिए नई पसंद है। यह भी दिलचस्प है कि बहुत सारे जेन-जेड और मिलेनियल्स जिन्होंने कैफे और कैफीन संस्कृति को अपनाया था, वे भी इसके स्वास्थ्य लाभों के कारण कॉफी से चाय की ओर रुख कर रहे हैं।



चाय के मिश्रण, स्वाद और अन्य अतिरिक्त सामग्री के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य लाभ होते हैं।

- इसका सबसे अधिक ज्ञात लाभ नसों को शांत करने की इसकी क्षमता है। यह एक तनाव निवारक है और इसलिए अधिकांश सिरदर्द का उत्तर है। यह अक्सर दर्द निवारक के रूप में प्रयोग किया जाता है और तनाव को दूर करने और अवसाद रोधी के रूप में कार्य करने के लिए जाना जाता है।
- इसके अलावा चाय को हार्ट अटैक और ब्लड क्लॉट के खतरे को कम करने के लिए भी जाना जाता है। चाय में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो रक्त परिसंचरण को आसान बनाते हैं और रक्तचाप के स्तर में सुधार करते हैं। यह रक्त कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद कर सकती है।
- चाय की कुछ किस्मों, जैसे ग्रीन टी में कैफीन की एक निश्चित मात्रा होती है। कैफीन का यह स्तर कॉफी में पाए जाने वाले की तुलना में बहुत कम होता है, लेकिन कॉफी की तरह बिना किसी झटके दार प्रभाव के यह मन और शरीर पर लंबे समय तक प्रभाव डालता है। यह फोकस को बेहतर बनाने में मदद करता है और दिमाग को शांत और तनावमुक्त रखते हुए दिमाग को अच्छी तरह से काम करने में भी मदद करता है।
- वजन कम करना चाय का एक और फायदा है। ग्रीन टी में मौजूद अमीनो एसिड शरीर में जमा फैट को बर्न करने में मदद करता है। हरी चाय निकालने जो केंद्रित हरी चाय है एक लोकप्रिय स्वास्थ्य पूरक बन रहा है। अधिक से अधिक जिम जाने वाले लोग अपने वर्कआउट की दक्षता बढ़ाने और वजन घटाने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए इसका सेवन कर रहे हैं।
- कुछ चाय पार्किंसंस रोग, अल्जाइमर, मनोभ्रंश और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने में भी उपयोगी हैं।
- ब्लैक टी का व्यक्ति के ब्लड शुगर लेवल पर काफी प्रभाव पड़ता है। काली चाय की खपत में वृद्धि हुई है क्योंकि टाइप 2 मधुमेह को रोकने के इसके औषधीय लाभ लोगों को ज्ञात हो रहे हैं।
- ऊलोंग चाय, अदरक की चाय और हर्बल चाय पाचन में सहायता करती है और पेट दर्द और दस्त को ठीक करती है। उनका उपयोग मतली और उल्टी को रोकने के लिए भी किया जाता है। कुछ चाय में टैनिन होते हैं जो आंतों के लिए फायदेमंद होते हैं और चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम और पेट में ऐंठन को ठीक कर सकते हैं।

चाय के स्वास्थ्य लाभ अंतहीन हैं और इसके स्वाद और सामग्री पर बहुत कुछ निर्भर करता है। नई पीढ़ी के स्वाद के अनुरूप दिन-ब-दिन नए मिश्रण और दिलचस्प स्वाद आ रहे हैं। गुलकंद, लीकोरिस, मिंट और लेमनग्रास जैसे स्वादों को भारतीयों द्वारा स्वेच्छा से आजमाया और अपनाया जा रहा है। उनमें इस्तेमाल की जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और फूल भारतीय तालू के करीब प्रतिध्वनित होते हैं और इसलिए कुछ ही समय में लोकप्रिय हो रहे हैं।

चाय के लिए प्रयोग और प्यार के परिणामस्वरूप स्वाद और मिश्रणों का ढेर पहले कभी नहीं सुना गया है। टमाटर तुलसी की चाय और चुकंदर की चाय जैसे सब्जियों से भरे चाय के स्वाद चाय प्रेमियों के बीच व्यापक रूप से मांग में होते जा रहे हैं।

मटका, मोरिंगा और मोरक्कन मिंट टी भी अपने डिटॉक्सिफाइंग गुणों के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं।

एक और नया विकास जो बहुत जल्द कार्बोनेटेड पेय की जगह ले रहा है, वह है कोल्ड ब्रू। रास्पबेरी, बेर, ककड़ी और नारियल के स्वाद में कोल्ड ब्रू चाय को आइस्ड टी के रूप में बनाया जा रहा है। और भारतीय यहीं नहीं रुकते। उन्होंने मिठाई के रूप में चाय का सेवन करने के तरीके भी खोजे हैं। सेब, दालचीनी, आड़ू और क्रैनबेरी चाय जैसे स्वाभाविक रूप से मीठे स्वाद वाली चाय का उपयोग मिठाई चाय के रूप में किया जा रहा है, जिससे यह पेटू चाय की एक श्रेणी बन गई है।

और जब सभी नए वेरिएंट के बारे में बात की जाती है, तो कोई भी सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन बबल टी, बोबा टी और पर्ल टी को नहीं भूल सकता है जो लीची और स्ट्रॉबेरी जैसे रसदार स्वादों में आते हैं।

यह देखना दिलचस्प है कि हर दिन उपभोक्ताओं के स्वाद में कितना बदलाव आ रहा है। नए और प्रामाणिक स्वाद और मिश्रण महत्व प्राप्त कर रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए उनका मूल्य भी गहरा हो रहा है। मूल, ताजी सामग्री और प्रामाणिक स्वादों को समझने और उनकी सराहना करने वाले चाय प्रेमी बढ़ रहे हैं और ऐसा ही भारतीय चाय उद्योग में भी हो रहा है।

**( लेखक दंता हर्ब्स के सह-संस्थापक और सीईओ हैं )**

2 न्यूज-व्यूज
मानव तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा

6 अभिमत
कश्मीर में निरपराधों की हत्याएं

12 विविध
चाय पेय पदार्थ मात्र ही नहीं

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 12
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर



टी-20 रैंकिंग में एक पायदान नीचे खिसके
स्पोर्ट्स-11

www.dailypioneer.com

# पेगासस मामले में जांच को सुप्रीम कोर्ट ने बनायी विशेषज्ञ समिति

**भाषा।** नई दिल्ली

- कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बच नहीं सकती सरकार
- जांच की निगरानी शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर वी रवींद्रन करेंगे

**उच्चतम** न्यायालय ने इज़राइली स्पाईवेयर पेगासस के जरिए भारत में कुछ लोगों की कथित जासूसी के मामले की जांच के लिए बुधवार को विशेषज्ञों की तीन सदर्स्यीय समिति का गठन किया और कहा कि सरकार हर बार राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बच नहीं सकती और इसे हौवा नहीं बनाया जा सकता जिसका जिक्र होने मात्र से न्यायालय खुद को मामले से दूर कर ले। नागरिकों के निजता के अधिकार के विषय पर पिछले कुछ सालों के एक महत्वपूर्ण फैसले में प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की तीन सदर्स्यीय पीठ ने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देने मात्र से न्यायालय मूक दर्शक बना नहीं रह सकता। पीठ ने केन्द्र का स्वंय विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि ऐसा करना पूर्वाग्रह के खिलाफ स्थापित न्यायिक सिद्धांत का उल्लंघन होगा। न्यायालय ने भारत में राजनीतिक नेताओं, अदालती कर्मियों, पत्रकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न लोगों की निगरानी के लिए इजराइली स्पाईवेयर पेगासस के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए बुधवार को साइबर विशेषज्ञ, डिजिटल फॉरेंसिक, नेटवर्क एवं हार्डवेयर के विशेषज्ञों की तीन सदर्स्यीय समिति नियुक्त की। जांच की निगरानी शीर्ष अदालत के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर वी रवींद्रन करेंगे। शीर्ष अदालत के आदेश में कहा गया, किसी सभ्य लोकतांत्रिक समाज के सदस्यों की निजता की तर्कसंगत अपेक्षा होती है। निजता पत्रकारों या सामाजिक कार्यकर्ताओं की इकलौती चिंता नहीं है। निजता के उल्लंघन के खिलाफ प्रत्एक भारतीय नागरिक को संरक्षण मिलना चाहिए। पीठ के लिए 46 पन्नों का आदेश लिखते हुए प्रधान न्यायाधीश ने राष्ट्रीय सुरक्षा, प्राधिकारों के अधिकार तथा ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा की सीमित गुंजाइश



के मुद्दों पर भी बात की और कहा कि इसका यह मतलब नहीं है कि हर बार सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देकर बचने का मौका मिल जाए। पीठ ने इस मामले में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, जाने-माने पत्रकार एन राम और शशि कुमार सहित अन्य की याचिकाओं को आगे की सुनवाई के लिए आठ सप्ताह बाद सूचीबद्ध किया है। पीठ ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देने की केन्द्र की पुरजोर दलीलों पर गौर किया और उन्हें यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया, ...इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार हर बार राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा देकर इसका लाभ पा सकती है। पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा वह हौव्वा नहीं हो सकती जिसका जिक्र होने मात्र से न्यायालय खुद को मामले से दूर कर ले।

## फैसला केंद्र सरकार के हलफनामे के अनुरूपः भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने बुधवार को कहा कि पेगासस जासूसी प्रकरण की जांच के लिए तीन सदर्स्यीय समिति बनाने का उच्चतम न्यायालय का फैसला केंद्र सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दिए गए हलफनामे के अनुरूप है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पेगासस के जरिए भारतीय लोकतंत्र को कुचलने और देश की राजनीति एवं संस्थाओं को नियंत्रण में लेने का प्रयास के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि झूठ बोलना और भ्रम फैलाना उनकी आदत रही है। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत ने इस प्रकरण में विपक्ष के रुख का समर्थन किया है तथा संसद के आगामी सत्र में इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पेगासस के जरिए भारतीय लोकतंत्र को कुचलने और देश की राजनीति एवं संस्थाओं को नियंत्रण में लेने का प्रयास किया गया।

हालांकि, इस न्यायालय को राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में हस्तक्षेप करते समय सतर्क रहना चाहिए, लेकिन न्यायिक समीक्षा के लिए इसे निषेध नहीं कहा जा सकता। प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि केन्द्र को न्यायालय के समक्ष पेश अपने दृष्टिकोण को न्यायोचित ठहराना चाहिए। सरकार द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की दुहाई देने मात्र से न्यायालय मूक दर्शक बना नहीं रह सकता। साइबर सुरक्षा, डिजिटल फोरेंसिक, नेटवर्क और हार्डवेयर समिति के तीन सदस्य नवीन कुमार चौधरी, प्रभारन पी और अश्विन अनिल गुमस्ते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी आलोक जोशी और संदीप ओबेरॉय (अध्यक्ष, उप समिति (अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रो-तकनीकी आयोगासंयुक्त तकनीकी समिति) न्यायमूर्ति रवींद्रन समिति के कामकाज की निगरानी करने में मदद करेंगे। शीर्ष अदालत ने कहा कि टकरावों से भरी इस दुनिया में किसी भी सरकारी एजेंसी या किसी निजी संस्था पर भरोसा करने के बजाय, पूर्वाग्रहों से मुक्त, स्वतंत्र एवं सक्षम विशेषज्ञों को ढूंढना और उनका चयन करना एक अत्यंत कठिन कार्य था।

# आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वाली सरकार दलितों को फंसाती थी झूठे केस मेंः योगी

- मुख्यमंत्री ने भाजपा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन में परोक्ष रूप से सपा पर बोला हमला
- कहा, विपरीत परस्थितियों में भी बाबा साहब ने लड़ी दबे कुचलों की लड़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



लखनऊ में भाजपा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने परोक्ष रूप से प्रदेश की पिछली सपा सरकार पर एक बार फिर हमला किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर हमला करने वाले आतंकवादियों और दंगाइयों के ऊपर से मुकदमा वापस लेने वाली सरकार दलितों पर झूठे केस दर्ज कर फंसाती थी, ऐसे लोग दलित समाज के कभी हितैषी नहीं हो सकते हैं। वहीं भाजपा सरकार में आज दलित समाज का कोई बालबांका भी नहीं कर सकता।

सरकार बिना किसी भेदभाव के शासन की योजनाओं से समाज के हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली ला रही है। कोरोना कालखंड में हर व्यक्ति का जीवन बचाने का एक माडल खड़ा किया गया। मुख्यमंत्री योगी बुधवार को पंचायत सभागार में भाजपा के सामाजिक प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दलित संत बाबा दुर्लभ दास को स्मरण कर श्रद्धांजलि देते हुए सीएम योगी ने कहा कि आजादी के समय दो लोग थे जो दलित समाज की आवाज बने थे। इनमें एक भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और दूसरे आजादी के कालखंड में बंगाल में पैदा हुए योगेन्द्र नाथ मंडल थे।

विद्वता और सामाजिक आंदोलन में दोनों आगे बढ़ रहे थे। बाबा साहब सदैव देश की एकता, सुरक्षा और अखंडता के पक्षधर थे। उन्होंने कभी पाकिस्तान का समर्थन नहीं किया। उनका मानना था कि देश में रहते हुए समाज के दबे कुचलों और वंचितों की लड़ाई लड़ी जा सकती है। उनका हित सुरक्षित रखा जा सकता है। आजाद भारत के वह पहले कानून मंत्री बने। समाज में फैली सामाजिक बुराइयों की विपरीत परिस्थितियों में दलितों और वंचितों के हक की लड़ाई लड़ी। संविधान निर्माण में उनकी अग्रणी भूमिका थी। आज देश उन्हें आदर और सम्मान के साथ याद करता है। वहीं योगेन्द्रनाथ मंडल पाकिस्तान के हिमायती थे।

आजादी के बाद पाकिस्तान चले गये और वहाँ के पहले कानून मंत्री बने लेकिन उनके सामने ही पाकिस्तान में जब हिन्दुओं और दलितों के कत्लेआम होने लगे तो भागकर हिन्दुस्तान चले आये। भारत में 1950 से लेकर 1965 तक गुमनामी में निर्वासित जीवन बिताना पड़ा आज उनका कोई नाम तक नहीं लेता है। मुख्यमंत्री योगी ने दलित समाज का आह्वान किया कि घर-घर जाकर लोगों को शासन की योजनाओं और नीतियों से अवगत कराएं कि भाजपा सरकार बिना किसी भेदभाव के दलितों, वंचितों का विकास करती है। उन्होंने कहाकि भाजपा में दलित समाज का कोई उत्पीड़न नहीं कर सकता है।

# आठवले ने राहुल गांधी को दी दलित लड़की से शादी करने की सलाह

- कहा, इससे उनका दिमाग स्थिर हो जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी को दलित लड़की से शादी करने की सलाह दे डाली। उन्होंने कहा कांग्रेस यदि सचमुच धर्मनिरपेक्ष है और जाति व्यवस्था खत्म करना चाहती है तो राहुल को दलित लड़की से शादी करनी चाहिए। शादी करने से उनका दिमाग भी स्थिर हो जाएगा। इसके बाद वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर ज्यादा हमलावर नहीं होंगे। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के दलित मतदाताओं को उनकी पार्टी से आस है। ब्राह्मण समाज को भी जोड़ने की उनकी पार्टी प्रयास कर रही है। इसी के तहत आरपीआइ ब्राह्मण सम्मेलन भी कर रही है। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने एक बार फिर समीर वानखेड़े का समर्थन करते हुए कहा कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया। दलित समाज के सक्रिय अधिकारी वानखेड़े का समर्थन करने के बजाय महराष्ट्र सरकार के मंत्री नवाब मलिक उन्हें इसलिए निशाना बना रहे हैं क्योंकि उनके दामाद के खिलाफ भी ड्रग के केस में कार्रवाई हुई थी। उन्होंने कहा कि यदि आर्यन खान गलत पकड़े गए होते तो न्यायालय से अब तक जमानत मिल जाती। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि नशा करने वालों को जेल नहीं बल्कि नशा मुक्ति केंद्र भेजा जाना चाहिए।

## लापरवाही के आरोप में 114 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**फतेहपुर (भाषा)।** फतेहपुर जिले में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने के आरोप में 114 पुलिसकर्मियों को बुधवार को लाइन हाजिर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गत 25 अक्टूबर को जिले से वीवीआईपी ड्यूटी में वाराणसी के लिए 17 उपनिरीक्षक, 23 हेड कांस्टेबल व 74 कांस्टेबल सहित कुल 114 पुलिसकर्मियों को भेजा गया था। उन्होंने कहा कि मंगलवार को कई थानों के औचक निरीक्षण में ये पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिले। उन्होंने बताया कि जानकारी की गई तो पता चला कि 31 घंटे बीत जाने के बाद भी इन पुलिसकर्मियों ने वापस आकर थानों में आमद दर्ज नहीं कराई जिन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया है। सिंह ने बताया कि इन सभी पुलिसकर्मियों को संबंधित थाना प्रभारियों ने भी समय से वापस न आने पर इनकी गैर हाजिरी दर्ज नहीं की। उन्होंने बताया कि इन सभी पुलिसकर्मियों की जांच जिले के संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारियों को सौंपते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है और जांच के दौरान दोषी पाए जाने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा व कानपुर रेंज के आईजी हटाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- एक दर्जन आईपीएस के तबादले

**राज्य** सरकार ने एक दर्जन आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए हैं। इस फेरबदल में आगरा और कानपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों (आईजी) को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर नए अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है। आगरा रेंज के आईजी नवीन अरोड़ा को यहां से हटाकर आईजी बजट उत्तर प्रदेश के पद की जिम्मेदारी दी गई है। उनके स्थान पर प्रतीक्षारत चल रहे नचिकेता झा को आगरा रेंज का नया आईजी बनाया गया है। कानपुर रेंज के आईजी मोहित अग्रवाल भी हटा दिए गए हैं। उन्हें आईजी तकनीकी सेवाएं उत्तर प्रदेश के पद पर भेजा गया है। प्रतिक्षारत चल रहे प्रशांत कुमार को कानपुर रेंज की कमान सौंपी गई है। जिन अन्य आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं उनमें योगेश सिंह को सेनानायक 47 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से सेनानायक 25 वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, डॉ. अरविंद भूषण पांडे को सेनानायक 25 वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली से एसपी तकनीकी सेवाएं लखनऊ, संजय सिंह को सेनानायक 45 वीं वाहिनी पीएसी अलीगढ़ से सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएसी सीतापुर, कल्पना सक्सेना को सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर से सेनानायक 47 वीं वाहिनी पीएससी गाजियाबाद, राहुल यादुवेंदु को सेनानायक द्वितीय वाहिनी पीएससी सीतापुर से पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, लखनऊ, राजेश कुमार सक्सेना को सेनानायक 37 वीं वाहिनी पीएसी कानपुर से सेनानायक 8वीं वाहिनी पीएससी बरेली, भारती सिंह को सेनानायक 41 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद से सेनानायक 49वीं वाहिनी पीएसी गौतमबुद्धनगर और विकास कुमार वैद्य को सेनानायक 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली से सेनानायक 37 वीं वाहिनी पीएसी कानपुर नगर के पद पर भेजा गया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में छह हजार करोड़ के घोटाले में छह लोग गिरफ्तार

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को बैंक ऑफ बड़ौदा में 6,000 करोड़ रुपए के विदेशी मुद्रा प्रेषण (रेमिटेंस) घोटाले के सिलसिले में छह लोगों को गिरफ्तार किया। इस घोटाले का पता 2015 में चला था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने मामले के सिलसिले में 14 स्थानों पर छापे भी मारे। सीबीआई प्रवक्ता आरसी जोशी ने बताया कि एजेंसी ने बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्कालीन एजीएम और बैंक के तत्कालीन विदेशी मुद्रा अधिकारी के खिलाफ 12 दिसंबर, 2015 को विशेष न्यायाधीश की अदालत में आरोपपत्र दायर किया था। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने मामले में चल रही जांच के सिलसिले में बुधवार को छह लोगों- तनुज गुलाटी, ईश भूटानी, उज्ज्वल सूरी, हनी गोयल, साहिल वाधवा और राकेश कुमार को गिरफ्तार किया।

# आर्यन खान को नहीं मिल सकी जमानत, आज भी होगी सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**बंबई** उच्च न्यायालय में बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई जारी रहेगी और एनसीबी अपनी दलीलें पेश करेगी। आर्यन खान को क्रूज जहाज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आर्यन खान की जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति एन डब्ल्यू साम्बरे ने मंगलवार को सुनवाई शुरू की थी।

बुधवार को आर्यन खान के वकील मुकुल रोहतगी, मामले में सह आरोपी अरबाज मर्चेंट के वकील अमित देसाई और मुनमुन धमेचा की ओर से पेश अधिवक्ता अली कासिफ खान देशमुख ने अपनी दलीलें पूरी की। मामले पर करीब दो घंटे हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति साम्बरे ने कहा कि वह अतिरिक्त सॉलीसिटर जनरल अनिल सिंह की दलीलें बृहस्पतिवार को सुनेंगे। सिंह स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) का पक्ष रख रहे हैं। न्यायमूर्ति ने कहा, कल हम इसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। गौरतलब है कि मुंबई तट के नजदीक क्रूज जहाज पर एनसीबी की छापेमारी के दौरान मादक पदार्थ मिलने के मामले में तीन अक्टूबर को आर्यन खान (23), मर्चेंट और धमेचा को अन्य के साथ गिरफ्तार किया गया था। एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत द्वारा जमानत अर्जी खारिज किए जाने के बाद पिछले सप्ताह उन्होंने उच्च न्यायालय का रुख किया।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,143 | ↓ | 206 | |
| निफ्टी | 18,210 | ↓ | 57 | |
| सोना | 46,747 | ↓ | 244 | /10g |
| चांदी | 63,489 | ↓ | 654 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पटना गांधी मैदान विस्फोट मामले में नौ दोषी करार

**पटना।** पटना के गांधी मैदान में वर्ष 2013 में हुए बम धमाके के मामले मे एनआईए की विशेष अदालत ने नौ अभियुक्तो को दोषी करार दिया जबकि एक आरोपी को साक्ष्य के अभाव मे बरी घोषित किया। विशेष लोक अभियोजक ललन प्रसाद सिंह ने बताया कि एनआईए अदालत के विशेष न्यायधीश गुरविंदर मल्होत्रा ने 2013 को पटना के गांधी मैदान मे सिलसिलेवार ढंग से हुए बम धमाकों मामले में इम्तेयाज अंसारी, मुजीबुल्लाह, हैदर अली, फिरोज असलम, नोमान अंसारी, इफ्तिखार, अहमद हुसैन, उमेर सिद्दिकी एवं अजहरुद्दीन दोषी करार दिया जबकि साक्ष्य के अभाव मे फखरुद्दीन को बरी घोषित किया। उन्होने बताया कि इस मामले मे एनआईए ने 11 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

# अमरिंदर ने बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाने का किया समर्थन

- आज केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलेंगे पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री

**भाषा।** चंडीगढ़



**पंजाब** के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने के भाजपा नीत केन्द्र सरकार के फैसले का जोरदार समर्थन करते हुए बुधवार को कहा कि यह सही कदम है और बीएसएफ पंजाब या उसके प्रशासन को अपने कब्जे में नहीं लेने जा रहा है। सिंह ने इसका विरोध करने और किसी भी गंभीर सुरक्षा चिंताओं से इनकार करने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार की आलोचना भी की। दरअसल, केन्द्र सरकार ने हाल ही में सीमा सुरक्षा बल को पंजाब, पश्चिम बंगाल और असम में अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर के दायरे में तलाशी, जब्ती और गिरफ्तारी का अधिकार देने के लिए बीएसएफ अधिनियम में संशोधन किया था।

इससे पहले बीएसएफ के पास यह अधिकार सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में था। उन्होंने पाकिस्तान से आने वाले नशीले पदार्थों, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी के अलावा भारतीय सीमा में उन्नत तकनीक से लैस ड्रोन के प्रवेश करने के मामलों में लगातार हो रही वृद्धि की ओर इशारा करते हुए कहा कि सीमाओं पर बहुत कुछ गलत और खतरनाक हो रहा है, जिसे पंजाब अनदेखा नहीं कर सकता। सिंह ने कहा कि वह एक नई पार्टी बना रहे हैं और इसके नाम व चुनाव चिह्न को निर्वाचन आयोग की मंजूरी मिल जाने पर वह इसकी घोषणा करेंगे। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के कई लोग उनसे संपर्क में हैं। अमरिंदर ने यह भी कहा कि किसान आंदोलन पर चर्चा करने के लिए बृहस्पतिवार को अमित शाह से मिलेंगे। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बुधवार को यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, बीएसएफ पंजाब या उसके प्रशासन को नहीं संभालेगा। यह पूरी तरह गलत धारणा है। वे हमारी पंजाब पुलिस की मदद के लिए आएंगे।

# भारत ने चीन के नए भूमि सीमा कानून की आलोचना की

**भाषा।** नई दिल्ली

- यह कानून चिंता का विषय है क्योंकि इसका सीमा प्रबंधन पर वर्तमान द्विपक्षीय समझौतों तथा सीमा से जुड़े सम्पूर्ण प्रश्नों पर प्रभाव पड़ सकता हैः अरिंदम बागची



**भारत** ने चीन पर एकतरफा ढंग से नया भूमि सीमा कानून लाने के लिए निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि वह उम्मीद करता है कि चीन कानून के परिप्रेक्ष में ऐसा कोई कदम उठाने से बचेगा जिससे भारत चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव आ सकता हो। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि चीन का कानून लाने का निर्णय चिंता का विषय है क्योंकि इस विधान का सीमा प्रबंधन पर वर्तमान द्विपक्षीय समझौतों तथा सीमा से जुड़े सम्पूर्ण प्रश्नों पर प्रभाव पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत उम्मीद करता है कि चीन कानून के परिप्रेक्ष में ऐसा कोई कदम उठाने से बचेगा जिससे भारत चीन सीमा क्षेत्रों में स्थिति में एकतरफा ढंग से बदलाव आ सकता हो। बागची ने कहा, चीन का एकतरफा ढंग से कानून लाने के निर्णय का सीमा प्रबंधन पर हमारी वर्तमान द्विपक्षीय व्यवस्थाओं तथा सीमा से जुड़े सवालों पर प्रभाव पड़ेगा जो हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे एकतरफा कदम का दोनों पक्षों के बीच पूर्व में हुई व्यवस्थाओं पर कोई प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए चाहे सीमा का सवाल हो या वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर अमन एवं शांति बनाए रखने का विषय हो। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह चीन की संसद ने सीमावर्ती इलाकों के संरक्षण और उपयोग संबंधी एक नए कानून को अंगीकार किया है जिसका असर भारत के साथ बीजिंग के सीमा विवाद पर पड़ सकता है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) की स्थाई समिति के सदस्यों ने शनिवार को संसद की समापन बैठक के दौरान इस कानून को मंजूरी दी। इस बारे में मीडिया के सवालों पर बागची ने कहा, हमें यह जानकारी है कि चीन ने 23 अक्टूबर को नया भूमि सीमा कानून पारित किया है। इस कानून में अन्य बातों के अलावा यह कहा गया है कि भूमि सीमा मामलों पर चीन दूसरे देशों के साथ किए या संयुक्त रूप से स्वीकार किए समझौतों का पालन करेगा।

उन्होंने कहा कि कानून में सीमावर्ती क्षेत्रों में जिलों का पुनर्गठन करने का भी प्रावधान है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत और चीन ने सीमा के सवालों का अभी तक समाधान नहीं निकाला है और दोनों पक्षों ने समानता पर आधारित विचार विमर्श के आधार पर निष्पक्ष, व्यावहारिक और एक दूसरे को स्वीकार्य समाधान निकालने पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा पर अमन एवं शांति बनाए रखने के लिए कई द्विपक्षीय समझौते, प्रोटोकॉल एवं व्यवस्थाएं बना चुके हैं।

# 2022 में यूपी में फिर बनेगी बीजेपी की सरकार: आठवले

● केंद सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिये लागू की है लोक कल्याणकारी योजनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सरकार सभी जाति व धर्म के लोगों की मदद करती है। मुद्रा योजना से गरीबों को बहुत लाभ हुआ है। देश के 31 करोड़ 47 लाख लोगों को इसका फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि दो करोड़ से ज्यादा लोगों को उत्तर प्रदेश में लोन मिला है। उत्तर प्रदेश में एक करोड़ से ज्यादा लोगों को गैस कनेक्शन मिले हैं। उत्तर प्रदेश में 2700000 लोगों को आवास मिला है। कृषि कानून के विरोध पर अठावले ने कहा कि जिन किसानों ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया है वह भला उनके खिलाफ कानून क्यों बनाएंगे। तीनों कानून किसानों के हित में हैं। कानून से पीछे नहीं हटा जा सकता इसमें बदलाव किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अगर एक कृषि कानून वापस लिया गया तो हर कानून को वापस लेने की मांग होती रहेगी। 2022 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और मोदी के सहयोग से दोबारा भाजपा की सरकार आएगी। इस बार भी 300 के पार सीटें आएगी। रामदास अथावले ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के तहत काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने लोक कल्याण के लिये विविध योजनायें चलायी हैं जिनका लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत वर्ष 2014 से अब तक 43 करोड़ 50 लाख 25 हजार खाते खोले गये हैं। उतर प्रदेश में इस दौरान सात करोड़ 24 लाख से अधिक खाते खोले गये। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत 2015 से अब तक 31 करोड़ 47 लाख 6 हजार लोगों को लोन वितरित किये गये और उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 71 लाख से अधिक लोगों को इसका लाभ मिला है।

# मंत्री जितिन प्रसाद समेत चार एमएलसी ने ली शपथ



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कैबिनेट** मंत्री जितिन प्रसाद समेत उत्तर प्रदेश विधान परिषद के चार नये सदस्यों को बुधवार को शपथ दिलायी गयी। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने विधान भवन के टंडन हॉल में प्रसाद के साथ निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद, चौधरी वीरेन्द्र सिंह गुर्जर तथा गोपाल भुर्जी को शपथ दिलायी। इन चारों को पिछले महीने विधान परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया था। शपथ ग्रहण के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा भी मौजूद थे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद हाल में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए थे। पिछले माहीने भाजपा संगठन और सरकार ने चार ऐसे कार्यकर्ताओं के नाम विधान परिषद सदस्य के लिए चुने, जिनके सहारे विधानसभा चुनाव की रणनीति को चौतरफा साधने में मदद मिले। अलग-अलग समीकरणों में फिट बैठ रहे चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर, गोपाल अंदाज भुर्जी, जितिन प्रसाद और संजय निषाद को एमएलसी मनोनीत किया है।

# अवैध पटाखों को लेकर डीजीपी ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**रोशनी** व खुशियों के त्यौहार दीपावली के दौरान अवैध रूप से पटाखे बनाने और उनके परिवहन के दौरान होने वाली घटनाओं के प्रति आगाह करते हुए डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को पूरी सतर्कता बरतने और कड़ी निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं।

इस संबंध में डीजीपी ने सभी जोन के एडीजी, रेंज के आईजी, डीआईजी, चारों पुलिस कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नरों और सभी जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया है। जारी निर्देशों में डीजीपी की ओर से कहा गया है कि आगामी त्यौहारों के अवसर पर कोविड 19 के दृष्टिगत भारत सरकार व उप्र शासन द्वारा जारी एसओपी-गाइड लाइन तथा मुख्यालय स्तर से समय समय पर निर्गत निर्देशों का अनुपालन कराने एवं गाइड लाइन के अनुरूप त्यौहारों को मनाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जाए। डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि पटाखा विक्रेता के लाइसेन्स धारकों की थानावार सूची को अद्यावधिक कराते हुए जिलाधिकारी कार्यालय से सत्यापित करा लिया जाए । पूर्व में विस्फोटक पदार्थ व पटाखों का अवैध प्रयोग करने वाले प्रकाश में आए व्यक्तियों की सूची अद्यावधिक कर उन पर कड़ी निगरानी रखी जाए। आतिशबाजी व विस्फोटक पदार्थ के निर्माण स्थलों की नियमानुसार आकस्मिक एवं प्रभावशाली चेकिंग करा ली जाए। आतिशबाजी के निर्माण एवं संग्रहण के सम्बन्ध में अनुज्ञापी आतिशबाजी निर्माता के भण्डारग्रहों की चेकिंग उपजिलाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी सभी आदि के साथ सुनिश्चित की जाए। लाइसेन्स की शर्तों का उल्लंघन करने अथवा अवैध संग्रहण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। सम्बन्धित विभागों से समनवय स्थापित कर पटाखों व विस्फोटक सामग्री के परिवहन सम्बन्धी प्रणाली की समीक्षा की जाए और यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि इनका परिवहन निहित मापदण्ड के अनुसार किया जा रहा है । आतिशबाजी के विक्रय सम्बन्धी लाइसेन्स में वर्णित शर्तो व उपबन्धों का सम्यक अनुपालन कराना सुनिश्चित किया जाए तथा लाइसेन्स की शर्तों का उलंघन करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार जिला प्रशासन से समनवय स्थापित कर विधिक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें । अग्निशमन की समुचित व्यवस्था करते हुए अग्निशमन विभाग के कार्मिकों को सजग रहने निर्देशित किया जाए।

# यूरिया संकट पर मायावती ने कसा सरकार पर तंज



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने उत्तर प्रदेश में यूरिया खाद संकट पर सरकार पर तंज कसा है। बुधवार को उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को समय से खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। इस कारण लाइन में लगे कई किसानों की मृत्यु हो गई। बसपा सुप्रीमो ने ट्वीट कर कहा कि पूरे यूपी में व खासकर बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सरकार किसानों को समय से खाद्य उपलब्ध नहीं करा पा रही है। जिससे पूरे दिनभर लाईन में लगे कई किसानों की मृत्यु हो गई तथा काफी बीमार भी हो गये। इस अति दु:खद व चिन्तनीय गम्भीर समस्या का सरकार तुरन्त समाधान करे। बीएसपी की यह मांग।

# जब कानून का राज होता है तो गरीबों का सम्मान होता है: स्वतंत्र देव

● राजभर के सपा में शामिल होने पर भी राजभर समाज का वोट सपा को नहीं मिलेगा: बीजेपी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भाजपा** के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सपा ने कभी राजभर समाज का हित नहीं किया। सपा ने एक भी टिकट राजभर समाज के व्यक्ति को नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर के सपा में जाने पर भी सपा को राजभर समाज का वोट नहीं मिलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उहोंने कहा कि भाजपा को समर्थन करने वाले दलों को सीट बंटवारे का निर्णय संसदीय बोर्ड करेगा। हालांकि इन दलों ने हमसे अभी सीट नहीं मांगी है। बीजेपी में हिस्सेदारी मोर्चा के सात घटक दलों ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को अपना सहयोग व समर्थन देने की घोषणा की। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में हिस्सेदारी मोर्चा के घटक दलों के राष्ट्रीय अध्यक्षों ने मोदी-योगी के काम-काज और योजनाओं की सराहना की। साथ ही पार्टी के कार्यक्रमों एवं नीतियों से प्रभावित होकर आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थन का निर्णय लिया। हिस्सेदारी मोर्चे के घटक दलों भारतीय मानव समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केवट रामधनी बिन्द, मुसहर आन्दोलन मंच गरीब पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रमा वनवासी, शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबू लाल राजभर, मानवहित पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णगोपाल सिंह कश्यप, भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम राजभर, पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान व भारतीय समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्र प्रजापति ने आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सहयोग व समर्थन देने का पत्र प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को सौंपा।

# सभी डिस्कामों के एमडी उपकेंद्रों का करें औचक निरीक्षण

● ऊर्जा मंत्री ने की एकमुश्त समाधान योजना की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपभोक्ता हित में एकमुश्त समाधान योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि योजना के सभी पात्र लाभार्थी उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी हो जाये। विभागीय अधिकारी डोर नॉक करके यह जानकारी अवश्य उन्हें दे दें। एक भी लाभार्थी इस जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे।

उन्होंने योजना की जमीनी जानकारी के लिए किए गए पूर्व के औचक निरीक्षणों का जिक्र करते हुए कमियों पर अधिकारियों के प्रति नाराजगी भी जाहिर की। कहा कि योजना शुरू हुए एक सप्ताह हो चुके हैं लेकिन अभी तक सभी उपभोक्ताओं को विभागीय कार्मिकों द्वारा इसकी जानकारी व्यक्तिगत रूप से नहीं दी जा सकी है यह किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। उन्होंने यूपीपीसीएल के अध्यक्ष को निर्देशित किया कि सभी पात्र उपभोक्ताओं के दरवाजे तक विभागीय अधिकारी जरूर पहुंचे। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी डिस्कॉम के एमडी व डायरेक्टर उपकेंद्रों का औचक निरीक्षण करें। योजना की प्रगति के संबंध में जानकारी करें।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमीशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा संख्या-68-82-ई0टी0सी0(प्र0)ए0/2021-2022 प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों/निर्माताओं से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदायें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर स्वीकार की जायेंगी। (1) अतिअल्पकालिक ई-निविदा सं0-68-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- मेसर्स आर0आई0एन0एल, गाजियाबाद में स्थित स्टोर से 132 के0वी0 उपकेन्द्र खागा तक एम0एस0 राउन्ड बार की ढुलाई के कार्य हेतु, (2) अल्पकालिक ई-निविदा संख्या-69-ई0टी0सी0प्र0ए0/ 2021-2022 :- विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में वाह्य एजेन्सी के माध्यम से सबस्टेशन स्ट्रक्चर्स पार्टस (एम0एस0 एंगिल) के फैब्रीकेशन के कार्य हेतु, (3) अल्पकालिक ई-निविदा संख्या-70-ई0टी0 सी0प्र0ए0/ 2021-2022 :- विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में वाह्य एजेन्सी के माध्यम से सबस्टेशन स्ट्रक्चर्स पार्टस (एम0एस0 चैनल) के - फैब्रीकेशन के कार्य हेतु, (4) अल्पकालिक ई-निविदा संख्या-71-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 220 के0वी0 उपकेन्द्र झूँसी में स्थापित 220/132 के0वी0 200 एम0वी0ए0 परिवर्तक के 05 के0एल0 सी0टी0आर0 टैंक के स्थापित करने के कार्य हेतु, (5) ई-निविदा संख्या-72-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र सोरांव, प्रयागराज पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, (6) ई-निविदा संख्या-73-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र सैदाबाद, प्रयागराज पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, (7) ई-निविदा संख्या-74-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 220 के0वी0 उपकेन्द्र मालवां, फतेहपुर पर वार्षिक अनुरक्षण एवं परिचालन के कार्य हेतु, (8) ई-निविदा संख्या-75-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 220 के0वी0 उपकेन्द्र झूँसी, प्रयागगाज पर 02 अदद ए0सी0 क्यूबीकल बाक्स स्थापित करने के कार्य हेतु, (9) ई-निविदा संख्या-76-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र ज्ञानपुर पम्प कैनाल पर एयर रिजरवेटर टैंक पर वाल्व एवं कापर पाइप लगाने एवं आपूर्ति हेतु, (10) ई-निविदा संख्या-77-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 132 के0वी0 हण्डिया-झूँसी एवं हण्डिया-ज्ञानपुर लाइन के एंगिल टावर एवं नार्मल टावर के अर्थिंग के कार्य हेतु, (11) ई-निविदा संख्या-78- ई0टी0सी0प्र0ए0/ 2021-2022 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौडिहार, प्रयागराज पर एक वर्ष में तीन बार घास की कटाई एवं छोटे पेड़ों की जड़ से खुदाई (अपरूटिंग) के कार्य हेतु, (12) ई-निविदा संख्या-79-ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021-2022 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र हण्डिया, प्रयागराज पर स्थापित 132 के0वी0 सी0जी0एल0 मेक ब्रेकर की रिपेरिंग एवं ओवरहाउलिंग के कार्य हेतु, (13) ई-निविदा संख्या-80-ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021-2022 :- 220 के0वी0 उपकेन्द्र फूलपुर प्रयागराज पर नवनिर्मित 33 के0वी0 थानापुर बे हेतु 100 वाट एल0ई0डी0 की आपूर्ति एवं लगाने के कार्य हेतु, (14) ई-निविदा संख्या-81-ई0टी0सी0प्र0ए0 /2021-2022 :- विद्युत रचना इकाई, नैनी, प्रयागराज में 1 अदद पुरानी बड़ी जिंक कैटल को हटाकर नई जिंक कैटल की स्थापना के कार्य हेतु, (15) ई-निविदा संख्या-82-ई0टी0सी0प्र0ए0/2021-2022 :- 132 के0वी0 उपकेन्द्र सोरॉव पर स्थापित 08 चैनल सी0सी0टी0वी0 सर्विलांस सिस्टम की मरम्मत के कार्य हेतु, ई-निविदा सं0 68 दिनांक 03-11-2021, ई-निविदा सं0 69 से 71 दिनांक 12-11-2021, ई-निविदा सं0 72 से 76 दिनांक 30-11-2021 एवं ई-निविदा सं0 77 से 82 दिनांक 03-12-2021 को 13.00 बजे खोली जायेगी निविदा जमा करने की तिथि तक विवरण के लिए/डाउनलोड के लिए/किसी प्रकार के सुधार/संशोधन/ परिवर्तन के लिए कृपया उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से प्राप्त करें। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत प्रेषण मण्डल-प्रथम, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज। पत्रांक-3102 दिनांक :- 27.10.2021 "राष्ट्र हित में बिजली बचायें"।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

सूच्य हो कि मेरा यूपी0 बोर्ड हाईस्कूल संस्थागत परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1107642 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। अंकित जायसवाल पुत्र श्री केदारनाथ निवासी-ग्राम रानीफार्म मजरा-पैतला थाना-हरगांव, तहसील-लहरपुर, जिला-सीतापुर।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी फर्म हेमबिज सिक्योरिटी कन्सलटेन्ट्स के दो 'फार्म-38' संख्या-CC2637461 एवं CC2637462 वास्तव में कहीं खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। प्रो0 विमल सिंह मैसर्स हेमविज सिक्योरिटी कन्सलटेन्ट्स C-27, सेक्टर-जी, अलीगंज, लखनऊ

सूचना

सूचित हो कि मेरे भूमि की मूल रजिस्ट्री भूखण्ड संख्या-20 खसरा संख्या 504 स्थित गनेशपुर रहमानपुर शहर लखनऊ जो रजिस्ट्रार कार्यालय में दस्तावेज नं0 10256 पर पंजीकृत है कहीं खो गयी है जिसका प्रयोग अवैध माना जाय। राजेन्द्र कुमार गुप्ता 286/42 निवाज खेड़ा ऐशबाग, लखनऊ

REQUIRES

Maharana Pratap College of Management & Commerce
(Affiliated to University of Lucknow)
Gaura, Mohanlalganj, Lucknow

REQUIRES

PRINCIPAL

Ph.D. in Management / Computer Application with 15 years of Experience. Qualification - As per UGC Norms

ASSISTANT PROFESSORS

Business Administration, Computer Application
Master degree with minimum 55% marks & UGC NET Qualified
Qualification - As per UGC Norms

Interested candidates may send their resumes within 7 days to deanmits19@gmail.com
For more details call 8081876522

## भाजपा और उसके नेताओं को जनता ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया है: कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा दिए गए बयान की निंदा करते हुए कहा कि निर्लज्जता, कुशासन, जनकल्याण के मुद्दों को दरकिनार कर विभाजनकारी जहरीली राजनीति करने वालों को छोटा मुंह बड़ी बात नहीं करना चाहिए। भाजपा और उसकी सरकारों सहित उसके नेताओं व मंत्रियों को जनता ने गम्भीरता से लेना बंद कर दिया है। इसी बौखलाहट और गुस्से में वह जननेता के रूप में स्वीकार्य हमारी नेता प्रियंका गांधी पर अनर्गल बयानबाजी करने को विवश है। मंत्री खन्ना के बयान से स्पष्ट हो चुका है कि भाजपा प्रियंका गांधी की चुनौती का सामना करने में अपने को असमर्थ समझ चुकी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के संयोजक व प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रियंका गांधी को बहुत गम्भीरता से ले रहा है, भाजपा नेताओं और मंत्रियों को अपनी फिक्र करने की सलाह दी है।

# प्रदेश में उर्वरक की कोई कमी नहीं: सूर्य प्रताप शाही

● आगामी एक सप्ताह के अन्दर उर्वरक की कुल 19 रैक की आपूर्ति होगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा है कि प्रदेश के सभी जनपदों में रासायनिक खाद यूरिया, डीएपी तथा एनपीके का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। कहीं भी उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि उर्वरक निर्माता कम्पनियों से आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष अवशेष उर्वरक की शीघ्र आपूर्ति सुनिश्चित करायें। प्रदेश के जिन जनपदों में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष उर्वरकों की उपलब्धता कम हैए वहां प्राथमिकता के आधार पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। किसी भी जनपद में उर्वरक की कमी के कारण किसानों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। कृषि मंत्री बुधवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण के सम्बन्ध में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इसीके दृष्टिगत किसानों को उर्वरक की उपलब्धता भी सुनिश्चित करा रही है। बैठक में कृषि मंत्री को अवगत कराया गया कि आगामी एक सप्ताह के अन्दर उर्वरक की कुल 19 रैक, आरसीएफ द्वारा 8 रैक, आईपीएल द्वारा 5 रैक, कृभको द्वारा 1 रैक तथा इफको द्वारा 5 रैक जनपदों में आपूर्ति की जायेगी।

समीक्षा बैठक में बताया गया कि आज तक की स्थिति के अनुसार प्रदेश में रबी सीजन 2021 हेतु 3.36 लाख मी. टन डीएपी, 1.91 लाख मी. टन एनपीके कुल 5.27 लाख मी. टन फास्फेटिक खाद की उपलब्धता है। प्रदेश में कहीं भी उर्वरक की कोई कमी नहीं है।

# महिला व बाल अपराधों के आरोपियों को सजा दिलाने के प्रयासों में और तेजी लाएं: अवनीश

● अपर मुख्य सचिव गृह ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए की जिलेवार की जा रही कार्रवाई की समीक्षा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन** शक्ति अभियान के तीसरे चरण के तहत महिला एवं बाल अपराधों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में और तेजी लाने के शासन ने आदेश दिए हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा बुधवार को योजना भवन में वीडियों कान्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के अभियोजन कार्य में लगे अधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से जनपदवार की जा रही कार्रवाई की सघन समीक्षा की गयी। इस अवसर पर पुलिस आशुतोष पाण्डेय, सचिव, गृह बीडी पाल्सन, विशेष सचिव, अटल राय भी उपस्थित रहे। अपर मुख्य सचिव गृह ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि भारत सरकार के ई-प्रासीक्यूशन पोर्टल पर किए गए कार्यो की प्रगति सूचना नियमित रूप से अद्यतन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने इस दिशा में किये जा रहे प्रयासों में और अधिक तेजी लाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला स्तर पर मानीटरिंग कमेटी की बैठक नियमित रूप से किए जाने तथा इन अपराधों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाने के प्रयासों मे और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अवस्थी ने यह भी कहा है कि अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला अथवा डीएनए रिपोर्ट सम्बन्धी मामलों की सूचना शासन को तत्काल प्रेषित करें ताकि उस पर विशेष प्रयास कर शीघ्र कार्यवाही की जा सके। उन्होंने सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए अन्य जनपदों को भी विशेष प्रयास कर बेहतर परिणाम दिखाने के निर्देश दिए हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल पर सोल राईट वाणिज्यिक विज्ञापन (होर्डिंग, ग्लोसाइन, पैनल, हैंगिंग बोर्ड/बोर्ड) हेतु लखनऊ मण्डल के स्टेशनों के लिये विज्ञप्ति सूचना वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु ठेका प्रदान करने के लिए आमंत्रित की जा रही है। जिसके बंद होने की तिथि 26.11.2021 को समय 14.00 बजे है जो उसी दिन 15.00 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेण्डर के अन्तर्गत मैनुअल आफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेण्डर से सम्बन्धित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेण्डरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान वह केवल through online payment mode जोकि www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जैसे कि नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, जमा रसीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है। निविदा सूचना संख्या, स्टेशनों की सूची एवं उपलब्ध स्थान का विवरण निम्नवत है-

| निविदा सूचना सं. | स्टेशन | कार्य का विवरण | एक वर्ष हेतु कुल इस्टीमेटेड मूल्य (लाइसेंस फीस रुपये में) +GST As Applicable | जमानत राशि (रुपये में) through online payment |
|---|---|---|---|---|
| 1. 24-2021-ASH-SOLE RIGHT | ऐशबाग | ऐशबाग स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 6,19,582/-+ GST As Applicable | रु.37,200/- |
| 2. 25-2021-KLD-SOLE RIGHT | खलीलाबाद | खलीलाबाद स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 2,53,791/-+ GST As Applicable | रु.15,300/- |
| 3. 26-2021-GD-SOLE RIGHT | गोण्डा | गोण्डा स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 17,37,182/-+ GST As Applicable | रु.1,04,300/- |
| 4. 27-2021-DAL-SOLE RIGHT | डालीगंज | डालीगंज स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 4,48,160/-+ GST As Applicable | रु.26,900/- |
| 5. 28-2021-LC-SOLE RIGHT | लखनऊ सिटी | लखनऊ सिटी स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने हेतु | रु. 4,83,414/-+ GST As Applicable | रु.29,100/- |
| 6. 29-2021-JKNI-SOLE RIGHT | झारखण्डी | झारखण्डी स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन 03 वर्ष हेतु। | रु. 1,81,637/-+ GST As Applicable | रु.11,000/- |
| 7. 30-2021-GKP-SOLE RIGHT | गोरखपुर | गोरखपुर स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन 03 वर्ष हेतु। | रु. 45,17,783/-+ GST As Applicable | रु.2,72,000/- |
| 8. 31-2021-MBP-SOLE RIGHT | मोहिबुल्लापुर | मोहिबुल्लापुर स्टेशन पर सोल राइट के माध्यम से वाणिज्य विज्ञापन 03 वर्ष हेतु | रु. 3,19,318/-+ GST As Applicable | रु.20,000/- |

• क्र.सं. 1, 2, 4, 5, 6 एवं 8 हेतु निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में) through online payment : रु. 2,000/-, • क्र.सं. 3 एवं 7 हेतु निविदा प्रपत्र की राशि (रुपये में) through online payment : रु. 5,000/-, • निविदा बन्द होने की तिथि व समय : दिनांक 26.11.2021 समय 14.00 बजे • निविदा खोलने की तिथि व समय : दिनांक 26.11.2021 समय 15.00 बजे, • निविदा की वैधता : 45 दिन, • ठेके की अवधि : 03 वर्ष, • वेबसाइट : www.ireps.gov.in.

मुजाधि/वाणिज्य-71 मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), लखनऊ

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो.-09794845955 पर SMS करें

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

# बांग्लादेश व म्यांमार से मानव तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा, चार गिरफ्तार

## अवैध रूप से मुस्लिम युवकों को भारत लाकर हिंदू नाम वाले फर्जी आधार कार्ड व पासपोर्ट के जरिए भेजते थे विदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कूटरचित** दस्तावेजों के आधार पर म्यांमार व बांग्लादेश के नागरिकों को अवैध रूप से भारत लाकर उनके आधार कार्ड व पासपोर्ट बनवा कर मानव तस्करी कर विदेश भेजने वाले गिरोह से संबंधित चार सदस्यों को मंगलवार रात यूपी एटीएस ने मुगलसराय रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। ये लोग मुस्लिम युवकों को हिंदू नाम वाले फर्जी आधार कार्ड, वोटर कार्ड और पासपोर्ट उपलब्ध करवाकर विदेश भेजते थे। इसके बाद उनसे भारी रकम वसूलते थे।

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि बीते कुछ समय से यह सूचना मिल रही थी कि एक एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह बांग्लादेश व म्यांमार के नागरिकों को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूट रचित प्रपत्र तैयार करवाकर उन्हें भारत के नागरिक के रूप में प्रतिरूपित कर उन्हें भारी मात्रा में धन के बदले विदेश भेजने का कार्य करते हैं । इस गिरोह के सदस्य इनके मुस्लिम नाम को हिन्दू नाम में परिवर्तित कर उनके कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जारी किये गए भारतीय पासपोर्ट के आधार पर विदेश भेजने का भी कार्य करते हैं । मानव तस्करी के इस कृत्य के बदले ये लोग उनसे अवैध धन भी वसूलते हैं।

इस सूचना को विकसित करने के क्रम में यह भी जानकारी हासिल हुई कि गिरोह का एक व्यक्ति 3 बांग्लादेशी नागरिकों के साथ राजधानी एक्सप्रेस 02314 से नई दिल्ली से आ रहा है । इस पर एटीएस की फील्ड यूनिट वाराणसी ने बीते मंगलवार की रात मुगलसराय के पं दीन दयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर इन चारों मिथुन मंडल निवासी सिहरेल बाघन पारा, कालना, बर्धमान पश्चिम बंगाल, शाओन अहमद उर्फ पिंटू दास निवासी ग्राम रोड जोनल पश्चिमी मारी जिला जमालपुर, बांग्लादेश, मोमिनुर इस्लाम उर्फ रोमी निवासी थाना मदार गंज जिला जमालपुर बांग्लादेश और मेहंदी हसन उर्फबापी राय निवासी जोना पाछीमारी जिला जमालपुर बांग्लादेश को ट्रेन से उतार कर हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद संदिग्ध प्रतीत होने पर इन्हें एटीएस मुख्यालय लखनऊ लाया गया। जहां बाद में इन्हें नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से कूटरचित दस्तावेजों से बना भारतीय पासपोर्ट, आधार कार्ड ,पैन कार्ड, कई एटीएम कार्ड व विभिन्न देशों की मुद्राएं बरामद हुई हैं। इस सम्बन्ध में एटीएस थाने पर पासपोर्ट अधिनियम 1967 व 14 विदेशी अधिनियम 1946 सहिम अन्य धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है ।

एडीजी ने बताया कि ये लोग बांग्लादेशी व रोहिंग्या लोगो को अवैध रूप से भारत में लाकर उनके कूटरचित पहचान के दस्तावेज जैसे आधार कार्ड आदि तैयार करवाते थे। इनमें बांग्लादेशी व रोहिंग्या स्वेच्छा से सम्मिलित रहते थे। जिनका उद्देश्य इन कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर विदेश जाना होता है। कूटरचित दस्तावेजों यथा आधार कार्ड व वोटर कार्ड के आधार पर फर्जी पते पर पासपोर्ट तैयार करवाते थे। तैयार कराए गए पासपोर्ट में अपनी पहचान पूर्ण रूप से छिपाकर हिन्दू नामों का प्रयोग किया जाता था।

एडीजी के मुताबिक इन पासपोर्ट में अंकित पतों का सम्बंधित राज्य के पुलिस अधिकारियों से सत्यापन कराया गया तो अंकित पते फर्जी निकले। भारतीय पहचान स्थापित कर अवैध रूप से विदेश भेजने के नाम पर इस गिरोह के सदस्य इन बांग्लादेशी व रोहिंग्या लोगो से धन भी वसूलते थे । अभियुक्त मिथुन की पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले के कलना में अपर जपत काली ताला क्षेत्र में यूरोपियन टूर एंड ट्रेवेल के नाम से एक ट्रेवल एजेंसी भी है। अभियुक्त शाउन अहमद, मोमिनुर इस्लाम व मेंहदी हसन बांग्लादेश के मदारगंज में एक होटल में काम करते थे व ये लोग 16 अगस्त 2021 को अवैध रूप से भारत-बांग्लादेश सीमा पार कर भारत में आए थे। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी की जा रही है।

# भाजपा सरकार किसान विरोधीः अखिलेश

**●मऊ में एक मंच पर दिखाई दिए अखिलेश व ओमप्रकाश राजभर**

**●सूबे में फ्री शिक्षा और पुरानी पेंशन होगी बहालः राजभर**

**संवाददाता**। मऊ



**मऊ** जिले के हलधरपुर स्थित ढोलवन के मैदान में बुधवार को सुभासपा के 19वें स्थापना दिवस पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एवं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर एक साथ एक मंच पर दिखाई दिए। मऊ जिले के हलधरपुर स्थित ढोलवन के मैदान में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि लखीमपुर खीरी में किसानों को टायरों के नीचे कुचल दिया और मामले में अभी तक आरोपित होने के बाद भी केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री ने इस्तीफा तक नहीं दिया है। भाजपा की सरकारें पूरे देश में अपने को किसानों का हितैषी बता रही है। इसका असली चेहरा अब उजागर होगा। जनता इसका जवाब देने के लिए तैयार बैठी है।

उन्होंने किसान, नौजवान और बेरोजगारों को इस लड़ाई को सफल बनाने के लिए आगे आने का आहवान किया।

वहीं सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि 22 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनते ही सूबे में स्नातक तक शिक्षा फ्री कर दी जायेगी और पुरानी पेंशन की बहाली भी होगी। सभी समस्याओं का निराकरण कराया जायेगा।

उन्होंने कई मुद्दों पर महापंचायत के सामने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का ध्यान आकर्षित किया। भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि उनकी हिम्मत नहीं है कि वह सुभाजपा की सेना से टकराये। महापंचायत में ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि यदि घर में पांच लोग हैं तो राशन कार्ड में केवल दो लोगों का नाम ही है तो इसे कत्तई नहीं बर्दाश्त किया जायेगा। 2022 में सरकार बनते ही जातिवार जनगणना करवायेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट को भी लागू कराने का काम करेंगे।

उन्होंने मंच से यह भी कहा कि पुलिस के साथी 18 से 20 घंटे ड्यूटी करते हैंए जबकि उन्हें आठ घंटे का ही वेतन मिलता है। इसे रोकना है और सप्ताह में एक दिन की छुट्टी इनकी भी होगी। इसके साथ ही बार्डर सीमा पर तैनाती देने का काम होगा। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग अरसे से चली आ रही है।

इसे भी बहाल कराने का काम करेंगे। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की प्रदेश में सरकार ने समाजवादी पेंशन को छिन लिया है।

सरकार बनते ही अगर यह पेंशन तीन गुना देना पड़ा तो देंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने साढ़े चार साल के कार्यकाल के दौरान कोई बिजली नहीं बनायी। डबल इंजन के इस सरकार में बिजली का बिल महंगा होने के साथ.साथ महंगाई भी चरम पर पहुंच गयी है। पेट्रोल 100 रुपये के पार हो गया है। सरकार जाते.जाते इसे 150 तक पहुंचा देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछड़े और दलितों को धोखा देने का काम किया है।

भाजपा ने नोटबंदी कर काला धन वापस लाने और भ्रष्टाचार समाप्त करने का वादा किया था, लेकिन कुछ भी नहीं कर पायी है। भाजपा केवल नाम और रंग बदलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सपा ने पुलिस व्यवस्था के लिए 100 डायल और एम्बुलेंस को चलाया थाए लेकिन भाजपा ने इसे पूरी तरह से खराब कर दिया है। पूर्वांचल में सड़क बननी थी, लेकिन अभी तक नहीं बनायी। गोरखपुर से सलेमपुर तक काम नहीं शुरु हुआ। उन्होंने ललितपुर घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अब तक खाद की सूबे में कोई व्यवस्था नहीं की गयी है।

लाइन में खाद के लिए लगे किसान की मौत हो गयी और नौजवान को आत्महत्या करना पड़ा। यह सरकार अन्नदाता को खाद और सुविधाएं उपलब्ध नहीं करा पा रही है। अब तक 600 किसान मारे जा चुके हैं। उन्होंने तीन काले कृषि कानून को किसानों के लिए बर्बाद करने के लिए बताया।

## भाजपा के एजेंडे में कभी नहीं रहा किसानः मनोज

कमालपुर (**चंदौली**)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह बुधवार को बहेरी गांव के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने गांव भ्रमण कर ग्रामीणों का सुख.दुख जाना। उनकी समस्याएं सुनी और उसे दूर करने का संबल प्रदान किया। उन्होने कहा कि गांव में जो भी विकास संबंधित कार्य अधर में लटके हैं। उनका निराकरण सपा के सत्ता में आते ही प्राथमिकता के आधार पर दूर होगी। गरीबों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली हो या फिर मुफ्त पढ़ाई या दवाई। सपा सरकार जनता को इन बुनियादी सुविधाएं देने में अग्रणी भूमिका अदा करेगी। उन्होंने कहा कि आज महंगाई से जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। गरीब हो या मध्यम वर्गीय परिवार आज सभी दो जून की रोटी का प्रबंध करने के लिए हाड़तोड़ मेहनत करता नजर आ रहा है।

मनोज ने कहा कि किसानों का आय दोगुनी करने का भाजपा का दावा मात्र चुनावी स्टंट व छवाला है। किसान कभी भी भाजपा के एजेंडे में था ही नहीं है। ये सिर्फ मंच से किसानों और नौजवानों की बातें करते हैं।

## विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाएंः विधायक

धानापुर (**चंदौली**)। भारतीय जनता पार्टी धानापुर पश्चिमी और पूर्वी कार्यकर्ताओं की बैठक में विधायक सुशील सिंह ने कार्यकर्ताओं को विकास कार्यों एवं योजनाओं को घर-घर तक पहुचाने का मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल के हम सभी कार्यकर्ता हैं। हमारे लिए कार्यसमिति की बैठक महत्वपूर्ण है। पार्टी के पदाधिकारियों, संयोजक एवं सह संयोजक, प्रभारियों का दायित्व है कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें। विधायक सुशील सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं एवं आम जन मानस में पैठ बनाएं। केंद्र और राज्य की सरकार ने हर दिशा में कार्य किया है। हम सभी भाजपा के कार्यकर्ता हैं और भाजपा के कार्यकर्ता जुझारू होते हैं। कार्यक्रम में हरवंश उपाध्याय, पूर्वी अध्यक्ष राजेश तिवारी, बुद्धुलाल विश्वकर्मा, श्रवण सिंह, आशुतोष चतुर्वेदी, हृदय तिवारी, आशीष तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## एनटीपीसी रिहंद में प्रतियोगिताएं आयोजित



बीजपुर (**सोनभद्र**)। एनटीपीसी रिहंद में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दूसरे दिन मानव संसाधन विभाग द्वारा भू-प्रबंधन संबन्धित विषय पर एनटीपीसी रिहंद के कर्मचारियों को जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक रिहंद देबब्रत पॉल एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। महिलाओं और बच्चों के लिए भ्रष्टाचार विरोधी विषय पर चित्रकला पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं महिलाओं के लिए भारत को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं और महिलाओं की भूमिका पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, साथ ही कर्मचारी एवं एसोसिएट्स के लिए सच्ची आजादी आत्मनिर्भरता से मिलेगी या सत्यनिष्ठा के साथ आत्मनिर्भरता नई भारत की गूंज विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## पीएनबी ने वॉकाथान का किया आयोजन

**वाराणसी**। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय मऊ द्वारा गत 26 अक्टूबर से एक नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2021 के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के दौरान मंगलवार को वॉकाथॉन का नेतृत्व किया। मंडल प्रमुख ने सभी स्टाफसदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ भी दिलाई। मंडल प्रमुख ने अपने सम्बोधन में कहा कि व्यक्तिगत व व्यावसायिक दोनों ही रूप से अपनी समस्त दैनिक गतिविधियों में सतर्क रहने पर बल दिया।

## टारगेट पूरा न होने पर सचिवों पर होगी कार्रवाई

सकलडी (**चंदौली**)। डीएम और सीडीओ की निर्देश के बावजूद विकास कार्यो को लेकर सचिव मौन साधे हुए है। बुधवार को जिला दिव्यांग अधिकारी व प्रभारी बीडीओ राजेश नायक ब्लॉक सभागार में सचिव और तकनिकी सहायकों के साथ बैठक किया। इस दौरान दिपावली तक सभी मानकों को पूरा नही होने पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी दिया। इस दौरान कुछ सचिवों के क्रियाकलाप को लेकर फकार लगाया। शासन के निर्देश पर पंचायत भवनों पर सहायक पंचायत कर्मी की नियुक्ति हो गयी है। इसके बाद भी उन्हें सचिवों द्वारा दायित्व नही दिये जाने पर परेशान है। जिसे लेकर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए क्षेत्र में पहुंचकर दायित्वों का निर्वहन करने की चेतावनी दिया। इसके साथ ही मनरेगा में मात्र 35 परिवार को कार्य दिये जाने पर सचिवों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए फटकार लगाया।

# निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर न हो उर्वरक की बिक्रीः जिलाधिकारी

**संवाददाता**। सोनभद्र

**नवागत** जिलाधिकारी टीके शिबु ने बुधवार को जन सुनवाई कक्ष में आये हुए शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्धता के साथ निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जिन भी शिकायतों का निस्तारण किया जाय उसके सम्बन्ध में रेण्डम आधार पर व्यक्ति के शिकायत निस्तारण के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की जाय। इस दौरान उन्होंने उप निदेशक कृषि व जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ई-पास मशीन के माध्यम से ही किसान बन्धुओं को उर्वरक बिक्री सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद की सीमा से लगे प्रदेश में उर्वरक की काला बाजारी कदापि ही न होने पायें। निजी और सहकारी बिक्रेता निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक की बिक्री न करने पाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसान बन्धुओं के पास कृषि योग्य जो भी भूमि हो उसके खतौनी के अनुसार ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाये और यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जनपद में कोई भी बिक्रेता सरकारी,थोक, निजी व फूटकर उर्वरक के बिक्रेता अनावश्यक रूप से उर्वरक का भण्डारण न करें। इसके लिए जनपद में टीम बनाकर दुकानों का संघन निरीक्षण किया जाए।

# सहकारिता मंत्री ने चलाया फावड़ा

**संवाददाता**। गाजीपुर



**जनपद** के देवकली पम्प नहर द्वितीय खंड के डीलिया माइनर के सफाई कार्य को सहकारिता राज्य मंत्री डा. संगीता बलवंत ने स्वयं फावड़ा चलाकर शुभारंभ कर गति प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की रबी 1429 फसली वर्ष में प्रस्तावित सिल्ट सफाई से किसानों को हेड से टेल तक आसानी से पानी पहुंचेगा तथा फसलों की सिंचाई सुगमता से होगी।

उन्होंने कहा की भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व की सरकार किसानों के हित मे लगातार कार्य कर रही है ताकी किसानों की आय दुगुनी तथा फसलो के उत्पादन मे लगने वाले खर्च मे कमी आए। एक अन्य कार्यक्रम में सहकारिता राज्य मंत्री डा. संगीता बलवंत ने साधन सहकारी समिति कुसम्ही कला पर ऋण वितरण शिविर के माध्यम से किसानों के उन्नति कृषि के लिए 357400 रुपये का ऋण किसानों मे वितरण किया। इस मौके पर उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसान हितों के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि जहां किसानों के जीवन यापन में सहायक बन रही है। वहीं सहकारिता विभाग कृषि ऋण के माध्यम से किसानों को उन्नत खेती के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उनके जीवन को समृद्ध करने में सहायक हो रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार किसान समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष अच्छे लाल गुप्ता, जिला सहायक निबंधक गाजीपुर, सचिव मुख्य पालक अधिकारी, एडीसीओ बैंकिंग, सचिव जिला सहकारी संघ, समिति सचिव कुसम्ही कला, समिति अध्यक्ष कुसम्हीकला, मंडल अध्यक्ष विनीत शर्मा, ग्राम प्रधान राम किशुन बिन्दए सोहन बिन्द क्षेत्र पंचायत सदस्य, अवधेश क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## हॉस्पिटल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग



**गाजीपुर**। जनपद में भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मिला। जिसमें प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ से मांग किया कि नगर के आमघाट में फर्जी तरीके से एक हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा है। जिसमें घोर अराजकता की स्थिति है। उन्होने कहा कि मरीजों से जांच इत्यादि के नाम पर मनमाने तरीके से धन उगाही कर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। जिसकी जांच कर कड़ी संवैधानिक कार्रवाई होना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल के मांग पर सीएमओ ने तत्काल अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएचए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रशिक्षण, जिला पूर्ति अधिकारी एवं परिवार कल्याण कार्यालय को जांच अधिकारी बना कर कड़ी कार्रवाई के लिए प्रशस्त किया। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से भाजयुमो नेता योगेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो राजेश राजभर, जिला अध्यक्ष भाजयुमो प्रकाश अकेला, गौरव सिंह आदित्य सिन्हा मनोज कुशवाहा रोशन विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

# केन्द्रीय मंत्री के खिलाफ किसान मोर्चा ने तहसील मुख्यालय पर किया उग्र प्रदर्शन

**संवाददाता**। सकलडीहा (**चंदौली**)




**राष्ट्रीय** किसान संयुक्त मोर्चा के आहवान पर भाकियू और भाकपा माले व इंकलाबी नौजवान सभा कार्यकर्ताओं ने कस्बा में विरोध जुलूस निकालकर तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार की नीतियों की आलोचना के साथ ही किसान बिल वापस लेने की मांग की गई। अंत में राज्यपाल के नाम सम्बोधित छह सूत्री मांग पर तहसील प्रशासन को सौंपा। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा से इस्तीफा देने की मांग किया।

वक्ताओं ने आरोप लगाया कि इस सरकार में किसान हित की बात करना तो दूर किसानों की रक्षा तक नही हो पा रही है। काला कानून किसान बिल को लेकर 11 माह से किसान आन्दोलन कर रहे है। इसके बाद भी सरकार के लोग शहीद हुए किसानों के प्रति दया तो दूर किसान बिल को वापस लेने में भी हीला हवाली कर रहे है। जबकि पूरे देश में किसान हित का भाजपा सरकार ढ़िढ़ोरा पीट रही है। राष्ट्रीय किसान संयुक्त मोर्चा के आवाहन पर भाकपा माले और भारतीय किसान यूनियन ने पूरे कस्बा में विरोध जुलूस निकालकर केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्तगी की मांग उठाया है। अंत में प्रदेश में लूटए हत्याए बलात्कार आदि की घटनाओं को लेकर केन्द्र और प्रदेश सरकार के खिलाफ भड़ास निकालते हुए छह सूत्री मांग पत्र सौपा। इस मौके पर विरोध जताने वालों में शशीकांत सिंह, श्रवण कुशवाहा, रमेश राय आदि माजूद रहे।

## युवक मंगल दल का हुआ संगठन विस्तार

**सोनभद्र**। संगठन युवक मंगल दल की बैठक सदर ब्लॉक के क्षेत्रीय कार्यालय सेंधुरी पर ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद मौर्या की अध्यक्षता में सम्पन हुई बैठक में संगठन का विस्तारीकरण करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष एंव उत्तर प्रदेश सरकार के यूथ आइकॉन सौरभ कान्त पति तिवारी ने सन्तपति मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष एंव घोरावल का प्रभारी ओम प्रकाश पटेल को जिला मंत्री इमरान अंसारी को जिला कार्यसमिति सदस्य एंव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक योगेंद्र केशरी को जिला कार्यसमिति सदस्य एंव सदर ब्लॉक का प्रभारी संजय मौर्या को सदर ब्लॉक का सह प्रभारी अमित कुमार को शिक्षा प्रकोष्ठ का जिला सह संयोजक अनिल मौर्या को ब्लॉक संयोजक ग्राम प्रधान राजेन्द्र प्रसाद मौर्या क्षेत्र पंचायत सदस्य जय प्रसाद मौर्या पूर्व ग्राम प्रधान लीलामणि सिंह पटेल को संरक्षक मनोनीत किया गया।

# मुस्लिम महिला फाउंडेशन ने जिहादियों का फूंका पुतला



**संवाददाता**। वाराणसी

**बांग्लादेश** में इस्लाम को बदनाम करने और इस्लाम का कुरूप चेहरा पेश करने से मुस्लिम महिला फउण्डेशन ने गहरी नाराजगी व्यक्त की है। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की नेशनल सदर नाजनीन अंसारी ने बांग्लादेश की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए इन्द्रेश नगर लमही में स्थित सुभाष भवन के सामने बांग्लादेशी जिहादियों का पुतला फूंका। मुस्लिम महिलाएं हाथों में तख्ती लिए हुए थी, जिस पर लिखा था- जिहादियों को जेल में डालो, बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार बन्द करो, संयुक्त राष्ट्र संघ हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर ध्यान दे, बांग्लादेश की सरकार हिन्दुओं की सुरक्षा करे। आक्रोशित मुस्लिम महिलाओं ने पुतले को डंडों से पीटा और जिहादियों को ये सन्देश भेजा कि वे हिंसा, हत्या और हराम का रास्ता छोड़ दें ।

## रौजा उपकेंद्र पर लगा विद्युत मेगा कैम्प



**गाजीपुर**। जनपद के रौजा पर विद्युत मेगा कैम्प लगाया गया जिसमें कुल कैम्प में 44 उपभोक्ता आए, जिसका मौके पर 30 लोगों का छूट में लाभ देते हुवे दो लाख 50 हजार रुपये जमा कराया गया एव पांच लोगों का मौके पर परिसर में विभागीय मीटर लगाया गया। अवर अभियंता रौजा राघवेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम सभा विंदवालिया मे मेगा कैम्प लगाकर गांव में विजली चेकिंग किया गया जो मौके पर पांच लोग बिना कनेक्शन लिए विद्युत उपभोग करते हुए पकड़े गए। जिनके खिलाफ विजिलेंस थाना रौजा पर एफआईआर दर्ज कराया गया। सरकार द्वारा एकमुश्त समाधान योजना लागू है जिसका अंतिम डेट 30 नवंबर है सभी बकायेदार उपभोक्ता अपना अपना बकाया बिल का भुगतान छूट का लाभ लेते हुवे अवश्य जमा कर दें एवं जिसका जिसका अवैध कनेक्शन है वे लोग तत्काल अपना विद्युत कनेक्शन करा लें एव विभागीय कार्रवाई एव एफआईआर से बचे।

# पराली जलाने से खेत की पैदावार क्षमता में आयेगी भारी कमीः कृषि विभाग

**संवाददाता**। सकलडीहा (चंदौली)

**अमर** ज्योति सेवा केंद्र मनिहारा द्वारा मंगलवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों को उपज बढ़ाने व सरकार की कृषि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस दौरान कृषि अधिकारियों ने खेतों में पराली को न जलाने की सलाह दिया।

कृषि उप संभागीय के कृषि अधिकारी विजय कुमार सिंह ने किसानों को पराली न जलाने को लेकर जागरूक किया। साथ ही उनकी उपज बढ़ाने और अन्य लाभदायक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी। डा. विजय कुमार विमल ने खेती करने के दौरान बीच.बीच मे भूमि शोधन, कीटनाशक दवाएं जैविक कीट नियंत्रण, मृदा परीक्षण व डिकंपोस्ट सहित विभिन्न जानकारियां दीं। अमर ज्योति सेवा केंद्र के कोऑर्डिनेटर सुजीत ने जैविक खेती का महत्व एवं जैविक खेती से होने वाले फायदे से किसानों को अवगत कराया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपसंभागीय अधिकारी विजय कुमार सिंह, डा. विजय कुमार विमल व संस्था के निदेशक फादर ज्ञान प्रकाश द्वारा किया गया। इस मौके पर जितेंद्र कुमार सिंह, राम अवतार सिंह, संध्या, कविता, कालिंदी, चिंतामणि व मनोज सहित अन्य उपस्थित थे।

## अधिवक्ताओं ने लिया सपा सरकार बनाने का संकल्प

**मीरजापुर**। समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव संविधान बचाओं संकल्प यात्रा को लेकर बुधवार को जनपद मीरजापुर पहुँचे और मॉ विन्ध्यवासिनी का दर्शन पूजन कर सरकार बनाने का मॉ से आर्शीवाद मॉगा। समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया ट्रस्ट पहुँचने पर अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर स्वागत किया एवं शाल व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

अधिवक्ता सभा द्वारा आयोजित संविधान बचाओं संकल्प यात्रा के जनसंवाद को प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार संविधान को खत्म करने पर अम्रमादा है। संविधान बचाने के लिए यह संकल्प यात्रा की जा रही है। उन्होने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओ से प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का आह्वान किया।

# मिट्टी के दीये से दीपावली मनाने की अपील की गई

**संवाददाता**। वाराणसी

**काशीवासियों** से इस बार आगामी पर्व के साथ सामाजिक संस्था सुबह-ए- बनारस क्लब, लक्ष्मी हॉस्पिटल एवं हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, दीपावली पर पटाखा ना फोड़ने एवं सिर्फ मिट्टी के दीये से दीपोत्सव दीपावली मनाने की अपील की गयी। संयुक्त बैनर तले संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, लक्ष्मी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. अशोक कुमार राय एवं कालेज की प्रधानाचार्या डा. प्रियंका तिवारी, के संयुक्त नेतृत्व में मैदागिन स्थित हरिश्चंद्र बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रांगण मे जीवन के लिए सांसे है जरुरी-पटाखों से बनाओ दूरी, के नारो के साथ स्कूली छात्राओं के हाथों में पोस्टर बैनर एवं प्रतीकात्मक रूप से मिट्टी के दीये देकर शपथ दिलाया गया कि वह इस बार की दीपावली पटाखा ना फोड़कर मिट्टी के दीए के साथ मनाएगी। उपरोक्त अवसर पर बोलते हुए संस्था के अध्यक्ष मुकेश जायसवाल, डॉ. अशोक कुमार राय एंव डॉ. प्रियंका तिवारी ने कहा कि दूसरी लहर के तहत आए अप्रैल-मई माह के कॉल ग्रसित कोरोना कॉल के महामारी ने कितने लोगों की बली लेने के बाद गंभीर रूप से शिकार हुए लोगों को ऑक्सीजन की कमी और संक्रमित फेफड़ों की बीमारी के कारण मौत रूपी काल के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया था । ईश्वरी कृपा से बचे ऐसे लोग नाना प्रकार के फेफड़ा एवं सांस संबंधित बीमारी से अभी भी त्रस्त है। ऐसे में जन जागरूकता के तहत हमें शपथ लेना होगा कि इस बार की दीपावली पर हम ना तो पटाखा फोड़ेंगे, और ना तो किसी को अपील के माध्यम से फोड़ने देंगे।

## निरुपमा यादव बनीं शिक्षक

कमालपुर (चंदौली)। सरकार द्वारा गत आठ अगस्त को कराई गई टी जी टी की परीक्षा का परिणाम 26अक्टूबर को परिणाम घोषित किया गया। जिसमें धानापुर विकास खण्ड के कांधरपुर गांव की डॉ राम सिंह की पुत्री निरुपमा यादव उत्तीर्ण हुई। निरुपमायादव सामाजिक विज्ञान यादव सामाजिक विज्ञान की हाई स्कूल की शिक्षक बनीं।

## जन प्रतिनिधियों के पत्राचार पर त्वरित करें कार्रवाई

**मीरजापुर**। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति हीरा लाल एवं सदस्य लाल बिहारी के सभापत्तिव में संसदीय अध्यन समिति की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सभापति ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्रीय मंत्री, सांसद विधायक, विधान परिषद सदस्य व जन प्रतिनिधियो द्वारा पत्राचार के माध्यम से समस्याओं के निस्तारण की कार्यवाही के सम्बन्ध में अधिकारियो से जानकारी प्राप्त किया। उन्होने कहा कि जन प्रतिनिधियों द्वारा लोगो की समस्याओ के निस्तारण हेतु जो भी पत्राचार किया जाता हैं, उसका निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समयबद्ध सुनिश्चित किया जए।

# सड़क हादसे में सिपाही की मौत

● शव पोस्टमार्टम के बाद लाया गया कोतवाली, साथी पुलिसकर्मियों ने दिया कंधा और अंतिम विदाई

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव



**सड़क** हादसे में दिवंगत सिपाही अमित कुमार यादव का शव पोस्टमार्टम के बाद यहां कोतवाली लाया गया। जहां पुलिसकर्मियों ने नम आंखों से सलामी दी। कोतवाली में तैनात सभी पुलिसकर्मियों ने मिलकर बंद लिफाफे में मृत सिपाही के पिता को सहायता राशि भी सौपी।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अतरधनी में विद्युत करंट की चपेट में आकर काल के गाल में समाए किसान दंपत्ति के शवों का पोस्टमार्टम कराने जा रहे कोतवाली के सिपाही अमित यादव की रास्ते में सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जबकि साथी महिला सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गयी। पोस्टमार्टम के बाद आज दिवंगत सिपाही का शव कोतवाली लाया गया। जहां गमगीन माहौल में नम आंखों से राजकीय सम्मान के साथ पार्थिव शरीर को सलामी दी गई। इस दौरान साथी महिला सिपाही अपने आप को संभाल नही सकी और दहाड़े मार कर रोने लगी। सलामी के बाद दिवंगत का पार्थिव शरीर कोतवाली परिसर से हरदोई उन्नाव मार्ग पर खड़े पुलिस के वाहन तक लाया गया। शव को उपपुलिस अधीक्षक आशुतोष कुमार और कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह सहित सभी पुलिसकर्मियों ने कंधा दिया। वाहन में शव रखने के बाद गमगीन पुलिस कर्मियों ने नम आंखों से अपने साथी को अंतिम विदाई दी। शव के साथ मौजूद चचेरे भाई रवि यादव ने बताया कि अमित और रोहित अपने मां.बाप की दो ही संताने थी। दोनों भाई साथ.साथ अक्टूबर 2020 मे पुलिस में भर्ती हुये थे। इनमें बड़े भाई रोहित की तैनाती जनपद सहारनपुर में तथा छोटे भाई अमित कुमार जनपद उन्नाव में तैनात हुआ था। बाद में प्रथम तैनाती गत 13 मई को कोतवाली बांगरमऊ में हुई थी। होनहार युवक अमित कुमार मात्र 6 महीने पुलिस की नौकरी कर सका। बड़े भाई रोहित की तीन साल पूर्व शादी हो चुकी है। जबकि मृतक अमित का विवाह पड़ोसी गाँव की निवासी महिला सिपाही के साथ तय हुआ था। विवाह गत माह अप्रैल में होना था। लेकिन होली के एक सप्ताह पूर्व अचानक अमित की दादी की मृत्यु हो गई। जिसके कारण वैवाहिक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। अब आगामी अप्रैल में अमित का विवाह होना था। माता मिथिलेश कुमारी तथा पिता उमेश कुमार छोटे बेटे अमित की शादी काफी धूमधाम से करना चाहते थे। विवाह के लिए वे अभी से तैयारी में जुटे थे। किंतु कुदरत को तो कुछ और ही मंजूर था। शादी की सारी खुशियां एक झटके में मातम में तब्दील हो गई।

# जिला पोषण समिति अभिसारण समिति की बैठक हुई सम्पन्न

संवाददाता। उन्नाव

**जिलाधिकारी** रवीन्द्र कुमार की अध्यक्षता में जिला पोषण समितिध् अभिसारण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक में अनुपूरक पुष्टाहार योजना के अन्तर्गत ड्राई राशन की आपूर्ति एवं वितरणए आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण की प्रगतिए जिला पोषण पुर्नवास केन्द्र में अतिकुपोषित बच्चों के संदर्भए कन्वर्जेन्स विभागों द्वारा पोषण मिशन में आपेक्षित सहयोग आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित नैफेड प्रतिनिधि को समयबद्ध रूप से खाद्यान्न की आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण के सम्बन्ध में समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं मुख्य सेविकाओ के माध्यम से निर्माण का नियमित अनुश्रवण करते हुए कार्यदायी संस्थाओं को माह नवम्बर 2021 में शतप्रतिशत आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण पूर्ण कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गये। पोषण मिशन के अन्तर्गत संचालित योजनाओं का सुचारू रूप सें संचालन किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु विभागीय निर्देशानुसार बजट के उपभोग हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही के निर्देश दिए गये। बैठक में उपस्थित यूनीसेफप्रतिनिधि आशीष शुक्ला के द्वारा अवगत कराया गया कि पोषण अभियान के अन्तर्गत पोषण माह सितम्बर में गतिविधियों के आयोजन में जनपद तीसरे स्थान पर रहा है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए बाल विकास विभाग सहित अन्य कन्वर्जेन्स विभागो के अधिकारीध्कर्मचारियों के कार्यो की सराहना भी की गयी तथा आगे भी जनपद को सम्मानजनक स्थान पर लाए जाने हेतु प्रयास किए जाने के निर्देश दिए गये।

## क्विक न्यूज

### पांच घंटे स्वास्थ्य सेवाएं रखीं बाधित

**फर्रुखाबाद।** विगत तीन माह से वेतन ना मिलने से खफा अरबन स्वास्थ्य कर्मियों नें कार्य बाधित कर नारेबाजी की। तकरीबन 5 घंटे तक कार्य बाधित रखा। इसके बाद दो दिन में कार्यवाही का आश्वासन मिलने पर स्वास्थ्य कर्मी काम पर लौटे।दरअसल अरवन पीएससी नौलख्खा काशीराम कालोनी, रकाबगंज, साहबगंज व भोलेपुर के साथ ही लिजीगंज पीएचसी के अरवन के स्वास्थ्य कर्मीयों नें बीते तीन माह से वेतन ना मिलने पर कोविड टीकाकरण आदि कार्य बाधित कर दिया। जिलामहामंत्री राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ नरेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित हुआ प्रदर्शन लगभग 5 घंटे तक जारी चलता रहा। जिसके बाद हड़ताली कर्मियों की अपर चिकित्साधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह से वार्ता हुई, जिसमे एनबीएचएम नोडल अधिकारी डॉ0 दलवीर सिंह व अरवन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कोऑर्डिनेटर राजीव पाठक से फोन पर वार्ता के बाद उन्हें दो दिन में कार्यवाही का भरोसा दिया गया। जिस पर हड़ताल कर रहे अरवन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के दर्जनों संविदा स्वास्थ्य कर्मियों नें हड़ताल वापस ले ली। रत्नेश कुमार,अखिलेश कुमार,अंकित दीक्षित, प्रभात यादव, विजय सिंह ,आदर्श कुमार सिंह, पंकज कुमार, अजय मिश्रा, योगेंद्र आदि लोगों ने प्रदर्शन किया।

### बीमारी से तंग महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** बीती रात महिला नें घर के कमरें में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतका के पुत्र नें पुलिस को तहरीर दी। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना क्षेत्र के मोहल्ला अशोक नगर निवासी 50 वर्षीय सोनी पत्नी वीरेंद्र कुमार काफी दिनों से बीमार चल रहीं थी। उनके पति वीरेंद्र कुमार की मौत पूर्व में ही हो गयी थी। बीती रात लगभग 9 बजे उन्होंने घर की दोमंजिल पर बने कमरें में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होनें पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका सोनी के पुत्र आदित्य नें पुलिस को तहरीर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर आ गयी। पुलिस नें जाँच पड़ताल की। उपनिरीक्षक नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान

**उन्नाव।** शासन के निर्देश के क्रम में दीपावली त्योहार के दृष्टिगत चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में उन्नाव व रायबरेली जिले की संयुक्त आबकारी टीम के साथ मे मौरावां पुलिस ने तहसील पुरवा के अंतर्गत थाना मौरावा के संदिग्ध ग्राम असरेन्दा में कई घरों व तालाब किनारे व नदी के किनारेए जंगल में रंजीत खेडाए व संदिग्ध ग्राम गौरी में दबिश देकर छापेमारी की। दबिश के दौरान लगभग 210 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए 3 अभियोग पंजीकृत किये। मौके पर लगभग 950 किलो महुआ लहन व 8 भट्टी भी नष्ट की गयी।अभियान के दौरान उन्नाव टीम में राजेश प्रताप सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.4 पुरवाए प्रदीप कुमार मौर्य आबकारी निरीक्षक क्षेत्र .5 बीघापुरए राजलक्ष्मी आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.6 बांगरमऊआनंद पाठक आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.2 रायबरेलीए राजेश कुमार गौतम आबकारी निरीक्षक क्षेत्र. 6ए रायबरेलीए संजीव सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.3ए रायबरेलीए श्रीमती देविका शुक्ला आबकारी निरीक्षक क्षेत्र .4 रायबरेलीए व मौरावां थाने के सब इंस्पेक्टर जे0 एन0 मिश्रा रहे। अभियान के दौरान अवैध व्यापार में लिप्त मिली सुनीता देवी पत्नी दिनेश कुमारए भगवान देई पत्नी स्व0 रामआशरेए तारावती पत्नी कल्लू परथाना मौरावां में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराया गया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**फतेहपुर।** सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के ग्राम अफोई के समीप मंगलवार की शाम बाइक की चपेट में आ जाने से 42 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया उपचार के लिये अस्पताल ला रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार हथगांव थाना क्षेत्र के महोईया गांव निवासी स्व0 रामदास लाल बाबू बाइक से कही जा रहा था तभी अफोई के समीप गाड़ी खड़ी कर उतरकर सड़क पार कर रहा था इसी बीच विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिये अस्पताल ला रहे थे तभी रास्तें में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### विधायक ने किया पंचायत भवन का लोकार्पण

**फतेहपुर।** सदर विधायक विक्रम सिंह ने ब्लॉक हसवा के ग्राम पंचायत कुसुम्भी में पंचायत भवन का मरम्मतीकरण कराकर उसका लोकार्पण कर ग्राम पंचायत को सौपी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिवा ठाकुर ने विधायक माल्यार्पण कर चाँदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। ग्राम प्रधान द्वारा भेंट किया गया चाँदी का मुकुट विधायक ने कार्यक्रम में उपस्थित एक अतिवृद्ध महिला को अपने हाथों से दिया। पंचायत भवन का मरम्मतीकरण, रंगाई पुताई, विद्युतीकरण, कम्प्यूटर, बाउण्ड्रीवॉल इत्यादि का कार्य लगभग 02 लाख रूपये की लागत से कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान ने सदर विधायक विक्रम सिंह के कार्यशैली की सराहना करते हुये कहा कि आपके द्वारा लोगों की सदैव मदद की जाती है। जिले में मेडिकल कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, विद्युत ट्रांसफार्मर की रिपेयरिंग की कार्यशाला, बडी-बडी सडकों का नवनिर्माण कराने में आपका श्रेय रहा है, जिसके कारण हम सभी जनपद वासी आपके आभारी है। इस मौके में शिव बहादुर, शिवा ठाकुर प्रधान प्रतिनिधि, अनूप शुक्ला, वीर बहादुर वीरू, विजय यादव, सूर्यभान गौतम, चुन्नू तिवारी पूर्व प्रधान, जनार्दन पिन्टू सिंह, विष्णू सिंह, राजू सिंह, श्यामू, समर बहादुर, नितिन शुक्ला प्रधान बुधरामऊ, मानस मिश्रा, राजू शुक्ला, अनिल बाबा पूर्व सभासद, अतुल सिंह, सुशील तिवारी, समेत आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

**फतेहपुर।** गंगा नदी व पाण्डु नदीं में जल स्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात के दृष्टिगत विकास खंड मलवां के बाढ़ प्रभावित ग्राम अभयपुर के मजरे बड़ाखेड़ा, महुवाघाटी का जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने निरीक्षण कर लोगों से हालचाल जाना। वहाँ रहने खाने के उचित इंतजाम किए गए है और सतर्कता बढ़ा दी गयी है, सड़क की सफाई, नालियों की सफाई व दवा का छिड़काव कराया जा रहा है । उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो के लोगों को ठहरने के लिए महुआ घाटी में पूरी तैयारी की गयी है और बाढ़ चौकियां स्थापित की जा चुकी है। लोगों के रहने और खाने के उचित इंतजाम किए जा चुके हैं, सतर्कता बढ़ा दी गई है। जैसे ही हालात बिगड़ेंगे लोगों को बाहर निकाला जाए। लोगों से बाहर निकलने के लिए अपील की गयी है। इस मौके में एडीएम सदर धीरेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम बिंदकी निधि बंसल, खंड विकास अधिकारी मलवां प्रवीण आनंद सहित सचिव व राजस्व निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

### निष्प्रयोज्य बिल्डिंग का 3 दिन में निस्तारण के निर्देश

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे ने विकास खंड बहुआ के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहुआ के औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डॉ0 सैय्यद एनुल हक आरबीएसके, डॉ0 पुनीत गुप्ता आरबीएसके, डॉ0 शिवांगी भानू आरबीएसके आदि मौजूद रहे।

### दस का दम स्वच्छता हर दम पर विशेष बल दिया जाए

**कानपुर देहात।** अपर सचिव पेयजल स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक के माध्यम से स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 की स्थिति एवं ओ0डी0एफ प्लस घटक आदि की समीक्षा की गयी, जिसमे व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक शौचालय विशेष रूप से ग्राम पंचायतों में शोक पिट/सामुदायिक शोक पिट, सामुदायिक खाद गड्ढे के क्रियान्वयन कराये जाने पर विशेष रूप से चर्चा करते हुए निर्देश दिए गए कि जनपद में कोई भी परिवार सामुदायिक शौचालय से वंचित न रहे साथ ही जनपद के सभी ग्राम वासियों को योजना से लाभान्वित किया जाए।

# सीडीओ ने की सांसद आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा, दिये निर्देश




संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्य विकास** अधिकारी सौम्या पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार कक्ष में सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत सरवनखेड़ा ब्लाक में स्थित ग्राम पंचायत मनेथू को एक आदर्श गांव के रूप में विकसित करना है इसको लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह गांव सांसद भानू प्रताप सिंह वर्मा द्वारा गोद लिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारीगण इस गांव में सभी मूलभूत एवं आधारभूत सुविधाओं को विकसित करें, उन्होंने इसके लिए विभागवार आये हुए अधिकारियों से उनके द्वारा इस गांव में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में पीडी दिनेश यादव ने बताया कि आईटीआई प्रिसिंपल, सीएमओ, डीएसओ, जिला विद्यालय निरीक्षक, श्रम विभाग, क्रीडाधिकारी, विद्युत, डीएसओ आदि विभागों द्वारा अभी कार्ययोजना नही उपलब्ध करायी गयी है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी-अपनी कार्ययोजना शीघ्र उपलब्ध करा दे, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। बैठक में आईटीआई प्रिसिंपल, युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र से कोई अधिकारी न उपस्थित होने पर स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिये तथा कहा कि स्पष्टीकरण की प्रतिलिपि सेवा पुस्तिका में अवश्य चस्पा किया जाये। वहीं उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी सांसद आदर्श ग्राम योजना मनेथू में अवश्य भ्रमण कर वहां की स्थितियों को देखे तथा कार्य कराये। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा दीपावली से पहले गांव का भ्रमण किया जायेगा, जिसमें कराये गये कार्यो का जायजा लिया जायेगा।

# वैक्सीन की दोनों डोज लें अधिकारी व कर्मचारी: डीएम

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिले में चल रही स्वास्थ्य परक योजनाओं और संक्रामक रोगों से बचाव हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्टेऊ्ट सभाकक्ष में किया गया, इस बैठक में सर्वप्रथम वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी को डा0 जतारया ने अवगत कराया कि आज 105 सेंसन लगेगा और 7 हजार से 8 हजार लोगों का वैक्सीनेशन आज कराया जायेगा, साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि वैक्सीन की उपलब्धता जनपद के पास पर्याप्त मात्रा में हो गयी है, जिलाधिकारी ने सभी सरकारी कर्मचारियों, अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 15 नवम्बर तक सभी सरकारी एवं अधिकारी वैक्सीन की दोनो डोज अवश्य लगवा ले, अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। डा0 एपी वर्मा ने जिलाधिकारी को बताया कि डेंगू के कुल 34 केस जनपद में है, जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य टीमें लगातार इन क्षेत्रों में भ्रमण करती रहे, साथ ही झींझक और पुखरायां में जहां दीपावली मेले का आयोजन हो रहा है वहां छिड़काव इत्यादि अवश्य करा दे। यूडीआईडी कार्ड की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि पोर्टल पर 3548 लंबित है, जिलाधिकारी ने कहा कि इन लंबित मामलों को खत्म करने के लिए कम से कम 400 लोगों का पोर्टल पर प्रतिदिन यूडीआईडी कार्ड के लिए अंकन कराया जाये और साथ ही उन्होंने कहा कि तीन नवम्बर तक सम्पूर्ण लंबित मामलों को अवश्य खत्म कर दिया जाये। सहायक श्रमायुक्त अवधेश वर्मा ने बताया कि 2991 श्रमिकों का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण हुआ है, जिलाधिकारी ने कहा कि इसमें सभी का सहयोग लिया जाये जिससे ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को इसका लाभ दिया जा सके, साथ ही जिलाधिकारी ने एक नई पहल करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी, शिक्षामित्र, आशा, रोजगार सेवक, पंचायत सहायक को मिलाकर विलेज टास्क फोर्स की स्थापना की जाये।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर नानामऊ गंगा पुल के निकट ओवरटेक कर रहे बेकाबू कंटेनर से बचने के प्रयास में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में टैक्टर के नीचे दबकर चालक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जनपद सीतापुर के थाना अटरिया अंतर्गत ग्राम ऐठापुर निवासी गुड्डू कुमार पुत्र सियारामए गुड्डू कुमार का चचेरा भाई रजनीश पुत्र विजय व इसी गांव का विमलेश पुत्र किशन तीनो लखनऊ शहर के मोहल्ला नादरगंज स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी में चालक के पद पर नौकरी करते हैं। आज तड़के तीनों चालक लखनऊ एजेंसी से तीन अलग.अलग ट्रैक्टर लेकर कानपुर देहात के कस्बा झींझक स्थित एक टैक्टर एजेंसी को देने जा रहे थे। चालक गुड्डू ट्रैक्टर लेकर सबसे आगे चल रहा था। तभी सुबह करीब 8 बजे क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल के निकट अचानक तेज रफ्तार कंटेनर ओवरटेक करने लगा। बेकाबू कंटेनर से बचने के प्रयास में गुड्डू का ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जाकर पलट गया। हादसे में चालक गुड्डू कुमार 25 वर्ष की ट्रैक्टर के नीचे दबकर घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। चचेरे भाई रजनीश ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी मीनू तथा एक वर्षीय पुत्र रितेश को रोते बिलखते छोड़ गया है।

## शिक्षण संस्थाऐं समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही करें

**कानपुर देहात।** शासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी डीसी गुप्ता ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2021-22 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति हेतु कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं से सम्बन्धित छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आवेदन करने एवं छात्रवृत्ति वितरण तथा अन्य कार्यो हेतु द्वितीय चरण की समय-सारिणी निर्गत की गयी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने जनपद की समस्त शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया है कि द्वितीय चरण की समय-सारिणी के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। संशोधित समय-सारिणी छात्रवृत्ति की वेबसाइड बीवसंतीपचण्नचण्हवअण्पद पर उपलब्ध है।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, चतरा-सोनभद्र

पत्रांक :- 1260/अनु0मद/सामग्री-आपूर्ति/2021-22 दिनांक :- 26.10.2021

### अल्पकालिन निविदा सूचना/सामग्री आपूर्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत/खण्ड विकास अधिकारी चतरा के अन्तर्गत विकास खण्ड चत्तरा के अनुरक्षण मद से निम्नलिखित कार्य को पूर्ण कराने हेतु प्राक्कलन में वर्णित सामग्री की आपूर्ति चिन्हित कार्य स्थल पर कार्य हेतु सामग्री जैसे-बालू, सिमेन्ट, डाला गिट्टी, टाइल्स, वालपुट्टी, पेन्ट, मास्को जाली इत्यादि के निविदा दर आमंत्रित की जाती है जिसका निविदा प्रपत्र का विक्रय दिनांक-28.10.2021 से 30.10.2021 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 4.00 बजे तक विकास खण्ड के कैशियर से कार्यालय कार्य दिवस में निविदा मूल्य जमा कर प्राप्त किया जा सकता है निविदा दर के साथ धरोहर के रूप में सामग्री के लागत का 2.0 प्रतिशत धरोहर धनराशि का एफ0डी0आर0 एन0एस0सी0 जो खण्ड विकास अधिकारी चतरा के नाम बन्धक या बैंक गारण्टी संलग्न करना अनिवार्य होगा। अन्य नियम व शर्त की जानकारी कार्यालय में लेखाकार पटल से देखी व पढ़ी जा सकती है। निविदा दिनांक-03.11.2021 को सुबह 10:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा की जायेगी तथा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा गठित निविदा समिति के समक्ष दिनांक-03.11.2021 को 02:00 बजे अपरान्ह यथा स्थान खोली जायेगी। जिसमें निविदा दाता उपस्थित रह सकते हैं। निविदा स्वीकृति/अस्वीकृति करने एवं तिथि परिवर्तन का अधिकार अधोहस्तक्षरी में निहित होगा। अन्य नियम व शर्ते फार्म क्रय के समय लेखा पटल से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 सं0 | परियोजना का नाम | विकास खण्ड | जमानत की अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | विकास खण्ड के सभागार कक्ष का मरम्मत व पेन्टिंग इत्यादि का कार्य | चतरा | 4.50 | 500 |
| 2 | प्रमुख कक्ष में टाइल्स, रंगाई-पुताई, पेन्टिंग व मरम्मत का कार्य | चतरा | 3.50 | 500 |
| 3 | खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय का वृहद मरम्मत, रंगाई-पुताई, टाइल्स, वायरिंग इत्यादि का कार्य। | चतरा | 5.00 | 500 |

खण्ड विकास अधिकारी
चतरा-सोनभद्र।


## संदिग्ध हालात में अधेड़ ने लगाई फांसी

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बाबा का पुरवा में बीती रात संदिग्ध अवस्था में 45 वर्षीय अधेड़ के घर के अन्दर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार बाबा का पुरवा गांव निवासी रामकिशन का पुत्र जवाहर लाल ने बीती रात घर के अन्दर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया है। वही घटना के बाबत चर्चा है कि बहु से ससुर का किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गयी थी जिससे तैश में आकर बहु ने ससुर को थप्पड़ मार दिया। आत्मगलानी के चलते ससुर ने यह कदम उठाया है। वही पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# नाम की समानता का फायदा उठाकर महिलाएं ले रहीं पेंशन

संवाददाता। फतेहपुर

**नाम** की समानता का लाभ उठाकर मृतक पत्नी, के स्थान पर जालसाजी से अन्य महिला सरकारी पेंशन उठा रही। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के चलते शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं जागे। बेसिक शिक्षा अधिकारी जालसाजी के इस खेल में शिक्षा विभाग के जिम्मेंदार अधिकारियों की मिलीभगत से सरकार को लाखों का चूना लगाया जा रहा है। बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी गई शिकायत में बताया गया है कि प्राथमिक पाठशाला नरौली गढ़ा में नियुक्त अध्यापक भानप्रकाश की व्याहता पत्नी राजरानी पुत्री बालगोविंद ग्राम सेमरी थाना धाता जिला फतेहपुर की थी। जिनका निधन हो चुका है। मृतका के दो पुत्र रामनन्द व दयानन्द हैं जोकि वर्तमान में ग्राम नरौली थाना किशुनपुर में रह रहे हैं। इसके बावजूद जनपद के जिम्मेंदार बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सांठ-गांठ से नाम की समानता का लाभ उठाकर राजरानी पुत्री राम नारायन जोकि मैकुवापुर मजरे सरकंडी थाना असोथर की थी। जिसकी शादी विधिक रुप से ग्राम बम्हनतारा पल्टू का डेरा मजरे गम्हरी थाना गाजीपुर निवासी इन्द्राज पुत्र भागवत प्रसाद उर्फ भगवत के साथ हुयी थी। किन्तु शिकायत के मुताबिक राजरानी ने मनचले स्वभाव के कारण बिना तलाक दिये कई अन्य लोगों के साथ रहीं और अपने शातिर दिमाग के कारण इन्द्राज पुत्र भागवत प्रसाद उर्फ भगवत की आज भी विधिक पत्नी होने के बावजूद नाम की समानता का लाभ उठाकर मृतक विधिक पत्नी के स्थान पर जालसाजी से सरकारी पेंशन का लाभ ले रही है।

# विधायक ने रिश्वत मांगने वाली डॉक्टर को लताड़ा

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**भाजपा** विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने पीड़ित महिला से रिश्वत मांगने वाली डॉक्टर को बुरी तरह लताड़ा है। थाना जहानगंज के ग्राम गदनपुर तुर्रा निवासी अमर सिंह की नाबालिग पुत्री के साथ हुई छेड़खानी की रिपोर्ट बीते दिन थाना जहानगंज में दर्ज कराई गई। अमर सिंह की पत्नी पुष्पा पीड़ित पुत्री को लेकर सुबह 10.30 बजे कमालगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची।करीब 11.30 बजे अस्पताल की डॉ ममता रतमेले ने किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के लिए 5 हजार रुपये मांगे। श्रीमती पुष्पा ने इस मामले की जानकारी पति को दी तभी अमर सिंह ने रिश्वत मांगने की शिकायत क्षेत्रीय विधायक नागेंद्र सिंह राठौर से की। रिश्वत मांगे जाने की शिकायत सुनते ही विधायक श्री राठौर का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।विधायक नागेंद्र सिंह राठौर तुरंत ही अस्पताल पहुंचे और रुपए मांगने वाली डॉक्टर से घटना की जानकारी की। पहले डॉ ममता रतमेले ने कहा कि क्या मुझे रुपए दे दिए गए हैं अपनी भूल का अहसास होते ही उन्होंने कहा कि मैंने रुपए नहीं मांगे है। विधायक श्री राठौर ने रिश्वत मांगने वाली डॉक्टर ममता को सरेआम बुरी तरह डांटते कहा कि शिकायत मिलने पर मैं फतेहगढ़ से भाग कर यहां आया हूं।क्या यह महिला झूठ बोल रही है आपने रुपए मांगे हैं। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने अस्पताल के डॉक्टर सोमेश अग्निहोत्री एवं डॉ विकास पटेल की ओर इशारा करते हुए कहा कि नोट करो और डीएम को सूचित करो। श्री राठौर ने रिश्वत मांगने वाली डॉक्टर के बारे में जानकारी की और मौके पर ही डॉ ममता की शिकायत आला अधिकारी से करके कडी कार्रवाई करने को कहा है। श्रीमती पुष्पा देवी ने मीडिया को बताया डाक्टरनी ने 5 हजार रुपये मांगे थे।

### डीएम ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** विधानसभा चुनाव 2022 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। जिसके चलते बुधवार को डीएम संजय कुमार सिंह नें वीवीपेट की एफएलसी के कार्य का निरीक्षण किया और अवश्यक दिशा निर्देश दिये।बुधवार को डीएम संजय कुमार सिंह नें वी0वी0 पैट गोदाम कलेक्ट्रेट में चल रहे एफएलसी का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव की तैयारियों में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# गोसंरक्षण केंद्र को रखें दुरुस्त

## ● डीएम संजय खत्री ने किया निरीक्षण, आवश्यक व्यवस्थाओं पर जोर

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज


अधिकारियों के साथ गो संरक्षण केंद्र का निरीक्षण करते डीएम संजय कुमार खत्री।

**जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री** ने बुधवार को करछना तहसील के कौंधियारा ब्लाक के अन्तर्गत कुल्हड़िया ग्राम पंचायत में बनाये गये अस्थाई गो संरक्षण केन्द्र का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अस्थाई गोसंरक्षण केन्द्र के लिए संरक्षित भूमि का चिन्हॉकन करते हुए चारों तरफ बाउंड्रीवॉल बनाये जाने का निर्देश उप जिलाधिकारी करछना तथा खण्ड विकास अधिकारी कौंधियारा को दिया है। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि यदि कोई भी गोसंरक्षण केन्द्र की जमीन पर अवैध कब्जा करता है तो उसके विरूद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाये। डीएम ने गोसंरक्षण केन्द्र पर जल जमाव न होने देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल को वृहद गोसंरक्षण केन्द्र के रूप में परिवर्तित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। डीएम ने पशु चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से गोसंरक्षण केन्द्र का विजिट करने तथा संरक्षित गोवंशों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिये है। उन्होंने टीकाकरण सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने गोसंरक्षण केन्द्र पर संरक्षित गोवंशों के लिए भूसा चूनी पानी प्रकाश तथा हरे चारे की समुचित व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है। गोसंरक्षण केन्द्र की खाली जमीन पर हरे चारे के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने गोबर के बदले पराली प्राप्त करने के लिए किसानों से सम्पर्क करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने गोसंरक्षण केन्द्र से निकलने वाले गोबर से वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाये जाने हेतु पिट बनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि वर्मी कम्पोस्ट खाद से गोसंरक्षण केन्द्र को आय भी प्राप्त होगी। जिलाधिकारी ने सहभागिता योजना के तहत लोगो को गोसंरक्षण केन्द्रों से गोंवशों को लिए जाने हेतु प्रेरित करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने गोवंशों को केला और गुड़ भी खिलाया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी करछना विनोद कुमार पाण्डेय मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आर पी राय खण्ड विकास अधिकारी कौंधियारा उपस्थित रहे।

## दीवाली को लेकर शुरू हुईं व्यापक तैयारियाँ

**प्रयागराज।** दीवाली के त्योहार की उमंग बढ़ाने के लिए इसी महीने अपनी वार्षिक सेल द रग उत्सव की घोषणा जयपुर रग्स ने खूबसूरत कालीनों के साथ की है। कालीनों का यह त्योहार यह हर घर के लिए कलात्मक रूप से तैयार किए गए कालीनों पर बुनकरों की कलात्मकता को खूबसूरत तरीके से पेश करता है। मौजूदा सेल के दौरान ब्रांड को देश भर से कालीनों की भारी मांग प्राप्त हो रही है। बिक्री में सबसे बड़ी हिस्सेदारी मुंबई और बैंगलोर से क्रमशरू बाइस प्रतिशत और दस प्रतिशत की है। रग उत्सव ने पिछले साल की दस प्रतिशत ग्रोथ के मुकाबले इस साल टियर टू शहरों से पच्चीस प्रतिशत अधिक डिमांड प्राप्त करने में मदद की है। जयपुर रग्स ने त्योहारों की रंगत बढ़ाने के लिए अपनी वेबसाइट पर ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के अनुसार सैकड़ों हाथ से बने कालीन पेश किए हैं। रग उत्सव सेल जयपुर रग्स की वेबसाइट और जयपुर दिल्ली मुंबई और बेंगलुरु में स्थित स्टोर्स पर मध्य नवंबर तक उपलब्ध है।

# एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख के साथ मीडिया प्रतिनिधियों की वार्ता संपन्न



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा परियोजना के सप्तरंग क्लब में अ बेडकरनगर के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के साथ परियोजना प्रमुख संजय कुमार सिंह की वार्ता स पन्न हुई। इस वार्ता में प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया को मिलाकर 35 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों ने एनटीपीसी-टाण्डा में कोयले की वर्तमान स्थिति, विद्युत उत्पादन तथा पर्यावरण से स बन्धित विषयों पर सवाल जवाब किये। महाप्रबन्धक (प्र. एवं अनु.) बी सी पोलाई, महाप्रबन्धक (परियोजना) जे.एस.अहलावत, महाप्रबन्धक (चिकित्सा सेवाएं) डा. उदयन तिवारी, अपर महाप्रबंधक (मा. संसा.) एस.एन.पाणिग्राही, एवं अन्य विभागाध्यक्षगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में शैलेष श्रीवास्तव, उपमहाप्रबंधक (योजना एवं प्रणाली) द्वारा एनटीपीसी टांडा परियोजना पर आधारित एक परिचयात्मक प्रस्तुति की गई। इसके पश्चात नैगमिक सामाजिक दायित्व गतिविधियो पर आधारित एक लघु फिल्म की भी प्रस्तुति की गई। वार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए परियोजना प्रमुख श्री सिंह ने कहा की एनटीपीसी टांडा परियोजना को सदैव आप सभी का सकारात्मक एवं रचनात्मक सहयोग मिलता रहा है। टांडा परियोजना की रचनात्मक एवं कल्याणकारी गतिविधियों को आप सभी ने अपने-अपने प्रचार माध्यमों से सदैव जनसामान्य तक पहुँचाने में प्राथमिकता दी है, इसके लिए हम आपके सहयोग की मुक्तकंठ से सराहना करते हैं। वार्ता के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों के सभी प्रश्नों का जबाब देते हुए श्री सिंह ने बताया कि परियोजना में कोयले की स्थिति समान्य है और हम निर्बाध विद्युत उत्पादन करने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टेज-1 की इकाईयों के बंद होने का कारण बताते हुए कहा कि स्टेज-2 की इकाईयों का तकनीकी कार्यनिष्पादन स्टेज-1 की अपेक्षा में बेहतर है व ग्रिड में बिजली की आवश्यकता में कमी आने के कारण स्टेज-1 की इकाईयों को रिजर्व शटडाउन में रखा गया है।

# शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि


शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते सैन्य अधिकारी।

**प्रयागराज।** रेड ईगल डिवीजन के डिप्टी जनरल ऑफिसर कमांडिंग डिवीजन ब्रिगेडियर एस एन सिंह ने 75 वें इन्फैंट्री दिवस के अवसर पर बुधवार को ओल्ड कैंट प्रयागराज में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इन्फैंट्री दिवस को स्वतंत्र भारत की पहली सैन्य घटना की याद में मनाया गया।

जनसंपर्क अधिकारी रक्षा मंत्रालय प्रयागराज शांतनु प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय सेना ने 27 अक्टूबर 1947 को कश्मीर घाटी में भारतीय धरती पर हुए हमले को विफल कर दिया था। इसी तरह समारोह में रेड ईगल डिवीजन वॉर मेमोरियल पर माल्यार्पण किया गया। रेड ईगल डिवीजन भारतीय सेना का सबसे पुराना डिवीजन है। द्वितीय विश्व युद्ध 1962 के भारत चीन युद्ध 1965 और 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध श्रीलंका में ऑपरेशन पवन और 1999 में ऑपरेशन विजय में भाग ले चुका है।

# डॉक्टरों का धर्म और कर्म दोनों होता है महानः केशरवानी

## ● भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों का हुआ गठन


चिकित्सा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी के साथ गणेश केशरवानी।

**प्रयागराज।** भाजपा महानगर के अध्यक्ष गणेश केसरवानी के संस्तुति पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डा के के पांडेय ने आज अपनी टीम का गठन किया। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रकोष्ठ में मंडलीय संयोजक एवं सह संयोजक की नियुक्ति की गई। जिसमें शिवकुटी मंडल के संयोजक डा. बलवंत सरोज सह संयोजक डा. आशीष विश्वविद्यालय के संयोजक डा. अमृत गुप्ता सह संयोजक डा. अमित पांडेय वेणी माधव से संयोजक डा रामआसरे सह संयोजक डा. अंबुज भारद्वाज मंडल के संयोजक डा. आर आर सरोज सह संयोजक डा. इंद्रजीत पटेल सिविल लाइन से संयोजक डा माधवेंद्र मिश्रा सह संयोजक डा. शीबू चौक मंडल संयोजक डा नीरज मोहिले सह संयोजक डा दुर्गेश गुप्ता मीरापुर मंडल संयोजक डा पी सी केसरी सह संयोजक डा ए के शुक्ला मुट्ठीगंज मंडल से संयोजक डा अशोक केसरवानी सह संयोजक डा मीना केसरवानी नैनी मंडल के संयोजक डा. सुभाष पांडेय सह संयोजक डा. आशुतोष मिश्रा कीडगंज से संयोजक डा. भंवर सिंह सह संयोजक डा. सोमनाथ त्रिपाठी खुल्दाबाद से संयोजक डा महेंद्र प्रताप गुप्ता सह संयोजक डा सोम केसरवानी राजरूपपुर से संयोजक डा नम्रा सिराज सह संयोजक डा मुकेश कुमार प्रीतमनगर के संयोजक डा एस के कुमार सह संयोजक डा अनुज सदर यमुनापट्टी से संयोजक डा राजेश सिंह सह संयोजक हनुमान बली सदर गंगापट्टी मंडल से संयोजक डा विजय सह संयोजक डा अनूप मनोनीत किए गए हैं। भाजपा महानगर चिकित्सा प्रकोष्ठ की परिचयात्मक बैठक भाजपा जिला कार्यालय सिविल लाइन में आयोजित की गई। अध्यक्षता चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डा के के पांडेय ने किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि डाक्टरों को भगवान का दर्जा दिया गया है और मानव समाज के लिए सबसे बड़ा वरदान माना जाता है। क्योंकि डॉक्टरों का सबसे बड़ा धर्म और कर्म जीवन बचाना होता है। इसलिए डॉक्टर का धर्म और कर्म दोनों महान है जिसका कोई विकल्प नहीं है। कहा कि जब जब पूरे विश्व में बीमारी की महामारी ने तबाही मचाई है तब तब डॉक्टरों ने मानवता के जीवन के सबसे बड़े जीवन रक्षक प्रहरी बनकर उभरे हैं। कहा कि भाजपा सरकार चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठा रही है। जो अब तक के इतिहास में किसी भी सरकारों में नहीं हुआ। उप्र के अंदर एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की योजना के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में अभी हाल ही में एक साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जिले के 9 मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया। जिससे आने वाले दिनों में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने ही जिले में रहकर डॉक्टर की शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर बनकर लोगों की जान बचाने कार्य करें। बधाई देने वालों में देवेश सिंह वरुण केसरवानी रमेश पासी राजेश केसरवानी राजू पाठक राघवेंद्र सिंह सचिन जायसवाल अमित तिवारी चंदन भट्ट आयुष अग्रहरि आदि रहे।

## क्विक न्यूज

### डीएम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान का निरीक्षण किया

**अयोध्या।** नवागत जिलाधिकारी नितीश कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादवए एडीएम सिटी सलिल कुमार पटेल सहित दीपोत्सव कार्यक्रम के आयोजन से जुड़े विभाग के अधिकारियों कार्यक्रम के आयोजन हेतु तैनात किये गये अधिकारियों सम्बंधित कार्यदायी संस्था के प्रभारियों के साथ सरयू घाट पर स्थित हेलीपैडए भरत मिलाप स्थलए रामकथा पार्कए पार्किंग स्थलए दीपोत्सव हेतु राम कथा पार्क के सामने से हटाया गये अतिक्रमण स्थल का निरीक्षण किया तथा हटाये गये अतिक्रमण स्थल का समतलीकरण कराने के निर्देश के साथ पूरी टीम के साथ सरयू आरती स्थल पर बनाये जाने वाले मंचए राम की पैड़ी पर मुख्य अतिथि व श्रीराम दरबार के लिए बनाये जाने वाले मंच विभिन्न आयोजन स्थल पर मीडिया कवरेज स्थल व आवश्यक व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। राम की पैड़ी पर लगायी जाने वाली बेरीकेटिंग को जनसुविधा को ध्यान में रखते हुये उच्च कोटि की स्थायी रेलिंग लगवायी जाए ताकि राम की पैड़ी पर बार.बार बेरीकेटिंग के लिए गड्ढे आदि न खोदे जाए। राम की पैड़ी से पूरी टीम के साथ जिलाधिकारी द्वारा 5 कोसी परिक्रमा मार्ग झुनकीघाट गुप्तारघाट आदि स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने अयोध्या में किया ग्राहक संपर्क कार्यक्रम

**अयोध्या।** देश में वित्तीय सेवाओं के प्रवाह को सुदृढ़ प्रगति प्रदान करने के उद्देश्य से वित्तीय सेवाएँ विभाग वित्त मंत्रालयए भारत सरकार के निर्देशानुसार देश.भर में 16 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2021 तक ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्वाधान में आज स्वामी विवेकानन्द प्रेक्षागृह डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालयए अयोध्या में भव्य श्ग्राहक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मु य अतिथि के रूप में से श्री अजय कुमार खुराना कार्यकारी निदेशक बैंक ऑफ बड़ौदा, शिव सिंह यादव महानिदेशक संस्थागत वित्तीय ब्रजेश कुमार सिंह, अंचल प्रमुख लखनऊ, एके झा क्षेत्रीय प्रमुख अयोध्या, बैंक ऑफबड़ौदा एवं अन्य गणमान्य उपस्थित होंगे। उक्त कार्यक्रम में अयोध्या जनपद के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बैंक वित्तीय एवं राजकीय संस्थाएं प्रतिभाग करेंगी।

### 30 तक गोवंश संरक्षण व सुरक्षा सप्ताह का आयोजन हो: कमिश्नर

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल ने मण्डल के समस्त जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं मण्डलीय संयुक्त पशुपालन निदेशक को निर्देश दिया है कि शासन के निर्देशानुसार आगामी 30 अक्टूबर तक गोवंश संरक्षण एवं सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाए। इसमें अनिवार्य रूप से जनपदों के नामित नोडल अधिकारी गौआश्रय स्थलों का भ्रमण करें तथा मुख्य रूप से गोवंश की संख्याए शेड कीए भूसेए हरे चारेए पानीए दाना चोकर की उपलब्धता की समीक्षा करें तथा यह भी सुनिश्चित करें कि रात्रि के समय दिन के अतिरिक्त केयर टेकरए चैकीदार आदि उपस्थित रहे तथा गौ आश्रय स्थल पर स्थित टैग किये गये गौवंशों की संख्या भी इंगित करें। मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि आने वाली ठंड के कारण इस व्यवस्था को बेहतर ढंग से करने हेतु गौवंश आश्रय स्थलों के केयर टेकर को आवश्यक निर्देश भी जारी किया जाए।

### संघर्ष के बाद जरूरतों को पूरा करने की पहल

**प्रयागराज।** अपनी साझेदारी में कई सफल शोज़ देने के बाद ज़ी टीवी और बाला जी टेलीफिल्म्स ने हाल ही में दर्शकों के लिए जिंदगी प्यार कर्म और भाग्य की एक और दिलचस्प कहानी भाग्य लक्ष्मी शुरू की है। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित ज़ी टीवी का भाग्य लक्ष्मी लक्ष्मी नाम की एक निस्वार्थ लड़की की कहानी है। जिसके पास सीमित साधन हैं लेकिन अपनी जिंदगी के संघर्षों के बावजूद वो अपनी जरूरतों से पहले हमेशा दूसरों की जरूरतों का ख्याल रखती है। शो ने पहले ही अपनी दिलचस्प कहानी और अपने.से लगने वाले किरदारों के साथ दर्शकों को प्रभावित कर दिया है। हालांकि ऋषि की प्रेमिका मलिष्का मायरा मिश्रा की एंट्री के बाद शो में कई उतार चढ़ाव आए हैं। अब इस शो में और ड्रामा जोड़ते हुए मलिष्का की मां के रूप में एक्ट्रेस करुणा वर्मा एंट्री करने जा रही हैं। भाग्य लक्ष्मी सोमवार से शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे ज़ी टीवी पर आएगा। करुणा ने कहा भाग्य लक्ष्मी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं।

### एक लाख की जगह दस हजार दीपक होगा

**अयोध्या।** दीपोत्सव के लिए दस हजार गोबर के दीपक को केन्द्र सरकार के पशु पालनए डेयरी और मतस्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला 28द29 अक्टूबर को अयोध्या के लिए रवाना करेंगे। उक्त जानकारी देते हुए सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव के माध्यम से अयोध्या के सांस्कृतिक महत्व को वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत किया है। दीपोत्सव का आयोजन अयोध्या को विश्व पयर्टन के मानचित्र पर स्थापित करने में सहायक हो रहा है। उन्होने बताया कि सनातन धर्म में गाय देवत्व और प्राकृतिक कृपा की प्रतिनिधि है।

## मीटर रीडिंग के बहाने चोरों ने की ग्राहक सेवा केंद्र पर चोरी

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मीटर रीडिंग करने के बहाने आए टप्पेबाजों ने बैंक आफ बड़ौदा के बगल खुला ग्राहक सेवा केन्द्र का काउंटर का लाक खोल कर रखी नकदी लेकर रफूचक्कर हो गए। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने बैंक का सीसी टीवी फुटेज को देखा लेकिन कुछ पता नहीं चला। कुमारगंज बाजार में हलकरन चौरसिया बैंक ऑफ बड़ौदा के बगल ग्राहक सेवा केंद्र चलाते हैं। दोपहर करीब 2 बजे वे काउंटर में ताला लगाकर अपने बच्चे को स्कूल से लाने चले गए। इधर मौका पाकर हेलमेट पहने दो लोगों ने मीटर की रीडिंग करने की बात बताकर दुकान के अंदर घुस गए जहां पेचकस से लाख तोड़कर उसमें रखी 18 हजार रूपये लेकर भाग गए। जानकारी के बाद दरोगा उमेश वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर छांनबीन शुरू किया लेकिन टप्पे बाजो का कुछ अता पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी संतोष ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# दीपावली मेले में विभागों के स्टाल लगगवाना सुनिश्ति करें



**अयोध्या।** नवागत जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार ने 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2021 तक जनपद में आयोजित दीपावली मेले के क्रम में विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुये कहा कि अपने अपने विभागों से सम्बंधित स्टॉलध्उपलब्धियों की स्थापना नगर निगम से समन्वय स्थापित करते हुये राजकीय इंटर कालेज में प्रातः 10 बजे से लगाना सुनिश्चित करें। नगर निगम द्वारा आयोजित मेले का शुभारम्भ विधायक वेद प्रकाश गुप्ता द्वारा किया जायेगा तथा अध्यक्षता मा. महापौर ऋषिकेश उपाध्याय द्वारा किया जायेगा।

मेले में नगर आयुक्त नगर निगम विशाल सिंह व अपर नगर आयुक्त सच्चिदानन्द सिंह सम्मिलित रहेंगे। जिसमें श्रम विभाग, संस्कृति विभाग, वन प्रभाग, स्वास्थ्य विभाग, खादी एवं ग्राम उद्योग विभाग, उद्यान विभाग, पर्यटक विभाग, गन्ना विभाग, कृषि विभाग, सेवायोजन विभाग, पंचायत विभाग, मत्स्य विभाग, विकास विभाग, दिव्यांगजन विभाग, बैंक आदि को मेला स्थलों पर स्टॉल लागते हुये विभागयी योजनाओ एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुचाने के निर्देश दिये है।

इसी क्रम में जिला स्तरीय मेले का आयोजन नगर पालिका परिषद रूदौली के दशहरा मेला स्थल पर भी आयोजित किया जायेगा, जिसमें फूड स्टाल, मनोरंजन हेतु झूले एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन हेतु मंच एवं दर्शकों के लिए पर्याप्त प्रकाशए साफसफाई एवं पेयजल की व्यवस्था के साथ-साथ उपरोक्त विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों का स्टॉल लगाकर शासन की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाया जायेगा। नगर पालिका परिषद रूदौली के मेले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग कर मेले की गरिमा बढ़ायी जायेगी।

# ड्रोन कैमरे से मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र में हुआ घरौनी का पूरा सर्वे

संवादाता। मिल्कीपुर अयोध्या



**भारत सरकार** स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को अपने घर का मालिकाना हक मिलने जा रहा है। मिल्कीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोकुला वा ग्राम पंचायत पाराधमथुआ के राजस्व गांव पूरबगांव में ड्रोन कैमरा उड़ाकर गांव की तस्वीर को फीड किया गया। गांव में जब राजस्व और ग्राम पंचायत की टीम पहुंची और गांव के बाहर मैदान में हेलीपैड का आकार बनाकर ड्रोन कैमरा उड़ाया। इससे गांव की हर एक गली के घरों की तस्वीर फीड हो गई। जब गांव में हेलीकॉप्टर की तरह ड्रोन कैमरा उड़ाया गया तो वह कौतूहल बन गया। महिलाएं पुरुष व बच्चें अपने घरों से निकलकर ड्रोन कैमरा देखते रहे। उपजिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिहं ने बताया कि इस कैमरे में भवन स्वामी का स्वामित्व घरौनी सार्वजनिक स्थल गांव की गलियां फीड हो रही हैं। इसके बाद गूगल पर सर्च करने पर हर गांव की तस्वीर साफदिखाई देगी। जिस तरह खतौनी में किसानों का नाम दर्ज रहता है उसी प्रकार से घरौनी में भी भूस्वामी का नाम दर्ज हो जाएगा।

# समरसिंहपुर में 31 से शुरू होगी रामलीला

संवाददाता। भीटी, अम्बेडकरनगर

**भीटी विकास खंड** के गांव समरसिंहपुर (थरियाकला) स्थित रामलीला मैदान में 31 अक्टूबर से श्रवण कुमार के पितृ भक्ति से रामलीला मंचन के 51वाँ वर्ष की शुरुवात होगी। गांव के कलाकारों से सजी अवध रामलीला मंडली में श्रवण कुमार, राम जन्म से लेकर हमेशा की भाँति 04 नवंबर दीपावली को रावण वध के मंचन कार्यक्रम के साथ रामलीला का समापन होगा । यह रामलीला परंपरा के साथ ही गांव की एकता की अनूठी मिसाल भी पेश करता है, क्योंकि इसमें दूसरे समुदाय के लोग भी पात्र बनते हैं तो बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लेते हैं। बुजुर्गो के अनुसार इस ऐतिहासिक रामलीला का मंचन वर्ष 1971 में दो भाई दीनानाथ सिंह व दयाराम सिंह के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ और आज तक अनवरत चल रहा है। ऐतिहासिक रामलीला मंचन के सभी पात्र गांव के ही लोग होते हैं। रामलीला को लेकर गांव में एक माह पूर्व तैयारी शुरू हो जाती है। रामलीला के जो पात्र होते हैं उसमें गांव के दूसरे समुदाय के लोग धर्म की सीमा पार कर कौमी एकता का संदेश देते हैं। रामलीला देखने क्षेत्र के लगभग सभी गांव के लोग आते हैं। अवध रामलीला समिति समरसिंहपुर के अध्यक्ष अजीत सिंह और प्रबंधक प्रह्लाद सिंह ने कहा कि अपनी कला और संस्कृति को बचाये रखने का यह बहुत बड़ा जरिया है, इस रामलीला में देश के अग्रणी संस्था में कार्य करने वाले लोग इस दौरान उपस्थित होकर रामलीला मंचन में हिस्सा लेते हैं। समिति के संरक्षक महीपति सिंह व प्रदीप सिंह, निर्देशक शत्रुहन सिंह व दिनेश सिंह , संयोजक मोहित सिंह व विपिन सिंह, मीडिया प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह के साथ साथ सभी सदस्यों व कलाकारों का इस ऐतिहासिक रामलीला मंचन में बड़ा योगदान रहता है।

## आठ दिवसीय दीपावली मेला की तैयारियां शुरू

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** उप्र शासन के निर्देश पर नपाप टाण्डा द्वारा आठ दिवसीय दीपावली मेला लगाने की तैयारिया शुरू हैं। उक्त मेला 28 अक्टूबर से 4 नव बर तक चलेगा। जिसकी व्यवस्था की जा रही है। नगर की सीमा पर स्थित हकीम क्लब ग्राउंड पर मेले का आयोजन किया गया है। मेले में रेहड़ी पटरी दुकानदारों को निः शुल्क स्थान दिया जाएगा। अन्य दुकानें लगवाई जाएगीं। नगरीय क्षेत्र में फुटपाथों पर लाई चूड़ा मिट्टी का खिलौना बर्तन व प्रतिमाएं बेचने वालों को मेले में स्थान दिया जाएगा। टेंट लाइट व सुरक्षा की समुचित व्यवस्था है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच बनाया गया है। आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था की की गई है। मेले में प्रथम तीन दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। अधिशासी अधिकारी डॉक्टर आर पी श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व वर्षों की तरह पटाखों की दुकानें टी एन डिग्री कालेज के मैदान में लगेगी और दीपावली मेला हकीम क्लब ग्राउंड आठ दिन चलेगा।

# महंगाई की मार से जनता बेहालः मांझी



**भीटी, अम्बेडकरनगर।** विधानसभा क्षेत्र कटेहरी के मिझौड़ा सेक्टर की बैठक रामलीला मैदान बसोहरी में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद पांडे व संचालन पूर्व महासचिव कुंदन यादव ने किया कार्यक्रम के मु य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मछुआ महासंघ पूर्व सांसद मंत्री शंखलाल-माझी रहे। बसपा भाजपा व कांग्रेस छोड़कर फौजी देवेंद्र विश्वकर्मा, ट्विंकल यादव, पंकज कुमार, अरुण कुमार, बृजेश कुमार, विशाल कुमार के साथ राजेश्वरी चौरसिया, विजय लक्ष्मी देवी, चंद्रावती देवी, विमला देवी, अनारा देवी, कुमकुम देवी, विद्यार्थी देवी, गुजराती देवी, रेखा देवी, मिथलेश देवी, बसंता वर्मा, उषा राजभर, सुदामा मौर्या जी ने दर्जनों की सं या में मुख्य अतिथि जी द्वारा फूल माला पहन कर व समाजवादी झंडा थाम कर पार्टी में शामिल हुए मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहां की वर्तमान भाजपा सरकार लगातार भ्रम और फरेब के जाल मे देश के भोले-भाले जनता को उलझाकर 7 साल मे हर सामान का दाम तीगुना, चौगुना बढा दिया। बीपीएल अन्तोदय लाभार्थी परिवार को फ्री मिलने वाला 35 किलो राशन अब प्रति यूनिट 5 किलोम15=75 रू महीना देकर, अन्तोदय लाभार्थी को दो बल्ब और एक पंखा के फ्री कनेक्शन पर ग्रामीण क्षेत्र मे मिनिमम 550 महीना प्रती कनेक्शन बिजली चार्ज फिक्स कर रू 6600 का औसतन अतिरिक्त भार, 2014 मे 350 का गैस सिलेंडर अब रू 1000-350 यानी 650 रू प्रति सिलेंडर जहां 6600 का अतिरिक्त बोझ पडा वहीं, खाद, बीज कीटनाशक मूल्यवृद्धि से 40 -42 रू लीटर वर्ष 2014 से मंहगा कर लघु एवं मध्यम किसान को कम से कम 18000 सालीना अतिरिक्त खर्च के महंगाई का बोझ बढा रू 6000 किसान स मान निधि बाँट देश के गरीबों मजदूरों और किसानों को मूर्ख बना रही हैं। बसपा कांग्रेसियों पर निशाना साधते हुए कहां की वोट काटने के अलावा यह पार्टियां कुछ और नहीं कर सकते सत्ता से कोसों दूर है सत्ता के लिए जनता 2022 में उन्हें अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही है उपस्थित जनमानस ने भी इसका समर्थन किया। अंकुर माझी (रवि), आयोजक हेमंत दुबे, ब्लॉक अध्यक्ष राम संवारे धुरिया, सेक्टर अध्यक्ष बलदेव वर्मा, बूथ अध्यक्ष अमरजीत पाल, प्रधान अनिल यादव, पूर्व प्रधान सभाजीत गिरी, लालता प्रसाद यादव (फौजी), बूथ अध्यक्ष विकास गिरी, बूथ अध्यक्ष असगर अली, रामकरन वर्मा उर्फ विधायक, जोन प्रभारी चतुरपाल यादव, जितेंद्र सिंह, आज्ञा रामपाल, अमरजीत पाल, बूथ अध्यक्ष राम तीरथ यादव, रामवचन मौर्या, सुनील यादव, हौसिला यादव, शिव प्रकाश विश्वकर्मा, गुड्डू पाल, रामजग पाल, रामकेवल भारती, शिव मूरत भारती, साधु रामपाल, भागीरथी भारती, केसई भारती, मयाराम भारती, मुरली यादव, अनिल यादव, राजितराम यादव, बृजेश यादव, झिन्नू प्रसाद यादव, बच्चा राम यादव, राम तीरथ वर्मा, सुभाष यादव, विशाल पांडे, दीप नारायण यादव, अनुराग जायसवाल, सुरेश यादव, सुनील यादव के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## धनुष यज्ञ और परशुराम लक्ष्मण संवाद का भावपूर्ण हुआ मंचन

**कटेहरी, अम्बेडकरनगर।** कटेहरी बाजार में चल रहे रामलीला समिति के तत्वावधान में मुख्य तिथि के रूप में भाजपा नेता पूर्व मंत्री धर्म राज निसाद भगवान श्री राम पर पुष्प वर्षा व आरती कर भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलने का व्या यान किया भगवान श्री राम सभी के दिलों में बसे हैं भगवान सबके होते हैं। धनुष यज्ञ और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन किया गया। शिव धनुष टूटते ही खुशियां मनाई गईं। जनकपुर के राज दरबार में सीता स्वयंवर का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। स्वयंवर में देश देशांतर के राजाओं को आमंत्रित किया गया। स्वयंवर हॉल में संदेशवाहक ने राजा जनक का संदेश राजाओं को सुनाया कि जो भी शिव धनुष भंग करेगा, उसी के साथ सीता का विवाह होगा। सभी राजाओं ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया, लेकिन वे धनुष को हिला तक नहीं सके। यह देख जनक को चिंता हुई और उन्होंने कहा कि यदि मैं जानता कि पृथ्वी वीरों से खाली है तो यह स्वयंवर आयोजित नहीं करता।

## असहिष्णुता

### फिल्मों में हस्तक्षेप

**राज्य** द्वारा कलाओं के क्षेत्र में हस्तक्षेप करना या ऐसा करने वाले अराजक तत्वों को संरक्षण देना उचित नहीं है। भारतीय सिनेमा उद्योग लगभग 200 बिलियन रुपये का उद्योग है और यह दुनिया में अधिकतम फिल्में तैयार करता है। हर साल 3.6 बिलियन से अधिक टिकट बिकते हैं जो देश की जनसंख्या का तीन गुना है। इसके बावजूद इस विशाल क्षेत्र को छोटे व हाशिए पर पड़े तत्वों द्वारा उनकी इच्छा होने पर बंधक बनाया जा सकता है। जनसंख्या के कुछ कट्टरपंथी व असहिष्णु तत्वों ने हमेशा भारतीय सिनेमा के लिए कठिनाइयां पैदा की हैं। पिछले वर्षों में उनमें से कुछ की गतिविधियां कानून, तर्क व सार्वजनिक सभ्यता के दायरे से बाहर रही हैं। अक्सर ये शारीरिक धमकी तथा हिंसा में बदल जाती हैं। इसे उस समय के सत्तारूढ़ वर्ग की विचारधारा से प्रोत्साहन मिल सकता है। इसे किसी भी चीज, यहां तक कि सरलतम सिनेमाई स्वतंत्रता से भड़कने का बहाना मिल जाता है। नवीनतम घटना में बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने भोपाल में फिल्म निर्देशक प्रकाश झा पर स्याही फेंकी तथा आगामी वेब सीरीज़-आश्रम 3 के फिल्म सेट पर तोड़फोड़ की। उनका कहना था कि सीरीज़ में अश्लील दृश्य हैं और उनसे हिंदू भावनायें आहत होती हैं। उन्होंने वाहनों को तोड़ा तथा कर्मचारियों की पिटाई की। उनके साथ तार्किकता, रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, लोकतंत्र, सेक्युलर इरादों, आदि पर चर्चा का कोई सवाल नहीं था। ये चीजें उनकी समझ से बाहर हैं। उनकी प्रतिक्रिया का कारण राजनीतिक भावनायें हैं। भारत में ऐसे



विरोध सालों और यहां तक कि दशकों पहले से देखने में आए हैं।

वर्ष 2000 में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने दीपा मेहता के फिल्म सेट वाटर पर वाराणसी में हमला किया था क्योंकि यह उनकी समझ से 'हिंदू-विरोधी' था। दीपा ने भारत में फिल्म निर्माण बंद कर इसे श्रीलंका में पूरा किया। इसके पहले उनको अपनी फिल्म फायर के लिए भी शिवसेना का गुस्सा झेलना पड़ा था और स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे ने उनकी बहुत निन्दा की थी। राजपूत फैन क्लब द्वारा संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत का विरोध 2017 में हुआ था। उनका दावा बचकाना और स्वाभाविक रूप से असत्य था। अभी हाल में भाजपा व आरएसएस कार्यकर्ताओं ने केरल में मलयालम फिल्म नीयम निधि की शूटिंग रद्द करने पर मजबूर किया था। उनको फिल्म में मंदिर से बाहर निकलती लड़की का दूसरे धर्म के लड़के के प्रति आकर्षित होना पसंद नहीं था। वैसे अपने आप ये तथाकथित विरोध कुछ समय में स्वाभाविक रूप से समाप्त हो जाते हैं, लेकिन उनको मीडिया प्रचार तथा सोशल मीडिया के कारण नया जीवन मिल जाता है। समस्या उस समय पैदा होती है जब राज्य भी इसमें अपनी भूमिका अदा करने लगता है। प्रकाश झा के मामले में मध्य प्रदेश के गृह मंत्री ने आदेश किदया कि फिल्म निर्माताओं को स्थानीय प्रशासन को स्क्रिप्ट दिखा कर शूटिंग के लिए उसकी अनुमति लेनी होगी। इसका अर्थ है कि अब नौकरशाह यह तय करेंगे कि क्या आपत्तिजनक है या नहीं और फिल्म की शूटिंग उनके निर्णय पर निर्भर होगी। यदि फिल्मों पर शूटिंग के समय ही सेंसर लगाया जाता रहा तो सेंसर बोर्ड की कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। सवाल उठता है कि कहीं राज्य भी तो विरोध करने वालों का साथ नहीं दे रहा है अथवा क्या वह अपने हस्तक्षेप से विरोध को बढ़ावा तो नहीं दे रहा है।

# कश्मीर में निरपराधों की हत्याएं

## सरकार को उभरते मुद्दों का राजनीतिक समाधान खोजने के बजाय कट्टरवाद के उन्मूलन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

**प्रदीप सक्सेना**
(लेखक एक पत्रकार, विश्लेषक एवं पूर्व शिक्षक हैं)



**इस** पतझड़ में कश्मीर घाटी में पतझड़ के पत्तों को गिराने वाले पर्णपाती पेड़ों का सुरम्य आकर्षण खून के धब्बों के साथ आ गया है। इस शरद ऋतु ने 1990 के दशक की दर्दनाक यादों को खोल दिया है जब लगातार लक्षित हत्याओं के बाद सैकड़ों कश्मीरी पंडितों को अपने घरों से भागने के लिए मजबूर किया गया था। इस महीने की शुरुआत के बाद से, आतंकवादी संगठनों ने पहले ही 11 नागरिकों और सेना के पांच जवानों को बेशर्मी से मार डाला है, जिस पर तालिबान द्वारा स्वर्ग-पृथ्वी के दरवाजे पर दस्तक देने की अचूक मुहर है। आखिरकार, इस ठंडे खून में वही खौफ फैलाने की क्षमता है जो तालिबान ने अपने दुश्मनों को गोली मारकर और उनके शरीरों को क्रेन से लटकाकर किया था।




नासमझ हत्या की शुरुआत एक प्रमुख कश्मीरी पंडित व्यापारी 68 वर्षीय माखन लाल बिंदू के साथ हुई। वह 1990 के दशक के नरसंहार में बच गया था, केवल इस बार एक प्रचंड आतंकवादी की गोली से। लेकिन खून-खराबा बंद नहीं हुआ।

उसी दिन आतंकियों ने लाल चौक पर वीरेंद्र पासवान, बांदीपोरा में टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष मोहम्मद शफी लोन और स्कूल टीचर सुरेंद्र कौर और दीपक चंद को गोली मार दी थी. 16 अक्टूबर को श्रीनगर में शगीर अहमद और अरविंद कुमार शाह को गोली मार दी गई थी। बिहार के तीन मजदूरों को भी गोली मारी गई, जिनमें बाद में राजा ऋषि देव और जुगिंदर ऋषि देव की मौत हो गई। तालिबान शैली की इन हत्याओं ने देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद सरकार ने सभी गैर-कश्मीरियों को पुलिस या सेना के संरक्षण में लेने की एडवाइजरी जारी की।

लश्कर, जैश-ए-मोहम्मद, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान जैसे आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट के विचार का विरोध करने वाले हिंदुओं और मुसलमानों को चुन-चुन कर मारकर एक ठंडा संदेश भेज रहे हैं। इस बार स्थिति 1990 के दशक की तुलना में कहीं अधिक खराब है क्योंकि अब बड़ा नापाक इरादा कश्मीर को एक इस्लामिक राज्य के रूप में देखना है, मुख्यतः अफगानिस्तान के तालिबान के अधिग्रहण की तर्ज पर। पहले से ही ऐसी अटकलें थीं कि पाकिस्तान तालिबान का इस्तेमाल भारत के हितों के खिलाफ करेगा। अपने हिस्से के लिए, पाकिस्तानी सेना ने तहरीक-ए-तालिबान से अलग हुए समूहों के साथ हाथ मिलाया है और उन्हें सेना के साथ जोड़ दिया है। इमरान खान कश्मीर की ओर उनका ध्यान हटाने की अपनी साजिश में काफी हद तक सफल रहे हैं।

अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद से, शांति बहाल करने के लिए

> अब तक की समस्या को राजनीतिक और संवैधानिक चश्मे से देखा जा सकता था लेकिन तालिबान के प्रभाव ने अब इसे धार्मिक कट्टरवाद और उग्रवाद में बदल दिया है। अब सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि उसे कश्मीर में धार्मिक कट्टरता, उग्रवाद और कट्टरवाद से लड़ना है। इस लड़ाई में एक बड़ी बाधा कुछ प्रमुख कश्मीरी नेताओं की पाकिस्तान जैसी ही भाषा बोलने की प्रवृत्ति है।

सरकार के लंबे दावे धराशायी होते दिख रहे हैं और यह संदेह मजबूत होता जा रहा है कि तालिबान भारत के द्वार पर दस्तक दे रहा है, जैसा कि अल्पसंख्यकों के चुनिंदा लक्ष्यीकरण से पता चलता है। भारत के 70 साल के इतिहास में, सभी सरकारों ने राजनीतिक रूप से विवाद को हल करने की कोशिश की है- नेहरू ने सोचा था कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 होना चाहिए और मोदी को लगता है कि समाधान इसे दूर करने में है। हालांकि, समस्या का मूल स्रोत - धार्मिक कट्टरवाद और एक इस्लामिक स्टेट की उदात्त धारणाएं - सभी के ध्यान से बच गईं। नतीजा तहरीक-ए-इस्लाम द्वारा संचालित और लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों द्वारा वित्त पोषित मदरसों का है। यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि इन मदरसों में आतंकवादियों की फौज पैदा होती है। इस बात का प्रमाण है कि मुठभेड़ों में मारे गए 99 प्रतिशत आतंकवादी कश्मीर के थे।

ये आतंकवादी अब अल्पसंख्यक हिंदुओं को कश्मीर से भागने के लिए मजबूर करने की योजना बना रहे हैं। 1990 में, उन्होंने कश्मीरी पंडितों को कश्मीर से भगा दिया लेकिन सरकार ने कुछ भी सार्थक नहीं किया। आज भी घाटी में कश्मीरी पंडितों की स्थिति उतनी ही दयनीय है जितनी पाकिस्तान, बांग्लादेश और इंडोनेशिया में अल्पसंख्यक हिंदुओं की है। आतंकवादियों की मंशा यह है कि अगर वे कश्मीर से हिंदुओं को पूरी तरह से खदेड़ने में सक्षम हैं, तो वे कश्मीर की शांति को भंग करने और तालिबान शासन को कश्मीर में लाने के अंतिम उद्देश्य से इस्लाम के नाम पर कश्मीरियों को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। आतंकवादियों को यह भी उम्मीद है कि तालिबान पाकिस्तान और चीन की मदद से कश्मीर को भारत से अलग करने में मदद करेगा, जैसे उसने अमेरिका और पूर्व सोवियत संघ को अफगानिस्तान से भगा दिया। लेकिन उनका भ्रम उन्हें यह महसूस करने से रोकता है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है।

हालांकि, अभी तक किसी भी सरकार ने कश्मीर में धार्मिक कट्टरता और उन्माद के तत्वों को मान्यता नहीं दी है और न ही इसके स्रोतों पर हमला किया है, दूसरी ओर, आतंकवादी खुलेआम लोगों से कह रहे हैं कि या तो कट्टरपंथी बन जाएं या कश्मीर छोड़ दें। ''यदि आप नहीं करते हैं, तो मारे गए नागरिकों के समान अंजाम झेलने के लिए तैयार हो जाओ'', उनका संदेश प्रतीत होता है। अगर सरकार वास्तव में पाकिस्तान से निकलने वाले तालिबानी आतंकवाद और जिहादी कट्टरवाद को कुचलना चाहती है, तो उसे कश्मीर में धार्मिक संतुलन बनाकर धार्मिक कट्टरवाद और उसके स्रोतों को खत्म करना होगा।

सरकार के लिए आतंकवादियों को कड़े शब्दों में यह बताना अनिवार्य हो गया है कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और कश्मीर का प्रत्येक नागरिक भारतीय है। साथ ही, सरकार को गैर-मुसलमानों और कश्मीरी पंडितों को घाटी में बसाने और सभी कश्मीरी नागरिकों को धार्मिक उन्माद को कुचलने के लिए सुरक्षा की गारंटी देकर एक समग्र संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है। यदि सरकार राजनीतिक, संवैधानिक और मानवाधिकारों के आधार पर समाधान खोजने की कोशिश करती है, तो घाटी जल्द ही तालिबान घाटी बन सकती है। सरकार को राजनीतिक और संवैधानिक एजेंडे से परे सोचने की जरूरत है।

# घुसपैठियों व शरणार्थियों में अंतर आवश्यक

**राजेंद्र प्रसाद गुप्ता**
(लेखक बिहार विधन परिषद के सदस्य हैं)



**बांग्ला**देशी घुसपैठियों का मुद्दा भारत की एकता व अखंडता के लिए संवेदनशील बन गया है। 1971 से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिये भारत में आ रहे हैं। इन घुसपैठियों के कारण पूर्वोत्तर भारत की जनसंख्या संरचना में चिन्ताजनक परिवर्तन हुआ है जिससे देश की सुरक्षा को दीर्घकालीन खतरा पैदा हुआ है। स्वतंत्रता के बाद से कांग्रेस सरकारों के पास घुसपैठ के मुद्दे पर कोई कार्ययोजना नहीं थी जिसके परिणामस्वरूप इस समस्या ने खतरनाक रूप धारण कर लिया है। पश्चिम बंगाल व खासकर असम में यह समस्या इतनी गंभीर है कि संसद को 1950 में इमीग्रेशन एक्सपल्शन फ्राम असम एक्ट के रूप में एक विधेयक पास करना पड़ा था। लेकिन इसके बावजूद इस विभीषिका से निपटने के लिए कुछ खास नहीं किया गया। हालांकि, बांग्लादेश की सीमा बिहार से नहीं लगती है, पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर आवागमन सहज होने के कारण घुसपैठिये बिहार में आ जाते हैं। वे पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, उत्तर दीनाजपुर व माल्दा से होकर किशनगंज, पुर्निया, अररिया व कटिहार में प्रवेश करते हैं। 1951-1961 में पुराने पुर्निया जिले की जनसंख्या लगभग 37 प्रतिशत बढ़ी जो बिहार की जनसंख्या वृद्धि की लगभग दूनी थी। 1971-1981 में यह वृद्धि 23.90 प्रतिशत दर्ज की गई।

पूर्व सीबीआई निदेशक जोगिंदर सिंह ने एक रिपोर्ट में कहा था कि देश में पांच करोड़ से अधिक बांग्लादेशियों ने घुसपैठ की है। इसे इस तथ्य से समर्थन मिलता है कि बांग्लादेश की 2001 की जनगणना में जनसंख्या एक करोड़ कम पाई गई। यदि हम भारत, पाकिस्तान व बांग्लादेश की प्रजनन दर पर गौर करें तो यह प्रवृत्ति और स्पष्ट हो जाती है। 1971 व 1981 में भारत की प्रजनन दर 5.5 व 4.7 प्रतिशत थी, जबकि पाकिस्तान में यह 6.6 व 6.5 प्रतिशत तथा बांग्लादेश में 6.9 व 6.2 प्रतिशत थी। 1991 में भारत व पाकिस्तान की प्रजनन दर 4.6 व 6 प्रतिशत थी, जबकि बांग्लादेश की प्रजनन दर 4.4 प्रतिशत थी। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि पहले की तुलना में बांग्लादेश के आंकड़ों में असामान्य कमी आई, जबकि भारत व पाकिस्तान के बीच समान अंतर बना हुआ था। इसके साथ ही 1971 के पहले तीनों देशों के आंकड़ों में यही अंतर दिखता है। यदि हम बांग्लादेश में जनसंख्या घनत्व पर गौर करें तो यह 1980, 1985 व 1990 में क्रमश: 611, 697 व 792 था। अब यदि दोनों में तुलना की जाए




तो स्पष्ट होगा कि यदि प्रजनन दर घटी तो इस कालखंड में जनसंख्या घनत्व इतना कैसे बढ़ गया? कुल मिला कर बांग्लादेश ने अपनी जनसंख्या नियंत्रण की कोई कार्ययोजना नहीं बनाई, हालांकि वह सभी प्रकार के संसाधनों के घोर संकट का सामना कर रहा था। वहां की सरकारों ने लगातार अपनी जनसंख्या छिपाई जिसका एकमात्र कारण भारत में अपने लोगों की घुसपैठ करवाना था।

1971 में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आलोचना के बावजूद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उनको भारत में शरणार्थी के रूप में स्थान दिया। यहां तक कि बांग्लादेश के स्वतंत्र हो जाने के बावजूद इन लोगों ने भारत में बने रहने का लाभ उठाया, पर कांग्रेस सरकारों ने इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। इतना ही नहीं, इंदिरा गांधी ने भारतीयों से राजस्व व डाक टिकटों द्वारा एकत्र धन पर 5 व 10 पैसा शरणार्थी टैक्स लगा दिया। संकुचित राजनीतिक हितों के कारण कांग्रेस, वामपंथी व वर्तमान समय में तृणमूल कांग्रेस एक ही रास्ते पर चले जिसके कारण पूर्वोत्तर भारत तथा पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई। अब मोदी सरकार इनके घुसपैठ पर रोक लगाने के लिए राष्ट्रहित में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी बनाने की बात कह रही है। लेकिन ये पार्टियां तथाकथित सेक्युलरवाद के नाम पर इन अवैध घुसपैठियों की मदद में आगे आ गई हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों ने न केवल आर्थिक, सामाजिक व धार्मिक क्षेत्रों पर प्रभाव डाला है, बल्कि वे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। यही उनका मुख्य एजेंडा है।

ममता बनर्जी ने 4 अगस्त, 2005 को लोकसभा में कहा था कि बंगाल में घुसपैठ एक विभीषिका बन गई है। उन्होंने इस पर लोकसभा में कार्यस्थगन प्रस्ताव भी पेश किया था। उन्होंने इस मुद्दे पर इस्तीफा देने की धमकी तक दे डाली थी। लेकिन आज जब ममता बनर्जी बंगाल की सत्ता में हैं, वे राजनीतिक लाभ के लिए एनआरसी का विरोध कर रही हैं। जिस प्रकार 2019 के लोकसभा चुनाव में बांग्लादेशी अभिनेता फिरदौस अहमद को तृणमूल कांग्रेस के लिए प्रचार करते देखा गया उससे ममता बनर्जी का इरादा साफ हो जाता है। आज भी विपक्षी पार्टियां अतीत का दृष्टिकोण दुहरा रही हैं। आज भी इन लोगों की हमदर्दी बांग्लादेशी घुसपैठियों के साथ है और वे जनता में उनको शरणार्थी बता कर भ्रम पैदा कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में भारत के संदर्भ में घुसपैठियों व शरणार्थियों के बीच अंतर समझना और जानना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है।

2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में सरकार बनने तथा भाजपा को पूर्वोत्तर की सत्ता में आने का अवसर मिलने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले सात साल में व्यापक परिवर्तन आया है जिसका कारण केन्द्र सरकार द्वारा लिए क्रान्तिकारी फैसले हैं। अब यहां बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं तथा घुसपैठ रोकने के लिए अनेक तकनीकी व्यवस्थायें की गई हैं। हम सबको इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए ताकि भारत को विभाजित करने वाली शक्तियों को रोका जा सके। यह हम सबका नैतिक दायित्व है कि भारत की संस्कृति, सभ्यता और भाषा की रक्षा की जाए। मेरा विश्वास है कि हमरे लिए राष्ट्रीयता से अधिक महत्व किसी अन्य चीज का नहीं होना चाहिए। हमारे लिए देश की एकता और अखंडता का स्थान सर्वोच्च होना चाहिए। भारत में रहने का पहला और अंतिम अधिकार उसके नागरिकों का है। इसलिए हम सबकी साझा चिन्ता यही होनी चाहिए कि एक राष्ट्र के रूप में हम और ज्यादा मजबूत तथा समृद्ध बनें।

## आप की बात

### भारत की हार पर पटाखे

**हाल** ही में टी 20 क्रिकेट विश्वकप श्रृंखला में भारत पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले मे भारत को पराजय का सामना करना पड़ा। इस जीत का जश्न पुरे पाकिस्तान में मनाया गया। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि कुछ दूषित मानसिक प्रवृत्ति वाले लोगों द्वारा देश के विभिन्न हिस्सों में भारत की हार पर पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया। इस कुकृत्य ने यह साबित कर दिया है कि हिंदुस्तान में पाक परस्त लोगों का अस्तित्व बिद्यमान है। जो संविधान द्वारा प्रदत्त स्वतंत्रता को उद्दंडता समझने की भूल कर रहे हैं। देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वाले ऐसे लोग खेल प्रेमी तो हो सकते हैं लेकिन एक भारतीय कतई नहीं हो सकते हैं। बात यहीं तक नहीं रुकी पाक की इस जीत पर भारत सहित पाकिस्तान में शर्मनाक बयानबाजी भी हुई। पाकिस्तान के मंत्री शेख रशीद ने इस जीत को एक धर्म विशेष की जीत बताया तो वही के एक क्रिकेट कमेंटेटर ने भारत की हार को कुफ्र की हार की संज्ञा दे दी। महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट करते हुए लिखा पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने के लिए कश्मीरियों पर इतना गुस्सा क्यों, तो वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय सोशल मिडिया कोआर्डिनेटर राधिका खेड़ा ने भी ट्वीट करते हुए भाजपा और उसके समर्थकों को निशाना बनाकर हलचल पैदा कर दी।

– **शिवेंद्र यादव**, कुशीनगर

### कमरतोड़ महंगाई

**पिछले** दो-तीन साल से महंगाई ने आम आदमी के खाने पीने का खाना खराब कर रखा है इस महंगाई से सर्वाधिक प्रभावित व्यक्ति अगर कोई है तो वह हर रोज कमाने वाला आम मध्यम वर्गीय आदमी है जिसे रोजाना मजदूरी करने पर ही पैसा मिल पाता है यानी सुबह से लेकर शाम तक काम के बाद जो रकम उसके हाथ में आती है वह उसकी रोज की कमाई होकर दाल रोटी का इंतजाम उसी पैसे से होता है अगर किसी दिन उसे काम ना मिले तो फिर उसे फाके की नौबत भी आ जाती है। दाल हो या चावल या फिर हो आटा सब के दाम आज आसमान से चढ़कर नीचे झांक रहे हैं और कह रहे हैं कि हम तुम्हारे बस में नहीं है। इनमें सब्जी का दाम अगर जोड़े तो उसका भी हाल बेहाल है इनसे आज हर रोज खाना कैसे बनता होगा यह पूछने की कोई जरूरत नहीं है आज दाल हो या सब्जी का बघार उसे लगाने वाला ही जानता है कि किस तरह से उसकी रसोई चल रही है। तेल हो या घी किसी का भी दाम उसके बस में नहीं है। हर तेल 150 रुपए से कम नहीं है अमीरों को इस महंगाई का कोई फर्क नहीं पड़ता है। मगर एक गरीब से पूछिए कि उसका क्या हाल है भाजपा सरकार का यह दूसरा कार्यकाल सीधे-सीधे पूंजी पतियों की मदद करता नजर आता है।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### देश के गद्दार

**देश** के गद्दार सिर्फ कश्मीर में नहीं, यूपी से लेकर राजस्थान तक फूटे पाकिस्तान की जीत पर पटाख। यह पटाखे पाकिस्तान की जीत पर नहीं वरन भारत की हार पर फूटे हैं। सरकार को ऐसे लोगों को चिन्हित करत करके इनकी गतिविधियों पर निरंतर गुप्त रूप से नजर रखना होगी! क्योंकि यह जयचंद ही वह लोग हैं जो भारत के खिलाफ आतंक फैलाने वाले को सहयोग और पनाह देते हैं! खाते हिंदुस्तान का हैं और बजाते पाकिस्तान का है! खुदा न खास्ता यदि भारत पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ तो यह लोग देश के भीतर ही इन पटाखों की जगह बम फोड़ने में परहेज नहीं करेंगे! देश की सुरक्षा और अस्मिता के सामने तथाकथित सेक्युलरिज्म को भाड़ में झोंक कर विशुद्ध राष्ट्रीयता पर ध्यान दिया जाना जरूरी है। बॉर्डर पर तो हम बहुत ही मजबूत हैं! मगर देश में छुपे हुए गद्दारों के कारण हम मात् खा रहे हैं इन्हें तथाकथित राजनीतिक दलों का भी पूरी तरह समर्थन व सहयोग प्राप्त है! अत: देश में ऐसी गतिविधियों के खिलाफ राजद्रोह कानून सख्ती से लागू किया जाए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा दुस्साहस ना करें।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**चुनावों** को ध्यान में रखते हुए, कृषि कानूनों को वापस लिया जा सकता है और बाद में एक नए रूप में लागू किया जा सकता है।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख



**ऑस्ट्रेलिया** के पास अब 2050 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का लक्ष्य है, और इसे प्राप्त करने के लिए हमारे पास एक स्पष्ट योजना है।

– **स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**पीएम** को चाहिए महामारी के दौरान भ्रष्टाचार में शामिल होने के लिए गोवा के मुख्यमंत्री और उनकी मंत्रि परिषद को बर्खास्त करें।

– **सत्यपाल मलिक**
मेघालय के राज्यपाल

# बाढ़ क्षेत्र पर करें फोकस

- नोडल अफसर ने प्रभावितों को तत्काल राहत पहुंचाने के दिए निर्देश विकास कार्यों को लेकर भी की गहन चर्चा
- डीएम सहित सभी अधिकारी रहे बैठक में मौजूद



संवाददाता। सीतापुर

**बुधवार को** कलेक्टेऊट सभागार में जिले की नोडल अफसर मिनिस्ती एस ने बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। मंगलवार को बाढ़ क्षेत्र का दौरा करने के बाद नोडल अफसर मिनिस्ती एस कलेक्टेऊट सभाकक्ष में विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए व स्वास्थ्य विभाग को भी स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ है, जिससे अधिकारी मौके पर जाकर उनके सुविधाएं मुहैया कराए व खाने-पीने की बाढ़ पीड़ितों को कोई दिक्कत न आने पाए की भी बात कही। आपको बता दें कि बैठक के बाद नोडल अफसर जिले में चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण करेंगी उसके बाद कसमंडा सीएचसी का भी निरीक्षण करेगी। बैठक में सिटी मजि. पूजा मिश्रा, सीएमओ डा. मधू गैरोला, डीडीओ राकेश पांडेय, पीडी अरूण कुमार सिंह, डीसी मनरेगा सुशील कुमार सहित तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे।

# ग्राहक संवर्धन अभियान कार्यक्रम में बांटा ऋण

- सांसद 112 करोड़ का ऋण हुआ वितरित, सांसद राजेश वर्मा ने किया उपभोक्ताओं को वितरित

संवाददाता। सीतापुर




**किसानों, व्यापारियों,** गृहणियों के लिए बुधवार का दिन शुभ रहा। इंडियन बैंक द्वारा आयोजित वृहद ग्राहक संवधन अभियान कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को ऋण वितरित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार हो या प्रदेश की सरकार, हमेशा से ही वह आप सबके साथ खड़ी है। भाजपा सरकार ने किसानों, व्यापारियों के लिए हमेशा से ही अच्छी योजनाएं संचालित की जिसका लाभ हमेशा सीधे आप सभी को ही मिला। कार्यक्रम में सांसद ने उपभोक्ताओं को 112 करोड़ का लोन वितरित किया। जिसमें व्यापारी, गृहणी, किसान आदि छोटे-छोटे दुकानदार भी इसका लाभ लिया। कार्यक्रम में बैंक कॉर्पोरेट कार्यालय के महाप्रबंधक विकास कुमार, क्षेत्र महाप्रबंधक लखनऊ पंकज त्रिपाठी, बैंक के सीतापुर अंचल प्रमुख विनीत बाजपेयी, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विक्रांत तिवारी, राजीव कुमार, अनिल कुमार, डीएम विशाल भारद्वाज सहित तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संचालन अंजनी कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम में 26 स्टाल लगाए गए थे जिसमें ग्रामीण व स्वरोजगार के तहत लगाए थे।

## क्विक न्यूज

### एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सीतापुर।** शहर के राजकीय इंटर कालेज, आरएमपी पीजी कालेज, दीन दयाल उपाध्याय डिग्री कालेज व जेएलएमडीजे कालेज के 110 कैडेटों ने 22 बटालियन एनसीसी कॉलोनी से आंख अस्पताल रोड के दोनों तरफ शहीद स्मारक, वीर अब्दुल हमीद प्रतिमा व अहिल्याबाई प्रतिमा की सफाई की। कमान अधिकारी कर्नल संजय सिंह तथा प्रशासनिक अधिकारी कर्नल संजीव कुमार धवन का के निर्देशन में चलाए गए अभियान में नगर पालिका सीतापुर के अधिशासी अधिकारी वैभव त्रिपाठी तथा वाहन प्रभारी अंकुर सेठ ने सहयोग प्रदान किया। लेफ्टिनेंट खान शादाब जमीर, लेफ्टिनेंट सुनील सिंह, नायब सूबेदार सत्यवीर सिंह, नायब सूबेदार लाल बिहारी, हवलदार धर्मेंद्र सिंह चौहान, हवलदार सनी गुरुंग, बीएचएम विक्रम गुरुंग, हवलदार राजभर, सीनियर अंडर ऑफिसर अंकुर श्रीवास्तव, अंडर ऑफिसर हरिओम मिश्रा, रिंकू यादव, कमल आदि मौजूद थे।

### नियमित टीकाकरण में प्रगति लाई जाए: सीडीओ

**बरेली।** मुख्य विकास अधिकारी श्री चन्द्र मोहन गर्ग ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी एएनएनएम व आशा द्वारा किये गये नियमित टीकाकरण का सर्वे रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि जो लोग नियमित टीकाकरण में छूट गए हैं उनको शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाये। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी सहित समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने आज विकास भवन सभागार में नियमित टीकाकरण एवं कोविड.19 वैक्सीनेशन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि एएनएम व आशा के पास नियमित टीकाकरण की सूची व रजिस्टर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाई पूर्ण रूप से उपलब्ध हो, स्वास्थ्य केन्द्रों पर जो उपकरण नहीं है तो उसकी मांग की जाये। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देश दिये कि कोविड.19 वैक्सीनेशन में प्रगति लाई जाये। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र भमौरा तथा रामनगर में कोविड.19 वैक्सीनेशन की प्रगति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए वैक्सीनेशन की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये।

### प्रसपा की सामाजिक परिवर्तन रथ यात्रा पहुंची बरेली, शिवपाल सिंह ने की प्रेस वार्ता

**बरेली।** यूपी के बरेली में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया की सामाजिक परिवर्तन यात्रा आज बरेली पहुंची जहाँ आज प्रेस वार्ता के दौरान शिवपाल यादव ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि सामाजिक परिवर्तन यात्रा कृष्ण जन्मभूमि मथुरा से शुरू होकर यूपी के 75 जिलों से होकर अयोध्या में श्री राम के दर्शन कर कर उनका आशीर्वाद लेकर सीधा 2022 के चुनाव में शामिल होना है । वही शिवपाल ने बताया कि सत्ता में परिवर्तन लाने को लेकर सामाजिक परिवर्तन यात्रा को निकाला गया है उन्होंने कहा कि बरेली जनपद एक ऐतिहासिक जगह है जहाँ कुटीर उद्योग और लकड़ी बांस और मांजे जरी का काम हुआ करते थे अब कुछ खत्म हो चुका हैं भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए शिवपाल ने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों और फैसलों के चलते पूरे देश में आज तबाही का मंजर है गरीबी और भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है मौजूदा भाजपा सरकार ने जो भी फैसले लिए हैं सिर्फ उद्योगपतियों के लिए है।

### बुजुर्ग की हत्या कर कुएं में फेकी लाश

**बरेली।** जमीनी रंजिश के चलते गांव के ही दबंग में एक बुजुर्ग की हत्या करने के बाद लाश को गांव के पास एक कुएं में फेंक दिया। लगभग 3 घंटे बाद उसकी लाश कुएं में उतराती मिली। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। आंवला थाने के गांव गणेशपुर निवासी 65 वर्षीय भजन लाल पुत्र हरि राम की लाश कल शाम को उसके घर के पास लगभग 6 बजे कुएं में तैरती हुई मिली। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने गांव के ही रहने वाले नत्थू लाल पर जमीनी रंजिश के चलते भजनलाल की हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि नत्थू लाल ग्राम समाज की लगभग डेढ़ बीघा जमीन पर कब्जा किए हुए हैं और उस पर खेती कर रहा है। लेकिन भजनलाल की अपनी जमीन भी नाप जोख में पूरी नहीं है। इसके बावजूद नत्थू लाल भजनलाल से रंजिश मानता था और दोनों पक्षों में कई बार इसी बात को लेकर झगड़ा हो चुका था। इसी रंजिश के चलते भजनलाल की हत्या कर दी गई। वह कल दोपहर लगभग 3 बजे बिना बताए अपने घर से बाहर निकला था स लेकिन वापस नहीं लौटा शाम 6 बजे गांव के लोगों ने उसकी लाश को गांव के पास ही कुएं में तैरते देखा और उसके घर वालों को सूचना दे दी। जो मौके पर पहुंचे और घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि कुएं में भजन लाल की लाश कुएं में मिलने के कुछ देर बाद ही नत्थू लाल अपने परिवार के साथ मकान पर ताला डाल कर फरार हो गया।

### एसएसबी बलों को दिलाई गई शपथ



**लखीमपुर-खीरी।** क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी के सतर्कता जागरूकता सप्ताह में बल के जवानों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। क्षेत्रक मुख्यालय में आयोजित हुए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ सप्ताह का आगाज किया गया। उक्त निर्धारित सप्ताह सभी सरकारी कर्मचारियों में सत्यनिष्ठा के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाने हेतु मनाया जाता है। इस सप्ताह का थीम स्वतंत्र भारत 75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता है। इस अवसर पर मुकेश कुमार गौतम, द्वितीय कमान अधिकारी, कार्मिक अधिकारी (प्रशासन) क्षेत्रक मुख्यालय द्वारा क्षेत्रक में पदस्थ सभी अधिकारियों व कार्मिकों को उच्च मुख्यालय द्वारा निर्देशित सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। आनन्द प्रकाश यादव सहायक कमान्डेंट (सतर्कता अधिकारी), की अगुआई में सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर व पम्प्लेट के माध्यम से जागरूक किया गया। इस अवसर पर शशि शेखर सिंह, उप कमान्डेंट, नवरतन आजाद यादव, उप कमान्डेंट/संचार, उपेन्द्र सिंह दांगी, सहायक कमांडेंट व मोहिंदर सिंह, सहायक कमान्डेंट सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# विधायक ने किया अग्निशमन केन्द्र का शिलान्यास

- सेउता में बनकर तैयार हुआ फायर स्टेशन
- बाढ़ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री




संवाददाता। सेउता सीतापुर

**जिले के** सभी विधानसभा में अग्निशमन केंद्र है लेकिन सेवता विधानसभा में अग्निशमन केंद्र नहीं मिला था हमारे मुख्यमंत्री योगी ने अपने घोषणा के तहत मेरी मांग पर हमारी विधानसभा में फायर स्टेशन के निर्माण की स्वीकृति दी है इसके लिए मैं बहुत-बहुत बधाई अपने मुख्यमंत्री सहित पूरी सरकार को देता हूं । करीब 10 करोड़ की लागत से बनने वाला यह फायर स्टेशन 6 माह में बनकर तैयार हो जाएगा जिसका श्रीगणेश बुधवार को अग्निशमन केंद्र के शिलान्यास से रेउसा के ग्राम खरौहां में हुआ। विधायक ने कहा कि विधायक बनने के बाद ही मैंने सेवता को विकसित विधानसभा बनाने का संकल्प लिया था , क्षेत्र का विकास मेरा संकल्प है। जिसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। रेउसा क्षेत्र के ग्राम सिकडिया निवासी राम प्रवेश यादव के पुत्र की विगत दिवस बाढ़ आपदा में डूब कर मौत हो गई थी विधायक ज्ञान तिवारी बुधवार को रामप्रवेश के घर पहुंचे और उन्हें आर्थिक सहायता के रूप में चार लाख की सहायता उपलब्ध कराई विधायक ने कहा इस दुख की घड़ी में उनकी सरकार आपके साथ खड़ी है। विधायक ज्ञान तिवारी ने बुधवार को बाढ़ प्रभावित रेउसा के ग्राम सुजातपर ,पकरियापुरवा, बभनावा व रामपुरमथुरा आदि का दौरा कर कहा बाढ़ से प्रभावित गांवों को लेकर प्रदेश सरकार चिंतित है। इसके चलते मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार बाढ़ से प्रभावित सभी किसानों को पूरी मदद देने लिए प्रतिबद्ध है। इसको लेकर जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया है कि पिछले दिनों बाढ़ से जिन जनपदों में कृषि फसलों की क्षति हुई, उसका तत्काल सर्वे कराकर प्रभावित किसानों का विवरण कृषि निवेश अनुदान मॉड्यूल में ऑनलाइन फीड किया जाए, ताकि शासन द्वारा प्रभावित किसानों के लिए मुआवजा राशि शीघ्र उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान विधायक ने भोजन व राहत किट का वितरण किया।

**सम्मेलन में भाजपा पर साधा निशाना**

# समाजवादी पार्टी में ही साहू समाज का है सम्मानः जगजीवन प्रसाद

- 2022 में अखिलेश की सीएम बनाने का है संकल्पः किरन पासी



संवाददाता। हरगांव सीतापुर

**समाजावादी पार्टी** में ही साहू समाज का सम्मान है, और छोटे से छोटे कार्यकर्ता का सम्मान समाजवादी पार्टी ही करती है। 2022 में अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनने जा रहे है क्योंकि उत्तर प्रदेश की जनता ने इस बार पूरा मन बना लिया है कि विकास अगर कोई कर सकता है यूपी का तो वह है अखिलेश यादव। यह बात हरगांव विधानसभा में आयोजित साहू, राठौर महासभा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद बाबूजी ने कही, उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ जूठे वादे करती है। सपा नेत्री किरन पासी ने भी कहा कि साहू समाज शुरू से ही समाजवादी पार्टी के साथ खड़ा है और 2022 में वह अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाकर पूरा साथ देगें। सपा नेत्री किरन पासी ने कहा कि इस विधानसभा में साहू समाज हो या पासी समाज सभी अखिलेश यादव के साथ है और 2022 में मुख्यमंत्री बनाकर यह साबित भी कर देंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा से हर वर्ग परेशान है। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष फरकान खां, विजय वर्मा, रामप्रकाश यादव, विजय वर्मा, संदीप गुप्ता, मंगूलाल गुप्ता, राजेश कनौजिया, नजीर अहमद गुड्डू, नेता वसीम खां, रिजवान खां, मो. हनीफ अंसारी, जितेन्द्र सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण



**मोहम्मदी-खीरी।** विकास खण्ड के गांव गुलौली में बने गौशाला का उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने रह रहे जानवरों के खाने में हरे चारे और भूसे के साथ पीने सहित अन्य की जानकारी ली। उप जिला अधिकारी ने बताया इस गौशाला में कुल 188 गोवंस है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि गौशाला मे कोई भी लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी, गौशाला टेकर हितेश सिंह भी मौजूद रहे।

## दो मंडल अध्यक्षों समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिया इस्तीफा

संवाददाता। निघासन खीरी

**तीन अक्टूबर** को बनवीरपुर दंगल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव प्रसाद मौर्य को रिसीव करने जाते समय दंगाइयों द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर पथराव व लाठी डंडों से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया।

घटना के बाद निर्दोष कार्यकर्ताओं को जेल भेजा जा रहा है। इसको लेकर दोनों मंडल अध्यक्षों ने बताया कि जिलाध्यक्ष की अपेक्षित सहयोग व संदिग्ध भूमिका रही है। एक पक्षीय कार्रवाई से आहत होकर निघासन मंडल अध्यक्ष प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव सिंगाही मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा दिया।

# भाजपा नेत्री ने बांटी राहत सामग्री



**लखीमपुर-खीरी।** कौन कहता है कि आसमां में छेद नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबीयत से उछालों यारों। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया है। महिला युवा शक्ति किसी से कम नहीं है। जब वह बाढ़ से प्रभावित गाँव का दौरा करने पहुंची। घर-घर जाकर राहत सामग्री और लंच पैकेट पहुंचाए। तो वह किसी को बहन, किसी को बेटी, किसी को मसीहा दिखीं।

बताते चले की तीन दिन पहले आई बाढ़ आपदा से क्षेत्र के तमाम गांव जलमग्न हो गए। शारदा और घाघरा नदियों के उफनाने से लोगों के घरों में पानी भर गया। जान बचाने के लिए लोग छतों व मकानों पर बैठ गए। कुछ लोगों ने सड़कों पर तम्बू लगाकर रात गुजारी। ऐसे मौके पर बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने के भाजपा नेत्री, महिला मोर्चा की जिला मंत्री शिप्रा चानना शारदानगर के बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र के बाढ़ प्रभावी क्षेत्रों में व तहसील निघासन के जटपुरवा बाज पुरवा तथा अद्लाबाद टहारा बंधे पर बसे लोगों से मुलाकात की।

उन्हें लंच पैकेट भी बांटे प्रभावित बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का दौरा किया। बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री भी वितरित की और लंच पैकेट व फल इत्यादि वितरित किया। इस मौके पर उनके साथ शोभा, नितीश अवस्थी, नीलम शुक्ला, प्रमोद शुक्ला इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं पर हुआ मंथन

- डीएम ने जिला उद्योग बंधु की बैठक, समाधान पर दिया जोर




संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**बुधवार को** डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। जिसमें उद्यमियों की उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन हुआ।

बैठक में डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। समस्याओं के तत्परतापूर्वक निदान से उद्यमियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ता है। व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सीडीओ अनिल सिंह ने बैठक की आवश्यकता व प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है।

बैठक में उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन की जानकारी दी। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों, विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम, एमवाईएसवाई, ओडीओपी वित्तपोषण सहित रोजगारपरक योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, स्टैंडअप योजना, जेम पोर्टल, उप्र सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम स्थापना एवं संचालन सरलीकरण अधिनियम 2020 पर चर्चा हुई। बैठक में उद्यमियों ने इंडस्ट्रियल एरिया में जल निकासी हेतु नाली बनवाने की मांग की, ताकि उन्हें सुगमता हो सके। वही इंडस्ट्रियल एरिया के फीडर से जुड़े उद्यमियों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का भी अनुरोध किया। डीएम ने एक्सईएन विद्युत को निर्देश दिया कि व्यापारियों की सुविधा हेतु व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उन्हें ब्रेकडाउन सहित अन्य जरूरी सूचनाएं उपलब्ध कराते रहें। उद्यमियों की बहुप्रतीक्षित मांग पर डीएम ने क्विक एक्शन से विद्युत पोल शिफ्ट होने से उद्यमियों ने मिलकर उनका आभार जताया।

उद्यमियों ने नगर के मेला मैदान चौराहे से बजरंग पैलेस की ओर जाने वाले मार्ग पर आगे नाला बंद होने की बात कही, जिसपर डीएम ने नपाप को स्थलीय भ्रमण कर उसकी रिपोर्ट दे, ताकि तदानुसार कार्यवाही की जा सके। मेसर्स डीसीएम श्रीराम लिमिटेड अजबापुर के प्रतिनिधि ने बताया कि गोविंदापुर से अजबापुर जाने वाले मार्ग पर विद्युत पोल बदलवाने की मांग की। बैठक में सीडीओ अनिल सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, डीपीआरओ सोम्यशील सिंह, सहायक श्रमायुक्त डॉ. एनके पांडेय, एक्सईएन विद्युत प्रदीप वर्मा, अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह, एलडीएम बीएस राना, एडीआईओ विपिन कुमार सहित काफी संख्या में उद्यमी मौजूद रहे।

## सांड से बाइक टकराई एक युवक की मौत

**महंगापुर-खीरी।** पलिया तहसील में इस वक्त आवारा पशु लगातार हादसों का कारण बनते दिखाई दे रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी जिम्मेदार पूरी तरह से मौन है। जिसमें एक बार फिर एक आवारा सांड से एक बाइक की टक्कर हो गई जिससे बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं दूसरे युवक की अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। मंगलवार की देर शाम लगभग सात बजे संपूर्णानगर निवासी रामनिवास के 25 वर्षीय पुत्र गुड्डू व 21 वर्षीय पुत्र सौरभ अपनी बाइक से पलिया से वापस घर जा रहे थे। रास्ते में एक आवारा सांड से बाइक की टक्कर हो गई। इससे बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिस की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे। स्थानीय परसपुर पुलिस चौकी इंचार्ज उदय भान यादव व पीआरबी के सिपाहियों ने घायल युवकों को एंबुलेंस से पलिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने गुड्डू को मृत घोषित कर दिया तो वहीं सौरभ को प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# महिला लेखपाल ने बांटी राहत सामग्री



**निघासन-खीरी।** बाढ़ त्रासदी में बंगलहा तकिया के बाढ़ से प्रभावित गांवों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों के पास पहुंच कर महिला लेखपाल श्वेता सिंह ने राहत सामग्री वितरित की। कौन कहता है महिलाएं कुछ नहीं कर सकती। ऐसा ही एक उदाहरण सामने आया है कि महिला युवा शक्ति किसी से कम नहीं है। लखीमपुर खीरी जिले की निघासन तहसील क्षेत्र में तैनात महिला लेखपाल स्वेता सिंह बाढ़ त्रासदी में बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों तक राहत सामग्री पहुंचाने के लिये नाव पर सवार होकर ग्राम पंचायत बगलहा तकिया के कई गांवों में जाकर बाढ़ पीड़ितों के घर घर राहत सामग्री लंच पैकेट पहुँचाये। बता दें निघासन तहसील क्षेत्र के कई गांव लंका की तरह बाढ़ के पानी से घिरे हुये हैं। बाढ़ से जलमग्न गांवों में लोग पहुंचने से डरते है कि इतना पानी चारों.तरफहोने के बावजुद महिला लेखपाल साहस दिखाते हुये नाव पर बैठ कर बाढ़ ग्रस्त गांवों में पहुंची। घर-घर जाकर लोगों का हालचाल जाना और राहत सामग्री लंच पैकेट वितरित किए जिससे लोगों के चेहरे पर खुशी नजर आई।

लोगों ने बताया कि इस तरह से कभी कोई भी अधिकारी क्रमचारी बाढ में उनकी परेशानी देखने तक नहीं आया लेकिन महिला होने के बाद भी क्षेत्रीय लेखपाल श्वेता सिंह बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों तक पहुंच कर उनका हाल जाना। वहीं लेखपाल श्वेता सिंह ने बाढ़ पीड़ितों को अपना व्यतिगत नम्बर देते हुये बताया कि सरकार व तहसील प्रशासन द्वारा राहत बचाव अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जा रहा है। किसी भी ग्रामीण कोई दिक्कत आती है तो तुरंत फोन कर सूचना दें। प्रशासन द्वारा हर सम्भव मदद पहुंचायी जाएगी।

## आठ बाइकों का किया चालान

**सम्पूर्णनगर-खीरी।** थाना प्रभारी अनिल कुमार सैनी ने जानकारी दी कि त्योहारों को मदद्देनजर रखते हुए थाना क्षेत्र के अलग-अलग क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली गई। इस दौरान 8 बाइकों का चालान किया गया। पुलिस द्वारा चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों में काफी हड़कंप मची रही। दो पहिया वाहन चालक दाएं बाएं के रास्तों से अपने वाहनों को निकालते हुए देखे गए।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 28 अक्टूबर, 2021



# एक लाख 18 हजार विद्युत उपभोक्ता उठाएं योजना का लाभ: जिलाधिकारी

संवाददाता। चित्रकूट



एकमुश्त समाधान शिविर में बोलते डीएम

**जिलाधिकारी शुभ्रांत** कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा के प्रबंध निदेशक अमित किशोर तथा सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर की मौजूदगी में विद्युत वितरण निगम के महाकैम्प में विद्युत विभाग के पांच निजी नलकूप व पांच किलोवाट तक के विद्युत भार के एलएमबी-1 घरेलू व उपभोक्ताओं के भुगतान में छूट देकर लाभान्वित किया।

बुधवार को जगद्गुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित महाकैम्प में शासन से लागू महत्वाकांक्षी एकमुश्त समाधान योजना के तहत उपभोक्ताओं को लाभान्वित किया। सभी प्रधानों व जनसेवा केन्द्र संचालकों को बुलाकर योजना की जानकारी दी। जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कहा कि इस योजना से उपभोक्ताओं के बिलों का समाधान किया जा रहा है। उपभोक्ता अनावश्यक परेशान न हों। दो किलोवाट के उपभोक्ताओं का सरचार्ज शत-प्रतिशत माफ किया जायेगा। दो किलोवाट तक के उपभोक्ताओं के बिलों पर पचास फीसदी छूट दी जायेगी। उपभोक्ताओं के लिए 24 घंटे तथा 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है। नकारात्मक सोंच को बदलकर अपना समाधान कराकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठायें। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने कहा कि एकमुश्त समाधान योजना का सभी लोग ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। प्रबंध निदेशक अमित किशोर ने कहा कि बिलों के सुधार को कैम्प लगाये जायेंगे। जिले में एक लाख 18 हजार उपभोक्ता लाभ उठा सकते हैं। मुख्य अभियंता बांदा पीके झां ने अतिथियों का स्वागत कर शाल व स्मृति चिन्ह भेंट किये। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता पीके मित्तल, अधिशाषी अभियंता आरएस वर्मा, केके वर्मा, अनिल दुबे, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राजबहादुर समेत प्रधान व जनसेवा केन्द्र संचालक मौजूद रहे।

## 45 श्रेणी के कर्मकार करायें पंजीयन: श्रम प्रवर्तन अधिकारी

**चित्रकूट।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी दुष्यंत कुमार ने बताया कि जिले के विभिन्न ब्लाकों में ग्राम पंचायतवार ई-श्रम पंजीयन को मेगा कैम्प 28 अक्टूबर से 15 दिसम्बर तक लगाये जायेंगे। बुधवार को उन्होंने बताया कि असंगठित क्षेत्र में कार्यरत धोबी, दर्जी, माली, नाई, बुनकर, मोची, जुलाहा, रिक्शा चालक, कूडा बीनने वाले, हाथ ठेला चलाने वाले, खुली फेरी लगाने वाले, मैरिज कर्मकार, जनरेटर लाइट उठाने वाले, कैटरिंग, परिवहन, आटो चालक, सफाई कर्मी, ढोल-बाजा, टेन्ट हाउस में कार्यरत, मछवारा, तांगा, अगरबत्ती कर्मकार, भरभूंजा, पशु पालन करने वाले, खेतिहर कर्मकार, चरवाहा, नाव चलाने वाले नट, रसोइयां, समाचार पत्र बांटने वाले, मीटशाप पर कार्यरत, डेयरी कर्मकार, कांच रोजगार आदि मजदूर 45 प्रकार के कर्मकारों का पंजीयन एवं संचालित मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना के तहत दो लाख तक का बीमा किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि असंगठित कर्मकार उत्तर प्रदेश सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। आधारकार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति व मोबाइल नम्बर से कर्मकार सीएससी केन्द्रों से अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## व्यापारियों की विरोधी है भाजपा सरकार: अशोक




जुलूस निकालते व्यापार सभा के कार्यकर्ता

**चित्रकूट।** समाजवादी व्यापार सभा ने ऑनलाइन व्यापार के एवज में सपा जिला कार्यालय से नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। जुलूस ट्राफिक चौराहा, पटेल तिराहा, मिशन रोड होते हुए सपा कार्यालय में गोष्ठी में तब्दील हो गया। बुधवार को सपा व्यापार सभा जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने व्यापारी विरोधी भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला बोलते हुए कहा कि देश-प्रदेश की भाजपा सरकार संविधान, लोकतंत्र, किसान, मजदूर, महिला विरोधी होने के साथ व्यापारियों की घोर विरोधी है। मोदी सरकार की नोटबन्दी और गलत ढंग से लागू की गई जीएसटी मध्यम व खुदरा व्यापार को पूरी तरह से खत्म कर दिया है। छोटा व्यापारी भुखमरी की हालत में पहुंच गया है। जिला महासचिव हिमांशु गुप्ता ने लोगों से आवाहन किया कि दीपावली में आनलाइन खरीद्दारी न कर अपने पास के बाजारों से ही करें। युवा नेता नरेन्द्र यादव ने क्षेत्रीय लोगों से कहा कि छोटे व खुदरा दुकानदार खुद को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो संकल्प लें कि आनलाइन खरीददारी न करें। गोष्ठी में अनुज निगम, गन्नू गुप्ता, अभिमन्यू गुप्ता, संजय पटेल, मो रेहान, अकील खान, सोमनाथ गुप्ता, गोपीचन्द्र यादव, राधे यादव, सुरेश यादव, राजकिशोर विश्वकर्मा, पीयूष केशरवानी, शिवनारायण गुप्ता, संजय पटेल, लतीफसौदागर, लाला साहू आदि शामिल रहे।

# पांच ट्रकों को सीजकर सात का किया पांच लाख का चालान



ट्रकों का चालान करते संयुक्त जांच टीम

संवाददाता। चित्रकूट

**पुलिस अधीक्षक** धवल जायसवाल के निर्देश पर ओवरलोडिंग के खिलाफजारी अभियान में संयुक्त टीम ने पांच ओवरलोड ट्रकों को सीजकर सात ट्रकों का पांच लाख रुपये का ई-चालान किया।

बुधवार को सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस, परिवहन व खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने ओवरलोड वाहनों की जांच की। जांच दौरान पांच ओवरलोड ट्रकों को सीजकर सात ओवरलोड ट्रकों से पांच लाख रुपये का ई-चालान किया। जांच दौरान तमाम ट्रक जांच टीम स्थल से पहले ही खड़े हो गये थे। कुछ ट्रकों ने रास्ता बदलकर अपनी मंजिल तय की। जांच से ट्रक चालकों व मालिकों में हडकम्प मचा रहा। इसके बाद भी कुछ नामवर ट्रकों का चालान न होने से अन्य ट्रक मालिकों ने रोष जताया है। जांच टीम में कर्वी कोतवाल राजीव कुमार सिंह, खनिज अधिकारी शनि कौशल, पीटीओ संतोष कुमार तिवारी, यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव शामिल रहे।

## प्रतिज्ञा रथयात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

**चित्रकूट।** कांग्रेस की प्रतिज्ञा रथयात्रा के धर्मनगरी पहुंचने पर पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय व वरिष्ठ कांग्रेसी त्रियुगीनारायण शुक्ला ने अपने समर्थकों के साथ जोरदार स्वागत किया।

बुधवार को कांग्रेस की प्रतिज्ञा रथयात्रा के साथ आये वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान व लोकतंत्र विरोधी है। लखीमपुर खीरी में किसानों को गाडी से रौंदकर हत्या करने वाले केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा के बेटे को पुलिस वीआईपी सुविधा दे रही है। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री को कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के राष्ट्रपति को ज्ञापन देने के बाद भी मंत्रिमंडल से बर्खास्त नहीं कर रही। इससे किसानों को न्याय मिलने की आशा नहीं है। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार अपने वायदों से मुकर गई है। आम जनता में भाजपा सरकार के प्रति गहरा रोष है। भाजपा सरकार ने युवाओं को नौकरी नहीं दी है। महंगाई चरम पर है। इससे आम लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। नेताओं ने नुक्कड जनसभा में लोगों से कांग्रेस की सरकार बनवाने की अपील की है। नेताओं ने कहा कि प्रियंका गांधी की अगुवाई में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनवायें, ताकि लोगों को रोजगार व महंगाई से राहत मिल सके। प्रियंका गांधी ने महिलाओं को 40 फीसदी विधानसभा के टिकट देने का ऐलान किया है। महिलाओं के लिए विधानसभा पहुंचने का सुनहरा मौका है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल समेत तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## अखंड हिन्द फौज युवाओं को बना रहा शक्तिशाली: शानू



कैडेट के साथ मौजूद शानू गुप्ता

**चित्रकूट।** अखंड हिन्द फौज के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के बौद्धिक सत्र का शुभारम्भ राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने किया। सभी कैडेट के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए युवाओं को भारत माता के प्रति प्रेम व सुरक्षा के लिए स्वयं सेवकों को प्रेरित किया।

बुधवार को शानू गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि संस्थान का सराहनीय व ऐतिहासिक कार्य है। छात्र-छात्राओं ने बचपन से ही शिक्षा के साथ विद्यालय अवकाश के समय देश के प्रति समर्पण एवं शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास के प्रति जागरूक व जिम्मेदार नागरिक बनाना अखंड हिन्द फौज का कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि अखंड हिन्द फौज देश के युवाओं को आत्मनिर्भर शक्तिशाली बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। छात्र-छात्राओं को परेड, जूडो, कराटे, बल्ली बैलेंस, रस्सी के सहारे नदी-खाई पार करना, सुरंग से निकलना आदि प्रशिक्षण दिये जा रहे हैं। ये युवाओं के लिए संस्थान का ऐतिहासिक कदम है। इस मौके पर अखंड हिन्द फौज के निदेशक राजेन्द्र त्रिपाठी व अन्य सीनियर कैडेट मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### पुलिस के अभद्रता पर व्यापारियों ने बन्द की दुकानें



**चित्रकूट।** सीतापुर रामघाट के व्यापारियों से पुलिस के अभद्रता करने पर व्यापारियों ने दुकानें बन्दकर विरोध जताया। सीतापुर चौकी प्रभारी के साथ हमराही प्रकाश ने छोटे व्यापारियों से अभद्रता की। बुधवार को छोटे व्यापारियों से अभद्रता को लेकर जनउद्योग व्यापार संगठन के नगर महामंत्री युवा आशीष कुमार ने रामघाट की दुकानें बन्दकर अभद्रता का विरोध जताया तो आशीष से भी अभद्रता पर पुलिस उतर आई। घटना को लेकर रामघाट में व्यापारियों ने दुकानें बन्दकर नाराजगी जताई। राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन शानू गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों से घटना की जानकारी ली। सभी व्यापारियों को समझाकर दुकानें खोलने को कहा। दोषी पुलिस कर्मियों की शिकायत पुलिस अधीक्षक से कर कार्यवाही का भरोसा दिया। सभी व्यापारियों ने व्यापारी नेता की बात मानकर दुकानें खोल लीं।

### व्यापार मंडल ने छापामारी का किया विरोध, कई नमूने भरे गये

**मौदहा (हमीरपुर)।** दीपावली पर्व में खाद्य सामग्री व मिठाइयों में मिलावट रोकने के मकसद से आज नायब तहसीलदार दिवाकर मिश्रा के नेतृत्व में कई दुकानों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने छापामारी कर नमूने भरे। इससे जहां कस्बे के दुकानदारों में खासा हड़कंप रहा वहीं व्यापार मंडल के लोगों ने इस छापेमारी का विरोध भी किया। धनतेरस, दीपावली व भैया दूज पर बनने वाली स्वादिष्ट मिठाइयों की तैयारियां अभी से जोरों पर हैं, वहीं मिलावटी गुटखा के बढ़ते बिक्री का कारोबार व जगह जगह लगी मशीनों पर कभी कभार ही छापे पड़ते हैं। वहीं मिष्ठान्न भंडारों व खोवा,पनीर बिक्री करने वाले बड़े दुकानदारों के साथ खाद्य सुरक्षा विभाग की मिली भगत का बड़ा विरोध आज यहां छापा डालने आई खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को झेलना पड़ा।इसके बावजूद भी छापामार दल के मुखिया अभिहित अधिकारी संजय सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित नंद लाल गुप्ता,आर के निरंजन,मनोज कुमार मु य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में कस्बा स्थित विनय की दुकान में हल्दी का नमूना भरा गया तो चंद्र प्रकाश की दुकान में सरसों के तेल का, तहसील मार्ग स्थित रवि स्वीट्स में दूध बर्फी व मंसूर बर्फी तथा कोतवाली के सामने राहुल किराना स्टोर से छुहारा का नमूना भरा गया। इस बीच ज्यादातर खाद्य सामग्री व मिष्ठान्न की दुकानें बंद रहीं।

### प्रेमी-प्रेमिका ने जहर खाकर ग्वालियर अस्पताल में दम तोड़ा

**राठ।** युवक और किशोरी के बीच ऐसा प्रेम परवान चढ़ा कि दोनों घर परिवार और समाज की बंदिशो को तोड़ भाग खड़े हुए। इसके बाद भी जब समाज और परिवार उनके बीच दीवार बनकर खड़ा होने लगा तो दोनों ने साथ मरने की कसम खाते हुए झांसी में जहर खा लिया। उपचार के दौरान मप्र के ग्वालियर हॉस्पिटल में पहले किशोरी और उसके बाद युवक ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार कस्बे के पठानपुरा निवासी सोनू खान की 16 वर्षीय पुत्री सोनम खातून और गुलाब नगर निवासी 18 वर्षीय आरिफपुत्र अब्दुल मंसूरी के बीच काफी समय से प्रेम प्रसंग चला रहा था। परिवार और लोकलाज के भय से दोनों बीते सोमवार को घर छोड़कर भाग खड़े हुए थे। सोमवार की देर रात्रि किशोरी के पिता ने पुत्री को भगा ले जाने की रिपोर्ट आरिफके विरुद्ध दर्ज कराई थी। बताया गया है कि किशोरी व युवक मप्र के शिवपुरी में कहीं रुके हुए थे। लगातार पारिवारिक दबाव व किशोरी के नाबालिग होने के कारण दोनों इतने तनाव से ग्रस्त हो गए कि उन्होंने मौत को ही आखरी रास्ता चुन जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची शिवपुरी पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत नाजुक होने ग्वालियर रेफर कर दिया गया था। मंगलवार की रात्रि ग्वालियर जाते समय रास्ते किशोरी की मौत हो गई। जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई थी। बताया गया है कि देर रात्रि इलाज के दौरान युवक ने भी दम तोड़ दिया। इस संबंध में कोतवाल राजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जहरीले पदार्थ के सेवन से दोनों की मौत हो चुकी है।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के इटैलियाबाजा गांव में अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार इटैलियाबाजा गांव निवासी 22 वर्षीय आशीष राजपूत पुत्र ओमप्रकाश उर्फ पप्पू राजपूत बुधवार की सुबह खेत पर गया था। तभी उसने टयूबवेल के अंदर दुपटटे से फंदा डाल फांसी लगा ली। सुबह करीब 11 बजे जब परिजन खेत पहुंचे और युवक को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा। लेकिन परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि युवक मंगलवार को घर से बाहर कही जुआ खेलने गया था और रात में वह घर नहीं आया था। सुबह जब परिजन खेत पर गये तो आशीष टयूबवेल के अंदर पंखे में फांसी पर लटका मिला। पिता ने बताया कि उसे एक पुत्र और एक पुत्री रूबी थी। युवक की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### साइबर कैफे संचालक ने हजारों की ठगी की

**राठ(हमीरपुर)।** राठ कस्बे के एक पेट्रोलपंप कर्मी के खाते से साइबर कैफे संचालक ने हजारों की ठगी कर दी। पीड़ित पेट्रोलपंप कर्मी ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी है। सैदपुर गांव निवासी अमरनाथ ने बताया कि वह कस्बे में एक पेट्रोलपंप पर कर्मचारी है। उसका इंडियन बैंक में खाता है। बताया कि उसके खाते से साइबर कैफे संचालक ने 52 हजार रुपये की खरीददारी कर ली है। जब वह बैंक रुपये निकालने गया तो उसे जानकारी हुई। पीड़ित ने पुलिस ने रुपये वापस दिलाये जाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जरिया थाने के करही गांव निवासी रविंद्र पुत्र उग्रसेन बाइक से अपने साथी धीरेंद्र पुत्र अशोक के साथ किसी काम से जा रहे थे। तभी रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर दोनों बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### रामकिशोर दुवे महामंत्री मीडिया प्रभारी पद पर असदखान गोलू का हुआ चयन

**हमीरपुर।** आज भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का गठन हुआ जिसमे महामंत्री पद पर रामकिशोर दुवे व मीडिया प्रभारी पद पर गोलू को चयन किया गया। मीडिया प्रभारी असद खान गोलू ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अवधेश चंद्र गुप्ता,नगर अध्यक्ष पद पर विवेक गुप्ता,नगर महामंत्री पद पर अमित गुप्ता,कोषाध्यक्ष पद पर रामजी गुप्ता,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बल्लू दीक्षित,उपाध्यक्ष रमाकांत तिवारी, संगठनमंत्री पद पर धर्मेंद दीक्षित,नगर मंत्री शरदगुप्ता,सरंक्षक पद पर रमेश गुप्ता को चुना गया है।युवा कार्यकारिणी में अभिषेक गुप्ता,महामंत्री विकास ओमर,कोषाध्यक्ष में तरुण ओमर,उपाध्यक्ष में बालजी पांडेय,संगठन मंत्री में जनक बर्मा,मंत्री में सौरभ नामदेव,संरक्षक में रामबाबू गुप्ता को चुना गया है।इस मौके पर भारी मात्रा में व्यापारियो ने भाग लिया।

# राजस्व मुकदमों पर रहेगा फोकस न्याय देने में नहीं होगी कोताही

संवाददाता। माधौगढ़ (जालौन)



राजेश सिंह

**दो दिन** पूर्व तहसील का चार्ज लेने वाले नवागंतुक उपजिलाधिकारी राजेश सिंह ने राजस्व मुकदमों पर खास फोकस करते हुए कहा की छोटे-छोटे मुकदमों की वजह से वादकारी का हित प्रभावित होता है। जिसकी वजह से ऐसे मामलों का तत्काल निस्तारण किया जाएगा। ताकि बार-बार दूर दराज से मुकदमों की तारीखों पर लोगों को ना पड़े। इसके साथ ही उनकी चौखट पर आए फरियादियों को निराश होकर ना जाना पड़े। इसके लिए वह एक बार में ही समस्या का निस्तारण करने का प्रयास करेंगे।

मूलत: चंदौली के रहने वाले उप जिलाधिकारी राजेश सिंह 16-17 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। जो नायब तहसीलदार, तहसीलदार और अब प्रमोशन के बाद उप जिलाधिकारी का पद संभाल रहे हैं। सिद्धार्थ नगर, बस्ती जिलों में रहने के बाद माधौगढ़ तहसील में चार्ज मिला है। हालांकि अनुभव उनके काम से झलक रहा था। फरियादियों की शिकायतों पर औपचारिकता नहीं बल्कि निस्तारण की ललक स्पष्ट दिख रही थी। सभी प्रार्थना पत्रों को बाकायदा रजिस्टर में मेंटेन किया जा रहा था ताकि जिस विभाग के लिए वह प्रार्थना पत्र भेजे गए हैं। उन पर निश्चित समय में निस्तारण हुआ कि नहीं हुआ, इसका पता लगाया जा सके। इसके अलावा उन्होंने राजस्व के मुकदमों को जल्द से जल्द निपटाने के लिए भी प्रयास शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा एक तरफा मुकद्दमों का जल्द निस्तारण हो,इसके लिए प्रतिदिन सम्भव हो सका तो कोर्ट करेंगें। सरकार की योजनाओं की मॉनिटरिंग कर पात्र को लाभ मिले। यह उनकी प्राथमिकता होगी। खाद की किल्लत पर भी सोसायटी को निर्देश दिए हैं कि पहले उनमें जुड़े गांवों के किसानों को खाद दें,उसके बाद अन्य जगह के किसानों को उपलब्ध कराएं।

## पंचायत राज विभाग ने कोरोना योद्धाओं का किया सम्मानित

**कुसमिलिया ( जालौन )।** डकोर के विकास खण्ड परिषद में पंचायती राज विभाग ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ का बुधबार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कोरोना काल में ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने वाले सफाई कर्मियों का कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान किया गया।

मण्डल अध्यक्ष किसान मोर्चा पुष्पेंद्र राजपूत करमेर और जिला उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, राणा सिंह बजीदा, वरुण सिंह, सुशेन्द्र राजपूत, अमित राजपूत के नेतृत्व मे आयोजित इस आयोजन में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत और समस्त विकास अधिकारी पंचायत द्वारा संयुक्त रूप से 150 सफाई कर्मचारियों को कोरोना योद्धा के रूप में सम्मानित किया गया।

## बच्चों को प्रेरित करने के लिये अध्यापकों ने दी अपनी राय



प्रशिक्षण उपरांत विचार साझा करते शिक्षक

**माधौगढ़ ( जालौन )।** बीआरसी रामपुरा के अन्तर्गत अध्यापकों ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिये अपनी राय दी बीहणांचल में शिक्षा का स्तर किस प्रकार नीचे जा रहा है इस पर अध्यापकों ने बताया कि इसका अहम कारण कहीं ना कही संसाधनों का भी अभाव होना पाया जाता है कोरोना काल के दौरान भी शिक्षा का क्षेत्र शून्य पड़ गया सरकार ने इस पर प्रयासरत होते हुए ऑनलाइन शिक्षा मुहायै करायी ताकि शिक्षा पर गहरा प्रभाव ना पड़े लेकिन बीहड़ क्षेत्र में इंटरनेट सुविधाओं के अतरिक्त गरीब परिवार के होने के कारण बच्चों के पास एन्डरॉइड फोन उपलब्ध ना हो सके जिससे उनकी शिक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ गया तो वही अध्यापकों ने यह भी चस्पा किया कि बच्चों को अच्छा माहौल तैयार करने के लिये खेलकूंद से लेकर बहतर माहौल की आवश्यकता है व एक अच्छा अध्यापक ही बच्चों में रुचि ला सकता है बीआरसी रामपुरा में तैनात एबीएसए ज्ञान प्रकाश अवस्थी ने कहा कि बच्चों में बहतर शिक्षा का माहौल तैयार करने के अध्यापकों के साथ बैठक व प्रशिक्षण कराया जाता है। किस प्रकार बच्चों में शिक्षा की रुचि अनुग्रहीत होने के साथ ही साथ एक बहतर महौल में बच्चे ढल सकें तो वहीं यदि देखा जाये तो आने वाले भविष्य को बच्चों में ही तरासा जाता है इस अवसर पर सुशील श्रीवास्तव, अवधेश मिश्रा, सुनीलदत्त चौधरी, शायरा बानो, प्रशांत त्रिपाठी, नरपाल सिंह, नागेंद्र विक्रम, विवेक कुमार, गंगा प्रसाद, गुड्डू पाल, मंगल सिंह, पुष्कर सोनी अन्नतपाल, उदय निरंजन अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

# अधिक कीमत पर उर्वरक बिक्री करने पर तीन दुकानों के लाइसेंस निरस्त, तीन को दी गई चेतावनी

संवाददाता। हमीरपुर

**जिले में** प्राइवेट उर्वरक की दुकानों में अधिक रेट पर खाद बिक्री करने पर जिला कृषि अधिकारी ने तीन दुकानों का लाइसेंस निरस्त कर तीन दुकानदारों को चेतावनी जारी की है।

बुवाई के समय कृषकों को गुणवत्तायुक्त रासायनिक उर्वरक निर्धारित दरों पर उपलब्ध कराने हेतु कृषि विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों को नामित करते हुये निजी सहकारी विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सपन अभियान चलाकर समीक्षा की जा रही है। विकासखण्ड कुरारा में नामित कर्मचारी द्वारा अवगत कराया गया है कि शान्ति ट्रेडर्स, सान्या ट्रेडर्स के यहाँ खाद उपलब्ध नहीं है तथा बालाजी ट्रेडर्स एग्रो एजेन्सी एण्ड मशीनरी स्टोर, हमीरदेव फार्मर प्रोड्यूसर क पनी की दुकान मौके पर बन्द पायी गयी जिस हेतु उक्त सभी को चेतावनी नोटिस जारी किया गया। मे. अम्बे खाद भण्डार मौदहा मे. अजय ट्रेडर्स पत्यौरा तथा मे.- राहुल खाद भण्डार राठ का अधिक दरों पर उर्वरक विक्रय करने के कारण लाइसेंस निलंबित किया गया। विकासखण्ड राठ में नामित कर्मचारी जनक राजपूत के द्वारा अवगत कराया गया कि सहकारी समिति सरीला की दुकान बन्द पायी गयी जिस हेतु सहकारी समिति सरीला एवं मेठ-गुप्ता नर्स को चेतावनी नोटिस जारी किया गया। इसके साथ ही विकासखण्ड राठ में मे. एग्री जंक्शन वन स्टाप शाप राठ को दुकान बन्द होने के कारण चेतावनी नोटिस जारी किया गया। जनपद में निजी विकताओं तथा सहकारी समितियों में पर्याप्त उपलब्धता हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता हेतु निरंतर सघन समीक्षा की जा रही है। जनपद में उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है।

# उरई पालिका में टेण्डर मेजरमेंट खेला के विरोध में सभासद बैठ गए अनिश्चितकालीन धरने पर

## ● टेण्डर प्रक्रिया निरस्त होने तक चलता रहेगा धरना

संवाददाता। उरई (जालौन)



पालिका कार्यालय में धरने पर बैठे सभासद

**उरई नगर** पालिका परिषद में टेण्डर मेजरमेंट खेला के विरोध में अब पालिका के सभासद विगत तीन दिनों से पालिका कार्यालय में ही सभासद अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गये हैं। आंदोलनकारी सभासदों का कहना है कि जब तक अनैतिक तरीके से टेण्डर प्रक्रिया निरस्त नहीं होती उनका आंदोलन जारी रहेगा।

पालिका परिषद उरई कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सभासद संतोष कुमार शनि चौहान, सभासद मानवेंद्र पाल, सभासद मान सिंह, अतीक सर साहित्याचार, सोनू तिवारी, रफीक सभासद आदि ने बताया कि पालिका परिषद उरई द्वारा निरंतर प्रदेश शासन द्वारा बनाये गये टेण्डरों के नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। 11 अक्टूबर को भी शासन द्वारा निर्देश उपरांत प्रकाशित टेण्डरों में कम से कम एक सप्ताह की अल्पकालीन निविदा एवं 21 दिन की सामान्य निविदा निकालना सुनिश्चत की गयी तथा जैसे किसी वीआईपी के आगमन पर विषम परिस्थितियों के अलावा एवं बोर्ड की स्वीकृति उपरांत कराये जाने का प्रबंधन होता है। लेकिन यहां टेण्डर मेजरमेंट के खेल के तहत न किसी बड़े समाचार पत्र न ही स्थानीय समाचार पत्र में दिया गया। सबसे बड़े आश्चर्य का विषय दो दिन अति अल्पकालीन निविदा निकाला जाना जो की चोरों की भांति पूरी तरीके से शासनादेशों का उल्लंघन ही नहीं बल्कि उसकी धज्जियां उड़ाया जाना प्रतीत होता है। ऐसे सभी टेण्डरों को निरस्त होने तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आंदोलनकारी सभासदों ने बताया कि उन्होंने उक्त प्रकरण के बारे में नगर विकास मंत्री, नगर विकास प्रमुख सचिव, मंडलायुक्त झांसी व जिलाधिकारी जालौन को भी शिकायत की प्रति भेजी है ताकि सारे प्रकरण का वह संज्ञान लेकर शासनादेश के अनुसार टेण्डर प्रक्रिया पर अमल सुश्चित किया जा सके।

### सभासदों के आंदोलन को मिला नगरवासियों व राजनैतिक समर्थन

**उरई।** उरई नगर पालिका परिषद की अनैतिक क्रियाकलापों के विरुद्ध मोर्चा खुलने की जानकारी मिलते ही सपा के युवा नेता आशीष चतुर्वेदी धरना स्थल पर पहुंचे और वहां पर उन्होंने सारे प्रकरण के बारे में धरने पर बैठे सभासद संतोष चौहान उर्फसनी सभासद से पूरी जानकारी लेते हुये स्पष्ट किया कि कोई भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी इस तरह से नियमों को ताक पर रखकर टेण्डर प्रक्रिया पर अमल नहीं कर सकता। नगर के विकास हेतु वह सभासदों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेंगे। इसीक्रम में अनेकों नगरवासियों ने भी सभासदों के आंदोलन को समर्थन देने का ऐलान करते हुये कहा कि आने वाले दिनों वह भी जनहित के आंदोलन में हिस्सेदारी कर उसे अंजाम तक पहुंचाने में सहभागी बनेंगे।

# प्रदेश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसरः स्मृति

संवाददाता। रायबरेली




**भारत सरकार** की महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने सलोन रघुपुर में बटोही में भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा ग्राहक संपर्क पहल ग्राहक आउटरीच पहल शिविर कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच ग्राहकों से सम्पर्क कर उन्हें घर बैठे बैकिंग सुविधाओं सरकार की वित्त सम्बन्धी योजनाओं से लाभान्वित करना है कार्यक्रम में बैंकों द्वारा 8892 लाभार्थियों को 319 करोड़ की वित्तीय सहायता भी दी गई। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास व सबका प्रयास के मूल मंत्रों पर चलकर देश, प्रदेश व समाज के चहुँमुखी विकास व सुख समृद्धि में वृद्धि की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बैंकों की पहल के चलते ही ग्राहकों की दीवाली पहले से ही दिवाली हो गई है। आज लोगों में आत्मविश्वास है और यह विभिन्न योजनाओं में परिलक्षित हो रहा है। कार्यक्रम में 500 लाभार्थियों द्वारा भाग लिया गया तथा चुनिंदा हितग्राहियों को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा हितग्राहियों को ऋण भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी व जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव सहित बैंक के अधिकारियों द्वारा ऋण आवेदन करने वाले ऋण आवेदकों को ऋण राशि के चेक वितरित किये गये। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों, गरीबों को बैंक से जोड़कर उन्हें बैंक की योजनाओं से लाभान्वित कर उनके सुख स्मृद्धि में वृद्धि लाना है तथा उनके आय को दोगुनी करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व उनकी सरकार व प्रदेश सरकार आदि की मंशा के अनुरूप कार्य को क्रियान्वयन भी करना है।

इससे पूर्व भारत सरकार की मंत्री स्मृति ईरानी ने सभी बैंकों के साथ भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के स्टाल के साथ-साथ कोविड वैक्सिनेशन, आधार रजिस्ट्रेशन और मोबाइल एटीएम समेत 42 स्टाल लगाये गये जिसका केन्द्रीय मंत्री व जिलाधिकारी द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया स्टालों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, कृषि ऋण, शिक्षा ऋण, स्वय सहायता समूह के स्टालों को देखा तथा आधार पंजीकरण व वोटर आईडी को जोडने पर बल दिया। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजनाओं की जानकारी दी तथा इसके क्लेम को सही समय तक गरीबों को पहुचाएं। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यकारी निदेशक अजय के खुराना, बैंकर्स समिति के समन्वयक और बैंक आफ बड़ौदा के महाप्रबन्धक बृजेश कुमार सिंह, चेयरमैन देवेन्द्पाल ग्रोवर, उप अंचल प्रमुख ए0के0 सिंह, पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, क्षेत्रीय प्रमुख आनन्द कुमार सहित कई बैंकों के वरिष्ठ कार्यपालकों ने आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग लिया।

जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व बैंकर्स द्वारा कहा गया कि बैंक देश की प्रगति के संवाहक है अतः बैंक सरकार की लाभ परक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर में बैंक व्यक्तियो तक पहुचाए। जिलाधिकारी व बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक अजय के खुराना ने आयोजित कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा ग्राहकों को वित्त सहायता देने के लिए कठपुतली तथा जादू के माध्यम से भी जानकारी दी गई।

# स्मैक पकड़ा और जुआरी भी गिरफ्तार

● चोरी की मोटरसाइकिल को बछरावां पुलिस ने दो दिन में किया बरामद

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**बछरावां थाने** के तेजतर्रार थाना प्रभारी की नजर हमेशा अपराधियों पर नकेल कसने में लगी रहती है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए स्वयं क्षेत्र का भ्रमण करते रहते हैं। इसी के मद्देनजर अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत बछरावां थाना पुलिस टीम संदिग्ध चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना पीजीआई जनपद लखनऊ में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 553/2021 धारा 379 से संबंधित चोरी की मोटरसाइकिल बजाज सिटी 100 वाहन संख्या यूपी 32 जीपी 1049 के साथ अभियुक्त सचिन पुत्र भगवान सिंह निवासी विनायकपुर बछरावां को चुरूवा बॉर्डर से नियमानुसार गिरफ्तार किया। वहीं इसके साथ ही साथ 6 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर रोहित कुमार पुत्र संतोष कुमार पासी निवासी बाछूपुर को क्षेत्र के नीमटीकर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। वहीं बीते दिवस पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए छोटू उर्फ संजू पुत्र रामसेवक निवासी अमावां वीरेंद्र पुत्र राम सजीवन निवासी अमावा को 1140 रुपए जामा तलाशी मे अमावा के निकट नहर पुलिया के पास से नियमानुसार अलग-अलग स्थानों से तीनों अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सभी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वालों में अलग-अलग बछरावां पुलिस के तेजतर्रार पुलिसकर्मी रहे। फिलहाल तेजतर्रार प्रभारी निरीक्षक की कार्यशैली से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है।

# अमृत-महोत्सव क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न



संवाददाता। डीह, रायबरेली

**आजादी की** 75 वीं वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में पूरे देश में अमृत-महोत्सव मनाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।इसी क्रम में राजकीय बालिका इण्टर मीडिएट कालेज डीह, रायबरेली में अमृत क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया।इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्रीमती दयावती अग्रहरि, ब्लॉक प्रधान संघ के अध्यक्ष फूलचन्द्र अग्रहरि, व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रहरि, विनोद अग्रहरि आदि विशिष्ट लोगों ने खिलाड़ियों का उत्साह-वर्द्धन किया ग्राम प्रधान ने एक हजार रुपये नकद धनराशि से विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। ज्योति, निधि, सुलेखा, प्रिया साहू, कुमकुम, पूनम, मन्जू, अलफिया, शिवानी, अलका यादव, मीनाक्षी आदि विजयी छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। छात्राओं के बहुमुखी विकास के लिये सतत् प्रयत्नशील कर्मनिष्ठ शिक्षिकायें उमा कुमारी, दीप्ति जायसवाल, पूजा मौर्या, कन्हैया, अर्चना सिंह, प्रतिभा मौर्या तथा सुरेश, कन्हैया, सिकन्दर, रामबहादुर आदि भी मौजूद रहे।

# छात्रों को दिलाई गई सतर्कता की प्रतिज्ञा

संवाददाता। रायबरेली




**सतर्कता जागरूकता** सप्ताह 26 अक्टूबर से 01 नव बर 2021 के अवसर पर बुधवार को केंद्रीय विद्यालय आरेडिका के प्रांगण में प्रधानाचार्य द्वारा सभी विद्यार्थियों को सतर्कता प्रतिज्ञा दिलाई गयी तथा स्वतंत्र भारत /75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता के विषय पर वाद.विवादए निबंध लेखन एवं कार्टून.पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाए जिसमें केंद्रीय विद्यालय आरेडिका के विद्यार्थियों ने बढ.चढ़ कर हिस्सा लिया ।

शाम 16:00 बजे आरेडिका के अधिकारियोंए कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों के लिए संगठन की नीतियों प्रक्रियाओं निवारक सतर्कता उपायों एवं कार्य निविदा सेवा निविदा के विषय पर वेब.आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी के आयोजक एवं मुख्य वक्ता श्री रामवृक्ष यादव प्रधान मुख्य अभियंता एवं श्री एस के रावत मुख्य कार्यषाला अभियंता फर्निषिंग ने कार्य निविदा एवं सेवा निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी ।

वेब के माध्यम से जुड़े अधिकारियों कर्मचारियों ने इसमें बढ़.चढ़ कर हिस्सा लिया एवं जानकारी हासिल की । इस अवसर पर आरेडिका रायबरेली के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री मनोज कुमार अग्रवाल ने सतर्कता विषय की महत्ता के बारे में बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से अधिकारियों कर्मचारियों में सही एवं विधि सम्मत कार्य करने के प्रति जागरूता बढ़ती है ।

## क्विक न्यूज

### बुजुर्ग महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

**ऊंचाहार,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के कन्दरांवा गांव निवासी बुजुर्ग महिला ने गांव के ही व्यक्ति पर गाली गलौज करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में लिखित तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी बुजुर्ग महिला ज्ञानवती का आरोप है कि बुधवार की सुबह वो खेत घूमने गयी थी तभी गांव का ही युवक आ गया और उसने गाली गलौज करते हुए मारपीट की है।और उसके बाद पास में मौजूद तालाब में डुबाने की भी कोशिश की है।लोगों के बीच बचाव के बाद युवक धमकी देकर मौके से फरार हो गया। कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### खालाजी का घर बना पावर हाउस मनमानी पर उतारू जिम्मेदार अधिकारी

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां का पावर हाउस खाला जी का घर बना हुआ है जब मन हो तब ड्यूटी पर आओ जब मन हो तब ड्यूटी से चले जाओ। मामला पावर हाउस के ही जिम्मेदार जेई सैनी महोदय का है यह अपने कानून स्वयं के चला रहे हैं। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12. 00 बजे के लगभग इनका पावर हाउस में आगमन होता है व लगभग 5रू00 बजे प्रस्थान हो जाता है। क्या इनके आवागमन का यही समय है कैसे विद्युत संबंधी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से क्षेत्र में संचालित हो पाएंगी व आम जनमानस की समस्याओं को कौन निपटारा करेगा। जब जेई महोदय ही नियमों का पालन नहीं करेंगे तो उनके मातहत कर्मचारियों से कैसे उम्मीद की जा सकती है। इस संबंध में संवाददाता ने जब एक्स ई एन महोदय से बात की तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में आया है मैं इसकी जांच करके कार्यवाही सुनिश्चित कराता हूं।

### मारपीट में दो दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज,रायबरेली।**दो पक्षों के मध्य हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने लगभग 25 लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।कस्बे के पानदरीबा मुहल्ला निवासी विजय वाजपेई पुत्र स्व.श्रवण कुमार वाजपेई का कहना है कि 26 अक्टूबर की रात लगभग 8 बजे उसका भतीजा हर्षित वाजपेई अपने साथी कपिल सिंह निवासी कोरिहरा के साथ घर के सामने खड़े बात कर रहा था। तभी वहां पर चिकमंडी मोहल्ला निवासी तौफीक कार से आया और गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि तौसीफने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया और उनके साथ मिलकर हर्षित व कपिल की पिटाई शुरू कर दी। जब भाग कर हर्षित अपने घर में घुसा तो प्रतिवादी घर में घुस आए और धमकी दी। मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाल इंद्रपाल सिंह भारी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां से प्रतिवादी भाग निकले।मामले की शिकायत पर तौफीक,उसके भाई, जमील व पप्पू समेत 25 अज्ञात लोगों के विरूद्ध बलवा, घर में घुसकर मारपीट,लूट आदि की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पेड़ कटान का मामला दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** प्रतिबंधित हरे पेंड़ों की कटान कराने में जुटे दो लोगों के विरूद्ध पुलिस ने मामला दर्ज किया है।वन दरोगा नीरज शर्मा ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि पूरेबंधन सिंह मजरे मीठापुर गांव में प्रतिबंधित पेंड़ो की कटान जारी थी।शिकायत पर वह मौके पर पहुंचे तो सागौन के आठ बोटा बरामद हुए। पेंड़ कटान कराने में जुटे अशोक पुत्र ओंकार व शैलेंद्र पुत्र रामपाल निवासी पूरे शेरबहादुर मजरे दीपेमऊ के विरूद्ध सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

### भैंस रस्सी से फंस कर वृद्धा की मौत

**तिलोई अमेठी ।** थानाक्षेत्र शिवरतन गंज के पूरे शुक्लन महिया सिंदुरिया निवासिनी एक सत्तर वर्षीय महिला बुधवार की सुबह भैंस बांधने गई महिला भैंस की रस्सी में फंस गई और अचानक भैंस भड़क कर भागने लगी रस्सी की चपेट में वृद्धा बुरी तरह घायल हो गई।और उसे सी एच सी सिंहपुर ले जाया गया जहां गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। रामकली पत्नी रामसेवक उम्र 70वर्ष की मृत्यु के चलते परिवार में मातम छा गया है।

### दंगल में पहलवानों ने की जोर आजमाइश

**तिलोई अमेठी ।** हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक इन्हौना दशहरा मेला के दूसरे दिन दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें दूर दूर से आये पहलवानों ने जोर आजमाइश की । दंगल प्रतियोगिता में बीस पहलवानों ने अपना करतब दिखाया जिसमे पहली कुश्ती अंशुल और रियाज के बीच हुई जिसमें निर्णायक मंडल ने रियाज को विजयी घोषित किया।दूसरी कुश्ती पहलवान मोनू और संजय के बीच हुई जिसमें संजय ने अपना परचम लहराते हुए मोनू को शिकस्त दी।सभी विजयी पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर चौधरी वहाज अख्तर तनवीर अहमद बब्बन त्रिपाठी अशोक सैनी राम प्रसाद गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### अतुल मिश्रा व जितेन्द्र मोहन त्रिपाठी ने टीजीटी परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम किया रोशन

**लालगंज रायबरेली।** श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज ऐहार के दो तदर्थ अध्यापकों का चयन टीजीटी 2021 में हुआ है।अतुल कुमार मिश्र का चयन अंग्रेजी विषय में एवं जितेन्द्र मोहन त्रिपाठी का चयन जीव विज्ञान विषय मे हुआ है।दोनों अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के अंतर्गत आते हैं।दोनों लोगों का चयन सामान्य अभ्यर्थी के रूप में हुआ है।सामान्य अभ्यर्थियों की मेरिट मे अतुल कुमार का पूरे प्रदेश में 67 वां स्थान अंग्रेजी में व जितेंद्र मोहन त्रिपाठी का 55 वा स्थान जीव विज्ञान में आया है,जोकि बैसवारा लालगंज क्षेत्र के लिये गौरव का विषय है।दोनों अध्यापकों ने समाज के उन लोगों को दिखा दिया है कि शिक्षक के लिए कोई भी कार्य किसी भी उम्र में असंभव नहीं है।इन कठिन परिस्थितियों मे जिन बच्चों को उन्होंने स्वयं पढ़ाया।उन्हीं बच्चों के साथ बैठकर परीक्षा दिया और चयनित होकर अपने गांव परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है।इस खुशी के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अनुज अवस्थी,अनूप पांडे,विजय बाजपेई,इंद्र कुमार,जितेन्द्र मिश्र,रामकृष्ण बाजपेई,संदीप बाजपेई,शैलेंद्र दीक्षित,भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दिलीप द्विवेदी,शिक्षक नेता राकेश मिश्रा एवं प्रधानाचार्य सुरेश मिश्र सहित कांग्रेसी नेता नवल किसोर अवस्थी ने दोनों लोगों को बधाई दिया।

### उद्योग बन्धु की बैठक संपन्न

**श्रावस्ती।** मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धुध्औद्योगिक.व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिसमें विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। मु यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में 11 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम में 11 तथा ओ0डी0ओ0पी0 में 06 आवेदन पत्रों पर ऋण स्वीकृत प्रदान की गयी है। बैठक में मु य विकास अधिकारी ने स्वीकृत ऋण आवेदन पत्रों पर तीव्र गति से ऋण वितरण कराने हेतु उपायुक्त उद्योग अग्रणी जिला प्रबन्धक इण्डियन बैक भिनगा को निर्देश दिये है। भिनगा से इकौना रोडवेज की बसों के नियमित संचालन कराने की मांग की गयी। जिस पर अध्यक्ष द्वारा सबन्धित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट परीक्षित खटाना उपायुक्त उद्योग जे0एन0 यादव सहायक आयुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर अग्रणी जिला प्रबन्धक जे0एन0 श्रीवास्तव जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर आलमगीर अरबिन्द गुप्ता एवं दीनानाथ गुप्ता उपस्थित रहे।

# अपनी ही सरकार में धरने पर बैठे भाजपाई

● प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाला सपा नेता दो घंटे में हो गया गिरफ्तार

संवाददाता। महराजगंज रायबरेली




**बदहाल इन्हौना** मार्ग को लेकर चल रहे धरने में बीती 21 तारीख को देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र अमर्यादित व असंसदीय भाषाओं का प्रयोग करने वाले सपा नेता के खिलाफ बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी महाराजगंज कोतवाली के सामने धरने पर बैठ गए और सपा नेता की गिरफ्तारी की मांग करने लगे महराजगंज कोतवाल के काफी मान मनौवल के बाद भी भाजपाइयों ने धरना प्रदर्शन स्थगित नहीं किया तो हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने 2 घंटे के अंदर ही सपा नेता को गिरफ्तार कर लिया बताते चलें कि महराजगंज इन्हौना मार्ग की बदहाली पर लगभग 1 हफ्ते से धरना प्रदर्शन चल रहा है, बिती 21 तारीख को शिवरतन गंज थाना क्षेत्र के रहने वाले सपा नेता महताब खान भी धरना स्थल पर पहुंचे थे और अपने संबोधन में देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रति अमर्यादित असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया था जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है, जिसको लेकर भाजपाइयों में आक्रोश था और विगत 24 तारीख को क्षेत्र के ही अनुराग सिंह उर्फ सनी सिंह द्वारा कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर मुकदमा भी दर्ज कराया गया था परंतु सपा नेता की गिरफ्तारी ना होने से भाजपाइयों में आक्रोश था और आज बुधवार के दिन भाजपा नेता संतोष पांडे पवन साहू भोलू सिंह पंकज सिंह राहुल वर्मा समेत दर्जनों भाजपाइयों ने थाने के बाहर धरने पर बैठ गए कोतवाल महराजगंज के द्वारा यह समझाते हुए कि जल्द से जल्द महताब खान की गिरफ्तारी कर ली जाएगी इसके बावजूद भाजपा नेता मानने को तैयार नहीं हुए तो हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने संबंधित सपा नेता महताब खान को 2 घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया मामले में कोतवाली प्रभारी नारायण कुशवाहा ने बताया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने के संबंध में वायरल हुए वीडियो की पुष्टि होने के पश्चात सपा नेता महताब खान को मऊ नहर पुलिस चौकी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं क्षेत्राधिकारी राम किशोर सिंह ने बताया की सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए एक वीडियो वायरल हुआ था वायरल वीडियो के संबंध में जांच पड़ताल किया गया वायरल विडियो में अमर्यादित टिप्पणी करने वाले महताब खान गांव निवासी अकबरपुर फर्शी थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार कर लिया गया है, उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को हुई आजीवन कारावास की सजा

**श्रावस्ती।** भिनगा . नाबालिग बालिका को बहला फुसला कर भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश ;रेप एलांग विथ पोस्कोद्धपरमेश्वर प्रसाद ने आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है व 65 हज़ार रुपये का अर्थदंड भी दिया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि भिनगा निवाशिनी एक नाबालिग छात्रा जो 21 दिस बर 2019 को अलक्षेंद्र इंटर कॉलेज भिंगा जा रही थी काफी देर बीत जाने के बाद जब वह घर वापस नही लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की लेकिन उसका कुछ पता नही चल सका।इस मामले में 27 जनवरी 2020 को पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर पर भिनगा कोतवाली में भिनगा नगर के मोहल्ला रजानगर निवासी लतीफ पुत्र समीउल्लाह के विरुद्ध अपहरण व दुष्कर्म समेत विभिन्न धाराओं में अपराध पंजिकृत हुआ था। आरोपी उसे बहला.फुसलाकर शादी करने के लिए मुंबई लेकर चला गया था।बाद में पीड़िता मुंबई से वापस आई तो पीड़िता ने बताया कि लतीफने उसके साथ मुंबई में निकाह कर लिया था। वह लतीफके बच्चे की मां भी बनने वाली है। उसके बयान के आधार पर उसका मेडिकल परीक्षण हुआ। डॉक्टरी रिपोर्ट में पीड़िता 2 माह की गर्भवती पाई गई। मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट परमेश्वर प्रसाद ने किया। न्यायालय ने लतीफको उक्त अपराध में दोषी पाया। जिसपर उनके द्वारा आरोपी को आजीवन कारावास के साथ 65 हज़ार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार को भी पीड़िता के पुनर्वास के लिए 2 लाख प्रति कर के रूप में अदा करने का आदेश न्यायालय ने दिया है।

# आय प्रमाणपत्र बनवाने में लेखपाल मांग रहा है घूस एसडीएम से की शिकायत

संवाददाता। शुकुल बाजार अमेठी

● लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने के लिए रूपए की मांग की पैसे नहीं देने पर गलत रिपोर्ट लगा दी

लेखपालों के खिलाफ तहसील में शिकायतें अब आम हो चली है। सिधौली निवासी रितु ने उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कर शिकायत किया है कि आवेदक ने आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए एक आवेदन किया था जिसे स्थानीय लेखपाल मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र के सिधौली गांव में कार्यरत लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने के नाम पर रूपयों की मांग करने का आरोप लगाया है जब आवेदक ने पैसे देने से मना कर दिया तो आवेदक के आय प्रमाण पत्र को निरस्त करते हुए पे स्लिप लगाने की बात कर दी जबकि आवेदका के घर न तो कोई नौकरी करता है न ही कोई पेंशनर है। वहीं आवेदिका रीतू कच्चे घर में ही निवास करती है।वहीं एक्कातजपुर गांव में कार्यरत लेखपाल ने एक अनाथ बच्चा विजय कुमार जो दलित समाज से आता है उसके आय प्रमाण पत्र में अधिक रिपोर्ट लगा दी है। आपको बता दें कि विजय कुमार जो अत्यंत निर्धन एवं अंत्योदय कार्ड धारक है जिसके ऊपर से पिता का साया उठ गया है जिसकी विधवा मां मजदूरी करती है तो विजय कुमार अपनी पढ़ाई किसी तरह कर पा रहा है । लेखपाल ने रिपोर्ट लगाने के लिए रूपए की मांग की पैसे नहीं देने पर अधिक रिपोर्ट लगा दी है। इस पर लेखपाल से एक्कातजपुर दारा नगर उरेरमउ़ऊ के प्रधान व ग्रामीण आजिज आ चुके हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने पत्र भेज कर उपजिलाधिकारी से की है। अब देखना की ऐसे भ्रष्ट लेखपाल पर कब कार्रवाई होती है।

# 28 से पालिकाओं में आयोजित होगा दीपावली मेला

संवाददाता। अमेठी

● मेले में फूड स्टॉल मनोरंजन के झूले सहित होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

● विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लगाए जाएंगे स्टाल मेले में रेहड़ी, पटरी विक्रेता भी लगाएंगे अपनी दुकान



**दीपावली के** पर्व के अवसर पर इस वर्ष शासन द्वारा 28 अक्टूबर से 03 नवंबर तक नगर पालिकाओं एवं नगर निगमों में दीपावली मेला आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है जिसके क्रम में जनपद अमेठी की नगर पालिका गौरीगंज में जवाहर नवोदय विद्यालय तथा जायस में मलिक मोहम्मद जायसी शोध संस्थान में दीपावली मेला आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर आज अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुधीर रुंगटा ने मीडिया के साथ वार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेले में रेहड़ी पटरी दुकानदारों को अपनी दुकान लगाने हेतु उचित स्थानए फूड स्टाल मनोरंजन के झूले सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु मंच एवं दर्शकों हेतु पर्याप्त स्थान की सुविधा पार्किंग आदि विभिन्न व्यवस्थाएं रहेंगी। उन्होंने कहा कि दीपावली मेले में अधिकाधिक संख्या में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत पंजीकृत ऋणग्राहीए स्ट्रीट वेंडर को सामग्री विक्रय करने हेतु समुचित रूप से स्थान उपलब्ध कराने के साथ ही पटरी दुकानदारों हेतु समुचित विक्रय स्थल तथा फूड स्टॉल एवं बच्चों के लिए सुरक्षित प्रकार के झूले आदि के मनोरंजनात्मक स्टाल लगाए जाएंगे मेले में एक सांस्कृतिक मंच भी बनाया जाएगा जहां ना केवल विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों बल्कि अन्य प्रकार के आकर्षक कार्यक्रम जैसे कि मैजिक.शो नुक्कड़ नाटक कठपुतली स्थानीय लोक गायनए स्थानीय कौशल एवं कला का प्रदर्शन आदि कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगेए इसके साथ ही प्रदेश सरकार के साढ़े 4 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में की गई प्रगति एवं उपलब्धि को भी प्रस्तुत किया जाएगाए मेले को आकर्षक बनाए जाने के दृष्टिगत स्वच्छता सेल्फी सेल्फी विद ग्रेट लीडर्स तथा विभिन्न प्रकार के पोस्टर स्लोगन आदि की प्रतियोगिता को आयोजित कराया जाए जिससे अधिकाधिक संख्या में उपरोक्त स्थल पर जनमानस की प्रतिभागिता सुनिश्चित हो सकेए मेले में आने वाले जनमानस से पथ विक्रेताओं के स्टाल से सामग्री क्रय किए जाने हेतु प्रोत्साहित किए जाने के पोस्टर व अन्य विभिन्न संवाद कार्यक्रमों का भी प्रयोग किया जाएगा मेले को आकर्षक बनाने के लिए सांस्कृतिक दिवसों में परंपरागत कला के साथ.साथ आधुनिक तकनीकी आधारित मंचीय कला के प्रदर्शन जैसे की लेजर.शो आदि भी आयोजित कराए जाएगा इसके साथ ही प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों के एक डेडीकेटेड पंजीकरण डेस्क भी लगाई जाएगा एवं बैंकों के सहयोग से डिजिटल लेनदेन के विषयगत जानकारी दिए जाने के स्टाल लगाया जाएगी मेले में ओडीओपी एवं एमएसएमई के स्टाल को भी अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। इसके साथ ही मेले में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टाल भी लगाए जाएंगे मेले को कोविड.19 के संबंध में शासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पूर्णतया पालन करते हुए आयोजित कराया जाएगा।

# चीनी मिलें पेराई सत्र के पहले दें गन्ना किसानों को बकाया: योगी

● मुख्यमंत्री ने गोंडा को दी 1132 करोड़ की सौगात

● 282 करोड़ की लागत से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का किया शिलान्यास

संवाददाता। गोंडा







**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को जिले के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज टामसन में जनपद की 1132.35 करोड़ रुपए के लागत की 144 परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त रुपए 282 करोड़ की लागत से महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा देवी बख्श सिंह के नाम से बनने वाला राजकीय मेडिकल कॉलेज गोंडा का शिलान्यास कर जिले को बड़ी सौगात दी गई।

मुख्यमंत्री श्री योगी ने कहा कि गोंडा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त बनने वाले राजकीय मेडिकल कॉलेज से देवीपाटन मंडल के साथ ही पूर्वांचल के बच्चों को भी चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेगी।ऐसे बच्चे जो मेडिकल की तैयारी करना चाहते हैं उनका भी भविष्य सवरेंगा और चिकित्सक बन पाएंगे। इस मेडिकल कॉलेज में आगामी वर्ष 2022-2023 से प्रवेश शुरू हो जायेंगा। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर क्षेत्र के लिए उपयोगी रोजगार परक योजनाएं व विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 के पहले जहां गरीबों को राशन सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाती थी, उन्हें आज पूरी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। साढ़े चार वर्ष पहले जो योजनाएं बंदरबांट का शिकार हो जाती थी, आज उसका लाभ आम जनता को मिलने लगा है। आगे कहा कि प्रदेश में कोरोना महामारी आज लगभग नियंत्रण में है। जिससे आगामी दीपावली व अन्य त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनेगा। किसानों के गन्ना मूल्य के भुगतान का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले साढे 4 वर्षों में गन्ना किसानों का 1लाख 45 हजार करोड़ रुपए का भुगतान कराया गया। इसके साथ ही चीनी मिलों के प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि इस बार वे पेराई सत्र के पहले किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रदेश में वर्तमान सरकार से पहले होने वाले दंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि अब दंगा करने वाले को उसका दुष्परिणाम मालूम है, उनकी सात पीढ़ियां तक भरपाई नहीं कर पायेंगी। उन्होंने विभिन्न विकास परक उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा वन टांगिया गांव के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ा गया है।

समारोह में प्रदेश के मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा सुरेश खन्ना, मंत्री समाज कल्याण अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण रमापति शास्त्री, जनपद के प्रभारी मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह व सांसद गोंडा कीर्तिवर्धन सिंह ने संबोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं विकास कार्यक्रमों तथा उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी एवं लाभार्थी परियोजनाओं के लाभों का भी वितरण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत लाभार्थी को 01 लाख 20 हजार रूपए का चेक, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थी को ढाई लाख रुपए का चेक, दो स्वयं सहायता समूह को 2.25 लाख व 75 हजार का चेक, पंचायत सहायक पद पर नियुक्त अंकित वर्मा को नियुक्ति पत्र, कन्या सुमंगला योजना के तहत कुमारी कोमल को चेक, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत स्मृति मिश्रा, अमरदीप मिश्रा तथा कमलदीप मिश्रा को चेक, ओडीओपी योजना के तहत शोभित खेमका को 25 लाख का चेक, राम सुंदर सिंह कृषक को फार्म मशीनरी बैंक के तहत 12 लाख रूपए का चेक, श्रीमती रामदुलारी को श्रम विभाग के तहत मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत चेक, हसन मोहम्मद को श्रम विभाग की योजना कन्या विवाह सहायता योजना के तहत चेक, श्रीमती जमुना देवी को निर्माण कामगार मृत्यु विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना के तहत सवा दो लाख की धनराशि का चेक प्रदान करने के साथ ही कुल 87.78 लाख रुपए का लाभ वितरण किया। इसके अलावा मनरेगा में बेहतरीन कार्य करने पर श्रीमती शाहबानो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलो का निरीक्षण किया तथा श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत श्रमिकों को साइकिल का वितरण किया गया।

इस अवसर पर एमएलसी अवनीश कुमार सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप उर्फ बमबम, विधायक कटरा बावन सिंह, सदर प्रतीक भूषण सिंह, तरबगंज प्रेमनारायण पांडेय, मेहनौन विनय द्विवेदी, गौरा प्रभात वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी, आयुक्त देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव, डीआईजी उपेंद्र अग्रवाल, डीएम मार्कंडेय शाही, एसपी संतोष मिश्रा, सीडीओ शशांक त्रिपाठी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल आदि उपस्थित रहे।

# प्रधान की 'पत्नी' के नाम आवास!

**बस्ती।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को जिम्मेदारों ने मजाक बना रखा है, जिसका मन चाहा उससे 20 से 30 हजार ले लिया और उसके नाम आवास आंवटित कर दिया, यह तक नहीं देखा कि जिसे आवास दे रहे हैं, वह पात्र है भी कि नही? जिम्मेदारों को तो 'लक्ष्मी' से मतलब रहता है। इससे अधिक मजाक इस योजना के साथ और हो ही नहीं सकता। 'लक्ष्मी' की चाह में यह भी नहीं देखा और न सोचा कि वह वर्तमान प्रधान की पत्नी को आवास दें रहें है, प्रधानजी सेक्रेटरी से भी अधिक चालाक निकले उन्होंने आवास का पूरा धन नींव की एक भी ईंट रखे पूरा का पूरा धन हड़प लिया, मनरेगा मजदूरी का भी लगभग दस हजार का भुगतान ले लिया, इतना सब कुछ हो गया, मगर न तो ब्लॉक और मुख्यालय ने इसकी खोजबीन की, खोजबीन 'पायनियर' की टीम ने किया, और जब इसकी जानकारी डीआरडीए के परियोजना निदेशक और योजना के संचालक कमलेश सोनी को बताया तो उन्होंने त्वरित इसके जांच के आदेश दिए, और खुद गांव में जाने की बात कही। यह सच सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत शिवपुर का है। यहां पर प्रधान के आलावा पांच और भी अपात्र हैं, जिन्होंने पूरा पेमेंट ले लिया मगर आवास नहीं बनाया।

सल्टौआ ब्लॉक को माडल बनाने का सपना देखने वालों का तब तक सपना सच नहीं होगा, जब तक योजनाओं में ईमानदारी नहीं दिखाएगें। भले ही सपना देखने वाले चयनित ब्लॉक प्रमुख न हो मगर, उन्हें और भी अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। क्षेत्र के लोगों का कहना है, कि जब तक ब्लॉक से भ्रष्टाचार का खत्मा नहीं होगा, तब तक ब्लॉक माडल तो क्या अंडर फाइव में आना मुस्लिक होगा। वैसे भी इस गांव को वीआईपी गांव माना जा रहा है। अब जरा पहले नवर्निवाचित प्रधान कोदई का सच देख लीजिए। लगभग 20 दिन पहले इनके पत्नी पार्वती को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का पूरा पेमेंट यानि एक लाख 20 हजार हो गया, मनरेगा मजदूरी का भी भुगतान हो गया। अभिलेखों में आवास को पूर्ण होना दिखाया गया, जबकि एक ईंट भी नहीं रखी गई। यही हाल किसलावती पत्नी कमलेश, राजिबुंनिशा पत्नी रमजान अली, नीला सिंह पत्नी हरेंद्र सिंह, अनिता पत्नी गणेश और बिंदु पत्नी सत्येंद्र सिंह का भी रहा। इन कई अपात्र होने के बावजूद पूरा पैसा हजम कर लिया। पूर्व प्रधान उमेश सिंह का कहना है, कि आवास का धन तो सभी ने पूरा ले लिया, लेकिन किसी ने आवास नहीं बनाया। कहते हैं, धन की रिकवरी के साथ लाभार्थी सेक्रेटरी, एडीओ पंचायत एवं रोजगार सेवक के खिलाफ विधिक कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं पीडी कहते हैं, आवास में शासनादेश के तहत सारी जिम्मेदारी सेक्रेटरी और सेक्टर प्रभारी एडीओ की होती है। इस ग्राम पंचायत में लगभग 30 लोगों को सेक्रेटरी की मेहरबानी से आवास आंवटित हुआ, और कागजों में सभी आवास को पूर्ण दिखाया गया। जबकि अनेक लाभार्थी ऐसे हैं, जो अपात्र हैं, और जो कोठियों के मालिक हैं, वहीं कई ऐसे पात्र हैं, जो सालों से झोपड़ी में रहकर अपनी बहु बेटियों की इज्जत बचा रहे हैं, मगर इन्हें आवास नहीं मिला, क्यों कि इनके पास 20 से 30 हजार देने को नहीं है।

## स्वाट व सर्विलांस टीम के साथ एसपी ने की बैठक, दिया निर्देश

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा बुधवार को पुलिस कार्यालय पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने के दृष्टिगत स्वाट, एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ गोष्ठी कर कानून व्यवस्था के संबंध में समीक्षा की गई। गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जनपद में लूट, डकैती, चोरी, मादक पदार्थों की बिक्री आदि पर पूर्णतया अंकुश लगाने, पुरस्कार घोषित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, जेल से जमानत पर निकलने वाले अथवा जेल से छुटने वाले अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखने, अज्ञात अभियोगों को वर्क आउट करने व असमाजिक तत्वों पर पैनी दृष्टि रखकर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही आदि के संबंध में निर्देशित किया गया। गोष्ठी के दौरान प्रभारी एसओजी / सर्विलांस श्रीप्रकाश यादव, प्रभारी स्वाट धर्मेन्द्र सिंह मय टीम उपस्थित रहे।



## क्विक न्यूज

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**करनैलगंज (गोंडा)।** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करनैलगंज ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय पांडेयचौरा में आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर, 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, सुलेख, खो खो, कबड्डी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का संयोजन सुधीर कुमार, श्रुति कीर्ति पांडेय अनुदेशक तथा संकुल शिक्षक इलियास अहमद, रवि शंकर गुप्ता, मोहम्मद शमीम, विशाल शुक्ला तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों के साथ प्राथमिक विद्यालयों एवं कम्पोजिट विद्यालयों के शिक्षकों ने अपने अपने विद्यालय के बच्चों को कार्यक्रम में प्रतिभाग कराया। कार्यक्रम के अंत में संकुल शिक्षक इलियास अहमद ने उपस्थित सभी शिक्षकों एवं बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में नोडल प्रभारी खेलकूद प्रतियोगिता सुधीर कुमार व श्रुतिकीर्ति पांडेय ने बच्चों को पुरस्कार वितरण किया।

### संगीतमय कथा का आयोजन

**करनैलगंज (गोंडा)।** करनैलगंज के ग्राम सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतईपुरवा में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ एवं संगीतमय कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक रामअधार पाण्डेय व शिवकुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 25 अक्टूबर से कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ है। जिसमें 29 अक्टूबर को कृष्ण जन्मोत्सव एंव 2 नवंबर को पूर्ण आहुति व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजू पाण्डेय, वेद पाण्डेय, सोनू पाण्डेय, सुनील ओझा आदि उपस्थित रहे।

### पदाधिकारियों को मिला मनोनयन पत्र

**करनैलगंज (गोंडा)।** समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव के नेतृत्व में चल रहे सदस्यता सप्ताहिक कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को प्रभारी रोहित कुमार, जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह, महासचिव आलम व जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह सचिन की अगुवाई में समाजवादी छात्र सभा की सदस्यता अभियान विधानसभा करनैलगंज में चला। इस दौरान ब्लॉक के पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र दिया गया।

# 'भ्रष्टाचार' में अव्वल, 'विकास' में फिसड्डी

● दस माह पहले बस्ती अंडर टेन में था, आज 34वें स्थान पर पहुंच गया

● हर माह जिले के विकास की रैंकिंग खराब में बढ़ती ही जा रही

● इसके लिए विकास भवन के मुखिया और उनकी टीम को जिम्मेदार माना जा रहा

● यह मामला डीएम के प्रेसवार्ता में एक दिन पहले भी उठ चुका है

संवाददाता। बस्ती

**आकड़े, जांच** रिपोट, रैंकिर्ग और शिकायतें इस बात के गवाह हैं, कि जिले के 'विकास' का ग्राफदिन प्रति दिन गिरता जा रहा है। वहीं देखा जाए तो 'भ्रष्टाचार' का ग्राफ विकास से कई गुना तेजी से बढ़ रहा है। सवाल उठ रहे हैं, आखिर विकास भवन की टीम कर क्या रही है? क्यों विकास की रैकिगं कम हो रही हैं, और क्यों भ्रष्टाचार की रैकिगं बढ़ रही है? यह सवाल का जबाव जिले के हर व्यक्ति जानना चाहता है। जिले की रैंकिग न सिर्फ विकास के मामले खराब हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की रैकिगं भी दिन प्रति दिन खराब होती जा रही है, हलात यह है, कि हेल्थ के मामले में जिला 54वें नंबर पर है। एक दिन पहले डीएम के प्रेसवार्ता में यह मामला उठा तो न तो इसका सही जबाव डीएम दे पाई और न सीडीओ ही कुछ बोल पाए। बस इतना कह कर टाल दिया गया, उपलब्धि की फीडिगं ठीक से नहीं हो पाई। पांच माह पहले प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में जिला अंडर फाइव में था, और वह अंडर टेन में चला गया।

सच तो यह है कि विकास की गंगा बहाने वाले विकास भवन के जिम्मेदार किस तरह जिले की रैकिगं में सुधार हो और जिले का नाम हो, के बारे में अधिक चर्चा नहीं होती। शिकायतकर्त्ताओं की माने तो यहां के अधिकारी और कर्मचारी जितना अधिक नीजि लाभ के बारे में चिंतित रहते हैं, और रात-दिन योजनाएं बनाते रहतें हैं, अगर उसका आधा भी विकास के बारे में सोच लें तो जिले की रैंकिगं में सुधार हो सकता है। हांलाकि अब रैंकिग में सुधार लाना इतना आसान नहीं रह गया, क्यों कि ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत में इस कदर भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी हावी है, कि बेहतर परिणाम की अपेक्षा करना बेमानी होगा। कहा भी जा रहा है, कि अगर विकास भवन 14 बीडीओ पर नियंत्रण रख ले तो जिला नंबर वन हो सकता है। यह तब संभव होगा जब ब्लॉक से हर माह सुविधा शुल्क लेना बंद नहीं होगा। अधिकतर बीडीओ इसी का फायदा उठाकर सरकारी धन का दुरुपयोग करने में लगे रहते हैं, क्यों कि उन्हें मालूम हैं कि उनका बचाव करने के लिए विकास भवन उनके साथ में है। अंदरखाने की खबर है, कि पिछले लगभग छह माह से जांच के नाम पर धन उगाही हो रही है, यह आरोप कई बार साबित भी हो चुका है। शपथ-पत्र के साथ शिकायतकर्त्ता करता करके थक जाता है, कि जांच अधिकारी ने अच्छी खासी रकम लेकर जांच को प्रभावित कर दिया। वर्तमान में विकास भवन में एक ऐसा गिरोह काम कर रहा है, जो जांच को प्रभावित करने के नाम पर धन उगाही कर रहा हैं, ऐसे लोगों को जांच में शामिल कर लिया जाता है, जो इस फन में माहिर रहता है।

### पीडी, बीडीओ, एई, एनटी, सचिव के खिलाफविधिक कार्रवाई की मांग

**अपराध को** संरक्षण देने, आरोपितों से भारी रिश्वत लेने और फर्जी जांच रिपोर्ट देने के मामले में अधिवक्ता एवं जनहित संस्था के कुंवर ब्रह्म देव उपाध्याय ने शपथ-पत्र देकर डीएम से डीआरडीए के पीडी कमलेश सोनी, बीडीओ बहादुरपुर उमाशंकर सिंह, एई डीआरडीए प्रदीप कुमार सिंह, नायब तहसीलदार एवं सचिव रवि प्रकाश पांडेय के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही फर्जी अनुमादन देने के मामले में पूर्व प्रधान अर्चना, अंकुर कुमार सहित अन्य के खिलाफ विधिक एवं विभागीय और फर्जी परियोजना को सपोर्ट देने की नीयत से शिकायत के बाद फर्जी सहमति पत्र दिलाने की साजिश में लिप्त नरेंद्र नाथ मिश्र, राम बदन मिश्र, सुरेंद्र नाथ मिश्र, सत्येंद्रनाथ मिश्र, पूर्व प्रधान अर्चना एवं उनके पति सरोज कुमार चौधरी सचिव अंकुर कुमार और नरेंद्रनाथ मिश्र एवं रामबदन मिश्र के मिथ्या शपथ-पत्रों को जानबूझकर स्वीकार करने में रामफेर एवं रवि प्रकाश पांडेय के विरुद्व विधिक कार्रवाई करने की अपील की है। मामला बहादुरपुर ब्लॉक के ग्राम पकड़ी झब्बर में बेलवाडाड़ विधालय के पास तालाब की खुदाई एवं सफाई कराई के मामले में मनरेगा का एक लाख 90 हजार 322 रुपया गबन करने और शिकायत के बाद विधि विरुद्व एवं फर्जी अनुमोदन की साजिश कर झूठी जांच रिपोर्ट लगाने से है। इसकी जांच करने सीडीओ, पीडी, एई, नायब तहसीलदार करने गएं थे। शिकायतकर्त्ता जांच से अंसतुष्ट होकर कार्रवाई करने की मांग की। पीडी ने बताया कि जांच के दौरान शिकायतकर्त्ता को बुलाया गया था, मगर वह नहीं आए, आए होते तो आरोप की पुष्टि होती।

### महिला बीडीओ व एडीओ आईएसबी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग उठी

**रुधौली ब्लॉक** के ग्राम पंचायत खम्भा निवासी मो. इब्राहिम पुत्र लालजाद ने आयुक्त और डीएम को पत्र लिखकर पोखरे खोदाई के घोटालेबाजों के खिलाफकार्रवाई के बजाए उन्हें बचाने को लेकर बीडीओ बिमला चौधरी और एडीओ आईएसबी निकुंजनी देवी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करने की मांग कर है। कहा कि ग्राम पंचायत खम्भा के राजस्व ग्राम पैड़ी में यार मोहम्मद के घर से पश्चिम पोखरा खुदाई कार्य में बिना खोदाई कराए मनरेगा मजदूरी मद का प्रधान और तकनीकी सहायक ने मिलकर एक लाख 34 हजार 323 रुपया का गबन कर लिया। कहा कि इसकी जांच तीन बार हुई, और तीनों बार शिकायत सही मिली, मगर बीडीओ और एडीओ आईएसबी प्रधान से अनुचित लाभ लेकर दोषियों को बचा रही है, अभी तक गबन के आरोप में मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया। कमिश्नर ने डीएम को जांचकर कार्रवाई करने का निद्रेश दिया, वहीं बीडीओ बिमला ने बताया कि आरोप झूठा है, जिले वाले भी इसकी जांच कर चुके हैं, कहा कि जिले से पूछिए।

# उर्वरक विक्रेताओं को डीएम ने किया सचेत

● पीओएस मशीन के माध्यम से ही करें उर्वरक की बिक्री

संवाददाता। संतकबीरनगर



जिलाधिकारी

**जिलाधिकारी श्रीमती** दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जनपद के उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि कृषकों को उर्वरकों की बिक्री करते समय उनकी जोत-बही/खतौनी देखकर उसमें अंकित कृषित भूमि एवं उगाई जाने वाली फसल की निर्धारित संस्तुतियों के अनुसार पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से उर्वरकों की बिक्री सुनिश्चित की जाए। उर्वरक विक्रेताओं द्वारा अपने विक्रय केन्द्रों पर उर्वरक बिक्री करते समय उर्वरकों का वितरण विवरण को उर्वरक बिक्री रजिस्टर पर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए। विवरण में क्रेता कृषक के नाम, पता, मो0नम्बर, बिक्री की गयी उर्वरक, ली गई धनराशि के साथ कृषक की जोत-बही/खतौनी एवं बोई जाने वाली फसल का विवरण भी अनिवार्य रूप से अंकित करेंगें। यदि उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरक बिक्री का कार्य उर्वरक (नियंत्रण) आदेश-1985 के अनुरूप नहीं किया जाता है अथवा अधिकतम खुदरा मूल्य से अधिक पर उर्वरक बिक्री करता पाया जाएगा तो उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्राविधान के अनुसार प्रभावी विधिसंगत कार्यवाही सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाएगी।

# एक कुन्तल बेसन व 1 कुन्तल मावा जब्त, 5 दुकानों की हुई सैम्पलिंग



**संतकबीरनगर।** आगामी दिवाली त्योहार के देखते हुए जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में खाद एवं रसद विभाग द्वारा अभी अधिकारी के कुशल निर्देशन में बूंदी बनाने की फैक्ट्री हनी गोल्ड प्रोडक्ट इंडस्ट्रियल एरिया खलीलाबाद में छापामारी कर बेसन का नमूना लिया गया साथ ही 100 किलो बेसन जप्त किए गए सचल दस्ता द्वारा साईं कृपा फूड बेकरी उत्पादन फैक्टरी में रिफाइंड पामोलिन आयल का भी नमूना लिया गया तथा बाईपास चौक खलीलाबाद में कबीर स्वीट्स से खोया का नमूना लेते हुए टीम द्वारा 100 किलो खोया जप्त कर दी गई साथ ही साथ हाई पर मिनिमार्ट से पैकेट युक्त बेसन का नमूना लिया गया, इस संबंध में खाद्य रसद अभिहीत अधिकारी जेपी तिवारी ने बताया कि मिलावटखोरों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर इनके ऊपर नकेल कसी जाएगी ताकि आने वाले त्यौहार में कहीं से किसी मिलावट खोरी के वजह से कोई अप्रिय घटना न घट पाए इस पर हमारी पैनी नजर रहेगी, सचल दस्ता टीम में राजमणि प्रजापति धर्मराज स्वयं अधिकारी जेपी तिवारी मौजूद रहे।

# 'दीपोत्सव' के नाम पर प्रधानों से मांगा जा रहा 50-50 हजार चंदा

● चंदा न देने वाले प्रधानों को जांच कराने की दी जा रही धमकी

● प्रधानों की बुलाई बैठक, ब्लॉक प्रमुख ने चंदे की बात को नकारा

संवाददाता। बस्ती



**एक दिन** पहले दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर डीएम की ओर से बुलाई गई प्रेसवार्ता में जब पत्रकारों ने डीएम से पूछा था, कि क्या चंदा भी लिया जाएगा, इस पर डीएम ने स्पष्ट कहा था, कि किसी भी प्रकार का और किसी से कोई भी चंदा नहीं लिया जाएगा। मगर बुद्यवार को जो नजारा चंदा मागंने को लेकर विकास खंड विक्रमजोत में देखने को मिला, और जिसका वीडियो वायरल हुआ, उसने डीएम के दावे की पोल खोलकर रख दी। मामला उस समय गर्मा गया, जब सचिवों की ओर से प्रत्येक प्रधानों से चंदे के रुप में 50-50 हजार रुपये की मांग यह कहते हुए की गई, कि अगर चंदा नहीं दिया तो जांच हो जाएगी। इसके विरोध में ग्राम पंचायत पचवस के प्रधान शैलेद्रं सिंह विरोध प्रकट करने के लिए लगभग दो दर्जन समर्थकों के साथ ब्लॉक पहुंचे, उस समय ब्लॉक पर सभी 14 सचिव और कुछ प्रधान मौजूद रहे। विरोध जताते हुए प्रधानों ने कहा कि हर साल दीपोत्सव के नाम पर हजार-पांच सौ रुपया लिया जाता था, इस बार 50 हजार क्यों मांगा जा रहा है, वीडियो में कई सचिव अपनी नौकरी का हवाला देते हुए प्रधानों से 50-50 हजार देने की विनती कर रहे है। पता चला कि कई प्रधान जांच के डर से इच्छित धनराशि जमा भी कर दिया। प्रधान शैलेष ने ब्लॉक से ही ब्लॉक प्रमुख केके सिंह से फोन पर बात की और पूछा कि क्या आपकी जानकारी में प्रधानों से इतनी बड़ी धनराशि रकम चंदे के रुप में मांगने की है? इस पर प्रमुख ने कहा इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। नाराज प्रधानों ने इसके लिए 30 अक्टूबर को बैठक बुलाने का निर्णय लिया। देखा जाए तो अगर पचास हजार के दर से चंदा वसूला गया, तो सिर्फ विक्रमजोत ब्लॉक से ही लगभग 40 लाख की वसूली होगी। प्रधानों का कहना है, कि बीडीओ के कहने पर चर्चित कनिष्ठ लिपिक देवेश सिंह और कम्पयूटर आपरेटर जिसे बीडीओ संजय नायक ने फर्जी भुगतान के मामले में ब्लॉक से बाहर निकलवा दिया था, के द्वारा वसूली करवाई जा रही है, अगर यही वसूली 1185 ग्राम प्रधानों से हुई, तो यह रकम बढ़कर लगभग छह करोड़ हो जाएगी।

# फर्जी दारोगा गिरफ्तार, गाड़ी में लाल-नीली बत्ती लगाकर करता था वसूली

**बस्ती।** प्रभारी निरीक्षक हरैया, प्रभारी निरीक्षक मृत्युन्जय पाठक की संयुक्त टीम ने एक मुखबिर की सूचना पर वर्दी पहनकर ठगी करने वाले शातिर ठग व चोर को कार पर लाल-नीली बत्ती लगा के साथ गिरफ्तार किया। सत्यम तिवारी पुत्र अमरनाथ तिवारी निवासी खैरुद्दीन थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ (उ0प्र0) निवासी बताया गया।अभियुक्त के पास से स्विफ्ट डिजायर कार, पुलिस वर्दी, बैग व अन्य सामग्री, एक अदद वायरलेस सेट मोटरोला, आईकॉम मय चार्जर, एक अदद परिचय-पत्र कवर व अन्य सामग्री/फर्जी कागज़ात बरामद किया गया।गिरफ्तार करनें वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक हरैया बिन्देश्वरीमणि त्रिपाठी जनपद बस्ती, प्रभारी निरीक्षक मृत्युन्जय पाठक जनपद बस्ती, व0उ0नि0 कन्हैया पाण्डेय, उ0नि0 सुनील कुमार गौड़ थाना हरैया जनपद बस्ती, हे0का0 विजय प्रकाश दिक्षित, हे0का0 दिलिप कुमार, आरक्षी अजय कुमार यादव, आरक्षी विजय यादव, आरक्षी अभिषेक तिवारी, आरक्षी विरेन्द्र कुमार, आरक्षी विश्वजीत विश्वकर्मा थाना हरैया रहे ।

# खेल रत्न के लिए नीरज, रवि और लवलीना सहित 11 खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश

भाषा। नई दिल्ली





**टोक्यो** ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन की झलक बुधवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की सिफारिशों के दौरान दिखी जब खेल रत्न पुरस्कार के लिए ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा सहित 11 खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की गई। चयन समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए भी 35 खिलाड़ियों को नामित किया।

व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय खिलाड़ी 23 साल के चोपड़ा के अलावा रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया और कांस्य पदक जीतने वाली महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन के नाम की सिफारिश भी देश के सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए की गई। अनुभवी हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, महिला टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज के अलावा दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री को भी इस सम्मान के लिए चुना गया। छेत्री इस पुरस्कार के लिए चुने गए देश के पहले फुटबॉलर हैं।टोक्यो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों, निशानेबाज अवनि लेखरा और मनीष नरवाल, भाला फेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल और बैडमिंटन खिलाड़ियों प्रमोद भगत और कृष्णा नागर को भी उनके प्रदर्शन का इनाम मिला। इन सभी को खेल रत्न पुरस्कारों की सूची में जगह मिली है जिसे स्वीकृति के लिए खेल मंत्रालय के पास भेजा जाएगा। भारत ने तोक्यो ओलंपिक के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेजा था। इन खेलों में भारत की ओर से 121 खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की थी और देश ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक सहित सात पदक जीते थे। इन ओलंपिक पदक विजेताओं में से तीन पहलवान बजरंग पूनिया, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और भारोत्तोलक मीराबाई चानू को पहले ही खेल रत्न मिल चुका है। पैरालंपिक में भारत ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक जीते थे। पिछले साल पांच खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया जबकि 2016 रियो खेलों के बाद चार खिलाड़ियों को इस पुरस्कार के लिए चुना गया था लेकिन तोक्यो ओलंपिक और पैरालंपिक में भारत के शानदार प्रदर्शन के बाद अभूतपूर्व संख्या में खिलाड़ियों के नाम की सिफारिश की गई। टोक्यो पैरालंपिक (24 अगस्त से पांच सितंबर) में हिस्सा लेने वाले पैरा खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर भी विचार करने के लिए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा में विलंब किया गया। समिति ने अर्जुन पुरस्कार के लिए 35 खिलाड़ियों को चुना जो पिछले साल पुरस्कार के लिए चुने गए खिलाड़ियों की संख्या से आठ अधिक है।

# नामीबिया ने स्कॉटलैंड को 109 रन पर रोका



भाषा। अबुधाबी

**बाएं** हाथ के तेज गेंदबाज रूबेन ट्रंपलमैन के पहले ओवर में तीन झटकों से बैकफुट पर आया स्कॉटलैंड आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के ग्रुप दो मैच में बुधवार को यहां नामीबिया के खिलाफ आठ विकेट पर 109 रन ही बना सका। छठा मैच खेल रहे ट्रंपलमैन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर तीन विकेट चटकाए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जेन फ्राइलिंक ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 10 रन देकर दो विकेट हासिल किए।

नामीबिया के गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इससे लगता है कि स्कॉटलैंड की पारी में सिर्फ सात चौके और दो छक्के लगे। स्कॉटलैंड का कोई बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे माइकल लीस्क 44 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा क्रिस ग्रीव्स (25) और सलामी बल्लेबाज मैथ्यू क्रॉस (19) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया और ट्रंपलमैन ने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाकर इस फैसला को सही साबित किया। जॉर्ज मुन्से (00) ट्रंपलमैन की मैच की पहली ही गेंद को विकेटों पर खेल गए जबकि तीसरी गेंद पर कैलम मैकलियोड (00) ने विकेटकीपर जेन ग्रीन के हाथों कैच थमाया। ट्रंपलमैन ने अगली गेंद पर बेहतरीन फॉर्म में चल रहे और कार्यवाहक कप्तान रिची बेरिंगटन (00) को पगबाधा करके स्कॉटलैंड का स्कोर तीन विकेट पर दो रन किया। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में यह सिर्फ दूसरा मौका है जब किसी गेंदबाज ने पहले ओवर में ही तीन विकेट चटकाए हैं। इससे पहले जून 2019 में श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था। क्रॉस ने पांचवें ओवर में ट्रंपलमैन पर पारी का पहला चौका जड़ा लेकिन अनुभवी डेविड वाइसी (22 रन पर एक विकेट) ने अगले ओवर में क्रेग वालेस (04) को पगबाधा कर दिया। स्कॉटलैंड की टीम पावर प्ले में चार विकेट पर 22 रन ही बना सकी। लीस्क ने वाइसी पर दो चौकों के अलावा माइकल वान लिंगेन की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 11वें ओवर में 14 रन जोड़े और टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। फ्राइलिंक ने अगले ओवर में क्रॉस को बोल्ट करके स्कॉटलैंड को पांचवां झटका दिया। क्रॉस ने 33 गेंद की पारी में एक चौका मारा। लीस्क ने जेजे स्मिट (20 रन पर एक विकेट) पर अपना दूसरा छक्का मारा जबकि ग्रीव्स ने बर्नार्ड शोल्ट्ज और ट्रंपलमैन पर चौके जड़े। स्मिट ने लीस्क को बोल्ड करके स्कॉटलैंड को बड़ा झटका दिया। उन्होंने 27 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। स्कॉटलैंड के रनों का शतक 19वें ओवर में पूरा हुआ लेकिन इसी ओवर में फ्राइलिंक ने मार्क वाट (03) को आउट किया जबकि लीस्क अंतिम ओवर में रन आउट हुए। स्कॉटलैंड के नियमित कप्तान काइल कोएट्जर अंगुली में चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल पाए जिसके बाद बेरिंगटन ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभाली।

## टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसके कोहली



**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली यहां चल रहे टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ अर्धशतक बनाने के बावजूद बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान नीचे पांचवें स्थान पर खिसक गए जबकि उनके साथी केएल राहुल को दो पायदान का नुकसान हुआ और वह आठवें नंबर पर लुढ़क गए हैं। भारत को हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को हुए सुपर 12 के मुकाबले में 10 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी थी लेकिन कोहली (725 रेटिंग अंक) ने इसमें 49 गेंद में 57 रन की अर्धशतकीय पारी खेली थी जबकि राहुल (684) ने तीन रन बनाए थे। पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान तीन पायदान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

## क्विक न्यूज

### शीर्ष वरीयता प्राप्त सिटसिपास जेवरेव सीधे सेटों में जीते

**वियना।** स्टेफानोस सिटसिपास ने तीन सेट प्वाइंट बचाकर एर्स्टे बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बिगोर डिमित्रोव को 7-6 (6), 6-4 से हराया जबकि ओलंपिक चैंपियन अलेक्सांद्र जेवरेव भी सीधे सेटों में जीत दर्ज करके आगे बढ़ने में सफल रहे। जेवरेव दूसरे सेट में एक समय 2-5 से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने अच्छी वापसी की और फिलिप क्राजिनोविच को 6-2, 7-5 से हराया। शीर्ष वरीयता प्राप्त सिटसिपास पहले सेट के टाइब्रेकर में एक समय 6-3 से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार पांच अंक बनाकर यह सेट अपने नाम किया और फिर दूसरे सेट में पहले मैच प्वाइंट पर ही जीत दर्ज की। यूनान के इस खिलाड़ी का अगला मुकाबला क्वालिफायर से होगा जिन्होंने डुसान लाजोविच को 6-4, 6-4 से पराजित किया। अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त कास्पर रूड ने लॉयड हैरिस को 7-5, 7-6 (2) से और कैमरन नोरी ने मार्टन फुक्सोविक्स को 7-6 (4), 6-1 से हराया। छठी वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर-अलियासिम ने रिचर्ड्स बेरंकिस को 6-3, 6-2 से जबकि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले आस्ट्रियाई डेनिस नोवाक ने इटली के क्वालिफायर जियानलुका मैगर को 7-6 (4), 7-6 (4) से पराजित किया।

### यूएस ओपन के बाद राडुकानू ने पहली जीत दर्ज की

**क्लज नापोका (रोमानिया)।** एम्मा राडुकानू ने ट्रांसिल्वेनिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में स्लोवेनिया की पोलोना हर्सोग को 4-6, 7-5, 6-1 से हराया जो छह सप्ताह पहले यूएस ओपन का खिताब जीतने के बाद उनकी पहली जीत है। यही नहीं इस युवा खिलाड़ी की डब्ल्यूटीए टूर में भी यह पहली जीत है। वाइल्डकार्ड टूर्नामेंट के संचालन डब्ल्यूटीए या एटीपी टूर नहीं करते हैं। वह वाइल्डकार्ड टूर्नामेंट जीतने वाली पहली क्वालीफायर थीं और इसके दो सप्ताह बाद वह अपने कोच एंड्रयू रिचर्डसन से अलग हो गई थीं। इसके बाद वह केवल इंडियन वेल्स में खेली थी जहां उन्हें पहले दौर में हार झेलनी पड़ी थी।पहले दौर के एक अन्य मैच में रूस की वरवरा ग्रेचेवा ने जर्मनी की आंद्रिया पेटकोविच को 6-4, 2-6, 6-4 से पराजित किया।

### मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल मुंबई के चार खिलाड़ी कोविड पॉजिटिव पाए गए

**मुंबई।** सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए मुंबई की टीम में शामिल चार खिलाड़ियों को कोविड-19 के लिए पॉजिटिव पाया गया है और उनके स्थान पर नए खिलाड़ियों का चयन कर लिया है। विश्वसनीय सूत्रों ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, सीनियर टीम के चार खिलाड़ियों का परीक्षण पॉजिटिव आया है। ए खिलाड़ी शम्स मुलानी, साइराज पाटिल, प्रशांत सोलंकी और सरफराज खान है। यह भी पता चला है कि मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने इन चारों के स्थान पर नए खिलाड़ियों का चयन कर लिया है जिनके नामों की घोषणा जल्द की जाएगी।

# इंग्लैंड ने बांग्लादेश को आठ विकेट से हराया

भाषा। अबुधाबी



**इंग्लैंड** ने शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय (61) के अर्द्धशतक से आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के सुपर 12 के ग्रुप एक के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश को आठ विकेट से हराकर दूसरी जीत दर्ज की। पिछले मैच में वेस्टइंडीज पर शानदार जीत दर्ज करने वाली इंग्लैंड की टीम ग्रुप एक तालिका में चार अंक लेकर पहले स्थान पर है। इंग्लैंड की गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाने के कारण नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी।

प्लेयर आफ द मैच जेसन रॉय और जोस बटलर ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। जेसन रॉय ने 38 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के जड़ित अर्धशतकीय पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर जीत हासिल की। टीम ने हालांकि जोस बटलर (18) का विकेट पावरप्ले में 39 रन पर ही गंवा दिया था। इससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 50 रन था। लेकिन शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने टीम की जीत सुनिश्चित की। जेसन रॉय और डेविड मलान के बीच दूसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 73 रन की साझेदारी बनी। यह भागीदारी 13वें ओवर में शोरिफुल इस्लाम ने तोड़ी। डेविड मलान 25 गेंद में तीन चौके से 28 रन और जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले बांग्लादेश के लिए मुश्फिकुर रहीम 29 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि कप्तान महमूदुल्लाह ने 19 रन का योगदान दिया। अंत में नासुम अहमद ने नौ गेंद में दो छक्के और एक चौके से नाबाद 19 रन बनाकर बांग्लादेश को 124 रन तक पहुंचाने में मदद की। इंग्लैंड के लिए लिए फिर आल राउंडर मोईन अली ने पावरप्ले में दो विकेट झटके, उन्होंने 18 रन देकर दो विकेट चटकाए। टिमाल मिल्स ने अंतिम ओवर में दो खिलाड़ियों को आउट कर अपने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। लियाम लिविंगस्टोन ने तीन ओवर में 15 रन देकर दो विकेट चटकाए, जबकि क्रिस वोक्स ने चार ओवर में महज 12 रन दिए और एक विकेट भी झटका। वेस्टइंडीज को पिछले मैच में 55 रन पर समेटने वाली इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस मैच में भी वैसा ही प्रदर्शन जारी रखा। बांग्लादेश ने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट तीसरे ओवर में गंवा दिए। लिटन दास (09) ने मोईन अली पर पहले ओवर में दो चौके लगाकर 10 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत कराई थी, पर वह इसी गेंदबाज के दूसरे ओवर में स्वीप करने के प्रयास में लिविंगस्टोन को आसान कैच देकर आउट हो गए। और अगली ही गेंद को उनके साथी मोहम्मद नईम (05) सही टाइमिंग नहीं कर सके और मिड आन पर आसान कैच देकर पवेलियन पहुंचे। बांग्लादेश ने 14 रन पर दो विकेट खो दिए।

छठे ओवर में आल राउंडर शाकिब अल हसन (04) क्रिस वोक्स की धीमी गेंद को फाइन लेग पर उंचा खेलने के प्रयास में गलती कर बैठे, पर आदिल राशिद ने कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। पावरप्ले में बांग्लादेश का स्कोर 27 रन पर तीन विकेट था। मुशफिकुर रहीम (30 गेंद में तीन चौके) और महमूदुल्लाह ने चौथे विकेट के लिए साझेदारी बनाने का प्रयास किया और 10 ओवर में स्कोर तीन विकेट पर 60 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड ने अगले ओवर में क्रीज पर जमे हुए मुशिफकुर रहीम को आउट कर बांग्लादेश को चौथा झटका दिया जो लिविंगस्टोन की गेंद को रिवर्स स्विप करना चाह रहे थे। मैदानी अंपायर ने पगबाधा अपील ठुकरा दी जिसके बाद इंग्लैंड के कप्तान इयोन मोर्गन ने रिव्यू लिया जिसमें रहीम को आउट करार दिया गया और 32 गेंद में 37 रन की चौथे विकेट की साझेदारी समाप्त हुई। अफीफ हुसैन छह गेंद ही खेल सके थे और एक रन लेने के प्रयास में रन आउट हुए। महमूदुल्लाह (24 गेंद में एक चौका) लिविंगस्टोन की गेंद पर आसान कैच दे बैठे और 15 ओवर के बाद स्कोर छह विकेट पर 83 रन था। मेहदी हसन के रूप में बांग्लादेश ने सातवां विकेट 18वें ओवर में गंवाया। अगले ओवर में पुछल्ले बल्लेबाज नासुम अहमद ने आदिल राशिद पर दो छक्के और एक चौका लगाकर 17 रन जोड़कर बांग्लादेश को 120 रन के करीब पहुंचाया। अंतिम ओवर में मिल्स ने नुरूल हसन (16 रन) और मुस्तफिजुर रहमान को आउट किया।




## मुक्केबाजी विश्व चैम्पियनशिप

# निशांत देव दूसरे दौर में, चाहर मजबूत प्रदर्शन के बावजूद बाहर हुए

भाषा। बेलग्रेड



**पदार्पण** कर रहे निशांत देव (71 किग्रा) बुधवार को यहां हंगरी के लास्जलो कोजाक पर 5-0 की शानदार जीत से एआईबीए पुरुष विश्व चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचने वाले सातवें भारतीय मुक्केबाज बन गए। देव का सामना अब मॉरीशस के मर्वेन क्लेयर से होगा जिन्हें पहले दौर में बाई मिली है।

देव ने भारत के लिए दिन की शानदार शुरूआत की। लेकिन पदार्पण कर रहे एक अन्य मुक्केबाज लक्ष्य चाहर (86 किग्रा) को कोरिया के किम हियोंगक्यू से हार का सामना करना पड़ा क्योंकि इस मुकाबले को दूसरे दौर में ही रोकना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज चाहर के माथे पर कट लग गया जिसके लिए चिकित्सीय मदद ली गई। पर इससे फिर खून निकलने लगा और मुकाबला रोक दिया गया। चाहर ने शुरुआती राउंड 4-1 से जीत लिया था लेकिन जब मुकाबला रोका गया तो जजों ने इसे कोरियाई मुक्केबाज के पक्ष में कर दिया। भारतीय हाई परफोरमेंस निदेशक सांटियागो निएवा इस फैसले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दिख रहे थे जिससे चाहर भी हैरान थे। सुमित (75 किग्रा) और नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) ने बीती रात अपने वजन वर्गों में शानदार जीत से दूसरे दौर में प्रवेश किया था। सुमित ने जमैका के डेमन ओ नील को 5-0 से जबकि नरेंदर ने पोलैंड के ओस्कर साफरयान पर 4-1 से जीत हासिल की। सुमित का सामना ताजिकिस्तान के अब्दुमलिक बोल्तएव जबकि बेरवाल की भिड़ंत सिएरा लियोन के मोहम्मद केनदेह से होगी। चार अन्य मुक्केबाज पहले ही अपने वजन वर्गों के दूसरे दौर में प्रवेश कर चुके हैं जिसमें एशियाई पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा) और दीपक बोहरिया (51 किग्रा) शामिल हैं। अब 60 किग्रा के शुरूआती दौर के मुकाबले में वरिंदर सिंह का सामना अर्मेनिया के करेन टोनाकानयान से होगा। गोविंद साहनी (48 किग्रा) अन्य भारतीय हैं जो बुधवार को इक्वाडोर के विली एरियास के खिलाफ रिंग में उतरेंगे।

# पेनल्टी शूटआउट में जीता चेल्सी आर्सनल की आसान जीत

एपी। लंदन

**चेल्सी** ने सत्र में तीसरी बार पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज करके लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट में आगे कदम बढ़ाए जबकि आर्सनल ने आसानी से क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

रीस जेम्स ने पेनल्टी पर गोल करके चेल्सी को साउथम्पटन पर 4-3 से जीत दिलाई। इससे पहले नियमित समय तक दोनों टीमें 1-1 से बराबरी पर थी। चेल्सी की तरफ से काइ हावर्ट्ज ने गोल किया जकि चे एडम्स ने दूसरे हाफ के शुरू में साउथम्पटन के लिए बराबरी का गोल दागा। चेल्सी ने इससे पहले एस्टन विला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर चौथे दौर में जगह बनाई थी। उसने यूएफा सुपर कप में भी विल्लारीयाल को पेनल्टी शूटआउट में हराया था। प्रीमियर लीग की टीमों के बीच एक अन्य मुकाबले में आर्सनल ने लीड्स को 2-0 से हराया। विजेता टीम की तरफ से कैलम चैम्बर्स और एडी केटियाह ने गोल किए। तीसरे डिवीजन की टीम सुंदरलैंड ने पेनल्टी शूटआउट में दूसरे डिवीजन की क्वीन्स पार्क रेंजर्स को 3-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### विल्लारीयाल ने कैडिज से 3-3 से ड्रा खेला

**मैड्रिड।** अर्नाट डैनजुमा के इंजुरी टाइम में किए गए गोल की मदद से विल्लारीयाल ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में कैडिज के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रा खेला। डैनजुमा ने बॉक्स के अंदर से शॉट जमाकर गोल दागा और इस तरह से विल्लारीयाल को लगातार तीसरे मैच में हार से बचाया। विल्लारीयाल ने अब तक केवल दो जीत दर्ज की हैं और वह 12वें स्थान पर है। कैडिज की तरफ से एंथनी लोजानो ने हैट्रिक जमाई। कैडिज इस तरह से पिछले छह मैचों में कोई मैच नहीं जीत पाया है। कैडिज ने इस सत्र में केवल एक जीत दर्ज की है और उस पर दूसरे डिवीजन में खिसकने का खतरा मंडरा रहा है। अन्य मैचों में एथलेटिक बिलबाओ ने इस्पेनयोल को 1-1 से ड्रा पर रोका जबकि अलावेस ने एल्ची को 1-0 से हराया।

# टोरिनो को हराकर मिलान तीन अंक की बढ़त से शीर्ष पर



एपी। मिलान

**एसी** मिलान को फिर से संघर्ष करना पड़ा लेकिन टोरिनो पर 1-0 की जीत से वह इटालियन फुटबॉल लीग सेरी ए में तीन अंक की स्पष्ट बढ़त के साथ शीर्ष पर काबिज हो गया। ओलिवियर गिरोड ने खेल के 14वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल किया लेकिन यह मिलान को तीन अंक दिलाने के लिए पर्याप्त था। मिलान के अब 10 मैचों में 28 अंक हो गए हैं और वह दूसरे नंबर की टीम नेपोली (नौ मैचों में 25 अंक) से आगे है। नैपोली गुरुवार को बोलोग्ना से भिड़ेगा।

# फ्रेंच ओपन के कड़े मुकाबले में हारे श्रीकांत, सात्विक-अश्विनी जीते

भाषा। पेरिस



**किदांबी** श्रीकांत दूसरे दौर के कड़े मुकाबले में शीर्ष वरीय केंतो मोमोता के खिलाफ हार के साथ बुधवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गए लेकिन सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की भारतीय जोड़ी मिश्रित युगल में आगे बढ़ने में सफल रही। रियो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाले श्रीकांत ने जापान के खिलाड़ी को कड़ी दी। श्रीकांत ने निर्णायक गेम के अंतिम लम्हों में दो अंक की बढ़त भी हासिल की लेकिन इसके बाद उन्हें पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में 74 मिनट में 18-21 22-20 19-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

श्रीकांत को पिछले हफ्ते डेनमार्क ओपन में भी मोमोता के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी लेकिन उन्होंने यहां काफी बेहतर प्रदर्शन किया और दो बार के विश्व चैंपियन को हराने की दहलीज पर पहुंच गए लेकिन अंत में हार गए। सात्विक और अश्विनी की दुनिया की 24वें नंबर की जोड़ी ने डेनमार्क के माथियास थीरी और मेइ सुरो को 37 मिनट में 21-19 21-15 से हराया। अगले दौर में सात्विक और अश्विनी का सामना प्रवीण जोर्डन और मेलाती देइवा ओकतावियांती की इंडोनेशिया की दूसरी वरीय जोड़ी से हो सकता है। श्रीकांत ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले गेम में 4-0 की बढ़त बनाई लेकिन मोमोता ने वापसी करते हुए बराबरी हासिल कर ली। श्रीकांत ने इसके बाद 8-5 की बढ़त बनाई लेकिन जापान का खिलाड़ी ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रहा। ब्रेक के बाद मोमोता ने लगातार बढ़त बनाकर रखी। श्रीकांत ने 18-18 पर बराबरी हासिल कर ली लेकिन जापान के खिलाड़ी को पहला गेम जीतने से नहीं रोक पाए। दूसरे गेम में और भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों खिलाड़ियों के बीच प्रत्येक अंक के लिए संघर्ष हुआ। मोमोता हालांकि ब्रेक तक 11-9 से आगे हो गए। जापान के खिलाड़ी ने इसके बाद दो मैच प्वाइंट हासिल किए लेकिन श्रीकांत ने लगातार चार अंक के साथ गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में श्रीकांत ने अच्छी शुरुआत करते हुए 9-6 की बढ़त बनाई लेकिन मोमोता ब्रेक तक 11-10 की बढ़त बनाने में सफल रहे। श्रीकांत ने 19-17 की बढ़त बनाई लेकिन अंत में कुछ गलतियों के कारण उन्हें मैच गंवाना पड़ा।

### विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगे आडवाणी

**मुंबई।** शीर्ष क्यू खिलाड़ी और कई बार के विश्व चैम्पियन पंकज आडवाणी को पिछले साल मार्च के बाद से 41 मैचों में हार का सामना नहीं करना पड़ा है और वह इस जीत की लय को अगले साल दोहा में होने वाली विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप में भी जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप के लिए 36 वर्षीय आडवाणी और एक अन्य शीर्ष क्यू खिलाड़ी आदित्य मेहता ने क्वालीफाई किया है। पंकज ने बुधवार को यहां कहा, विश्व चैम्पियनशिप इस बार थोड़ी समय के लिए स्थगित हो गई है जिससे यह इस कैलेंडर वर्ष में नहीं होगी लेकिन अगले साल (आईबीएसएफ विश्व स्नूकर) होगी। हमें हाल में यह अपडेट मिला। एक दिन पहले ही। इसके जनवरी में होने की संभावना है।

एक वार्तालाप स्टार्टर से अधिक, चाय ताज़गी का एक स्रोत है, आतिथ्य का एक अंदाज़ और कई लोगों के लिए आय का एक साधन है। यह कहना है विशाल परिक का। साथ ही वे चाय के इतिहास और लाभों को साझा कर रहे हैं :

# चाय

## पेय पदार्थ मात्र ही नहीं



कुछ लोगों के लिए चाय के बिना सुबह की शुरुआत करना मुश्किल होता है। दूसरों के लिए, किसी भी कठिन कार्य के लिए पहले एक अच्छी चाय की आवश्यकता होती है और कुछ के लिए, यह एक बेहोश दैनिक आराम का पेय है। चाय दुनिया भर में सबसे अधिक खपत होने वाले पेय पदार्थों में से एक है। हालाँकि, भारत में, यह एक पेय से एक भावना बन गया है। हर घर में, गली की दुकान, स्टॉल, कैफे में, अपने दैनिक आराम के प्याले में लिप्त लोगों का न मिलना मुश्किल है।

भारतीयों का चाय से गहरा लगाव और जुड़ाव है। सिर्फ बातचीत शुरू करने वाला ही नहीं, चाय में रोज़मर्रा के सांसारिक मामलों पर एक चर्चा पैदा करने की शक्ति होती है, जिसका हर कोई स्वेच्छा से हिस्सा बन जाता है। यह लोगों के करीब आने और उन्हें समझने का एक तरीका है। और सिर्फ सांसारिक ही नहीं, चाय टपरी गर्म राजनीतिक बहस के लिए भी प्रसिद्ध हैं। चाय ताज़गी का एक स्रोत है, मेहमानों के लिए एक इशारा है और कई लोगों के लिए आय का एक तरीका है। इस दैनिक अमृत के लिए भारतीयों का बहुत कुछ ऋणी है। कोई आसानी से कह सकता है कि यह पेय के रूप में साधारण खपत से परे है। यह बल्कि एक अनुष्ठान या आदत है और निस्संदेह एक उत्सव है - हर दिन का उत्सव।

भारत में, यह ज्ञात है कि चाय का उपयोग मुख्य रूप से 500 ईसा पूर्व में औषधीय प्रयोजनों के लिए किया जाता था। लेकिन 1826 में अंग्रेजों द्वारा पेश किए जाने के बाद ही इसे व्यापक रूप से जाना जाने लगा। प्रारंभ में, ब्रिटेन ने भारत में चीनी चाय की झाड़ियों की खेती करने का प्रयास किया, जो जलवायु में अंतर (हिमालय में दार्जिलिंग के क्षेत्र को छोड़कर) के कारण काफी हद तक असफल साबित हुआ। जल्द ही यह पता चला कि भारत के पास पहले से ही अपनी स्वदेशी चाय की झाड़ी थी जो उत्तर-पूर्वी भारत में असम घाटी में उगती थी।

चाय उत्पादन पर चीन के एकाधिकार को तोड़ने के प्रयास के रूप में जो शुरू हुआ, उसने भारत को एक ऐसा उपहार दिया, जिसे उसके नागरिक नहीं जानते थे कि उन्हें प्यार हो जाएगा। अंग्रेजों ने भारत में चाय को अन्य स्थानों पर निर्यात करने के लिए उगाना शुरू किया। 1837 में, ऊपरी असम के चबुआ में पहला अंग्रेजी चाय बागान स्थापित किया गया था। 1840 में, असम टी कंपनी ने इस क्षेत्र में चाय का व्यावसायिक उत्पादन शुरू किया। इससे चाय पीने की ब्रिटिश संस्कृति का विस्तार हुआ। दूध और चीनी के साथ काली चाय और चाय भारत के लोगों के लिए पेश की गई थी और इससे पहले कि लोग समझ पाते, इसका भारतीय संस्करण - मसाला चाय, काली चाय में दूध, चीनी और मसाले जैसे इलायची, सौंफ और लौंग मिलाकर बनाई गई, दैनिक बन गई। कई के लिए ईंधन। और आज भारत दुनिया में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।

हालांकि गर्म पेय बनाने के लिए चाय की पत्तियों को बनाने की मुख्य तकनीक पहले की तरह ही रहती है, भारत के विभिन्न क्षेत्रों ने चाय का अपना संस्करण बनाने के लिए विभिन्न शैलियों और स्वादों को अपनाया। कश्मीरी कहवा चाय से लेकर कश्मीर की घाटियों से लेकर मुंबई की गलियों में चाय तक, चाय हर कुछ किलोमीटर पर स्वाद, सामग्री और चिपचिपाहट बदलती है। नीलगिरि पहाड़ियों के नीले पहाड़ों में जो चाय पी जाती है, वह कोलकाता की खास जायफल चाय से बहुत अलग है। जहां गुजरात में ठेलों की देसी चाय की सुगंध आपको चाय के लिए तरस सकती है, वहीं असम के घरेलू बगीचों की मसाला श्रृंखला आपके स्वाद को एक अनूठा स्वाद प्रदान करती है। भारतीयों के लिए, जिनकी चाय अपने समाज और संस्कृति के एक अविभाज्य हिस्से के रूप में गहराई से निहित है, उनके लिए चुनने के लिए चाय की अंतहीन किस्में हैं।

यह जानना दिलचस्प है कि भले ही अंग्रेजों ने चाय की शुरुआत की, लेकिन भारत के विभिन्न क्षेत्रों में हमें मिलने वाली चाय की विभिन्न शैलियाँ दुनिया के विभिन्न हिस्सों से प्रभावित हुईं। इसका एक अच्छा उदाहरण कश्मीरी चाय है जिसे कहवा के नाम से जाना जाता है। कहवा स्वाद अरबी प्रभाव के लिए जाना जाता है। यह हरी चाय कश्मीर की घाटियों से निकलती है और इलायची की फली, दालचीनी की छाल और केसर की खुशबू से प्रभावित होती है, जिसे बाद में कुचले हुए बादाम के साथ ताज पहनाया जाता है।

> "भारत में लगभग 64 प्रतिशत घरों में और उसमें रहने वाले 96 प्रतिशत परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है।"





कहा जाता है कि कहवा के पत्ते मसाले के रास्ते से आए थे। वे क्रॉस-सांस्कृतिक महत्व रखते हैं क्योंकि 'कहवा' नाम अरबी मूल का है। परंपरागत रूप से, यह तांबे की केतली में तैयार किया जाता है, जिसे समोवर के रूप में जाना जाता है, जो तुर्की, अरबी और रूसी लोगों की तरह है।

इतिहास बताता है कि भारत में प्रत्येक क्षेत्र में चाय बनाने की शैली स्थानीय जड़ी-बूटियों और मसालों की उपलब्धता पर निर्भर करती है जो इस क्षेत्र में उगती हैं। एक अन्य कारक जिसने चाय को प्रभावित किया, वह था क्षेत्र के शासक और व्यापारी और उसके कारण आने वाली और बाहर जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और मसाले।

वैदिक काल में भी ऐसा ही था। जैसे ही भारत ने विभिन्न नई जड़ी-बूटियों और मसालों का आगमन देखा, आयुर्वेद फलने-फूलने लगा। शाब्दिक अर्थ है 'जीवन का विज्ञान', प्राचीन भारतीय स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियों, मसालों और फूलों का उपयोग किया जाता है जो स्वास्थ्य लाभ से भरे होते हैं और बीमारियों को ठीक करने के लिए चाय के लाभों के साथ संयुक्त होते हैं। चाय के विभिन्न औषधीय लाभ हैं और यह पारंपरिक तरीकों से रोगों को ठीक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

आज भी जैसे-जैसे लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते जा रहे हैं, चाय कई लोगों की पसंदीदा पसंद बनती जा रही है। भारत में, चाय एक आदत है और इसका सेवन दिन में लगभग 3-4 बार किया जाता है। सबसे अधिक ज्ञात बेड टी है जो अधिकांश भारतीयों के लिए दिन की शुरुआत करती है। एक और शाम की चाय है जिसमें नाश्ते के साथ सेवन किया जाता है, जिसका मतलब थका देने वाले दिन के बाद आपको रिचार्ज करना है। टी बोर्ड ऑफ इंडिया के एक अध्ययन में कहा गया है कि भारत में लगभग 64% घरों में और उसमें रहने वाले 96% परिवार के सदस्यों द्वारा नियमित रूप से चाय का सेवन किया जाता है। चूंकि चाय की खपत को छोड़ना एक चुनौतीपूर्ण आदत है, इसलिए अधिकांश लोग चाय के साथ दूध और चीनी की बढ़ती खपत के साथ अपने चाय के सेवन के बारे में अधिक चिंतित हो रहे हैं। हालांकि, खपत में कमी के बजाय, खपत पैटर्न में बदलाव बढ़ रहा है। अधिक से अधिक लोग अब शराब की चाय, काली चाय, हरी चाय, कैमोमाइल चाय, चमेली की चाय आदि जैसे स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को अपना रहे हैं।

जहां पहले चाय को ताज़गी के स्रोत के रूप में देखा जाता था, वहीं अब इसे स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा, वजन घटाने और जलयोजन के साधन के रूप में देखा जा रहा है। प्राकृतिक जड़ी-बूटियों और मसालों से बनी चाय जिनमें रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले गुण होते हैं, अब पसंद की जा रही हैं। ऐसी चाय जिनमें डिटॉक्सिफाइंग गुण होते हैं और जो आपकी नसों को शांत करती हैं और आपको अच्छी रात की नींद देती हैं, आजकल लोगों के लिए नई पसंद है। यह भी दिलचस्प है कि बहुत सारे जेन-जेड और मिलेनियल्स जिन्होंने कैफे और कैफीन संस्कृति को अपनाया था, वे भी इसके स्वास्थ्य लाभों के कारण कॉफी से चाय की ओर रुख कर रहे हैं।



चाय के मिश्रण, स्वाद और अन्य अतिरिक्त सामग्री के आधार पर विभिन्न स्वास्थ्य लाभ होते हैं।

- इसका सबसे अधिक ज्ञात लाभ नसों को शांत करने की इसकी क्षमता है। यह एक तनाव निवारक है और इसलिए अधिकांश सिरदर्द का उत्तर है। यह अक्सर दर्द निवारक के रूप में प्रयोग किया जाता है और तनाव को दूर करने और अवसाद रोधी के रूप में कार्य करने के लिए जाना जाता है।

- इसके अलावा चाय को हार्ट अटैक और ब्लड क्लॉट के खतरे को कम करने के लिए भी जाना जाता है। चाय में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो रक्त परिसंचरण को आसान बनाते हैं और रक्तचाप के स्तर में सुधार करते हैं। यह रक्त कोलेस्ट्रॉल को कम करने में भी मदद कर सकती है।

- चाय की कुछ किस्मों, जैसे ग्रीन टी में कैफीन की एक निश्चित मात्रा होती है। कैफीन का यह स्तर कॉफी में पाए जाने वाले की तुलना में बहुत कम होता है, लेकिन कॉफी की तरह बिना किसी झटकेदार प्रभाव के यह मन और शरीर पर लंबे समय तक प्रभाव डालता है। यह फोकस को बेहतर बनाने में मदद करता है और दिमाग को शांत और तनावमुक्त रखते हुए दिमाग को अच्छी तरह से काम करने में भी मदद करता है।

- वजन कम करना चाय का एक और फायदा है। ग्रीन टी में मौजूद अमीनो एसिड शरीर में जमा फैट को बर्न करने में मदद करता है। हरी चाय निकालने जो केंद्रित हरी चाय है एक लोकप्रिय स्वास्थ्य पूरक बन रहा है। अधिक से अधिक जिम जाने वाले लोग अपने वर्कआउट की दक्षता बढ़ाने और वजन घटाने की प्रक्रिया में सहायता करने के लिए इसका सेवन कर रहे हैं।

- कुछ चाय पार्किंसंस रोग, अल्जाइमर, मनोभ्रंश और अवसाद जैसी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को रोकने में भी उपयोगी हैं।

- ब्लैक टी का व्यक्ति के ब्लड शुगर लेवल पर काफी प्रभाव पड़ता है। काली चाय की खपत में वृद्धि हुई है क्योंकि टाइप 2 मधुमेह को रोकने के इसके औषधीय लाभ लोगों को ज्ञात हो रहे हैं।

- ऊलोंग चाय, अदरक की चाय और हर्बल चाय पाचन में सहायता करती है और पेट दर्द और दस्त को ठीक करती है। उनका उपयोग मतली और उल्टी को रोकने के लिए भी किया जाता है। कुछ चाय में टैनिन होते हैं जो आंतों के लिए फायदेमंद होते हैं और चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम और पेट में ऐंठन को ठीक कर सकते हैं।

चाय के स्वास्थ्य लाभ अंतहीन हैं और इसके स्वाद और सामग्री पर बहुत कुछ निर्भर करता है। नई पीढ़ी के स्वाद के अनुरूप दिन-ब-दिन नए मिश्रण और दिलचस्प स्वाद आ रहे हैं। गुलकंद, लीकोरिस, मिंट और लेमनग्रास जैसे स्वादों को भारतीयों द्वारा स्वेच्छा से आजमाया और अपनाया जा रहा है। उनमें इस्तेमाल की जाने वाली जड़ी-बूटियाँ और फूल भारतीय तालू के करीब प्रतिध्वनित होते हैं और इसलिए कुछ ही समय में लोकप्रिय हो रहे हैं।

चाय के लिए प्रयोग और प्यार के परिणामस्वरूप स्वाद और मिश्रणों का ढेर पहले कभी नहीं सुना गया है। टमाटर तुलसी की चाय और चुकंदर की चाय जैसे सब्जियों से भरे चाय के स्वाद चाय प्रेमियों के बीच व्यापक रूप से मांग में होते जा रहे हैं।

मटका, मोरिंगा और मोरक्कन मिंट टी भी अपने डिटॉक्सिफाइंग गुणों के कारण लोकप्रिय हो रहे हैं।

एक और नया विकास जो बहुत जल्द कार्बोनेटेड पेय की जगह ले रहा है, वह है कोल्ड ब्रू। रास्पबेरी, बेर, ककड़ी और नारियल के स्वाद में कोल्ड ब्रू चाय को आइस्ड टी के रूप में बनाया जा रहा है। और भारतीय यहीं नहीं रुकते। उन्होंने मिठाई के रूप में चाय का सेवन करने के तरीके भी खोजे हैं। सेब, दालचीनी, आड़ू और क्रैनबेरी चाय जैसे स्वाभाविक रूप से मीठे स्वाद वाली चाय का उपयोग मिठाई चाय के रूप में किया जा रहा है, जिससे यह पेटू चाय की एक श्रेणी बन गई है।

और जब सभी नए वेरिएंट के बारे में बात की जाती है, तो कोई भी सौंदर्य की दृष्टि से मनभावन बबल टी, बोबा टी और पर्ल टी को नहीं भूल सकता है जो लीची और स्ट्रॉबेरी जैसे रसदार स्वादों में आते हैं।

यह देखना दिलचस्प है कि हर दिन उपभोक्ताओं के स्वाद में कितना बदलाव आ रहा है। नए और प्रामाणिक स्वाद और मिश्रण महत्व प्राप्त कर रहे हैं और उपभोक्ताओं के लिए उनका मूल्य भी गहरा हो रहा है। मूल, ताजी सामग्री और प्रामाणिक स्वादों को समझने और उनकी सराहना करने वाले चाय प्रेमी बढ़ रहे हैं और ऐसा ही भारतीय चाय उद्योग में भी हो रहा है।

**( लेखक दंता हर्ब्स के सह-संस्थापक और सीईओ हैं )**